# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 151 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, रविवार 31 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### विकास दुबे के करीबी जयकांत बाजपेई की संपत्ति होगी जब्त, कानपुर के एसडीएम ने मांगी जानकारी

कानपुर। कानपुर में बिकरू कांड के मास्टरमाइंड और कुख्यात अपराधी विकास दुबे की करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त करने के बाद अब उसके करीबी जयकांत बाजपेयी पर भी शिकंजा कसने की पूरी तैयारी हो गई है. कानपुर सदर एसडीएम ने अब जयकांत बाजपेयी की संपत्ति की वर्तमान कीमत और खरीद बिक्री की जानकारी मांगी है. सूत्रों की माने तो जयकांत के पास आय का कोई ऐसा साधन नहीं था जिससे इतनी संपत्ति को इकट्ठा किया जा सके।

कुख्यात अपराधी विकास दुबे के बाद अब उसके



खजांची जयकांत बाजपेयी की संपत्ति जब्त की जाएगी. उसके साथ ही परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज संपत्ति भी दर्ज होगी. कानपुर जिला प्रशासन पिछले काफी समय से जयकांत और उसके परिवार और करीबियों की संपत्ति की जांच कर रहा था. जिसके बाद एसडीएम सदर ने कानपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और एआईजी स्टांप से जयकांत की संपत्ति की वर्तमान कीमत और खरीद–बिक्री की जानकारी मांगी है. जानकारी के मुताबिक जयकांत के परिवार के सदस्यों के नाम पर 13 संपत्तियां जांच के दायरे में हैं।

जांच अधिकारियों की माने तो जयकांत ने पत्नी स्वेता दुबे, भाई रजय कांत, अभयकांत, शोभित, अजयकांत और भाभी प्रभा के नाम से संपत्ति खरीदी है. इस परिवार के सदस्यों के नाम से 13 संपत्ति जांच के दायरे में. माना जा रहा है कि इस परिवार के पास आय का ऐसा कोई साधन नहीं है जिससे इतनी संपत्ति अर्जित की जा सके, इसलिए अब इस संपत्ति को जब्त किया जाएगा।

### दर्द से तड़पती रही गर्भवती लेबर रूम से भागा डाक्टर

कानपुर देहात। कानपुर देहात का महिला जिला अस्पताल का वार्ड इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है, जहां एक डॉक्टर ने बदतमीजी की सारी हदें पार कर दीं. लेबर रूम में कार्यरत डॉक्टर ने महिला नर्स के साथ अभद्रता की और उसे गालियां देकर ओटी से बाहर भगा दिया. हद तो तब हो गई जब उसने गुस्से में आकर दर्द से तड़पती गर्भवती महिला का ऑपरेशन करने से इंकार कर दिया।

कानपुर देहात के अकबरपुर स्थित जिला अस्पताल का है. यहां काम करने वाले डॉक्टर रस्तोगी एक महिला नर्स की डिलीवरी करने आए थे, दरअसल महिला नर्स को लेबर पेन हो रहा था जिसके चलते उसका ऑपरेशन होना था. तभी डॉक्टर स्टाफ नर्स पर किसी बात को लेकर आग बबूला हो गए और उन्होंने गालियां देकर उसे ओटी से बाहल निकाल दिया. जब अन्य महिला स्टाफ ने इसकी वजह पूछी तो वह भड़क गए और महिला नर्स को भद्दी–भद्दी गालियां देने लगे. इसी




बीच डॉक्टर साहब ये भूल गए कि कोई महिला दर्द से कराह रही ही और उसका ऑपरेशन होना है. वे पास रखे इंजेक्शन और दवाइयों को तोड़फोड़ कर बिना ऑपरेशन किए ही वहां से चले गये, जिसके बाद किसी और डॉक्टर को बुलाकर महिला का ऑपरेशन कराया गया। इस पूरे मामले को लेकर जिला अस्पताल की सीएम एस वंदना सिंह और जिलाधिकारी नेहा नैन से शिकायत की गई है. अधिकारियों ने इस मामले को गलत ठहराते हुए डॉक्टर के खिलाफ जांच करने की बात कही है. सीएमएस वंदना शर्मा ने कहा कि जिस नर्स के साथ यह व्यवहार हुआ वह जिला महिला चिकित्सालय में एनेस्थेटिस्ट के पद पर कार्यरत है. इस प्रकरण की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अडानी की कंपनी ने बनाया लान्ग रेंज ग्लाइड बम, खुद नेविगेट और ग्लाइड करते हुए मौजूद टारगेट्स को कर देगा ध्वस्त

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के पास दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वायुसेना होने का रुतबा है। भारतीय वायुसेना का आदर्श वाक्य नभ स्पृशं दीप्तम है। जिसका शाब्दिक अर्थ है गौरव के साथ आकाश को छूना। ये गीता के 11वें अध्याय से लिया गया है। सालों के कई युद्धकालीन और शीतकालीन



अभियानों में भारतीय वायुसेना ने अपनी क्षमता और शक्ति साबित की है। लेकिन भारतीय वायुसेना को बहुत दिनों से एक ऐसी मारक क्षमता यानी बम की आवश्यकता थी जो खुद ही अपना पथपर्दशक बनकर संचालित हो और दुश्मन को टारगेट कर नेस्तोनाबूद कर दे। भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ की तरफ से दो किस्म के ग्लाइड बन का डिजाइन तैयार किया गया।

## रामजस कालेज के वार्षिक समारोह में बोले ओम बिरला नीतियों और कानून के निर्माण में युवा दें अपनी राय

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के रामजस कॉलेज के वार्षिक समारोह में शिरकत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों पर ध्यान देना चाहिए और संविधान का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को हमारे महान व्यक्तित्वों के विचारों और दर्शन को समझने की जरूरत है। जिन सपनों के लिए उन्होंने संघर्ष किया, उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी युवाओं पर है।



लोकसभा अध्यक्ष ने आजादी के अमृत महोत्सव का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने इन 75 वर्षों में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे हमारे देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएं। हम अपने लोकतांत्रिक देश में कैसे बदलाव ला सकते हैं ताकि हर नागरिक प्रगति का हिस्सा बन सके। यह जिम्मेदारी भी युवाओं की है।

ओम बिड़ला ने कहा कि लोकतंत्र में हमारा कर्तव्य वोट डालने से समाप्त नहीं होता है। सरकार बनने के बाद युवाओं की जिम्मेदारी बनती है कि वह सरकार के हर फैसले और नीतियों में हिस्सा लें। जब एक मसौदा विधायिका के सामने लाया जाता है, तो युवाओं को मसौदे का अध्ययन और विश्लेषण करना चाहिए और अपने सुझाव देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कानून सार्थक और मजबूत होंगे।

उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव से शुरू अमृत काल की यात्रा नए भारत के निर्माण की यात्रा होगी। ऐसा भारत, जहां समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए भी न्याय, समानता, स्वतंत्रता सच्चे अर्थों में सुनिश्चित होगी। जन–जन की आकांक्षाओं –उम्मीदों के ऐसे भारत का निर्माण आप युवा ही करेंगे।

दिल्ली के रामजस कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में देश की प्रगति के ध्वजवाहक युवाओं से संवाद किया। युवाओं में प्रतिभा हैं, नवाचार की क्षमता है। अपनी ऊर्जा, परिश्रम और नई सोच के बल पर वे भारत के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की तैयारी, नहीं करनी होगी भागादौड़, एक काल पर आएगी एंबुलेंसः बृजेश पाठक

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।उत्तर प्रदेश में अब स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है. माना जा रहा है कि इस बदलाव के बाद अब मरीजों को इमरजेंसी सेवाओं के लिए भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी. वहीं एक कॉल पर अब एंबुलेंस आएगी और हास्पिटल में तुरंत शुरू मरीज को इलाज के लिए पहुंचाया जा सकेगा. इसके लिए डब्ल्यूएचओ और एआईआईएमएस की ओर से ट्रेनिंग और गैप एनालिसिस में मदद दी जाएगी।



देश में पहली बार यूपी लाईव इमरजेंसी मानिटरिंग सिस्टम लागू करेगा. यहां कोविड कमांड सेंटर की तर्ज पर इंटीग्रेटेड ट्रामा और इमरजेंसी सेंटर की स्थापना होगी. एंबुलेंस और ट्रेंड टेक्निकल स्टाफ में भी बढ़ोत्तरी होगी. इसके बाद औसतन हर वर्ष तीन लाख मरीजों का इलाज होगा. रोजाना 40 हजार कॉल अटेंड करने की क्षमता होगी. योजना को धरातल पर उतारने के लिए दिसंबर 2023 तक मिड–टर्म और दिसंबर 2026 तक लॉन्ग–टर्म रणनीति बनाई गई है।

मिड–टर्म पॉलिसी के तहत अगले दो वर्षों में कॉल सेंटर और मोबाइल ऐप तैयार होगा. साथ ही चार लेवल वन, चार लेवल दो और चार लेवल तीन के इमरजेंसी चिकित्सा केंद्रों को क्रियाशील किया जाएगा. जबकि लॉन्ग–टर्म पॉलिसी के तहत करीब चार हजार एंबुलेंस क्रियाशील की जाएंगी. नौ लेवल वन, 10 लेवल दो और 27 लेवल तीन के आकस्मिक चिकित्सा केंद्र क्रियाशील किए जाएंगे. इस पूरी योजना को लागू करने के लिए 47 मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में ट्रामा सेंटर खोले जाएंगे. इसमें लेवल थ्री और टू स्तर के मेडिकल कॉलेजों को लेवल वन में अपग्रेड किया जाएगा।

इन चिकित्सा संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों का अपग्रेडेशन होगा. दिसंबर 2023 तक एसजीपीजीआई, गोरखपुर, कानपुर, मेरठ, कन्नौज, बदायूं, अयोध्या, जिम्स नोएडा, बस्ती, शाहजहांपुर, फिरोजाबाद और बहराइच को अपग्रेड किया जाएगा. दिसंबर 2026 तक न्व्है सैफई, त्डस्डै आगरा, झांसी, प्रयागराज, चाइल्ड च्ळप्, बांदा, सहारनपुर, जालौन, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, हरदोई, एटा, फतेहपुर, देवरिया, जौनपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर और 14 अन्य मेडिकल कॉलेजों को अपग्रेड किया जाएगा।

## अब तक जब्त किए गए 82,000 किलो ड्रग्स को किया गया भस्म, समाज को तबाह कर देता है मादक पदार्थ : अमित शाह

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चंडीगढ़ में मादक पदार्थो की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान अमित शाह द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई निगरानी में 4 स्थानों पर 30,000 किलोग्राम से अधिक जब्त किए गए ड्रग्स को नष्ट किया गया।



अमित शाह ने बताया कि हमने 75,000 किलोग्राम ड्रग्स को नष्ट करने का संकल्प लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने एनसीबी द्वारा जब्त किए गए ड्रग्स को नष्ट करने के दृश्य ट्वीट करते हुए बताया कि अमृत महोत्सव मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हमने लगभग 75000 किलो ड्रग्स को नष्ट करने का संकल्प लिया। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आज तक हमने 82,000 किलोग्राम ड्रग्स को भस्म किया है और 15 अगस्त तक एक लाख किलोग्राम तक पहुंच जाएंगे।

चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आतंकी हमले का असर सीमित होता है लेकिन ड्रग्स समाज को तबाह कर देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि ड्रग्स से जो गंदा पैसा आता है, वो देश विरोध काम में लगता है, हमको इसे रोकना है। 2006 से 2013 तक 768 करोड़ रूपए की मूल्य का ड्रग्स पकड़ा गया था। लेकिन 2014 से लेकर 2020 के बीच में 20,000 करोड़ रुपए की मूल्य का ड्रग्स पकड़कर इसे नष्ट करने का काम भारत सरकार कर रही है। यह बताता है कि हमारा अभियान और हमारा रास्त सही है। जरूरत है कि रास्ते में अभी भी जो लूप होल्स है उसे समाप्त करने की। गृह मंत्रालय इस दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सेमिनार बहुत महत्वपूर्ण है। इस विषय को लेकर भारत सरकार की गंभीरता को हम राज्य से जिला, जिला से तहसील, तहसील से गांव तक पहुंचाना चाहते हैं। इसलिए हमने इस सेमिनार को 5 राज्यों का सेमिनार बनाया है। उन्होंने कहा कि देश में दो क्षेत्र ऐसे हैं– नॉर्थ ईस्ट और उत्तरी हिस्सा, जहां के बॉर्डर से ड्रग्स आता है। ऐसे में इन राज्यों का युवा सबसे पहले ड्रग्स की चपेट में आएंगे। ऐसे में इस लड़ाई में राज्यों को साथ लाना और नई ऊर्जा के साथ लड़ना बहुत महत्वपूर्ण है। एनसीबी के साथ जो एजेंसियां काम कर रही हैं, उनके बीच में समन्वय स्थापित करना जरूरत है।

## बाहुबली अतीक अहमद के छोटे बेटे अली अहमद ने कोर्ट में किया सरेंडर, एसटीएफ कर रही थी तलाश

प्रयागराज। बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद के फरार चल रहे छोटे बेटे अली अहमद उर्फ अली अतीक ने गिरफ्तारी का दबाव बढ़ने पर शनिवार को नाटकीय घटनाक्रम के तहत जिला अदालत प्रयागराज में सरेंडर कर दिया. अली अहमद अपने वकीलों के साथ दोपहर करीब 1 बजे जिला कोर्ट पहुंचा और ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट चतुर्थ शालिनी विधेय की कोर्ट में सरेंडर कर दिया. ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने अली अहमद की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया. कोर्ट ने अली अहमद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया है।



गौरतलब है कि अली अहमद के खिलाफ उसके रिश्तेदार जीशान ने ही 31 दिसंबर 2021 को करेली थाने में पांच करोड़ की रंगदारी मांगने, मारपीट करने और गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया था. अली अहमद पर आरोप है कि वह अपने साथियों संग उसके घर गया था. उसने गुजरात के अहमदाबाद के साबरमती जेल में बंद अपने पिता से जीशान की फोन पर बात कराई थी और जीशान के साथ मारपीट की थी. आरोप है कि बाहुबली अतीक अहमद ने जीशान की जमीन अपनी पत्नी के नाम करने के लिए धमकाया था. इसको लेकर जीशान ने केस दर्ज कराया था और उसके बाद से ही अली अहमद फरार चल रहा था।

अली पर आईजी प्रयागराज रेंज ने 50 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था. अली अहमद की अग्रिम जमानत अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी. जिसके बाद उसके वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी लेकिन यह अर्जी 15 जुलाई को अतीक अहमद के वकीलों ने वापस ले ली थी. हालांकि इस मामले में यूपी एसटीफ उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी. एसटीएफ ने 21 जुलाई को पश्चिम बंगाल में छापेमारी की थी. लेकिन इसके पहले ही अली अहमद और उसका भाई मोहम्मद उमर वहां से फरार हो गया था. अली अहमद के बड़े भाई मोहम्मद उमर पर भी सीबीआई ने 2 लाख का इनाम घोषित किया हुआ है. वह भी फरार चल रहा है।

मोहम्मद उमर पर अतीक अहमद के बिजनस पार्टनर कारोबारी मोहित जायसवाल को लखनऊ से अगवा कर देवरिया जेल ले जाने और पिटवाने का आरोप है. इस मामले में लखनऊ की कृष्णा नगर थाने में मुकदमा दर्ज है. मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी. अली अहमद के वकील खान शौलत हनीफ के मुताबिक अब इस मामले में वह अदालत में जमानत अर्जी दाखिल करेंगे. उन्होंने कहा है कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है, जहां से उन्हें इंसाफ मिलेगा. बता दें कि इसी मुकदमे में अली अहमद के साथ दो अन्य आरोपी संजय सिंह और इमरान गुड्डू को इलाहाबाद हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत भी मिली हुई है।

## 5जी सेवाओं को अक्तूबर से लोगों तक पहुंचाया जाएगाः केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। देश में 5जी स्पेक्ट्रम के लिए लगातार चली नीलामी का आज 5वां दिन था और अब सरकार की ओर से केंद्रीय आईटी व टेलीकॉम मंत्री अश्विनी वैष्णव इसकी जान कारी दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि आज स्पेक्ट्रम ऑक्शन लगभग आखिरी दौर में है और इसके पूरा होते ही भारत के इतिहास में ये बड़ी घटना होगी।

भारत के टेलीकॉम उद्योग को ग्लोबल बेंचमार्क के साथ लाना है– केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें साफ तौर से कहा है कि भारत का टेलीकॉम सेक्टर पूरी तरह रिफॉर्म होना चाहिए और इसके लिए केंद्र सरकार को जो भी प्रयास करने हो वो करने चाहिए. शुरू से ही हम इस सोच के साथ चले कि भारत के टेलीकॉम इंडस्ट्री को ग्लोबल बेंचमार्क के साथ तालमेल बिठाता हुआ बनाना चाहिए और इसके लिए सरकार की ओर से मैराथन प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में दो बड़े एलान किए गए हैं जिसमें




बीएसएनएल के रिवाइवल प्लान को लेकर फैसला लिया गया है. वहीं टेलीकॉम टॉवर के लिए भी ऐतिहासिक फैसला लिया गया है. इन्हें सरकार की मैक्सिमम गवर्नेंस की पॉलिसी के तहत लिया गया है जो लोगों के विकास के लिए जरूरी हैं।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जबसे 5जी के रोलआउट की प्रक्रिया शुरू हुई है मेरे विभाग ने दिन–रात लगकर मेहनत की है और इसे सफलता दिलाने के लिए जमकर काम किया है. मेरे विभाग ने इस 5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन को लेकर जिस उत्साह और कड़ी मेहनत से काम किया है उसी का परिणाम है कि हम इतनी जल्दी सारे प्रोसेस को कर पा रहे हैं. मैं भरोसा दिलाता हूं कि जितनी जल्दी नीलामी की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया है उतनी ही जल्दी 5जी सर्विसेस को लोगों तक पहुंचाने की दिशा में काम हो रहा है।

## संकेत ने वेटलिफ्टिंग में जीता सिल्वर मेडल प्रधानमंत्री मोदी समेत कई हस्तियों ने दी बधाई

नई दिल्ली। बर्मिंघम में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में संकेत सरगर ने भारत को पहला मेडल दिलाया. उन्होंने वेटलिफ्टिंग में कमाल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता. संकेत चोटिल होने की वजह से गोल्ड मेडल से चूक गए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकेत को बधाई दी है. प्रधानमंत्री मोदी के साथ–साथ देश और दुनिया की और भी बड़ी हस्तियों ने उन्हें बधाई दी है।



21 साल के संकेत ने 55 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया है. उनके इस प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट के जरिए बधाई है. प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, श्शसंकेत सरगर का असाधारण प्रयास! उनका प्रतिष्ठित रजत पदक हासिल करना राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए एक शानदार शुरुआत है. उन्हें बधाई और भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी संकेत को बधाई दी है. उन्होंने ट्वीट किया, कॉमन वेल्थ गेम्स में वेटलिफ्टिंग की 55 किलोग्राम कैटेगरी में रजत पदक जीतने पर संकेत सरगर को बहुत–बहुत बधाई. #CommonwealthGames2022 में इस शानदार शुरुआत पर पूरे देश को आप पर गर्व है. आपकी यह उपलब्धि हमारे भारतीय दल को और अधिक प्रेरित करने का काम करेगी ।देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी संकेत को बधाई दी. उन्हें सोशल मीडिया के जरिए बधाई संदेश मिल रहे हैं।

## भारत की झोली में आया दूसरा मेडल वेटलिफ्टिंग में गुरुराज पुजारी ने जीता ब्रान्ज

नई दिल्ली। बर्मिंघम में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को दूसरा मेडल मिला है. वेटलिफ्टिंग में गुरुराज पुजारी

29 साल के गुरुराज पुजारी का कॉमनवेल्थ गेम्स में यह दूसरा मेडल है. 2018 के गोल्डकोस्ट गेम्स में भी गुरुराज ने मेडल



ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है. गुरुराज पुजारी ने पुरुषों के 61 किलो ग्राम भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता. कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में यह भारत का दूसरा मेडल है ।इस मुकाबले में गोल्ड मेडल मलेशिया के मोहम्मद अंजील ने जीता. वहीं सिल्वर मेडल पापुआ न्यू गिनी के मोरे बायू ने अपने नाम किया. भारत के गुरुराज पुजारी ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहे. गुरुराज पुजारी ने 269 किलोग्राम भार ही उठाकर मेडल जीता. पुजारी ने स्नैच में 118 और क्लीन एंड जर्क में 151 किलोग्राम भार उठाया. पुजारी लगातार दूसरे कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने में सफल रहे।

अपने नाम किया था, तब उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था।

इससे पहले भारत को संकेत सरगर ने पहला मेडल दिलाया था. संकेत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेटलिफ्टिंग में सिल्वर मेडल जीता. संकेत ने 55 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग इलेवन में यह उपलब्धि हासिल की. संकेत ने स्नैच में 113 किलोग्राम का वजन उठाया. जबकि क्लीन एंड जर्क में 135 किलोग्राम का वजन उठाया. इस इवेंट में मलेशिया के बिन कसदन मोहम्मद पहले स्थान पर रहे. उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 142 किलोग्राम तक का वजन उठाया।

# संक्षिप्त समाचार

## दिव्यांगजन दुकान निर्माण/दुकान संचालन हेतु आनलाइन लोन के लिए कर सकते हैं आवेदन

लखनऊ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, लखनऊ श्री कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित '''उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/दुकान संचालन''' योजना के अन्तर्गत दुकान निर्माण/क्रय हेतु पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में रू0–20000/– की धनराशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें रू0–15000/–की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा 5000/– की धनराशि अनुदान के रूप में दी जाती है। दुकान संचालन हेतु न्यूनतम पॉच वर्ष के लिए किराये पर लिए जाने हेतु एवं खोखा/गुमटी/हाथ ठेला क्रय हेतु पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में रू0–10000/– की धनराशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें रू0–7500/– की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रू0–2500/– की धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाती हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ ने बताया कि ऐसे दिव्यांग जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता से प्रभावित हो एवं उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। जिनकी वार्षिक आय समय–समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो। जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो। जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों में सजा न पाया हो तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो। जिनके पास दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग फिट भूमि हो या अपने स्रोतों से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने/लेने में समर्थ हों।
अथवा स्थानीय निकाय/उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद/विकास प्राधिकरण/प्राइवेट बिल्डर्स तथा एजेन्सी से निर्मित दुकान क्रय हेतु, किन्तु दुकान का क्रय किसी परिवारजन के नाम से अनुमन्य नहीं होगा।
अथवा जिनके द्वारा कम से कम पॉच वर्ष की अवधि का किरायेदारी का पट्टा कराया जाए उन्हें उपलब्ध दुकान संचालन हेतु (किराया एवं कार्यशील पूँजी)
अथवा जिनके द्वारा गारन्ट/बन्धक उपलब्ध कराया जाये उन्हें खोखा/गुमटी/हाथठेला के क्रय एवं कार्यशील पूँजी हेतु। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, लखनऊ ने बताया कि ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो विभाग द्वारा संचालित कार्यशाला से प्रशिक्षित हों अथवा आई0टी0आई0 ध्पालीटेक्निक या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त/डिप्लोमा प्रमाण–पत्र धारी हैं और उसी क्षेत्र में व्यवसाय करना चाहता है, उसे वरीयता दी जायेगी। दिव्यांग पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांगजन दुकान निर्माण/दुकान संचालन हेतु ऑनलाइन http//divyangjandukan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिंट एवं वांछित प्रपत्रों की हार्ड कॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, पंचायत भवन,परिसर कैशरबाग लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करायें।

## 3 अगस्त को क्षेतीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ, परिसर में रोजगार मेले का आयोजन

लखनऊ। सहायक निदेशक (सेवा0) लखनऊ मण्डल लखनऊ श्री अरूण कुमार भारती ने बताया कि शासन की मंशानुरूप मिशन रोजगार अभियान के अर्न्तगत जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ ने यह पहल की है कि माह के प्रत्येक बुधवार (सार्वजनिक अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस) को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ, परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक नियोजक एवं जॉब सीकर (अभ्यर्थी) सेवायोजन पोर्टल पर निरन्तर अवलोकन करते रहें। सहायक निदेशक (सेवा0) लखनऊ मण्डल लखनऊ ने बताया कि इसी क्रम में कौशल विकास मिशन, गोरखपुर, राजकीय आई०टी०आई० गोरखपुर एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 03.08.2022 को मदन मोहन मालवीय प्राद्यौगिक विश्वविद्यालय में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिभाग करने के इच्छुक अधिष्ठान एवं जाबसीकर (अभ्यर्थी) सेवायोजन पोर्टल Sewayojan.up.nic.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं।

## निरीक्षण के दौरान जहाँ वहाँ कूड़े के ढेर लगे मिले : मंडलायुक्त रोशन जैकब

लखनऊ। मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बताया कि नगर निगम में कार्यों की स्थलीय समीक्षा के दौरान पाया गया कि कूड़ा निस्तारण उचित तरीके से नहीं हो पा रहा है तथा निरीक्षण के दौरान जहाँ वहाँ कूड़े के ढेर लगे मिल जाते हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक है कि कूड़े का निस्तारण नियमित रूप से प्रातः 05.00 एवं 10.00 बजे के मध्य जन सामान्य के दैनिक किया–कलापों के लिए निकलने से पहले कूड़ा एवं सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। कूड़ा दिन में शहर के अन्दर कहीं भी डम्प दिखाई न दें। इस हेतु गाडियों की संख्या में वृद्धि के साथ कूड़ा उठान की आवृत्ति में भी वृद्धि की जाये



कूड़ा उठाने एवं नाला सफाई वाले कर्मचारियों को नगर निगम द्वारा निर्धारित युनिफार्म यथा गम बूट, ग्लब्स आदि में हो एवं इसके लिए प्रयुक्त होने वाले वाहनों में नगर निगम एवं सफाई व्यवस्था से सम्बन्धित स्लोगन लिखे हों। कूड़ा उठान में जिन वाहनों का प्रयोग किया जाता है. वह अच्छी दशा में होने चाहिए तथा जो वाहन जीर्णषीर्ण हालत में हैं, उनकी नीलामी करायी जाये। सफाई से सम्बन्धित जो भी कार्य जन–सामान्य के दैनिक किया–कलापों को प्रभावित करते हैं, उनका निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक हो, इसकी उचित व्यवस्था करें। यदि लापरवाही एवं शिथिलता के कारण कहीं भी कूड़ा निस्तारण/उठान में अव्यवस्था दिखाई दे, तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उसके विरूद्ध कार्यवाही करें।

## जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मण्डल के विभिन्न जनपदों द्वारा कराये जा रहे कार्यो में तेजी लाने के निर्देश : मण्डलायुक्त



• पीने के पानी की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये : मण्डलायुक्त

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मण्डल के विभिन्न जनपदों द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गयी। बैठक में जल निगम ग्रामीण के द्वारा कराये गये कार्यों, चल रहे कार्यो की व्यापक रूप से चर्चा की गई। मण्डलायुक्त महोदया के समक्ष जल जीवन मिशन फेस–2 के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

जिसमें प्रस्तावित राजस्व, राजस्व ग्रामों की संख्या जिनमें भूमि प्राप्ति हो गयी है, राजस्व ग्रामों की संख्या जिनमें भूमि प्राप्ति नही हो हुई है, प्रेषित प्रकलन/स्वीकृत प्रकलन, वर्तमान तक विर्चित प्रकलनों की संख्या, योजनाओं की संख्या जिनपर कार्य प्रगति पर है इन सब पर और तेजी लाने के निर्देश। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन फेस–2 के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यों को युद्ध स्तर पर कराये जाने के कहा। टैंक, पाइप लाइन के कार्य गुणवत्तापूर्ण के साथ ससमय इसे पूर्ण करायें। सही प्रेशर में पानी की सप्लाई दें और मकानों में पानी का कनेक्शन दिया जाये और साथ ही साथ पीने के पानी के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी लिया कि जो कार्य अपूर्ण है उनका कार्य कब तक चालू करेंगे और कितने गांव ऐसे है जहां पर कार्य होने बाकी है साथ ही साथ अपूर्ण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जितने कनेक्शन आप लोगों ने कराया है उसकी पुष्टि करा ली जाये, जिससे फेस–2 का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। उन्होंने 6 माह में कराये जाने वाले कार्यो के लक्ष्य का विवरण पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मण्डल के मुख्य अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनापत्ति प्रमाण-पत्र में निहित शर्तो का अनुपालन किया जाये सुनिश्चित : जिलाधिकारी



कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आहूत की गयी। भूगर्भ जल के निकासी हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र/नवीनीकरण/पंजीकरण के लिए पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण हेतु चर्चा की गयी। जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देश दिये गये कि अनापत्ति प्रमाण–पत्र के निर्गमन के क्रम में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये एवं उसका अनुश्रवण किया जाये। उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि अनापत्ति प्रमाण–पत्र में प्राप्त भूजल निकासी की अनुमति की मात्रा के अनुसार वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज हेतु क्षमता विकसित करना अनिवार्य है, जिसके लिए कम्पनी द्वारा रुफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं तालाब के माध्यम से भूजल रिचार्ज किया जाये। जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद, कानपुर देहात के नोडल अधिकारी अविरल कुमार सिंह, हाइड्रोलाजिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम–2019 एवं नियमावली–2020 के अर्न्तगत समस्त वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, सामूहिक उपयोक्ताओं को भूगर्भ जल विभाग से अनापत्तिप्रमाण–पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। अधिनियम का उलंघन करने पर प्रथम अपराध हेतु रु0 02 लाख से 05 लाख अर्थ दण्ड अथवा 06 माह से 01 वर्ष का कारावास अथवा दोनों एव अपराध की पुनरावृत्ति पर प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए उपरोक्त दण्ड को दोगुना किये जाने का प्राविधान है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, जिला वनाधिकारी, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, जिला कृषि अधिकारी, अवर अभियन्ता, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, कानपुर देहात आदि उपस्थित रहे।




**जिलाधिकारी द्वारा हर घर तिरंगा के तहत जनपद में वातावरण सृजन हेतु सभी बैंकर्स का सहयोग भी मांगा गया तथा आह्वान किया गया कि प्रत्येक नागरिक जनपद का 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक झंडारोहण प्रत्येक घर में करने का कार्य करेगा**

## भू माफियाओं पर चला प्रशासनिक हंटर पट्टा धारकों को मिला कब्जा



दैनिक अयोध्या टाइम्स मीडिया प्रभारी संतोष जायसवाल

तंबौर सीतापुर। ग्रामसभा कुरतहिया के मजरा सेमरिया में 23 लोगो को 14 वर्ष पूर्व पट्टे का आवंटन किया गया था। पट्टे की जमीन पर भूमाफियों का कब्जा था। जिसकी शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की गई थी। जिस पर तहसीलदार शशिबन्धु द्विवेदी, एस एचओ सकरन समेत लेखपाल ब्रजेंद्र वर्मा, घनश्याम यादव, प्रवेश यादव की मौजूदगी में अवैध कब्जा भू माफियाओंसे कब्जा मुक्ति कर पट्टा धारकों को वितरित किया जमीन।

## एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त ग्रस्त है उन सभी मार्गो का तत्काल पैच वर्क कराया जाए : जिलाधिकारी





छायाकारः राधा ठाकुर

राम कृपाल सिंह

नेशनल ब्यूरोचीफ

कानपुर नगर। जिन स्ट्रैच में जगह खाली है उन स्ट्रैच में तेजी से कार्य पूर्ण कराया जाए। जाम की समस्या के निदान के लिए 24 घण्टे पीएनसी के वॉलंटरियर्स/मार्शल यातायात को व्यवस्थित कराए।
जहां भी एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त ग्रस्त है उन सभी मार्गो का तत्काल पैच वर्क कराया जाए। निर्माण कार्य के साथ यातायात व्यवस्था सुगम रहे इसके लिए रूट डायर्वजन के सभी मनको का पालन करते हुए सैनेजस लगाना सुनिश्चित करें। मंधना से शिवराजपुर के बीच जहां जिन स्थानों पर कैरेजवे उपलब्ध है वहां पर तत्काल कार्य शुरू कराया जाए साथ ही तत्काल बिजली के पोल को सिफ्ट कराया जाए। प्रत्येक दिन किए जा रहे कार्य की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफ के साथ प्रस्तुत किया जाए। एक सप्ताह में कितना कार्य होना है एवं एक माह में कितना कार्य किया जायेगा उसकी माइक्रो प्लानिंग कार्यदाई संस्था बनाकर दे। जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने आज अलीगढ कानपुर एनएच 91 के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंधना चौराहे के पास रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण कार्य काफी धीमी गति होता पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य प्रत्येक स्थिति में युद्ध स्तर पर पूर्ण कराया जाए।
उन्होंने कहा कि मंधना से शिवराजपुर के बीच जिन स्थानों पर कैरेजवे उपलब्ध है वहां पर तत्काल कार्य प्रांरभ कराया जाए ।उन्होंने कहा कि एक माह की प्लानिंग करते हुए निर्माण कार्य की माइक्रो प्लानिंग करते हुए प्रत्येक दिन किए जाने वाले कार्य की फोटोग्राफ के साथ वस्तुस्थित की जानकारी दिए जाने के निर्देश कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को दिए ।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी भू अध्याप्ति श्री सत्येंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी बिल्हौर सुश्री आकांक्षा गौतम, परियोजना निदेशक एनएचएआई तथा कार्यदाई संस्था पीएनसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एयरपोर्ट के नवीन सिविल टर्मिनस का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर दिन-रात कराते हुए पूर्ण किया जाए : जिलाधिकारी



कानपुर नगर। एयरपोर्ट के नवीन सिविल टर्मिनस का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर दिन–रात कराते हुए पूर्ण किया जाए। टर्मिनल को हाईवे से जोड़ने वाले मार्ग का कार्य तेजी से पूर्ण कराया जाए,और किए गए कार्य की मॉनिटरिंग हेतु ड्रोन कैमरे से वीडियो फोटोग्राफी की कराने के निर्देश दिए सभी विभाग आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य को संपादित करें यदि कोई समस्या आए तक तत्काल अवगत कराएं किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य रुकना नही चाहिए। उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में चकेरी एयरपोर्ट के न्यू टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए समस्त संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण किया जाए समस्त विभाग आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य को गति दें यदि किसी कार्य से कोई समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराए । उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्थिति में दिन रात कार्य पूर्ण किया जाना है इसके लिए समस्त विभाग अपने–अपने कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं और किए गए कार्य की फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि हाईवे से टर्मिनल के मार्ग को पूर्ण कराने में जो भी बाधाएं आ रही हैं उसको दूर कराते हुए सड़क निर्माण कार्य किया जाए। अबतक किए गए कार्य की ड्रोन से वीडियोग्राफी फोटोग्राफी उपलब्ध कराई जाए और प्रत्येक सप्ताह कार्य कितना हुआ है ड्रोन की फोटोग्राफी वीडियोग्राफी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी भू अध्याप्ति श्री सत्येंद्र कुमार, ग्रुप कैप्टन मोहित चतुर्वेदी एयर फोर्स स्टेशन,केस्को ,लोक निर्माण विभाग समेत सभी अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा टाकुर कानपुर देहात। ''आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में जनपद की बैंक शाखाओं में पदस्थ पबन्धकों की जनपद स्तर पर सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित हुई।







कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, बीएनएम, बैंक मैनेजर आदि को प्रमाण पत्र देकर उत्वाहवर्धन किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी द्वारा फील्ड लेवल में अच्छा कार्य किया गया है इसके लिए मैं बधाई देती हूँ, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो विभिन्न विभागों में योजनाऐं चलायी जा रही उनमें जो लाभार्थियों की ऋण हेतु पत्रावली लंबित उन्हें समय से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को पूरी लगन व निष्टा के साथ कार्य करें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष इस साल पूर्ण हो रहे है, 13 से 15 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर सभी लोग हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग करें, वहीं स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये गये तिरंगा झंडे का भी प्रर्दशन किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने भी विस्तार से सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बैंक मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

## सुबह घूमने गये युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने कुचला

• आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना को लेकर हाईवे पर लगाया जाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। कुठौंद थाना क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम हदरुख जालौन–औरैया हाईवे पर सुबह घूमने गये युवक को तेजगति से जा रहे अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हाईवे स्टेट पर जाम लगा दिया।जिससे लगभग आधे घंटे तक जाम लगा रहा। उधर मामले की जानकारी लगते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम लगाये ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम को खुलवाने के साथ ही मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार हरि सिंह उर्फ (गोलू) उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र राम प्रकाश सेंगर निवासी ग्राम हदरुख थाना कुठौंद आज शनिवार की सुबह 5 बजे हाईवे पर घूमने के लिए गया था तभी तेजगति से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने हदरुख चौकी पर पहुंच कर जाम लगा दिया जो 1 घंटे तक लगा रहा सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम को खुलवाया।

## हजारों की संख्या में उमड़ा कांवरियों का जनसैलाब



दैनिक अयोध्या टाइम्स मीडिया प्रभारी संतोष जायसवाल

सीतापुर। गांजरी क्षेत्रसे रतनगंज शिवमंदिर से हजारों की संख्या में शिवभक्त गोला गोकरणनाथ के लिए धूमधाम व गाजे बाजे के साथ रवाना हुए।इस कांवड़ यात्रा का संचालन बाबा बालक दास महाराज के द्वारा किया गया।सुबह से ही कांवड़ियों के जत्थे निकलने शुरू हो गये थे।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन काफी सतर्क नजर दिखाई दिया।कस्बे के चप्पे चप्पे पर पुलिस कर्मी दिखाई दिये।इस दौरान सीओ बिसवां,थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल,सकरन व तालगांव थाना प्रभारी मय फोर्स मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सफाई कर्मचारी संघ के राकेश अध्यक्ष और जमुना प्रसाद बने महामंत्री

विमलेश भदौरिया लखीमपुर,खीरी। रमियाबेहड़ में सफाई कर्मचारी संघ के लिए राकेश कुमार अध्यक्ष और जमुना प्रसाद महामंत्री चुने गए। निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारियों का जिले से आए कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रमाण पत्र देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।



शनिवार को ब्लॉक सभागार में सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव होना था। इस दौरान सर्व सहमत से राकेश कुमार को संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष, जमुना प्रसाद को महामंत्री और मनीराम को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुना गया। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के सतीश चंद्र वर्मा, सोमेंद्र मौर्य, विजय कुमार सोनी तथा अवधेश चौरसिया आदि ने निर्विरोध चुने गए। सभी पदाधिकारियों को प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, मिश्रीलाल, प्रमोद कुमार, शिवकुमार, पतिराम, शत्रोहन लाल तथा कृपाशंकर समेत बड़ी तादाद में ब्लाक कार्यकारिणी संगठन के लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने किया बेल बाबा के दर्शन

श्रद्धा सिंह भदौरिया लखीमपुर,खीरी। विधायक ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बेल बाबा के दर्शन कर बाटी चोखा का आनन्द लिया। शनिवार को भिलाबा के बेल बाबा मंदिर पर कार्यक्रम संयोजक सरदार गुरमेज सिंह के नेतृत्व में विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पसगवां मण्डल अध्यक्ष अमरीश तिवारी, बरवर मण्डल अध्यक्ष मुकेश पांडे, राजेपुर मण्डल अध्यक्ष राम भरोसे वर्मा, बहादुरनगर मण्डल अध्यक्ष अद्वैत कुमार सिंह, महामंत्री इंद्रजीत सिंह, समोद सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, छुन्ना, अनुज कुमार सिंह, राजपाल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच कर मंदिर में पूजन–अर्चन किया और बाटी चोखा खाया।



## 500 ग्राम चरस के साथ सभासद गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। पुलिस अधीक्षक औरैया द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत फफूंद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पांच सौ ग्राम चरस सहित एक सभासद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि शनिवार की दोपहर को वह गश्त पर थे तभी मुखबिर की सूचना आई कि एक व्यक्ति खगीपुर रोड पर चरस लेकर खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर एसआई सुरेश चंद्र ने मौके पर पहुंच गये और घेरा बंदी करके एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम गुड्डू शुक्ला पुत्र राम सेवक शुक्ला निवासी मोहल्ला मेवातियान कस्बा फफूंद बताया जो नगर पंचायत फफूंद का मौजूदा सभासद भी है। जिसके पास से पुलिस की तलाशी में पाँच सौ ग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस ने सभासद के पास से आधा को चरस बरामद कर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक घायल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद,औरैया। थाना क्षेत्र के गांव नगला पाठक में बाइक से बाजार करने फफूंद आरहे युवक को गांव से निकलते ही मोड़ पर कार ने टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया। एम्बुलेंस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। शनिवार की शाम को थाना क्षेत्र के गांव नगला पाठक निवासी अच्छे कुमार पुत्र राजेन्द्र बाबू अपनी बाइक से फफूंद नगर में बाजार करने आ रहा था। जैसे ही गांव में स्थित मोड़ पर पहुँचा तभी सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। गांव के लोगो की सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, पुलिस गाड़ी को लेकर थाने आई है। मौके से वैन चालक वैन गाड़ी छोड़ कर भाग गया।

## औरैया शहर को मिल सकती है पुलिस लाइन 4 नवीन थाने व चौकियां

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बताया कि जिले की चौकी कुदरकोट,चौकी सहार को थाना बनाने के लिये प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है एवं चौकी हरचन्द्रपुर को थाना बनाने के लिये प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है व ककोर को नया थाना बनाने के लिये प्रस्ताव प्रेषित करने की कार्यवाही प्रचलित है। एसपी ने बताया कि बुन्देलखण्ड एक्प्रेसवे पर चौकी नौरी, चौकी तुर्कपुर, चौकी मिहौली 3 नई चौकियां बनाने का प्रस्ताव भी पुलिस मुख्यालय लखनऊ को भेजा जा चुका है । नई पुलिस चौकियां बनाने हेतु पुलिसध्प्रशासन के माध्यम से भूमि आंवटित की जायेगी। वहीं उन्होंने बताया कि उप्र सरकार के मुख्यमन्त्री के निर्देशन व शासन की मंशा के अनुरुप प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व सुदढ़ करने के लिए जनपद औरैया के अस्तित्व में आने के करीब 25 वर्षों बाद शासन द्वारा नई पुलिस लाइन औरैया का चयन कर क्रय किया जा चुका है जिसका शेरपुर सरैया में 16.188 हेक्टेयर भूमि में पुलिस लाइन निर्माण के लिए पीडव्ल्यूडी को निर्माण इकाई नामित किया जा चुका है।

# नगदी समेत लाखों को जेवर चुरा ले गये चोर

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र के मांझा गांव के रंजीत पुत्र लल्लूराम के घर को चोर बीती रात निशाना बनाते हुए जेवर व नगदी लेकर फरार हो गये। रंजीत ने बताया कि मकान के बगल में बने शौचालय की दीवार का सहारा लेकर चोर घर के अन्दर प्रवेश कर गये, जहां कमरे में रखी अलमारी की लॉक तोड़कर एक जोड़ी पायल, गले का हार, एक कमर बिछुआ व जेवर सहित चार हजार की नगदी लेकर चोर फरार हो गये। गृह स्वामी परिवार के साथ बाहर के बरामदे में सो रहा था। उसकी बहू लक्ष्मी घर के अन्दर सो रही थी। आहट सुनकर लक्ष्मी ने शोर मचाने का प्रयास किया, तभी चोरों ने उसका मुंह दबा दिया, जिसके बाद बहू लक्ष्मी बेहोश गयी और चोर चोरी करने में सफल रहे। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच



पडताल करते हुए चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है। इसी गांव के पड़ोस शनिवार को दिन के उजाले में ग्रामीणों को बदमाशों की चहलकदमी परसेहरा गांव के पश्चिम गन्ने के खेतों में दिखाई दी। जिसे देखते हुए सैकड़ों ग्रामीण गन्ने के खेत का घेराव करते हुए नीमगांव पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में काम्बिंग करते हुए ड्रोन कैमरा का सहारा लिया, लेकिन चोरों को पकड़ने में पुलिस असफल रही।

# दो घरों में चोरी, एक युवक को पुलिस ने उठाया

- क्षेत्र के गांव जुआ की घटना

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। थाना क्षेत्र के एक गांव में चोर ने दो घरों में घुसकर उसमे रखी नगदी व घरेलू सामान चोरी करके भाग गया। गृह स्वामी के जागने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के वाद एक युवक को थाने लेकर आई है। थाना क्षेत्र के गांव जुआ निवासी दिनेश चन्द्र गुप्ता पुत्र स्व कृष्ण गोपाल गुप्ता ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की रात्रि में हम अपने घर पर आए और खाना खा करके अपने घर के कमरे में सो गये।

तथा हमारा छोटा भाई संजीव कुमार ऊपर छत पर सो रहा था। तभी हमारे घर की छत पर हमने छत से कूदते हुये हमने गांव निवासी सोहिल पुत्र रब्बन को देख लिया सोर गोल मचाया तब तक वह भाग गया। सुबह 112 पुलिस को फोन कर सूचना दी। जुआ गांव निवासी नरेंद्र सिह राठौर पुत्र राम गोपाल ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की रात्रि में हम अपने घर पर सो रहे थे। तभी हमारे घर के अंदर कमरे में आज्ञात चोर घुस आया और कमरे में टँगी हमारी लोअर में पड़े 4430 रुपये व एक प्रेस चोरी करके भाग गया। सुबह जागने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई। पीडितो की सूचना पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शक के आधार पर एक युवक सोहिल पुत्र रब्बन निवासी जुआ को लेकर आई है। जहां पर उससे पूँछताछ की जा रही है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राकेश




एक युवक झड़ आया और हमारे भाई का मोबाइल व टार्च चोरी करके जीने के रास्ते कमरे में आगया हमारा पेंट जिसमे 50 हजार रुपए थे निकाल लिए और भाग गया तभी रात्रि में शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना सन्दिग्ध प्रतीत हो रही है। एक युवक के ऊपर इन लोगो ने सन्देह जताया है। उस को लेकर आये हैं पूँछताछ की जा रही है।

# जुआ सट्टा ,शराब एवं वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना बिधूना के उ0नि0 तन्मय चौधरी द्वारा गस्त के दौरान अभियुक्त आशीष कठेरिया पुत्र दिनेश उर्फ दिन्नू निवासी ग्राम वंसई थाना बेला जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। चोरी के मामले में वाछिंत था। वहीं थाना फफूँद के उ0नि0 जाकिर हुसैन द्वारा गश्त चेकिंग के दौरान अभियुक्त प्रशांत कुमार पुत्र स्वर्गीय राम नरेश निवासी मोहल्ला सराय बिहारी दास थाना फफूँद जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक सट्टा पर्चा, पेन व नगदी 1005 रुपये बरामद कर सट्टा अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।



थाना फफूँद के उ0नि0 प्रमोद कुमार द्वारा अभियुक्त रामचंद्र पुत्र राम अवतार निवासी मोहल्ला बाबा का पुरवा कस्बा व थाना फफूँद जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी नाजायज बरामद हुए। पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाये त्यौहार : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला शांति समिति की बैठक

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। शनिवार को कलेक्ट्रेट में मोहर्रम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिला शांति समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इस बार दो पर्व एक साथ पड़ रहे हैं। इसलिए सभी धर्मगुरूओं से अपेक्षा की जाती है कि लोग आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाएं रखें। डीएम ने जनपद की शांति को बनाए रखने में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की। जनपद की छवि शांतिपूर्ण जनपद की है। सभी त्योहार को सादगी के साथ मनाएं। पर्व भाईचारा को संदेश देते हैं। सभी लोगों ने जनपद में शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाए जाने का आश्वासन दिया। शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने, उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेंगे। डीएम ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रहेगी। कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर उसके खिलाफ तुरन्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। सभी स्वस्थ्य मन एवं भाईचारे के साथ त्यौहार का आनन्द उठायें। कोई भी कार्य परम्परा से हट कर न किया जाये। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि मोहर्रम पर सुरक्षा को मद्देनजर किसी प्रकार कोताही न बरती जाए। भड़काऊ व अश्लील



गाने कदापि नहीं बजेंगे। जुलूस में अस्त्र–शस्त्र का भी प्रदर्शन नहीं होगा। परंपरागत चीजें चलती रहेंगी। कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाएगी। दोनों समुदाय के लोग कभी भी उनसे दफ्तर में मिलकर या फोन पर बात कर अपनी समस्या का निदान करा सकते है। सभी जनपदवासी अपनी अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए कानून व्यवस्था को बनाने रखने में प्रशासन का सहयोग करें। यदि कहीं किसी प्रकार गड़बड़ी की आशंका हो तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन व पुलिस को उपलब्ध कराने में सहयोग करे। बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों व धर्मगुरुओं ने अपने विचार रखे। बैठक में एएसपी अरुण कुमार सिंह, एसडीएम, सीओ, एडीआईओ नरेंद्र कुमार, बड़ी संख्या में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन एवं धर्म गुरु मौजूद रहे।

# कस्ता विधायक ने कांवड़ यात्रा को किया रवाना



श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। कस्बा मितौली में 10वीं ऐतिहासिक ओंम भोले शिव शक्ति कांवरिया सेवा समिति के सौजन्य से कांवड़ यात्रा शनिवार कस्बा मितौली से भोले बाबा की झांकियों व गाजे–बाजे, शिव तांडव नृत्य के साथ फर्रूखाबाद के लिए कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने भोले बाबा की पूजा–आरती करने के बाद रवाना किया। शिवभक्तों ने भोलेनाथ के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया। कांवड़ यात्रा में नगरवासी, मातायें, बहने, कांवरिया, संभ्रांत नागरिक ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। कस्बा व क्षेत्र से करीब तीन सौ कांवरिया मितौली से घटियाघाट फर्रुखाबाद गंगाजल भरकर गोला गोकरननाथ छोटी काशी में जलाभिषेक करने के लिए कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व कमेटी के सरंक्षक, समाजसेवी, पत्रकार अखिलेश मिश्र ने शिव मंदिर व झांकी, भागवान भोलेनाथ का विधि–विधान से पूजन कर कमेटी और सम्भ्रांत लोगो को अंगवस्त्र पहना कर कांवड़ यात्रा की शुरुआत कराई। पौराणिक ठाकुर द्वारा निकटतम प्राइमरी पाठशाला से कांवड़ यात्रा बड़ी बाजार होते हुए बस स्टाप पहुंचीं, ग्रामीणों व माताओं बहनों के द्वारा पूरी यात्रा पर फूलों व रंग गुलाल की वर्षा की गई और माताओं ने तिलक, रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद देकर विदा किया। ओंम भोले शिव शक्ति कांवरिया सेवा समिति के अध्यक्ष अंशू शुक्ल ने कांवरियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर विदा किया।

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थानाध्यक्ष मितौली सुनील कुमार द्वारा यात्रा की निगरानी की गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यापक राजेंद्र प्रकाश मित्र, समाजसेवी सोनू सिंह बड़ा सेमरावां, आचार्य पं. राम शंकर दीक्षित, डॉ. प्रशांत शुक्ल, डॉ. अभय शुक्ल, अशोक कुमार गुप्ता मेडिकल स्टोर, प्राचार्य विनोद गुप्त, अनीता देवी, शत्रोहन लाल शुक्ल सहित समस्त माताएं, बहने सम्मानित नागरिक कांवरिया सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण लेंगे आपदा मित्र

- 167 आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना, एडीएम ने दिखाई हरी झंडी

विमलेश भदौरिया


लखीमपुर,खीरी। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर जनपद खीरी के दूसरे चरण में 167 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए एसडीआरएफ लखनऊ के लिए रवाना किया।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद खीरी से 500 आपदा मित्रों के चयन किया जाना है, जिनमें से 275 वालेन्टियर्स प्रथम बैच 23 मार्च में एसडीआरएफ द्वारा प्रशिक्षित किये जा चुके है। 167 व्यक्तियों का दूसरा बैच शनिवार को 12 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु रवाना किया जा रहा है। इस प्रकार 500 स्वयंसेवकों के सापेक्ष 442 स्वयंसेवक प्रशिक्षित हो जायेंगे, जो विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव एवं सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त सभी आपदा मित्रों को जनपद में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा किसी भी आपदा के दौरान स्वयं सेवक (राहत, बचाव, जागरूकता में) के रूप में सेवा ली जाएगी।



बताते चले कि आपदा मित्र राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित परियोजना है, जिसके अंतर्गत पूरे देश के 350 संवेदनशील जनपदों से लगभग एक लाख स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाना है। उक्त 350 संवेदनशील जनपदों में उत्तर प्रदेश के 25 जनपद समिल्लित है।

# फफूंद में एक युवक के साथ दो युवकों ने की टप्पेबाजी





संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- गाँव केशमपुर पसईपुर से फफूंद कोल्डड्रिंक की बोतलें लेने आया था युवक।
- सत्तरह सौ रुपये में तीन जोड़ी गिलट की तोड़ियाँ बेचकर की टप्पेबाजी।
- पीड़ित युवक ने देखा कि टप्पेबाज एक टेम्पो से पर्स लेकर भागा है।

फफूंद,औरैया। शनिवार को एक गाँव निवासी युवक फफूंद नगर से कोल्ड्रिंक की बोतलें लेने के लिए आया वह एजेंसी पर जा रहा था,रास्ते मे दो युवक मिले उन्होंने पर्स से तोड़ियाँ निकालते हुए कहा कि यह मुझे पड़ी मिली है बेचना है,बातो में उलझाकर युवक से टप्पेबाजी कर टप्पेबाज चम्पत हो गए। फफूंद थाना क्षेत्र के गाँव केशमपुर पसईपुर निवासी अतर सिंह गाँव मे परचून की एक छोटी दूकान रखे है उन्होंने अपने भतीजे अठ्ठारह वर्षीय युवक रजनेश कुमार दोहरे पुत्र चतुर सिंह को कोल्ड्रिंक की बोतलें लेने के लिए शनिवार को फफूंद भेजा घर से सोलह सौ रूपये दिए सौ रुपये युवक के पास थे। पीड़ित टप्पेबाजी का शिकार हुए युवक रजनेश कुमार ने बताया कि ख्यालीदास मन्दिर से थोड़ा आगे दिबियापुर की ओर रोड़ के किनारे आटो से उतरकर एजेंसी के लिए चला आटो में बैठे दो युवक भी बैठे थे एक युवक हाथ मे एक छोटा सा पर्स लेकर भागा मुझे रोककर कहने लगा कि मुझे टेम्पो में यह पर्स मिला है इसमें तोड़ियाँ है,इतने में दूसरा युवक भी पास आ गया।कहने लगा तुझे लेना हो तो ले ले यह तीन जोड़ी तोड़ियाँ बीस हजार रुपये की है टप्पेबाजों ने उसी पर्स से बीस हजार का बिल भी निकाल कर दिखाया। टप्पेबाजों ने अधिक रुपये मांगे थे लेकिन सिर्फ सत्तरह सौ रुपये जो पास थे उसी में सौदा हो गया मोबाइल भी मांग रहा था टप्पेबाज लेकिन तब हमने तोड़ियाँ लेने से मना कर दिया तब टप्पेबाजों ने तोड़ियाँ दे दी जाते समय कहा कि घर जाकर प्रसाद चढ़ाना। टप्पेबाजी का शिकार हुआ युवक खुशी खुशी घर आया,घरवाले तीन जोड़ी तोड़ियाँ लेकर गाँव स्थित एक सुनार की दूकान पर दिखाने गए उसने बताया कि यह गिलट की मात्र सौ रुपये कीमत की एक है।खबर लिखे जाने तक युवक ने तहरीर नही दी थाने मे और न ही घटना की पुलिस को सूचना दी।

## (आवश्यक सूचना)

मै अंकित यादव पुत्र श्री लल्लू राम यादव निवासी एकता नगर बरेली मै लगभग 3 सालो से कनेक्ट कॉर्प कम्पनी के माध्यम से एक्सिस बैन्क ट्रैक्टर कलेक्शन का कार्य समूह संचालक के पद से बा ईमानदारी करवा रहा था

सर्व साधारण को सूचित कर रहा हूँ अब मै एक्सिस बैन्क ट्रैक्टर कलेक्शन का कार्य नही कर रहा हूँ यदि कोई मेरा नाम बता कर किसी कस्टमर से किस्त की माँग करता है तो आप ना दे अतः कोई कैसा भी रुपयेधकिस्त का लेन देन कस्टमर या मेरी पूर्व की टीम द्वारा किया जाता है उसका मै जिम्मेदार नही हूँ पूर्णतः इसकी जिम्मेदारी कस्टमर या लेनदार की हो गी!

अंकित यादव पूर्वटीम लीडर सीबीएसएल बरेली मो.– 9870 64 1915

## (आवश्यक सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की निमिष सिंघ पुत्र स्व अम्बरीश सिंघ अनुज शर्मा पुत्र श्री राम निवास शर्मा एक्सिस बैन्क (CBSL) के इम्प्लाई नही है यदि कोई रुपये का लेंन देन कोई कस्टमर या उपरोक्त दोनो आपस मे करते है तो एक्सिस बैन्क (CBSL) जिम्मेदार नही होगा!

पूर्व टीम लीडर अंकित यादव बीएसएल बरेली मोबाइल नंबर 9870 64 1915

# सम्पादकीय....

## लोकतंत्र में अमर्यादित भाषा का बढ़ता विषबेल

हमारा देश भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन व्यवस्था है जिसमें जनता ही सर्वोपरि है। इसमें सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त होता है। एक अच्छा लोकतंत्र वह है जिसमें राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ – साथ आर्थिक न्याय की भी व्यवस्था हो। परन्तु मेरी राय के अनुसार एक अच्छा लोकतंत्र वह है जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय के साथ लोगों के विचार भी उच्च हों, मर्यादित आचरण के साथ परस्पर प्रेम, शांति सद्भाव कायम रहे। परन्तु वर्तमान में, संसद के भीतर और बाहर जनप्रतिनिधि के द्वारा देश के सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू पर कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के द्वारा गलत भाषा का प्रयोग या अशोभनीय टिप्पणी करना बिल्कुल अनुचित है। हमारे संविधान के अनुच्छेद १९ में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लेख है। सभी लोगों को अपनी बात कहने या रखने का अधिकार है। परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि हम अमर्यादित भाषा का प्रयोग करें और लोगों के मन को चोट पहुँचाएँ। जुबान फिसलती नहीं है बल्कि इसे फिसलाई जाती है। हमें सोच समझकर बोलना चाहिए क्योंकि हम स्वयं प्रतिनिधि हैं, संवैधानिक पद पर आसीन हैं, हम स्वयं जनमानस को सलाह देते हैं। ऐसी परिस्थिति में हम हीं बेकाबू हो जाएँगे तो औरों का क्या हाल होगा। सबसे बढ़कर दूसरे देशों में क्या संदेश जाएगा? यही न कि हम अपनी संस्कृति का खिलवाड़ कर रहे हैं। हम अपनी लोकतंत्र की मर्यादा को कलंकित कर रहे हैं। अपनी वाणी को संयमित, परिमार्जित नहीं वरन् कलुषित कर रहे हैं। मैं सिर्फ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी पर ही नहीं बात कर रहा हूँ बल्कि सभी दल के प्रतिनिधियों को यह कहना चाहता हूँ कि हम अपने लोकतंत्र को कितना मजबूत बना सकते हैं, अपने भारत को कितना जीवंत और स्वच्छ दिशा प्रदान कर सकते हैं तथा अपनी वाणी को कितनी मधुरिम, संतुलित और संयमित कर सकते हैं ताकि दूसरे देशों में सार्थक और शुभ संदेश जाए। कोई भी सांसद या उच्च या सर्वोच्च पद पर आसीन किसी भी व्यक्ति के संबंध में ऐसी अशोभनीय टिप्पणी एक बड़े समुदाय को आहत कर सकती है। हमारी एकता को विखंडित कर सकती है। क्या हम यही संदेश दुनिया को देना चाहते हैं कि हमारी एकता छिन्न– भिन्न हो जाए। अतः हमें अमर्यादित भाषा के विषबेल को बढ़ने से रोकना होगा। मिल–जुल कर एक उपाय की खोज करनी पड़ेगी। हमें अशोभनीय टिप्पणी करने वालों के लिए चाहे वह सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के सर्वानुमति से ठोस कानून बनाकर उसे अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए। इसमें सरकार के साथ–साथ जनता के विचारों का भी स्वागत किया जाना चाहिए तभी लोकतंत्र की आत्मा ठीक रहेगी तथा हमारा देश आगे बढ़ेगा। तो क्यों न हम अभी से ही अपनी वाणी में बदलाव लाएँ। हमें संत कबीरदास के दोहे को हृदयंगम करना चाहिए–

देव कांत मिश्र दिव्य सुलतानगंज,भागलपुर, बिहार

## मित्रों आज शनिवार है, शानिमहाराज का दिन है, आज हम इन्ही की महिमा का गुणगान करेगें

हिन्दू धर्म गर्न्थो और शास्त्रों में भगवान् शिवजी को शनिदेव का गुरु बताया गया है, तथा शनिदेव को न्याय करने और किसी को दण्डित करने की शक्ति भगवान् शिवजी के आशीर्वाद द्वारा ही प्राप्त हुई है, अर्थात शनिदेव किसी को भी उनके कर्मो के अनुसार उनके साथ न्याय कर सकते है और उन्हें दण्डित कर सकते है, चाहे वे देवता हो या असुर, मनुष्य हो या कोई जानवर। शास्त्रों के अनुसार सूर्यदेव एवम् देवी छाया के पुत्र शनिदेव को क्रूर ग्रह की संज्ञा दी गयी है, शनिदेव बचपन में बहुत ही उद्ण्डत थे तथा पिता सूर्य देव ने उनकी इस उदंडता से परेशान होकर भगवान् शिवजी को अपने पुत्र शनि को सही मार्ग दिखाने को कहा, भगवान् शिवजी के लाख समझाने पर भी जब शनिदेव की उदंडता में कोई परिवर्तन नहीं आया।

एक दिन भगवान् शिवजी ने शनिदेव को सबक सिखाने के लिए उन पर प्रहार किया जिससे शनिदेव मूर्छित हो गये, पिता सूर्यदेव के कहने पर भगवान् शिवजी ने शनिदेव की मूर्छा तोड़ी तथा शनिदेव को अपना शिष्य बना लिया और उन्हें दण्डाधिकारी का आशीर्वाद दिया, इस प्रकार शनिदेव न्यायधीश के समान न्याय एवं दण्ड के कार्य में भगवान् शिवजी का सहयोग करने लगे। शास्त्रों के अनुसार एक दिन शनिदेव कैलाश पर्वत पर अपने गुरु भगवान् भोलेनाथ से भेट करने के बाद कहा– प्रभु! कल में आपकी राशि में प्रवेश करने वाला हूँ, अर्थात मेरी वक्रदृष्टि आप पर पड़ने वाली है, भगवान् शिवजी ने जब यह सूना तो वे आश्चर्य में पड गयें, तथा शनिदेव से बोले की तुम्हारी वक्रदृष्टि कितने समय के लिये मुझ पर रहेगी?

शनिदेव ने शिवजी से कहा की कल मेरी वक्रदृष्टि आप पर सवा प्रहर तक रहेगी, अगले दिन प्रातः शिवजी ने सोचा की आज मुझ पर शनि की दृष्टि पड़ने वाली है, अतः मुझे कुछ ऐसा करना होगा की आज के दिन शनि मुझे देख ही ना पाये? तब भगवान् शिवजी कुछ सोचते हुये मृत्यु लोक अर्थात धरती में प्रकट हुये तथा उन्होंने अपना भेष बदलकर हाथी का रूप धारण कर लिया। सज्जनों! पुरे दिन भोलेनाथ हाथी का रूप धारण कर धरती पर इधर–उधर विचरण करते रहे, जब शाम हुई तो भगवान् शिवजी ने सोचा की अब शनि मेरे ग्रह से जाने वाला है, अतः मुझे मेरे वास्तविक स्वरूप में आ जाना चाहियें, भगवान् शिवजी अपना वास्तविक रूप धारण कर कैलाश पर्वत पर लोट आयें, भोलेनाथ प्रसन्न मुद्रा में कैलाश पर्वत पहुँचे तो वहाँ पर पहले से ही मौजूद शनिदेव शिवजी की प्रतीक्षा कर रहे थे। शनिदेव को देखते है ।

शिवजी बोले, हे शनिदेव! देखो तुम्हारी वक्रदृष्टि का मुझ पर कोई प्रभाव नहीं हुआ, तथा आज में सारे दिन तुम से सुरक्षित रहा, भगवान् भोलेनाथ की बात को सुन शनिदेव मुस्कराते हुये बोले– प्रभु! मेरी दृष्टि से ना तो कोई देव बच पाये है और नहीं कोई दानव, यहाँ तक की आप पर भी आज पुरे दिन मेरे वर्क का दृष्टि प्रभाव रहा। भगवान् शिवजी आश्चर्यचकित होते हुये शनिदेव से पूछा कि यह कैसे सम्भव है? मैं तुम्हें मिला ही नहीं, तो वक्रदृष्टि का सवाल ही नहीं? शनिदेव बड़ी शालीनता से मुस्कराते हुए शिवजी से बोले– प्रभु मेरे वक्र दृष्टि के कारण ही आपको आज सारे दिन देव–योनि से पशु योनि में जाना पड़ा इस प्रकार आप मेरी वक्रदृष्टि के पात्र बने। यह सुनकर भगवान् भोलेनाथ ने शनिदेव से प्रसन्न होकर उन्हें गले से लगा लिया तथा पुरे कैलाश पर्वत में शनिदेव का जयकारा गूजने लगा, भाई–बहनों! शनिदेव के प्रकोप से भगवान् भी नहीं बच सकते तो हम कलयुगी मानव की बिसात ही क्या है? इसलिये सत्यता को जीवन में अपनाओं, पवित्रता को चरित्र में धारण करों, शुचिता को व्यवहार में लाओ। अगर शनिदेव की वक्रदृष्टि हमारे ऊपर आ भी गयीं तो कुछ पलों की ही होगी साढ़े साती नहीं, न्याय के देवता श्री शनि महाराज पूरा लेखा–जोखा रखते हैं, अतः पाप से बचो व अन्याय का साथ न दो, समस्त जीवों पर दया का भाव रखों, भगवान् भोलेनाथ के साथ शनि महाराज आपकी रक्षा करें, आज के पावन दिवस की पावन सुप्रभात् आप सभी को मंगलमय् हों।

# पेट सम्बन्धी तकलीफें

नींबू के रस में सौंफ भिगो दें और जितना नींबू का रस, सौंफ पी ले । फिर सौंफ में थोड़ा काला नमक या संत कृपा चूर्ण मिलाकर तवे में सेंक कर रख दो । ये लेने से पेट का भारीपन, बदहाजमा दूर होगा और भूख खुलकर लगेगी । कब्ज की तकलीफ भी ठीक हो जायेगी ।'

आरती में कपूर का उपयोग क्यों ?

सनातन संस्कृति में पुरातन काल से आरती में कपूर जलाने की परम्परा है । आरती के बाद आरती के ऊपर हाथ घुमाकर अपनी आँखों पर लगाते हैं, जिससे दृष्टी–इन्द्रिय सक्रिय हो जाती है पूज्य बापूजी के सत्संग–वचनामृत में आता है रू "आरती करते हैं तो कपूर जलाते हैं । कपूर वातावरण को शुद्ध करता है, पवित्र वातावरण की आभा पैदा करता है । घर में देव–दोष है, पितृ –दोष हैं, वास्तु–दोष हैं, भूत–पिशाच का दोष है या किसीको बुरे सपने आते हैं तो कपूर की ऊर्जा उन दोषों को नष्ट कर देती है ।ष्

बोलते हैं कि संध्या होती है तो दैत्य–राक्षस हमला करते हैं इसलिए शंख, घंट बजाना चाहिए, कपूर जलाना चाहिए, आरती–पूजा करनी चाहिए । संध्या के समय और सुबह के समय वातावरण में विशिष्ट एवं विभिन्न प्रकार के जीवाणु होते हैं जो श्वासोच्छवास के द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करके हमारी जीवनरक्षक कोशिकाओं से लड़ते हैं । देव–असुर संग्राम होता है, देव माने सात्त्विक कण और असुर माने तामसी कण । कपूर की सुगंधि से हानिकारक जीवाणु एवं विषाणु रूपी राक्षस भाग जाते हैं ।'

वातावरण में जो अशुद्ध आभा है इससे तामसी अथवा निगुरे लोग जरा–जरा बात में खिन्न होते हैं, पीड़ित होते हैं लेकिन कपूर और आरती का उपयोग करनेवालों के घरों में ऐसे कीटाणुओं का, ऐसी हलकी आभा का प्रभाव नहीं टिक सकता ।'

अतरू घर में कभी–कभी कपूर जलाना चाहिए, गूगल का धूप करना चाहिए । कभी–कभी कपूर की १ दृ २ छोटी–छोटी गोली मसल के घर में छिटक देनी चाहिए । उसकी हवा से ऋणायान बनते हैं, जो हितकारी हैं । वर्तमान के माहौल में घर में दीया जलाना अथवा कपूर की कभी–कभी आरती कर लेना अच्छा है ।'

अकाल मृत्यु से रक्षा हेतु

भगवान नारायण देवउठी (प्रबोधिनी) एकादशी को योगनिद्रा से उठते हैं । उस दिन कपूर से आरती करनेवाले को अकाल मृत्यु से सुरक्षित होने का अवसर मिलता है ।'

कपूर का वैज्ञानिक महत्त्व

कई शोधों के बाद विज्ञान ने कपूर की महत्ता को स्वीकारा है । कपूर अपने आसपास की हवा को शुद्ध करता है, साथ ही शरीर को हानि पहुँचानेवाले संक्रामक जीवाणुओं को दूर रखने में मददगार होता है । इसकी भाप या सुगंध सर्दी–खाँसी से राहत देती है तथा मिर्गी, दिमागी झटके एवं स्थायी चिंता या घबराहट को कम करती है । कपूर की भाप या इसके तेल की उग्र सुगंध से नासिका के द्वार खुल जाते हैं । यह सुगंध श्वसन–मार्ग, स्वर–तंत्र, ग्रसनी, नासिका–मार्ग तथा फुफ्फुस–मार्ग हेतु तुरंत अवरोध–निवारक का काम करती है । इसलिए कपूर का उपयोग सर्दी–खाँसी की कई दवाओं (बाम आदि) में किया जाता है । कपूर–भाप की सुंगध बलगमयुक्त गले की सफाई करके श्वसन–संस्थान के मार्ग खुले करने में मदद करती है । कपूर मसलकर शरीर पर लगाने से यह रक्त प्रवाह बढ़ाता है ।'

# विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन। स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।।

मुंशी प्रेमचंद जयंती 31 जुलाई 2022 पर विशेष

साहित्य जगत का अनमोल नायाब हीरा मुंशी प्रेमचंद जिसने यथार्थवादी लेखन से समाज में जागरूकता का संचार किया

हिंदी साहित्य जगत में मुंशी प्रेमचंद जैसा अनमोल रत्न न कोई हुआ न कोई होगा – एड किशन भावनानी

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से अनेक क्षेत्रों में अनेक अनमोल व्यक्तियों का सृजन हुआ है। स्थितियों परिस्थितियों के अनुसार उनको अनमोल कौशलता उनको विरासत, गॉड गिफ्टेड, अपनी मेहनत, अपने बौद्धिक कौशलता से मिला है, परंतु सबसे महत्वपूर्ण संज्ञान सामान्यतः उस व्यक्तित्व पर लिया जाता है जिसको बिना किसी विरासत, गॉड गिफ्टेड के अपनी मेहनत संघर्ष काबिलियत और बौद्धिक क्षमता के आधार पर सफलताओं के झंडे गाड़कर न सिर्फ अपने कौशलता से अपने उस साहित्यिक या किसी अन्य क्षेत्र से न केवल अपने शहर,राज्य का नाम रोशन किया बल्कि अपने देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाया ऐसे तो अनेक एक से एक महानुभाव व्यक्तित्व हैं परंतु चूंकि 31 जुलाई को साहित्य जगत के एक तरह से पितामह मुंशी प्रेमचंद की 143 वीं जयंती है इसलिए आज उनकी साहित्य सेवा संघर्ष और बौद्धिक क्षमता पर इस आर्टिकल के माध्यम से इस हिंदी साहित्य जगत के अनमोल नायाब हीरे की चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम इनके व्यक्तित्व और प्रतिष्ठा प्रसिद्धि और शोहरत की करें तो मेरा मानना है कि हर कामकाजी क्षेत्र से सलंग्न मनीषियों में बहुत कम लोग ऐसे होंगे जो इस नाम को नहीं जानते होंगे क्योंकि हम स्कूलों में ही मुंशी प्रेमचंद का संज्ञान पाठ्य पुस्तकों में ले चुके हैं फिर भी हम उनके बारे में कुछ जानकर अपनी यादों को ताजा कर सकते हैं। मुंशी प्रेमचंद (जन्म– 31 जुलाई, 1880 – मृत्यु– 8 अक्टूबर, 1936) भारत के उपन्यास सम्राट माने जाते हैं जिनके युग का विस्तार सन् 1880 से 1936 तक है। यह कालखण्ड भारत के इतिहास में बहुत महत्त्व का है। इस युग में भारत का स्वतंत्रता–संग्राम नई मंजिलों से गुजरा। प्रेमचंद का वास्तविक नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। वे एक सफल लेखक, देशभक्त नागरिक, कुशल वक्ता, जिम्मेदार संपादक और संवेदनशील रचनाकार थे। बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में जब हिन्दी में काम करने की तकनीकी सुविधाएं नहीं थीं फिर भी इतना काम करने वाला लेखक उनके सिवा कोई दूसरा नहीं हुआ।

साथियों बात अगर हम मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक विशेषताओं की करें तो,प्रेमचंद की रचनादृष्टि, विभिन्न साहित्य रूपों में, अभिव्यक्त हुई। वह बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार थे। प्रेमचंद की रचनाओं में तत्कालीन इतिहास बोलता है। उन्होंने अपनी रचनाओं में जन साधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और उनकी समस्याओं का मार्मिक चित्रण किया। उनकी कृतियां भारत के सर्वाधिक विशाल और विस्तृत वर्ग की कृतियां हैं। अपनी कहानियों से प्रेमचंद मानवस्वभाव की आधारभूत महत्ता पर बल देते हैं।हिंदी कथा–साहित्य को तिलस्मी कहानियों के झुरमुट से निकालकर जीवन के यथार्थ की ओर मोड़कर ले जाने वाले कथाकार मुंशी प्रेमचंद देश ही नहीं, दुनिया में विख्यात हुए और श्कथा सम्राटश कहलाए। उन्होंने आमजन की पीड़ा को शब्दों में पिरोया, यही वजह है कि उनकी हर रचना कालजयी है।

साथियों संस्कृति के श्लोकों में भी आया है, विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन। स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।। अर्थ एक विद्वान और राजा की कभी कोई तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि राजा तो केवल अपने राज्य में सम्मान पाता है वही एक विद्वान हर जगह सम्मान पाता है। प्रेमचन्द के उपन्यास हैं– गबन, बाजार–ए–हुस्न (उर्दू में), सेवा सदन, गोदान, कर्मभूमि, कायाकल्प, मनोरमा, निर्मला, प्रतिज्ञा, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, वरदान प्रेमा और मंगल सूत्र (अपूर्ण) प्रेमचंद्र ने लगभग 300 कहानियां तथा चौदह बड़े उपन्यास लिखे. सन् 1935 में मुंशी जी बहुत बीमार पड़ गए और 8 अक्टूबर 1936 को 56 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया उनके रचे साहित्य का विदेशी सहित लगभग सभी भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। प्रेमचंद ऐसे कालजयी उपन्यासकार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी के दम पर पूरे विश्वी में पहचान बनाई। मुंशी प्रेमचंद का व्यक्तित्व बड़ा ही साधारण था। उनके निधन के 87 वर्ष बाद भी उनकी कालजयी रचना 'कफन', 'गबन', 'गोदान', 'ईदगाह' और 'नमक का दरोगा' हर किसी को बचपन की याद दिलाती है।

साथियों बात अगर हम मुंशी प्रेमचंद की धनपत राय श्रीवास्तव से नवाब राय फिर प्रेमचंद और फिर मुंशी प्रेमचंद बनने की गाथा की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार,31 जुलाई 1880 को जन्मे प्रेमचंद एक महान लेखक होने के साथ–साथ आम जनता के लेखक भी हैं। उनका असली नाम धनपत राय लेकिन साहित्य में उनकी ख्याति ने उन्हें प्रेमचंद बना दिया। वे हिंदी के साथ–साथ उर्दू लेखन भी करते थे। उर्दू लेखन में उन्होंने अपना नाम नवाब राय रखा था। धनपत राय के दादा गुरु सहाय राय और पिता अजायब राय दोनों के नाम में मुंशी नहीं था तो फिर उनका नाम मुंशी कैसे पड़ा आइए जानते हैं। हुआ यूं कि मशहूर विद्वान और राजनेता कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने महात्मा गांधी की प्रेरणा से प्रेमचंद के साथ मिलकर हिंदी में एक पत्रिका निकाली, नाम रखा गया–'हंस'. यह 1930 की बात है। पत्रिका का संपादन केएम मुंशी और प्रेमचंद दोनों मिलकर किया करते थे। तब तक केएम मुंशी देश की बड़ी हस्ती बन चुके थे, वे कई विषयों के जानकार होने के साथ मशहूर वकील भी थे, उन्होंने गुजराती के साथ हिंदी और अंग्रेजी साहित्य के लिए भी काफी लेखन किया।

साथियों मुंशी जी उस समय कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता के तौर पर स्थापित हो चुके थे, वे उम्र में भी प्रेमचंद से करीब सात साल बड़े थे। बताया जाता है कि ऐसे में केएम मुंशी की वरिष्ठता का ख्याल करते हुए तय किया गया कि पत्रिका में उनका नाम प्रेमचंद से पहले लिखा जाएगा। हंस के कवर पृष्ठ पर संपादक के रूप में 'मुंशी–प्रेमचंद' का नाम जाने लगा। यह पत्रिका अंग्रेजों के खिलाफ बुद्धिजीवियों का हथियार थी. इसका मूल उद्देश्य देश की विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं पर गहन चिंतन–मनन करना तय किया गया ताकि देश के आमजनमानस को अंग्रेजी राज के विरुद्ध जाग्रत किया जा सके. जाहिर है कि इसमें अंग्रेजी सरकार के गलत कदमों की खुलकर आलोचना होती थी।

साथियों हंस के काम से अंग्रेजी सरकार महज दो साल में तिलमिला गई, उसने प्रेस को जब्त करने का आदेश दिया। पत्रिका बीच में कुछ दिनों के लिए बंद हो गई और प्रेमचंद कर्ज में डूब गए। लेकिन लोगों के जेहन में हंस का नाम चढ़ गया और इसके संपादक 'मुंशी–प्रेमचंद' भी। स्वतंत्र लेखन में प्रेमचंद उस समय बड़ा नाम बन चुके थे। उनकीकहानियां और उपन्यास लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुके थे। वहीं केएम मुंशी गुजरात के रहने वाले थे, कहा जाता है कि राजनेता और बड़े विद्वान होने के बावजूद हिंदी प्रदेश में प्रेमचंद की लोकप्रियता उनसे ज्यादा थी। ऐसे में लोगों को एक बड़ी गलतफहमी हो गई। वे मान बैठे कि प्रेमचंद ही 'मुंशी–प्रेमचंद' हैं।

साथियों इस गलतफहमी की वजह शायद यह भी हो सकती है कि उस समय आज की तरह अखबार और मीडिया के विभिन्न माध्यम नहीं थे, इसका एक कारण यह भी था कि अंग्रेजों के प्रतिबंध के चलते इसकी प्रतियां आसानी से उपलब्ध नही रहीं. ऐसे में एक बार जो भूल हुई सो होती चली गई। ज्यादातर लोग नहीं समझ सके कि प्रेमचंद जहां एक व्यक्ति का नाम है, जबकि मुंशी–प्रेमचंद दो लोगों के नाम का संयोग है। साहित्य के ध्रुवतारे प्रेमचंद ने राजनेता मुंशी के नाम को अपने में समेट लिया था, इसे प्रेमचंद की कामयाबी का भी सबूत माना जा सकता है। वक्त के साथ तो वे पहले से भी ज्यादा लोकप्रिय होते चले गए, साथ ही उनके नाम से जुड़ी यह गलतफहमी भी विस्तार पाती चली गई। आज की हालत यह है कि यदि कोई मुंशी का नाम ले ले तो उसके आगे प्रेमचंद का नाम अपने आप ही आ जाता है।प्रेमचंद ने अपने जीवन के कई अदभूत कृतियां लिखी हैं। तब से लेकर आज तक हिन्दी साहित्य में ना ही उनके जैसा कोई हुआ है और ना ही कोई और होगा। अपने जीवन के अंतिम दिनों के एक वर्ष को छोड़कर उनका पूरा समय वाराणसी और लखनऊ में गुजरा, जहां उन्होंने अनेकपत्र–पत्रिकाओं का संपादन किया और अपना साहित्य–सृजन करते रहे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मुंशी प्रेमचंद जयंती 31 जुलाई 2022 पर विशेष है।साहित्य जगत का अनमोल नायाब हीरा मुंशी प्रेमचंद जिसने यथार्थवादी लेखन से समाज में जागरूकता का संचार किया। हिंदी साहित्य जगत के मुंशी प्रेमचंद जैसा अनमोल रत्न न कोई हुआ है ना ही कोई होगा।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

# देश के क्रमिक विकास के सोपान में महिलाओं की ज्यादा और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो

भारतीय गणतंत्र में 15वीं राष्ट्रपति के रूप में महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचित होने के साथ–साथ महिला सशक्तिकरण और आदिवासी महिलाओं के लिए विकास के नए द्वार खुलने की संभावनाएं बलवती हो गई हैं। माननीय राष्ट्रपति को महिलाओं के संघर्ष, जिजीविषा और नैतिक मूल्यों की पोषक होने का पर्याय माना जा रहा है। उनके राष्ट्रपति चयनित होने के साथ–साथ आदिवासी वर्ग में और खासकर समग्र रूप से महिलाओं में नई ऊर्जा,शक्ति तथा उत्साह का संचार हुआ है। अब भारत देश के क्रमिक विकास में महिलाओं की भागीदारी में निश्चित तौर पर इजाफा होना चाहिए, आदिवासी महिला के सर्वोच्च राष्ट्रपति जैसे गरिमामई पद में चयन होना भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45: भागीदारी महिलाओं की है । महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में रक्षा प्रतिरक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही हैं आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थीस अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं ।नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता हैस परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है। इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण हैस महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं कि घर से लेकर देश की सीमा तक उन्हें व्यवहार कर देश के विकास और उसकी रक्षा में उन्हें किस तरह योगदान देना है। महिलाओं के बिना देश की प्रगति एवं विकास की कल्पना सर्वथा बेमानी हैस सशक्त माताएं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैंस और सीमा रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी इसका एक बड़ा उदाहरण और प्रतिफल है इन उदाहरणों में से प्रथम लेफ्टिनेंट सुनीता अरोड़ा ,प्रथम एयर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय ,कैप्टन मिताली मधुमिता ,भारत में आए अमेरिकी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाली प्रथम विंग कमांडर पूजा ठाकुर ऐसे अधिकारियों के नाम है जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं महिलाओं के प्रति सारी अवधारणाओं को गलत साबित कर एक सशक्त छवि को निरूपित किया हैस महिलाओं की शारीरिक बनावट तथा उनके शारीरिक विन्यास को देखते हुए प्रतिरक्षा सेवा में उनकी भूमिका बहुत कम रही है,हम मां दुर्गा भवानी की पूजा करते हैं और महिलाओं को कमजोर समझते हैं। किंतु उनकी शक्ति को उनकी भागीदारी को अंततः स्वीकार किया गया और 1992 में पहली बार भारतीय सेना में महिलाओं के लिए द्वार खोले गए एवं 25 महिला कैंडिडेट को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी गया में ट्रेनिंग दी गई इसके पूर्व सिर्फ चिकित्सा सेवा में महिलाओं को नियुक्त किया जाता रहा है। सेना में इनकी भागीदारी होते हुए भी इन्हें पुरुषों के समान अधिकार नहीं दिए गए थे, महिलाएं रक्षा सेवा में विधिक, शिक्षा, इंजीनियरिंग, इंटेलिजेंस तथा ऐयर सिग्नल कोर में अपनी सेवाएं देती रही हैं ।महिलाओं को केवल शॉर्ट सर्विस कमिशन जाने की 14 साल तक के लिए कमीशन किया जाता रहा जबकि पूरे समय के लिए केवल पुरुषों को ही सेना में भर्ती किया जाता थास 2008 में उच्च न्यायालय के निर्देश पर महिलाओं को परमानेंट कमिशन पर रखा जाने लगा।यह नारी सशक्तिकरण के लिए एक सशक्त मील का पत्थर साबित हुआस सेना की सैन्य प्रमुखों की समिति ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की नियुक्ति पर स्थाई कमीशन की सिफारिश तो की किंतु इन्हें लड़ाकू सैनिकों की भूमिका देने से इनकार कर दिया उसके पीछे यह दलील दी गई की महिलाओं को लड़ाई के मैदान में भेजना उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ठीक नहीं एवं देश की संस्कृति के अनुसार महिलाओं को दुश्मन से लड़ने भेजना अथवा दुश्मन द्वारा पकड़े जाने पर उचित नहीं होगा। इसलिए महिलाओं को फ्रंटलाइन में नियुक्त किया जाना उचित नहीं होगा किंतु बाद में कुछ संशोधन किए जाने के पश्चात महिला अधिकारी कॉम्बैट जोन में पदस्थ की जाने लगी किंतु समाज का नजरिया महिलाओं के संदर्भ में बदलने लगा एवं 2016 में सशस्त्र बलों के कॉम्बैट क्षेत्र में महिलाओं को नियुक्ति देने की बात स्वीकार की गई इसमें दुनिया में कुछ देश ही हैं जिन्होंने महिलाओं को वार फ्रंट पर नियुक्त किया है। पूर्व के थल सेना प्रमुख बिपिन रावत ने भी कहा था कि हम महिला और पुरुष को समान रूप से देखना चाहते एवं इसके लिए जल थल और वायु सेना एक रूपरेखा तैयार कर रही है जिसके सुखद परिणाम भी होंगे,सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत रूप से सामने आएगी एवं पुरुषों की भांति देश की रक्षा तथा दुश्मनों से लोहा लेने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं।

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**

मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ

**मो. : 9956096265**

सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह

मो. : 9918523251

आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284

**DAVP CODE 133691**

डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23

E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com

Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## चौबीस घंटे के अंदर चोरी किए गए समान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार किए गए

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी खागा के कुशल निर्देशन के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्षखखरेरू योगेश कुमार के नेतृत्व में आज समय करीब 05:50 बजे खखरेरू पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 29/07/2022 को वादी बलराम सिंह के द्वारा स्थानीय थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 164/22 धारा 457/380भा0द0वी0 से संबंधित चोरी गए समान का चोरी का सफल अनवरण करते हुए अपराधी को बरहाटा मोड़ वहद ग्राम बरहाटा थाना खखरेरू फतेहपुर से चोरी गये मसरूका सहित दो वांछित अभियुक्तों को (1)अनिल कोरी उर्फ दरोगा पुत्र गोवर्धन कोरी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम ऐमापुर थाना खखरेरू (2) रघुनंदन कोरी पुत्र स्व. झरिहार उम्र करीब 40 वर्ष निवासी बैरी थाना खखरेरू फतेहपुर को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास एक अदद स्टार्टर कीमत लगभग 15,000 तथा 05:05 मीटर की दो टुकड़ा केबल कीमत लगभग 500 रुपये बरामद किया गया है।जिनके खिलाफ थाना पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के लिए भेजा गया।।



## मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक मैनेजर कार्यशाला का किया आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद के समस्त बैंक ब्रांच मैनेजर के कार्यशाला का आयोजन किया गया । उन्होंने आये हुए ब्रांच मैनेजरों से कहा कि स्वयं सहायता समूह योजना से सम्बन्धित अन्य पत्रावलियां लंबित है उन्हें व्यक्तिगत रुचि लेकर निस्तारण करके रोजगार से जोड़ा जाए ताकि अपना व परिवार की आसानी से जीविका चल सके । उन्होंने कहा कि आपको एक दिवसीय कार्यशाला में अनीस शर्मा सेंट्रल बैंक एनआरपी हैदराबाद द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसे भली भांति से प्रशिक्षण ले ले ताकि बैंक के कार्यो में सहूलियत मिल सके । उन्होंने कहा कि योजना से संबंधित जो महिला आपके बैंक आती है उन्हें एक ही बार मे आवेदन में जो कमियां है बता दे ताकि बार बार चक्कर न लगाना पड़े । अपने कार्यशैली में बदलाव लाकर कार्य सम्पन्न करे तभी1 गरीबो के जिंदगी में बदलाव आएगा। जिसमें NIRD से आए हुए प्रशिक्षक द्वारा स्वयं सहायता समूह के खाता खोलने औंर क्रेडिट लिंकेज के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई इस अवसर परियोजना निदेशक, उपायुक्त स्वतरू रोजगार, उपायुक्त मनरेगा, खंड विकास अधिकारी जिला मिशन प्रबंधक और ब्लाक मिशन प्रबंधक सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे।



## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, फतेहपुर विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर एकत्रित करने के संबंध में बैठक राजनैतिक दलों के साथ सम्पन्न हुई । जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 238–जहानाबाद 239– बिन्दकी, 240–फतेहपुर, 241–अयाहशाह, 242 – हुसैनगंज तथा 243– खागा (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुस निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही दिनांक 01.08.2022 से प्रारम्भ की जा रही है । लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के नियम–23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम –26 बी द्वारा अधिसूचित फार्म –6 बी में दिया जाएगा । फार्म –6 बी ऑनलाइन दअेच.पद पर उपलब्ध रहेगा । स्व–प्रमाणन के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टल/एप पर ऑनलाइन फार्म –6 बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है । स्व–प्रमाणीकरण के बिना मतदाताओं द्वारा आवश्यक संलग्नकों के साथ फार्म –6 बी आनलाइन जमा किया जाएगा । जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बीएलओ, ईआरओ या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से आफलाइन फार्म जमा कराने हेतु समुचित मात्रा में फार्म –6 बी उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाने के निर्देश दिए गये है। आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में दो तिथिया यथा दिनांक 07.08.2022 (रविवार) एवं दिनांक 21.08.2022 (रविवार) को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म –6 वी स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नंबर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन/अपमार्जन/संशोधन इत्यादि से सम्बन्धित फार्मों को परिवर्तित किया गया है । परिवर्तित फार्मों में से प्रथम बार आवदेन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म –6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म –7 तथा निवास परिवर्तन/निर्वाचक नामावली में संशोधन/मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म –8 है आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां यथा–01 जनवरी,01 अप्रैल,01 जुलाई एवं अक्टूबर निर्धारित की गयी है ।



उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर नन्दप्रकाश मौर्या, बिन्दकी श्रीमती अंजू वर्मा, खागा मनीष कुमार, अपर उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम, प्रभाकर त्रिपाठी, तहसीलदार खागा ईवेंद्र कुमार, रामप्रताप सिंह गौतम भाजपा, राजीव लोचन कांग्रेस, राजकुमार एडीओ बहुवा सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे ।

## श्री काशी विश्वनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज खैरा कलां गिलौला के छात्रों को एन0डी0आर0एफ0 टीम ने आपदा से बचने के बताए उपाय

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। आपदा जोखिम नियुनिकरण के अंतर्गत आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है साथ ही समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलोंध्कॉलेजों में स्कूल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में जनपद के विकास खण्ड गिलौला स्थित श्री काशी विश्वनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तत्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा, सर्पदंश से बचाव, आकाशीय



बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी ऐप का इस्तेमाल आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थीयों, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थी व अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

## इंडो नेपाल बॉर्डर पर देहात चाइल्डलाइन श्रावस्ती द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी रोधी दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर किया जागरूक



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती देहात में चाइल्डलाइन श्रावस्ती के निदेशक दिव्यानी चतुर्वेदी के निर्देशन में संचालित चाइल्डलाइन श्रावस्ती ह्यूमन प्रोक्टेशन केंद्र समन्वयक हसन फिरोज के निर्देशन में देहात चाइल्डलाइन श्रावस्ती के तत्वाधान में टीम द्वारा श्रावस्ती जनपद के ब्लॉक सिरसिया के ग्राम पंचायत मदारगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी रोधी दिवस कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय मदारगढ़ श्रावस्ती में किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चाइल्डलाइन टीम सदस्य श्रीपाल जी द्वारा देहात चाइल्डलाइन 1098 की संरचना और कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया, हंसराम जी द्वारा बालश्रम और बाल तस्करी की जानकारी दिया, पंकज श्रीवास्तव द्वारा बच्चो के अधिकारों की जानकारी दिया व काउंसलर सुषमा कश्यप जी द्वारा बाल विवाह से बचाव की जानकारी दिया। SSB इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मौर्य जी द्वारा वहां पर उपस्थित लोगों और बच्चो को मानव तस्करी सुरक्षा एवं बचाव पर विस्तृत जानकारी दिया,प्रधान शिक्षक शिव नारायण जी द्वारा बच्चो को शिक्षा अधिकार पर विस्तृत जानकारी दिया,उक्त कार्यक्रम में 132 लोगो द्वारा प्रतिभाग किया, SSB आरक्षी सुइयां हरेन्द्र कुमार,पुलिस आरक्षी चौकी राजपुर मोड राजेंद्र कुमार यादव,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सफी,ग्राम पंचायत सदस्य सहाबुद्दीन,जिबराइल ,नसीम,बालक राम सहायक अध्यापक नय्यर आलम, शिक्षामित्र ओम प्रकाश विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, चाइल्ड लाइन श्रावस्ती से काउंसलर सुषमा कश्यप टीम सदस्य हंसराम,पंकज श्रीवास्तव, श्रीपाल,वीरेन्द्र कुमार,आसिया बेगम उपस्थित रहे।

## माननीय मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने नवनिर्मित न्यायालय भवन का किया वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। माननीय मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय, इलाहाबाद श्री राजेश बिंदल ने नवनिर्मित जनपद न्यायालय का शनिवार को वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के माननीय न्यायमूर्तिध्अध्यक्ष इॅन्फ्राइस्टेक्चर कमेटी ऑफ सबार्डिनेट कोर्ट मनोज मिश्रा मौजूद रहे। जनपद श्रावस्ती में लोकार्पण कार्यक्रम न्यायालय सभागार में मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति/ प्रशासनिक न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद न्यायालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रभाकर राव, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कमाण्डेंट एस0एस0बी0 रविन्द्र कुमार राजेश्वरी, राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबन्धक अजय कुमार मिश्र, प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव, अध्यक्ष माडल बार एसोसिएशन सालिक राम पाण्डेय, महामंत्री माडल बार एसो0 पुष्कर पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी डा शारदा प्रसाद तिवारी, अवर अभियंता रजनीश सहित अन्य अधिकारी



/कर्मचारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। तदोपरान्त माननीय न्यायमूर्ति/ प्रशासनिक न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने न्यायालय परिसर में पौधरोपण कर लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मा0 न्यायमूर्ति ने कहा कि पेड़–पौधों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। वृक्षों के कारण ही पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाना चाहिए, और उनका संरक्षण करना भी अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। जिससे पर्यावरण को नुकसान होता है।

## राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय भयापुरवा में जनपद स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय भयापुरवा में जनपद स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय सदस्य विधान परिषद श्रावस्तीध्बहराइच डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मा0 सदस्य विधान परिषद ने कार्यक्रम में जनपद के ग्रामीण एवं शहरी कलाकारों द्वारा प्रतिभागी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर मा0 सदस्य विधान परिषद ने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही है। जरूरत इस बात की है कि बिना भेदभाव के लड़कियों को भी लड़को की तरह ही पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाया जाए। जिससे वे अपने जनपद और मंडल का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कहा कि ऐसे लोग जो ग्रामीण अंचलों में निवास करते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद मे रुचि रखते है। जिससे उनका बौद्धिक विकास भी होता है। इसलिए शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी अनिवार्य है, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जो लोग अच्छे कार्य करते हैं और जो लड़के–लड़कियां अपने प्रतिभा को निखारना चाहते हैं, उनके लिए सरकार हर ग्राम पंचायत में खेलकूद की सामग्री एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विशेष ध्यान दें रही है। कार्यक्रम में लोकगीत प्रतियोगिता में विकास खण्ड हरिहरपुररानी प्रथम, सिरसिया द्वितीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिरसिया तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लोक नृत्य प्रतियोगिता में सिरसिया प्रथम, हरिहरपुररानी द्वितीय और एकांकी प्रतियोगिता में सिरसिया को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के उपरान्त मा0 सदस्य विधान परिषद एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चयनित कलाकारों को पुरस्कार वितरण



किया गया। कार्यक्रम के अन्त में जिला युवा कल्याण अधिकारी के0 एस0 मिश्रा ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतुल कुमार, रवि कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिव शरण लाल, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग ने निर्माणाधीन कारागार का निरीक्षण कर लिया जायजा

- अधूरे कार्यो को जल्द से जल्द किया जाए पूरा–मा0 मंत्री, कारागार

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। प्रदेश के माननीय राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग, उ0प्र0 शासन श्री धर्मवीर प्रजापति जी ने जनपद में निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान मा0 मंत्री जी ने वहीं पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी अधूरे कार्य हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए, ताकि कारागार को प्रारम्भ कराया जा सके। इस दौरान राजकीय निर्माण निगम के सहायक अभियंता अरविन्द कुमार ने मा0 मंत्री जी को अवगत कराया कि बजट के अभाव में कारागार का अवशेष कार्य रूका है। जेल का अवशेष कार्य कराने हेतु 29 जून, 2021 को आकलन तैयार कर पुनरिक्षित धनराशि हेतु शासन से मांग की गई है। ज्ञात हुआ है कि शासन स्तर से वित्त समिति द्वारा धनराशि की स्वीकृति हो गई है, लेकिन बजट अभी प्राप्त नही हुआ है। बजट प्राप्त होते ही कारागार का अवशेष कार्य कराकर कारागार का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा। जिस पर मा0 मंत्री जी ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही शासन स्तर से धनराशि उपलब्ध करा दिया जायेगा, ताकि जेल का अवशेष कार्य पूरा कराकर चालू कराया जा सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह, उपजिलाधिकारी आशुतोष, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, जेल अधीक्षक बहराइच, जेल अधीक्षक बलरामपुर, उप कारागार अधीक्षक बहराइच, राजकीय निर्माण निगम के अवर अभियंता रजनीश कुमार सहित अन्य







सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने फीता काटकर झंडा बैंक का किया शुभारंभ

- 13 से 15 अगस्त 2022 तक आयोजित होगा हर घर तिरंगा अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर।आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक मनाए जाने वाले स्वतंत्रता सप्ताह के तहत 13 से 15 अगस्त 2022 तक आयोजित किए जाने वाले ष्हर घर तिरंगा अभियानष के सफल क्रियान्वयन तथा तिरंगा के एकत्रीकरण, वितरण तथा अन्य व्यवस्थाओं के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने कुछेछा स्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ट्रेनिंग सेंटर में झंडा बैंक का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने कहा कि संपूर्ण देश में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाएगा । इसके अलावा 13 से 15 अगस्त तक विशेष तौर पर हर घर तिरंगा



अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत प्रत्येक घर, भवन ,दुकान ,सरकारी, अर्द्ध सरकारी तथा निजी भवनों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद हमीरपुर में तिरंगा फहराए जाने का लक्ष्य शासन द्वारा 246000 निर्धारित किया गया है, इसके लिए कुछ झंडे शासन स्तर से तथा कुछ स्थानीय स्तर पर एकत्र किए जाएंगे, विभिन्न लोगों से झंडे दान में भी प्राप्त किया जा रहा है ।

उन्होंने बताया कि झंडों के एकत्रीकरण तथा समुचित रूप से वितरण कराए जाने के दृष्टिगत यह झंडा बैंक स्थापित किया गया है। अभियान के समय में झण्डा बैंक से झंडों को विकासखंड ,न्याय पंचायत तथा पंचायतो में भेजे जाएंगे। जहां पर कर्मचारियों के माध्यम से घर–घर झंडे भेजे जाएंगे, यह सभी कार्य चुनावी मोड पर संपन्न कराए जाएंगे। ज्ञात हो कि आज रिमझिम इस्पात फैक्ट्री द्वारा 20,000 झंडे तथा उपायुक्त वाणिज्य कर जयसेन ने 975 झंडे दान किए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर झंडा अभियान के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं जो प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान में झंडा प्राप्त कराएगे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सभी के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए तथा सभी घरों भावनो पर पूरे सम्मान के साथ झंडा फहराया जाए। इस कार्यक्रम में सभी के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाए ।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी मथुरा प्रसाद मिश्रा ,जिला विकास अधिकारी विकास ,उपायुक्त वाणिज्य कर जयसेन , डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# हत्याकांड के मामले में दो हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। लगभग सप्ताह पूर्व हुई सनसनीखेज हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।जानकारी मुताबिक पुरानी रंजिश में युवक को गोली मारने आये अपराधियो ने अधेड़ को गोली मार मौत के घाट उतारा था।बताते चले की ये मामला है करौंदीकला थाना क्षेत्र के पठकौली सराय ख्वाजा गांव का है।जहा बीते 24 जुलाई को देर शाम बदमाशो ने मृतक गोबिन्द नाथ मिश्रा से उन्ही के पुत्र बबलू मिश्रा को पूछा था।बबलू मिश्रा के ना मिलने की दशा में बदमाशों ने गोबिंद नाथ मिश्रा को ही गोली मार कर फरार हो गए थे। पुलिस ने बबलू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अपराधियो की तलाश में जुट गई थी।

अपराध रोकथाम व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के आदेश पर गश्त निकले थानाध्यक्ष करौंदीकला मोहम्मद अकरम खान की टीम के हाथ सफलता लगी।क्षेत्र में गश्त के दौरान मय मुखबिर इन हत्यारोपियों के देखे जाने की सूचना पर विश्वास करते हुए थानाध्यक्ष ने घेराबन्दी कर अपने टीम का कुशल नेतृत्व करते हुए हत्या आरोपी राहुल मिश्रा पुत्र राम आसरे मिश्रा उर्फ नेउर निवासी पठखौली सराय ख्वाजा थाना करौंदीकला सहित एक हत्या में शामिल एक किशोर को इब्राहिमपुर पुल के करीब से गिरफ्तार करने में सफलता पाई।गिरफ्तार दोनो हत्यारोपीओ को पुलिस ने न्यायालय समक्ष किया पेश।इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान,कांस्टेबल प्रदीप कुमार सिंह,पवन यादव,हर्षित यादव,दिनेश कुमार की अहम भूमिका रही।





दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

### युवक ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप, कोतवाली उरई दी लिखित तहरीर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह (बना जी) के ऊपर उरई निवासी नीरज राजावत पुत्र श्री इन्द्रपाल सिंह निवासी नया पटेल नगर उरई ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर लगाये गंभीर आरोप.... नीरज राजावत ने बताया कि वे रामा हास्पिटल के पास अपने ट्रेक्टर से थे अपना सामान लेकर गये थे, उस वक्त जब वो अपना सामान ट्रैक्टर से उतार रहा था,तभी जिला अध्यक्ष की गाड़ी आई और निकलने को कहा,जिससे नीरज राजावत ने दो मिनट का समय मांगा, जिसको लेकर जिलाध्यक्ष जालौन आग बबूला हो गए उन्होंने गाली गलौज और मारपीट की जिससे नीरज राजावत की कान की बाली भी टूटकर गिर गयी और कान फट गया, इस घटना के बाद से नीरज द्वारा लिखित तहरीर कोतवाली उरई में दी है,जिसके बाद से केवल अबतक कार्यवाही का आश्वासन ही मिला है, सत्ता के दवाब में अभी तक कुछ नही हुआ,अब देखना है की जिले की कमान संभाले पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार क्या कारवाही करवाते हैं और भाजपा जिला अध्यक्ष पर क्या कारवाही होती है या नहीं यह तो आने वाला समय बतायेगा।

## नवजात शिशु को छोड़ फांसी के फंदे पर झूली युवती

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रामपुरा जालौन। मामला रामपुरा के सुभाष नगर वार्ड नंबर दो में रहने वाली युवती अर्चना पत्नी योगेश पुत्र हरी सिंह दोहरे उम्र करीब 21 वर्ष ने शनिवार को कमरे की छत में लगे कुंडे में लटकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्चना की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी।मृतिका के करीब पांच माह की पुत्री है।मृतिका का मायका खर्रा बताया जा रहा है। मृतका अर्चना के पिता का नाम लल्लू बताया जा रहा है अर्चना की मृत्यु की सूचना मोहल्ले वासियों ने पुलिस व परिजनों को दी सूचना पाकर,क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार,थाना प्रभारी राजीव कुमार वैस, कस्वा इंचार्ज सुशील पारासर,सिद्धपुरा चौकी इंचार्ज मूलचंद यादव एवं फोरेंसिक टीम मौके पर पहुँची तो मौके का जायजा लिया।शव को फंदे से उतारकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा पुलिस ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायगी।

### राज्य आयोग की सदस्य महिला उत्पीडन की घटनाओं की 03 अगस्त को करेगी समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। जिला प्रोबेशन अधिकारी डा. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने उ. प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. कंचन जयसवाल माह के प्रथम बुधबार 03 अगस्त को मिशन शक्ति फेज–4 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर, चौपाल एवं महिला जन सुनवाई कार्यक्रम के संबंध में बताया कि उ. प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. कंचन जयसवाल माह के प्रथम बुधवार 03 अगस्त को जनपद जालौन में मिशन शक्ति फेज–4 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर चौपाल एवं महिला जन सुनवाई कार्यक्रम हेतु आ रही है। सदस्य 03 अगस्त को समय 11रू00 बजे पूर्वान्ह विकास भवन स्थित सभागार में मिशन शक्ति फेज 4.0 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरुकता चौपाल महिला जन सुनवाई का आयोजन करेगी महिला जन सुनवाई के दौरान महिला थानाध्यक्षों एवं संबंधित क्षेत्राधिकारियों से विगत माह की महिला उत्पीडन की घटनाओं की भी समीक्षा करेंगी।

## ढाबा पर दो पक्षों में हुई मारपीट चले लात घूंसे बरसे लाठी-डंडे

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। शनिवार को आटा थाना क्षेत्र के झांसी कानपुर नेशनल हाईवे किनारे बने सूर्या ढाबा पर कुछ लोग खाना खाने आए थे तभी शराब के नशे में कुछ लोगों ने काम करने वाले कर्मचारियों के साथ अभद्रता भाषा का प्रयोग किया जिसको देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई थी लात घूंसे और लाठी–डंडे भी चलने लगे सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखते हुए साफ नजर आ रहा है कि दोनों पक्षों में मारपीट दिखाई दे रही हैं ढाबा संचालक ने स्थानीय पुलिस को दी सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट कर रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया कुछ लोग मौके से भाग निकले।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आटा। नेशनल हाईवे स्थित चमारी नवीन गल्ला मंडी से मजदूरी कर घर लौट रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहां से निकल रहें गांव के लोगों की नजर जब महिला के शव पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी महिला के परिजनों को दी। कुछ समय बाद पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के चमारी गांव निवासी प्रकाश अहिरवार की 55 वर्षीय पत्नी गिरिजा देवी शनिवार की दोपहर करीब 11 बजे हाइवे स्थित नवीन गल्ला मंडी से मजदूरी कर अपने गांव लौट रही थी। गांव के बाहर से निकली रेलवे लाइन को पार करते समय महिला ट्रेन की चपेट में आ गई।

जिससे महिला की मौके पर ही महिला की मौत हो गई।वहां से निकल रहें लोगों की नजर जब महिला के शव पर पड़ी तो वह बदहवास हो गए। उन्होंने घटना की जानकारी मृतका के पति प्रकाश को दी।

जैसे ही जानकारी हुई तो घर कोहराम मच गया। मृतका के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी आटा थाना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पहुंची पुलिस ने महिला के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक महिला के पति प्रकाश को कुछ समय पहले फालिस मार गई थी वह इस घातक बीमारी से जूझ रहे मृतका के चार बेटियां हैं जिनकी शादी हो चुकी हैं और एक पुत्र प्रदीप कुमार हैं जोकि मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। महिला की मौत से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

## कांग्रेस सांसद की अभद्र टिप्पणी पर महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस सांसद की अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने शहर के गोलाघाट पर विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान महिला मोर्चा की काशी क्षेत्र की महामंत्री बबिता तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद,भाजपा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष पल्लवी वर्मा आदि भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने पूरी नारी जाति, आदिवासी समाज,गरीब व दबे – कुचले समाज का अपमान किया है।इसके लिए कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए।इनका कहना था कि राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च सांविधानिक पद होता है।राष्ट्रपति पद की गरिमा बरकरार रखना व उसका सम्मान करना हर भारतीय की जिम्मेदारी है लेकिन कांग्रेस के एक सांसद ने उन पर अभद्र टिप्पणी की है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह सीधे तौर पर सर्वोच्च सांविधानिक पद का अपमान है।इस मौके पर अमिता शुक्ला, ममता पांडेय,रेनू तिवारी ,मंजू ,पल्लवी सिंह आदि उपस्थित रही।

### कानपुर में इंसानियत शर्मसार, दहेज न मिलने पर पति ने दोस्तों संग मिलकर किया पत्नी का गैंगरेप

कानपुर नगर। कानपुर में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक शख्स ने दहेज न मिलने पर अपने दोस्तों के साथ मिलकर कथित तौर पर अपनी पत्नी का गैंगरेप गैंगरेप किया।

महिला ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने उस पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले करने की कोशिश की. किसी तरह बचकर



किया. महिला ने पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है. महिला ने कहा कि इस गैंगरेप में उसकी सास और ननद ने भी पति का साथ दिया. पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी शादी 2020 में हुई थी, तभी से उसके ससुराल वाले दो लाख रुपए दहेज की मांग कर रहे थे।

मायके वाले दहेज देने में असमर्थ थे तो ससुराल वालों ने उसे मारना–पीटना शुरू कर दिया. महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके पति ने उसे कमरे में बंद कर दिया और उसका फोन भी छीन लिया. इसके एक दिन बाद पति नशे में अपने दोस्त शंभू, गौरव और बबलू के साथ घर पर आया और चारों ने मिलकर उसका वह अपने मायके पहुंची और पुलिस को जाकर आपबीती बताई. महिला की शिकायत पर चकेरी पुलिस ने महिला के पति और तीनों दोस्तों के खिलाफ गैंगरेप के मामले में एफआईआर दर्ज की. इस पूरे मामले में पुलिस ने महिला की सास और उसकी ननद को भी सहयोगी बनाकर आरोपी बनाया है।

डीसीपी प्रमोद कुमार का कहना है कि पत्नी की शिकायत पर गैंगरेप की एफआईआर दर्ज की गई है, मामले में जांच की जा रही है. वहीं, पत्नी ने किसी तरह की बात करने से इंकार कर दिया. पति और उसके घर वाले घर का ताला लगाकर फरार है. महिला का पति एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कालेज में प्रोफेसर है।

## सुल्तानपुर जिले में किया गया गौ संरक्षण सेवा अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। गौ संरक्षण सेवा अभियान के जिला संयोजक विनोद सिंह एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला मुख्यालय पहुंचकर निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने में सहयोग देने के लिए भाजपा के प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शंकर गिरि व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आर.ए वर्मा को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनका आभार जताया। पिछले 4 माह से गौ संरक्षक सेवा अभियान के जिला संयोजक की अगुवाई में सदस्यों द्वारा बेसहारा गोवंश के स्वास्थ्य और उनके खानपान में सुधार लाने की मुहिम चलाई जा रही है।

इसमें संभ्रातजनों व समाजसेवियों के अनवरत सहयोग से बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है।भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने गौ संरक्षण सेवा अभियान द्वारा चलाई जा रही मुहिम की सराहना की है।उन्होंने कहा निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करना



भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं में है।उन्होंने कहा कि गौ सेवा ईश्वर की पूजा के समान होता है।गोवंश की सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिलाध्यक्ष डा.आर.ए. वर्मा ने भी गोवंश संरक्षण में लगे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की भूरी भूरी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा गौवंश के संरक्षण के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा सरकार के साथ ही समाज के हर व्यक्ति को गोवंशों के संरक्षण के बारे में गंभीरता से सोचना होगा।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जयसवाल, विजय सिंह रघुवंशी, बॉबी सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अंकित मिश्रा, आशीष सिंह रानू,दिनेश चौरसिया, आकाश जायसवाल,प्रवीण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## शोसल ऑडिट निर्देशालय के निर्देशों का बनाया गया मजाक

- शोसल ऑडिट को बनाया मजाक नहीं हो पाई बैठक जहाँ हुई वहाँ भी आधी अधूरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर वागीश कुमार (लम्भुआ)। सुल्तानपुर में चल रहे सोशल ऑडिट के क्रम में आज 5 ग्राम सभाओं में सोशल ऑडिट होनी थी सोशल ऑडिट की खुली बैठक में जिसमें ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ब्लॉक रिसोर्स पर्सन का कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी गण और जनता जनार्दन और मनरेगा के मजदूरों के मध्य ग्राम सभा का लेखा–जोखा पेश होना था मगर जीरो ग्राउंड पर जब पत्रकारों की टीम ने मुआयना किया तो पाया कि तो तमाम ग्राम सभा में सोशल आडिट करने वाली टीम सदस्यों पदाधिकारियों का मोबाइल नम्बर स्विच ऑफ था ग्राम सभा के ग्रामीणों को सोशल ऑडिट के विषय में कोई जानकारी नहीं थी किसी भी ग्राम सभा में सोशल ऑडिट का किसी प्रकार का कोई प्रचार–प्रसार नहीं किया गया था जब पत्रकारों की टीम जब बरुआ दक्षिणी में पहुंची तो वहां के ग्राम सचिवालय में ताला लगा पाया गया इस भी ग्राम सभा में खुली बैठक नहीं हो पाई थी, जब दोपहर 12:00 के अंदर टीम कबरेज के लिए बेलवना पश्चिम पहुंची तो वहां पर 5 से 7 लोग मौजूद थे और पूछने पर ग्राम पंचायत सचिव पवन चौरसिया ने बताया कि हमारे यहां सोशल ऑडिट संपन्न हो गई है जबकि सवाल यह उठता है कि 1 घंटे के अंदर 5 से 7 लोग सोशल ऑडिट का कोरम कैसे पूरे कर सकते हैं यहां पर भी सोशल ऑडिट के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करके सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को चुनौती दी गई और किसी ग्रामसभा में सोशल ऑडिट नहीं हो पाई सभी ग्राम सभाओं के ग्रामीणों से बातचीत के दौरान पता चला कि ग्राम सभा में किसी भी टीम द्वारा ना तो कोई अस्थलीय सत्यापन किया गया न ही टीम के लोग मौके पर गये और न ही शोचालय, प्रधानमंत्री आवास,नाली खड़ंजे, तालाब का ही अभिलेखों के साथ सत्यापन हुआ ग्रामीणों को यहां तक नहीं पता कि उनके यहां 5 सदस्यी टीम में किस किस के कन्धों पर ग्रामसभा में शोसल ऑडिट की करने और कराने की जिम्मेदारी है जब इसके संबंध में अधिकारियों ग्राम प्रधानों से वार्ता की गई तो वह भी यह बताने में असमर्थ रहे कि वह 5 सदस्यीय ग्रामसभा शोसल ऑडिट टीम कौन सी है ऑडिट कराने की जिम्मेदारी थी इस सोशल ऑडिट को एक एक काम का निरीक्षण करके भ्रष्टाचार को उजागर करते अगर हर ग्राम सभा में इन पांच सदस्य की लिस्ट प्रत्येक ग्रामसभा की सार्वजनिक हो





जाती तो भ्रष्टाचार अपने आप उजागर हो जाएगा क्योंकि ग्राम प्रधानों द्वारा बिना बताए सदस्यों का चयन कर लिया गया है और उन्हें बिना बताए शोसल ऑडिट के प्रपत्रों पर सब कुछ ठीक है हस्ताक्षर बना दिया जाएगा ऐसी सम्भावना दिख रही है।ब्लॉक में बैठकर सुनियोजित तरीके से शोसल ऑडिट की पत्रावली तैयार कर ली जाएगी जिससे सरकार की नीतियों पर कुठाराघात होगा जब तक नोडल अधिकारीयों द्वारा ग्राम सभा की खुली बैठक का बारीकी से निरीक्षण नहीं किया जाता है तो शोसल ऑडिट ढांक के तीन पात के बराबर होगी।और शोसल ऑडिट का कोई मतलब नहीं होगा।

### 4 दिन पूर्व सड़क हादसे के मामले में आरोपित ट्रक चालक गाड़ी मालिक को पुलिस ने भेजा न्यायालय



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र का मामला आया 4 दिन पूर्व भोर में लखनऊ बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर छतौना गांव के समीप एआरटीओ प्रवर्तन टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक की चपेट में आने एआरटीओ वाहन के संविदा चालक मोहम्मद मोबीन व सिपाही अरुण सिंह की घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत के मामले में फरार चल रहे आरोपी ट्रक वाहन चालक/मालिक को गोसाईगंज थाने के वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक सीताराम यादव व हमराही पुलिस टीम के साथ सुल्तानपुर रोडवेज बस अड्डे से आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जिसके पश्चात गिरफ्तार किए गए चालक की शिनाख्त मुफीस अहमद पुत्र अब्दुल रसीद निवासी पुरेरानी मजरे भदैया महमूदपुर थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी के रूप में हुई। गोसाईगंज थाना प्रभारी संदीप कुमार राय ने बताया कि चालक व सिपाही के ऊपर ट्रक चढ़ाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय को भेज दिया वहीं दूसरी तरफ इस घटना के बारे में डीआईजी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जल्द से जल्द संबंधित थाने की पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करें आखिरकार पुलिस ने आरोपी मालिक को गिरफ्तार कर न्यायालय को भेज दिया शेष विधिक कार्यवाही स्थानीय थाने की पुलिस अभी भी कर रही है।

## इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक के सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मानित ,दी गई विदाई

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। दिबियापुर में इफको मे तैनात क्षेत्रीय प्रबंधक के रिटायर होने पर शनिवार को नारायणी मंडप में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जहां पर औरैया जिले के समस्त आईएफएफडीसी केंद्र संचालक, सरकारी समिति, एग्री जंक्शन व ई बाजार संचालको ने उन्हें फूलमाला पहनाकर व भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर सभी ने उनके कार्य कुशलता की प्रशंसा की। आई एफ एफ डी सी केंद्र संचालक राजीव राजपूत ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

औरैया जनपद में जुलाई 2013 को प्रेमराज शर्मा ने इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। इटावा उप प्रबंधन सौरभ पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्रीय प्रबंधक ने जनपद में रह कर अपनी अलग छाप छोड़ी है, स्वभाव से शालीन और समस्याओं पर हर समय तत्पर रहने वाले अधिकारी के जाने से किसान मायूस है। समितियों में कई बार खाद की किल्लत आने पर इन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से न केवल समय से किसानों को खाद उपलब्ध करवाई बल्कि, खाद चोरी पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया था।

उन्होंने अपनी शालीन कार्य क्षमता से किसानों के दिलों में भी जगह बनाई है। कई बार फसल में रोग लगने पर वह किसानों के खेत में पहुंच परामर्श दिया करते थे। माखनपुर के किसान शिवराज सिंह ने कहा कि वह क्षेत्रीय प्रबंधक कम किसान अधिक



लगते थे। इफको का नैनो उर्वरक के ट्रायल कराने का जज्बा ही कुछ अलग था। इनके रिटायर होने की खबर के बाद से औरैया के किसानों को भी काफी दुख हुआ है। तो वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को उनका साथ न मिल पाने की मायूसी भी साफ नजर आ रही थी। उनके रिटायर होने पर शनिवार को उनके विदाई समारोह में उन्हें सभी ने शुभकामनाएं दी। इस भावभीनी विदाई में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम राज शर्मा की भी आंखें नम हो गई। इस अवसर पर शिवम् पोरवाल, राजीव राजपूत, विनय शाक्य, मोनू दीक्षित, मोहित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय–ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत–सुरावली माधौगढ़ (माधौगढ़)

पत्रांक मीमो /निविदा/लेखा–मनरेगा/2022–23 दिनांक :– 30.07.2022

### अल्पकालीन निविदा

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से ग्राम निधि/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत कार्यों की सामग्री हेतु मोहरबन्द निविदा लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/ जिला पंचायत/विकास खण्ड कार्यालय/ग्राम पंचायत में सिविल कार्य हेतु पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से दिनांक 06.08.2022 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06.08.2022 को ही 3.00 बजे अपरान्ह में विकास खण्ड माधौगढ़ के ग्राम पंचायत– सुरावली माधौगढ़ में टेण्डर समिति द्वारा उपस्थिति निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि के रूप में डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर जो ग्राम पंचायत–सुरावली माधौगढ़ के पदनाम बंधक हो, जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकी है। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.08.2022 से 06.08.2022 तक किसी भी दिवस में ग्राम पंचायत– सुरावली माधौगढ़ से क्रय किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माधौगढ़ | इण्टरलाकिंग निर्माण–ग्राम पंचायत सुरावली माधौगढ़ में मुखराम के मकान से सोनू के मकान तक | 7.48 | 0.150 | 500+500 +GST 18% | 3 माह |
| 2 | माधौगढ़ | इण्टरलाकिंग निर्माण–ग्राम पंचायत सुरावली माधौगढ़ में रमेश कोरी के मकान से कन्हैया लाल के मकान तक | 3.59 | 0.072 | 500+300 +GST 18% | 3 माह |

नोट :– निविदादाता को निविदा के साथ 100.00 रू0 का स्टाम्प एवं 1.00 रूपये की रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर करना होगा। इसके साथ नियमानुसार टी–4, टी–5, टी–6 भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। 1–निविदा स्वीकार होने पर अनुबन्ध के साथ ठेकदार को धरोहर धनराशि के रूप में कुल मिलाकर 10 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत–सुरावली माधौगढ़ के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी अन्य कोई जमानत धनराशि मान्य नहीं होगी। 2–निविदा स्वीकार किये जाने की दशा में निविदाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदानुसार स्टाम्प शुल्क भी देय होगा। 3–निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। 4– अनुबन्ध के बीजक में से नियमानुसार आयकर/जीएसटी व अन्य कटौतियां की जायेगी। 5–निविदा शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगी। 6– एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–सुरावली माधौगढ़
विकास खण्ड–माधौगढ

सचिव
ग्राम पंचायत–सुरावली माधौगढ़
विकास खण्ड–माधौगढ़

## जिले भर में आवास योजनाओं के कार्य प्रगति की जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में डॉक्टर राधाकृष्णन भवन में जिले भर में आवास योजनाओं के कार्य प्रगति की जिला , प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने पर सर्टिफिकेट केस एवं नोटिस निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। सभी आवास पर्यवेक्षक को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कंपटीशन कार्य 15 अगस्त 2022 तक हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाह पर्यवेक्षक एवं आवाज सहायक पर कार्रवाई करना



संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रथम किस्त के अनुसार द्वितीय किस्त की शत–प्रतिशत राशि का भुगतान यथाशीघ्र सुनिश्चित करें। जो लाभुक राशि उठाव के पश्चात कार्य नहीं किए हैं , उन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ,जिला पंचायती राज पदाधिकारी , डायरेक्टर डीआरडीए , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , सभी आवास पर्यवेक्षक, आवास सहायक आदि उपस्थित थे।

## प्रिया कुमारी ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स पटना ने ऑथराइजेशन लेटर जिला पदाधिकारी पटना एवं डीपीआरओ पटना को सौंपी



(प्रिया कुमारी ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स कानपुर के प्रधान संपादक महामहिम श्री बृजेश कुमार मौर्य के द्वारा श्री रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार की अनुशंसा के आलोक में प्रिया कुमारी पटना जिला का ब्यूरो चीफ अपने पत्रांक 91/2022 के द्वारा नियुक्त किया गया है। प्रिया कुमारी ने अपनी ऑथराइजेशन लेटर को जिला पदाधिकारी श्री चंद्रशेखर कुमार पटना को हस्तगत प्राप्ति कराते हुए जिला सूचना जनसंपर्क कार्यालय पटना को प्राप्ति कराई है। पुलिस अधीक्षक पटना को ई–मेल के जरिए भेजने की बात बताई गई। इस अवसर पर राज्य को–ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव ने प्रिया कुमारी को शुभ शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा है कि आपके कंधे पर बहुत बड़ी गरिमा में पद का पदभार सौंपी गई है। श्री भार्गव ने उम्मीद जताया है कि आप अपने कार्यकाल में सर्वप्रथम पटना जिले के अंतर्गत आने वाली सभी अनुमंडल में अनुमंडल ब्यूरो चीफ की नियुक्ति पटना जिला में आने वाले सभी प्रखंडों में प्रखंड संवाददाताओं की नियुक्ति का कार्य 30 दिनों के अंदर पूरी करने की दिशा में अपने कदम को बढ़ाएंगी। इस अवसर पर प्रिया कुमारी बतलाई की 31 जुलाई 2022 को श्री देवेंद्र कुमार अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स बाढ़ की उपस्थिति में पटना में नियुक्त किए गए अयोध्या टाइम्स के सभी संवाददाताओं की कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। जिसमें नियुक्त सभी अनुमंडल ब्यूरो चीफ प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स पटना उक्त बैठक में अपने हर कार्य को स्थगित करते हुए भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

## महागठबंधन द्वारा आयोजित प्रतिरोध मार्च में सक्रिय भूमिका में रहेगी माकपा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मोतिहारी आगामी 7 अगस्त को राज व्यापी आह्वान के तहत महागठबंधन द्वारा आयोजित राज्य एवं केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध प्रतिरोध मार्च में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)नेतृत्व कारी भूमिका में रहेगी उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र ने जिला कमिटी के बैठक के उपरांत जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। श्री मिश्र ने बताया की पार्टी का जिला कमेटी का बैठक चांदमारी मोतिहारी स्थित पार्टी कार्यालय में हुई जिसको संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिंह है केंद्र एवं राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके विरुद्ध आंदोलन में अहम भूमिका निभाने का आह्वान पार्टी कार्यकर्ताओं से की। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार फिरका परस्त एवं कारपोरेट परक नीतियां जनता पर थोप रही है जिसका विरोध करना आवश्यक है। अन्यथा हमें दूसरी गुलामी झेलनी पड़ेगी बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने कहा है कि पूरे देश स्तर पर अगस्त अभियान के तहत पार्टी प्राथमिक इकाइयों से लेकर ऊपरी कमिटी तक आंदोलन में जाने का निर्णय लिया ।इसी कड़ी में पूर्वी चंपारण में भी आयोजित प्रतिरोध मार्च को सफल बनाना है उन्होंने आज के किल्लत पर जिला कृषि पदाधिकारी को घेरते हुए कहां है कि आज के कलाबाजारी के लिए जिला कृषि पदाधिकारी जिम्मेवार है इस कालाबाजारी के खिलाफ जिला कृषि पदाधिकारी को पार्टी कार्यकर्ता 1 अगस्त को कृषि कार्यालय मैं धरना देंगे तथा अपना बात रखेंगे। इसी के साथ अन्य बातों पर भी विस्तार से चर्चा हुआ अध्यक्षता कामरेड ध्रुव त्रिवेदी ने की।



बैठक में मुख्य रूप से अशोक पाठक, धनंजय पुरी, प्रमोद कुमार ददन, मुकेश कुमार, एजाजुल हक, बीना देवी,अनिल प्रसाद ,राजकिशोर सिंह मुन्ना, अजय कुमार, बुनीलाल दास, मोहम्मद जमालुद्दीन नए विचार व्यक्त किए अंत में बैठक का संभोग करते हुए सत्येंद्र कुमार मिश्र ने विभिन्न क्षेत्रीय कमेटियों से कुल 15 सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# जिला परिषद अध्यक्ष ने माध्यमिक विद्यालय के अभ्यर्थियों को किया नियुक्ति पत्र वितरण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। जिला परिषद् अध्यक्ष ममता रे जी की अध्यक्षता में महात्मा गाँधी सभा भवन जिला परिषद् में माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए जिन अभ्यर्थियों का चयन शिक्षक पद पर हुआ है , उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। जिले के कुल माध्यमिक विद्यालयों के लिए 405 पद तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए 651 पदों की रिक्ति थी परन्तु माध्यमिक विद्यालयों में कुल 405 के विरुद्ध सामाजिक विज्ञानं में 46, विज्ञानं में 19, शारीरिक शिक्षा में 4, संस्कृत में 6, हिंदी में 01, उर्दू में 03, अंग्रेजी में 3, संगीत में 05, गणित में 19, कुल 106 का नियोजन तथा उच्च माध्यमिक में कुल 651 रिक्ति के विरुद्ध लेखा शास्त्र में 03, जंतु विज्ञानं में 04, हिंदी में 01, इतिहास में 19, समाज शास्त्र 01, गृह विज्ञानं में 01, राजनीतिक विज्ञानं में 02, अर्थशास्त्र 04, कंप्यूटर विज्ञानं में 06 कुल 41 का नियोजन किया गया। इस प्रकार माध्यमि उच्च माध्यमिक में 1056 के विरुद्ध 147 शिक्षक किये गये। जिप अध्यक्ष ममता राय ने कहा कि शिक्षकों की बहाली इस नियोजन इकाई में 2014 के बाद 08 वर्षों के अन्तराल पर किया गया जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। नियोजन लंबित रहने से जिले के विद्यालयों में शिक्षकों के कमी के कारण शिक्षा व्यवस्था अवरुद्ध हो गया था द्य लेकिन जिले वासियों के सहयोग से अभ्यर्थियों के



समर्थन , नव पदस्थापित अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के सकरात्मक प्रयास एवं जिला परिषदीय कर्मियों की मेहनत से शिक्षकों का नियोजन सफलता पूर्वक किया गया। इसके लिए उन सभी को जिला परिषद् की ओर से बहुत–बहुत धन्यवाद द्य मौके पर जिला उपाध्क्ष गीता देवी, शिक्षा समिति के अध्यक्ष ईश्वरचंद्र मिश्र मुख्य कार्य पालक पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जिला परिषद के आप्त सचिव राम भरोस दास ने दी।

## जिला पदाधिकारी, किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता एवं जिला परिषद अध्यक्ष की सह अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक सभा कक्ष, समाहरणालय में आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिला पदाधिकारी, किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता एवं जिला परिषद अध्यक्ष की सह– अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक सभा कक्ष, समाहरणालय में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त मनन राम, सिविल सर्जन, उत्पाद अधीक्षक, श्रम अधीक्षक ,जिला शिक्षा पदाधिकारी,सहित समिति के सभी सदस्यों एवम स्वयं सेवी संस्थान के साथ पुलिस विभाग से उपाधीक्षक, मु0 एवम रेल थाना की भागीदारी रही। बैठक में सर्वप्रथम सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, रविशंकर तिवारी द्वारा दिनांक 17.02. 2022 को पिछले जिला बाल संरक्षण समिति में एनसीपीसीआर की ज्वाइंट एक्शन प्लान एक युद्ध – नशे के विरुद्ध से सबंधित नशा खुरानी, प्रहरी क्लब के गठन से संबंधित अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की गई। तदुपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के संलग्न बॉर्डर एरिया में प्रतिबंधित दवाओं के बिक्री की रोकथम हेतु साप्ताहिक निरीक्षण हेतु ड्रग निरीक्षक को निर्देशित किया गया। परवरिश योजना की समीक्षा किया गया तथा इसके लाभुकों की संख्या में वृद्धि करने का निर्देश दिया गया।

इसके लिए डीपीओ, आईसीडीएस को सभी महिला पर्यवेक्षिका को तत्पर होकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिले के बाल देख रेख संस्थानों में सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधा की वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति केंद्र के संचालन, बाल विवाह एवम दहेज उन्मूलन समिति के गठन, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत स्वयं सेवी संस्थान की मासिक बैठक आहूत किए जाने संबंधी निर्देश भी जारी किए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी स्वयंसेवी संस्थाओं को जमीनी स्तर तक जागरूकता के लिए कार्य करने का अनुरोध करते हुए,समिति की बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त किया गया।

## जिले भर के सभी पंचायतों में हर घर नल का जल एवं लोहिया स्वच्छ भारत अभियान से संबंधित जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में डॉ राधाकृष्णन सभागार , मोतिहारी में जिले भर के सभी पंचायतों में हर घर नल का जल एवं लोहिया स्वच्छ भारत अभियान से संबंधित जिला , प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पंचायत के सभी वार्डों में नल जल योजना से सभी घरों को शत प्रतिशत अच्छादित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे–मोटे गड़बड़ी के कारण नल जल प्रभावित हो रहे हैं जैसे , विद्युत की सप्लाई, लो वोल्टेज, स्टार्टर खराब होना, बोरिंग खराब होना ,पाइप लिंकेज आदि को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कर वार्ड के सभी घरों तक नल जल पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाह कर्मियों एवं पदाधिकारियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत सचिव, वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर नल जल योजना को शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने हेतु मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि योजनाओं का अभिलेख संधारण निश्चित रूप से करेंगे।

लोहिया स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने हेतु समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले भर में लक्ष्य के अनुरूप पंचानवे वेस्ट प्रोसेसिंग इकाई में से पचासी चिन्हित स्थलों का एनओसी प्राप्त है । सुखेत मॉडल के अनुरूप यथाशीघ्र कार्य शुरू करने का उन्होंने निर्देश दिया। पंचायतों के सभी वार्डों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य को गंभीरता पूर्वक करना सुनिश्चित करें , ताकि हमारा गांव भी स्वच्छ बना रहे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी , निदेशक डीआरडीए , बिहार विकास निगम के पदाधिकारी गण सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,पंचायत तकनीकी सहायक, प्रखंड समन्वयक, आदि उपस्थित थे।

# आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता दिवस पर 200000 से अधिक घरों पर पड़ेगा तिरंगा : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस 2022 के आयोजन को लेकर वैशाली समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वैशाली जिला में कम से कम 200000 घरों पर तिरंगा झंडा फहराया जाए। इसके लिए जीविका दीदी के द्वारा तैयार किया गया खाली के झंडे कब्जो किया जाएगा। इस संबंध में डीपीएम जीविका को जरूरी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हाजीपुर शहर में रामाशीष चौक से लेकर कौन हारा घाट तक मुख्य पथ के दोनों ओर स्थित सभी घरों पर तिरंगा फहराया जाएगी। इसके लिए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हाजीपुर को जरूरी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि झंडा फहराते समय प्रोटोकॉल का अनुपालन जरूरी है। इस विषय में लोगों को जागरूक किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड–19 संक्रमण को देखते हुए इस बार स्वतंत्रता दिवस का आयोजन मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में किया जाएगा। झंडा तोलन का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय अक्षयवट राय स्टेडियम में आयोजित होगा। समारोह में अति विशिष्ट महानुभाव एवं चयनित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए सभी महानुभावों को ही आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समारोह स्थल पर वाहन स्टेज सोडियम आदि के लिए सैनिटाइजेशन की समुचित व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा के मुख्य समारोह स्थल के अतिरिक्त सभी प्रमुख कार्यालय में झंडा तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महादलित डोली में पहले की तरह ही पदाधिकारी गण वहां जाकर झंडोत्तोलन फहराएंगे। मुख्य समारोह स्थल अक्षय वट राय स्टेडियम में झंडोत्तोलन के लिए अस्थाई मंच प्रेस दीर्घा वीआईपी तरीका बनाने का कार्य डाइट कार्यपालक अभियंता क्षेत्र संगठन को दिया गया। स्टेडियम में बैरिकेडिंग की व्यवस्था एवं सतह के समतलीकरण का कार्य कार्यपालक अभियंता भवन



प्रमंडल हाजीपुर को दिया गया। पूरे शहर की सफाई सभी चौक चौराहों की सफाई स्टेडियम की साफ–सफाई स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर पानी का एक टैंकर लगाने तथा शहर में अवस्थित महात्मा गांधी एवं अन्य महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई कराने का निर्देश कार्यपालक कार्यकारी हाजीपुर नगर परिषद को दिया गया। कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग हाजीपुर के मुख्य सड़क पर रंग रोगन कार्य कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशिष्ट कार्य कराने वाले कर्मी पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके चौन के लिए अपर समाहर्ता स्थापना उप समाहर्ता एवं प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा की तीन सदस्यीय समिति बनाई गई तथा प्रशस्ति पत्र की तैयारी के निर्देश अवर निबंधन हाजीपुर को दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी के साथ अवश्य मारता श्री जितेंद्र प्रसाद साह उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार अनुमंडल पदाधिकारी महनार श्री सुमित कुमार जिला सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा सिन्हा जिला कृषि पदाधिकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी जिला समादेष्टा होमगार्ड स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने के लिए 1 अगस्त से चलेगा अभियान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त पत्र के आलोक में बताया गया है कि निर्वाचन सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचन से आधार डाटा के संग्रहण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। आधार संग्राम के प्रमुख उद्देश्य निर्वाचक सूची में पंजीकृत निवासियों की पहचान को सुनिश्चित करना एवं प्रमाणीकरण करना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में आधार संख्या उपलब्ध कराने के लिए निर्वाचित द्वारा प्रपत्र 06 ख का प्रयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। निर्वाचक सूची में पंजीकृत सभी निवासियों से संपर्क कर आधार संग्रहण का कार्य 30 मार्च 2023 तक पूर्ण किया जाना है। इसके लिए आयोग के निर्देश पर विशेष मासिक कैंप का आयोजन भी किया जाएगा।

## रेल पुलिस के लिए रेलवे स्टेशन पर मुहैया निशुल्क वाईफाई सेवा बना सरदर्द

(प्रिया कुमारी ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) बाढ। दानापुर रेल मंडल अंतर्गत बाढ़ रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल कार्यालय के द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए निशुल्क वाईफाई सेवा की सुविधा रेल पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन गया है हालात यह है कि सुबह दोपहर शाम आसपास के युवक स्टेशन पर बने मोबाइल चार्जर पॉइंट पर पहले तो मोबाइल चार्ज करते हैं और फिर घंटों बैठकर जमावड़ा लगाते हुए घंटों वाईफाई सेवा का आनंद उठाते हैं जिसके चलते रेलवे स्टेशन पर बेवजह भीड़ भाड़ देखी जाती है वाईफाई का सेवा उठाने वाले युवकों से जब रेल पुलिस स्टेशन पर बैठे होने की बात पूछते हैं तो कभी–कभी तो पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच पंगा भी हो जाता है रेल थानाध्यक्ष तारकेश्वर मिश्रा का कहना है कि वे टिकट प्लेटफार्म पर इस तरह का जमावड़ा विधि व्यवस्था कायम करने में परेशानी का कारण बन जाता है लोगों को चिन्हित कर स्टेशन से बाहर करना पड़ता है।



## कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा संचालन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने जारी की निषेधाज्ञा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर श्री अरुण कुमार के द्वारा बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पार्षद पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 30 जुलाई 2022 30 जुलाई 2022 को दोपहर प्रथम पाली है 11:00 बजे पूर्वाहन से 1:15 अपराहन तक, एवं द्वितीय पाली 2:00 अपराहन से 4:15 अपराह्न तक इस जिला में हाजीपुर अनुमंडल अंतर्गत कुल 1 परीक्षा केंद्रों पर संचालन को लेकर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के बाहरी सीमा से 500 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है। निषेधाज्ञा के अनुसार परीक्षा केंद्रों के बाहर 5 अथवा उससे अधिक संख्या में लोगों के एक साथ इकट्ठा होने जुलूस धरना प्रदर्शन तथा नारेबाजी करने अस्त्र–शस्त्र भामाशाह एवं अन्य घातक हथियार लेकर चलने तथा लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध से प्रशासनिक पदाधिकारियों कर्मियों पुलिस बल एवं परीक्षा में भाग लेने वाले प्रशिक्षार्थियों को मुक्त रखा गया है।

## श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई

आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई। जिसमें खनिज विकास पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि, सुपौल जिला के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कुल समाहरण 2621.44 लाख का लक्ष्य विभाग से निर्धारित हैं। जिसमें वर्तमान तक कुल 450.65 लाख की वसूली की जा चुकी है। जिलाधिकारी, सुपौल के द्वारा सुपौल जिला के सभी कार्य विभाग को निदेश दिया गया कि विभागीय नियमानुसार खनन स्वामिस्वध्राजस्व की कटौती कर अविलम्ब जिला खनन कार्यालय, सुपौल को सूचित किया जाय, ताकि कार्य विभाग के मद् में इसका आँकड़ा परिलक्षित हो तथा विभागीय लक्ष्य से अधिक की प्राप्ति हो सके तथा खनिज विकास पदाधिकारी, सुपौल को निदेश दिया गया कि सभी कार्य विभाग से समन्वय स्थापित कर खनन स्वामिस्व की वसूली की जाय। अवैध खनन के बिन्दू पर जिलाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि, सुपौल जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में पाँच सदस्यीय धावा दल का गठन कर लगातार छापेमारी के साथ विभागीय नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय, साथ ही आगामी माह में कम से कम 50 वाहनों को अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में जप्त कर आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई की जाय। खनिज विकास पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि सुपौल जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में कुल 77 ईट भट्ठेदार है, जिसमें अबतक 74 ईट भट्ठेदारों द्वारा खनन स्वामिस्व जमा कर दिया गया है। इस पर जिलाधिकारी, सुपौल निदेश दिया गया कि शेष बचे तीन ईट भट्ठेदारों पर विधिसम्मत् कार्रवाई कर खनन स्वामिस्व की वसूली की जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निलामपत्र की राशि वसूली हेतु खनिज विकास पदाधिकारी, सुपौल को निदेश दिया गया सुपौल जिले में दायर खनन से संबधी सभी नीलामपत्र मुकदमा का अद्यतन ब्यौरा जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाय ताकि नीलामपत्र में सन्निहित बकाया राशि की वसूली की जा सके। बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला– सुपौल, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सुपौल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सुपौल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, वीरपुर, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, त्रिवेणीगंज, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, सुपौल, कार्यपालक अभियता, भवन निर्माण विभाग, सुपौल, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन, सुपौल उपस्थित थे।



## परिवाद दायर होने के बाद राशनकार्ड बना

मो.सुल्तान हुसैन ईदरिसी के द्वारा दायर परिवाद के बाद आज बना दर्जनों लोगो का राशन कार्ड बना

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव मो.सुल्तान हुसैन ईदरिसी के द्वारा मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियो को सदर बीडीओ द्वारा नियम विरुद्ध जाकर गरीब लोगो का राशन कार्ड का आवेदन अस्वीकार करने का विरोध किया था जिसके पश्चात अनुमंडलीय शिकायत निवारण छपरा में इसकी सुनवाई हुई लगातार सुनवाई के पश्चात 22 आवेदनों को सदर बीडीओ द्वारा स्वीकृति प्रदान कर अनुमंडली पदाधिकारी के यंहा भेजा गया जंहा राशन कार्ड बन कर तैयार हुए और आज अनुमंडलीय शिकायत निवारण पदाधिकारी सह प्रभारी जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी इमरान आलम द्वारा परिवादी मो सुल्तान हुसैन ईदरिसी के उपस्थिति में सभी लोगो को राशन कार्ड उपलब्ध करवाया।राशन कार्ड पाने के बाद सभी के चेहरे खुशी से खिल गए और सभी ने परिवादी मो सुल्तान हुसैन ईदरिसी को दवाओं से नवाजा। परिवादी मो सुल्तान हुसैन ईदरिसी ने कहा की कई बार इसकी लडाई लडी गई और लोगो को इसका लाभ निरंतर दिलाया जाता रहा है आगे भी कोशीश है की गरीब लोगो के साथ न्याय हो इसकी लडाई जंहा तक हो लड़ने के लिए तैयार हूँ।



## जिलाधिकारी ने किया बाल गृह का औचक निरीक्षण,दिए आवश्यक निदेश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री, जिलाधिकारी किशनगंज ने जिले में संचालित बालगृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बाल गृह में आवासित बच्चों के पठन–पाठन,स्वास्थ्य, भोजन, कौशल विकास आदि के संबंध में फिडबैक प्राप्त किये।उन्होंने कहा कि ससमय टीकाकरण,स्वास्थ्य परीक्षण, आहार तालिका के अनुसार भोजन दें एवं बच्चों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई को निर्देश दिये कि बच्चों के पठन पाठन,मनोरंजन,खेल ,कौशल विकास के निमित सम्पूर्ण सुविधा देना सुनिश्चित करें।ताकि बच्चो का सर्वांगीण विकास हो सके। साथ ही, विशेष आवश्यकता वाले वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देने के लिए कई निर्देश दिये। सभी बच्चों को मेनू के अनुसार भोजन देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा शिक्षण कक्ष और सभी कमरों का निरीक्षण किया गया। गृह के निरीक्षण के दौरान किशोरों के शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन,रहन सहन, खान पान, साफ–सफाई, सुरक्षा, भवन एवं कोविड प्रोटोकॉल इत्यादि व्यवस्था का निरीक्षण कर सुधारात्मक निर्देश दिया। डीएम ने चहारदिवारी की व्यवस्था और बाहरी सुरक्षा के संबंध में फीडबैक प्राप्त किए। बच्चों के निवास स्थल और किचेन एवं मेनु के तहत खाना के संबंध में जानकारी प्राप्त किये।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बच्चों को गरम, ताजा, गुणवत्तायुक्त एवं सरकार के निर्धारित गाईड लाइन के अनुसार खाना सुलभ कराना सुनिश्चित करें,इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण के क्रम में बाल गृह की व्यवस्था संतोषजनक प्रतीत हुई।




## राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् के सदस्य प्रमुख बने डॉ बिपिन बिहारी

रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार। मुजफ्फरपुर के राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् के सदस्य प्रमुख मनोनीत किये गए डॉ बिपिन बिहार। जो आयुर्वेद के क्षेत्र में प्रसिद्ध चिकित्सक तो हैं ही मुजफ्फरपुर जिले के नेशनल इंट्रीग्रेटेड मेडिकल एसोशिएशन के मीडिया प्रभारी व विश्व आयुर्वेद परिषद के उपाध्यक्ष पद पर भी सुशोभित हैं और कई सम्मानों से विभूषित हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् में सम्मिलित किए जाने के लिए श्री डॉ बिपिन बिहारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती कीर्ति सिंह जी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

डॉ बिपिन बिहारी जी को इस सम्मानित पद की प्राप्ति पर विश्व आयुर्वेद परिषद मुजफ्फरपुर जिला इकाई के द्वारा आम सभा का आयोजन कर अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार सिंह जी के द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई। आयोजित कार्यक्रम में डॉ रितेश वर्मा, डॉ सुरेश साह, डॉ दीपक, डॉ विकेश, डॉ विनोद कुमार, डॉ विकास शर्मा, डॉ सुधा, डॉ बलराम, डॉ उषा, डॉक्टर पूनम सिन्हा डॉक्टर पप्पू कुमार सिंह डॉक्टर सुशील ,रणधीर कुमार ,राघवेंद्र कुमार रजनीश भारती खुर्शीद आलम विपिन राय ,अरुण शर्मा, सुमन शक्ति,राजेश कुमार इत्यादि उपस्थित हुए। डॉ० बिपिन बिहारी ने कहा कि उपरोक्त पद पर रहते हुए समाज कल्याण हेतु सदैव तत्पर रहते हुए जनकल्याण का कार्य करते रहेंगे।







## जनता के दरबार में पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम में 155 आगंतुकों से मुलाकात कर समस्याओं का निस्तारण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। संतोष कुमार, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, सारण के द्वारा ''जनता के दरबार में पुलिस अधीक्षक'' कार्यक्रम में 155 आगंतुकों आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं/शिकायतों को सुनकर उनके समाधान एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित थानाध्यक्ष,अंचल पुलिस निरीक्षक,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) व पुलिस निरीक्षक (प्रशासन) समेत अन्य संबंधित शाखा प्रभारी/पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में अपने कार्यालय में आगंतुकों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु कार्रवाई व प्रयास किया जाता है परंतु प्रत्येक शुक्रवार को यह कार्य विशेष रूप से निर्धारित ''जनता के दरबार में पुलिस अधीक्षक'' कार्यक्रम आयोजित कर किया जाता है जिसमें बडी संख्या में आमजन अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आते हैं।



## जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने किया जिला आपूर्ति प्रशाखा का किया निरीक्षण प्राप्त पत्रों का समय निष्पादन का दिया निर्देश

डीएम ने समाहरणालय में कर्णांकित जिला आपूर्ति प्रशाखा के कार्यालय प्रक्रिया सुव्यवस्थित करने के दिए निदेश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री,भा.प्र.से. जिलाधिकारी किशनगंज के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत समाहरणालय स्थित जिला आपूर्ति प्रशाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री साकेत सुमन सौरव उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने निरीक्षण उपरांत आपूर्ति पदाधिकारी को प्राप्त सभी पत्र को नियमानुसार संचिकाओ द्वारा समयबद्ध निष्पादन करवाने,राशन किरासन उठाव और वितरण का अनुश्रवण,अंत्योदय अन्न योजना समेत सभी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु सतत निगरानी का निदेश दिया।

डीएम के द्वारा सर्वप्रथम आपूर्ति प्रशाखा के कर्णांकित कमरो में संधारित व्यवस्थाओं को देखा गया।संचिकाओं के रख रखाव,समय समय पर भवन निर्माण प्रमंडल से समन्वय कर मरम्मती और रंग– रोगन कराते रहने,भवन के बाहर भी साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात कार्यालय कार्य प्रणाली,विभिन्न पंजी,लिपिको और कार्यालय परिचारी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी, श्री शास्त्री ने आगत निर्गत पंजी,रक्षी संचिका पीडीएस अनुज्ञप्ति पंजी, उपस्थिति पंजी,अवकाश पंजी,संचिका अनुक्रमणिका, गति पंजी,सहायक कर्म पुस्तिका आदि का गहन निरीक्षण किया गया। सभी पंजियो के सभी स्तंभ व कंडिका को नियमानुसार अद्यतन रखने का निदेश दिया गया। सभी लिपिकों को दैनिक आधार पर लॉग बुक(कर्म पुस्तिका) अद्यतन रखने,प्राप्त पत्रों को डायरी में प्रविष्टि करने और निष्पादित पत्रों की पंजी संधारित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा प्रत्येक दिन प्राप्त पत्र आवश्यकतानुसार संचिका के माध्यम से ही उनके समक्ष नियमित रूप से उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया।

जिला आपूर्ति प्रशाखा में नियमा नुसार प्रत्येक माह राशन उठाव,वितरण,पीडीएस अनुज्ञप्ति, नवीनीकरण की सूचना अद्यतन संधारित रखने हेतु निर्देश दिया गया। उल्लेख नीय है कि जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यकम के तहत लगातार विभिन्न कार्यालय और प्रखंड का भ्रमण कर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी साकेत सुमन सौरव,प्रभारी प्रधान लिपिक मनोज कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।



## विडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा विभागीय दिशा - निर्देश के आलोक में जिले में आयोजित होने वाली जाति आधारित गणना 2022 से संबंधित बैठक का आयोजन संपन्न



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। वर्चुअल बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय दिशा – निर्देश के आलोक में जिले में जाति आधारित गणना 2022 के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जानी है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत के सभी वार्डो को गणना ब्लॉक के रूप में चिन्हित किया जाना है। यदि किसी वार्ड की जनसंख्या 700 से अधिक है तो 700 के बाद की जनसंख्या को उसी वार्ड इकाई के साथ क्रमशः क, ख , ग आदि के रूप में एनेक्सचर के रूप में उसी वार्ड में टैग किया जाना है। साथ हीं प्रत्येक गणना ब्लॉक में एक प्रगणक नियुक्त किये जायेंगे तथा प्रत्येक 06 वार्डों पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाना है स सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को चार्ज अधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी को सहायक चार्ज अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में नगर कार्यपालक पदाधिकारी को नगर चार्ज अधिकारी तथा सिटी मैनेजर को सहायक चार्ज अधिकारी नियुक्त किये गए है स प्रगणक के रूप में जिले के शिक्षक, कृषि समन्वयक तथा रोजगार सेवक नियुक्त किये जायेंगे स अनुमंडल स्तर पर गणना पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी होंगे स उन्होंने निर्देश दिया कि सभी वार्डों की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए जाति आधारित गणना 2022 के कार्य हेतु कर्मियों को चिन्हित कर लें।

जिलाधिकारी ने वर्चुअल मीटिंग में निर्देश दिया कि सभी प्रखंड और नगर क्षेत्रांतर्गत विभागीय जाति सूची के आधार पर जाति का सत्यापन कर छूटी हुई जाति की सूची तथा एतद प्रमाण पत्र सभी चार्ज अधिकारी अगले सप्ताह उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, गणना ब्लॉक चिन्हित कर नक्शा समेत प्रतिवेदन तैयार करेंगे। मालूम हो कि जाति आधारित जनगणना के लिए जिला में प्रधान गणना पदाधिकारी के रूप में डीएम और अपर गणना पदाधिकारी के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी नामित किए गए हैं। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, मनन राम, वरीय उप समाहर्त्ता, रंजीत कुमार,विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा,सुबोध कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय कक्ष से तथा जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी और सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारी वीसी के माध्यम से वर्चुअल मोड में शामिल हुए।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर उज्जवल भारत उज्जवल पावर महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल पावर /2047 महोत्सव का भव्य आयोजन आज स्थानीय हॉर्टिकल्चर कॉलेज सभागार पिपराकोठी, में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक, के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर श्री पवन जयसवाल, माननीय विधायक ढाका, माननीय सांसद श्री राधामोहन सिंह के प्रतिनिधि भाजपा के डा• लालबाबू प्रसाद , डीपीआरओ पूर्वी चम्पारण, गुप्तेश्वर कुमार, जिला नोडल अधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन, श्री आर के सिंह अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा, एवं विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी तथा छज्ज्छ कॉंटी के अधिकारीगण मौजूद थे । जिलाधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से आज विद्युत के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नजर आता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करते हुए एक तरफ जहां आम लोगों के घरों में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है वही किसानों एवं उद्यमियों के लिए निर्बाध विद्युत की आपूर्ति वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जन हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार अपने विकासात्मक योजनाओं से जन–जन को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प ष्हर घर बिजलीष की उपलब्धता की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए जन आकांक्षाओं मूर्त रूप दिया गया है।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की भी भूरी –भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित, माननीय विधायक ढाका पवन जयसवाल तथा अन्य वक्ताओं ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे। नोडल पदाधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन, प्रेम कुमार विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा ने अपने संबोधन में विधुत के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी बताया कि महोत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक जनभागीदारी एवं बिजली के क्षेत्र में हुए विकास को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभुकों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार बिजली उनके जीवन में एक वरदान की तरह कार्य करती है। आज की जीवनशैली से जुड़ी हुई हर छोटी से छोटी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल करके हम अपने जीवन यापन को कितना सुगम बना सकते हैं। साथ ही हमारे बच्चे की शिक्षा में भी अब कोई बाधा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि बिजली से हमारे गांव और घरों में खुशहाली का माहौल है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा विद्युत के महत्व , इसके उपयोग एवं विद्युत विभाग की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। उक्त आशय की जानकारी अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा ने दी।



## संक्षिप्त समाचार

### डीएम के जनता दरबार में 95 मामलों का निष्पादन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। जिलाधिकारी, सारण राजेश मीणा के द्वारा समाहरणालय अवस्थित कार्यालय कक्ष में जनता का दरबार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनता का दरबार कार्यक्रम में कुल 95 आवेदनकर्ताओं के समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रुप से आयोजित हाने वाले इस जनता दरबार में आपूर्ति, भूमि विवाद, पर्चा वितरण, परिवहन, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, नगर निगम, भू–अर्जन, अतिक्रमण, आईसीडीएस, पेंशन आदि विषय से संबंधित कुल–95 आवेदन का शीघ्र निष्पादन के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपस्थित पदाधिकारियों को जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि आवेदनकर्ता के समस्याओं का निष्पादन अविलंब सुनिश्चित किया जाय। इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई किये जाने की चेतावनी भी दी गई है।



### जिले भर के सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) उप विकास आयुक्त श्री कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले भर के सभी कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु ई मास्टर रॉल , आधार सिडिंग, जॉब कार्ड सत्यापन , क्लोजर स्कीम , पुराने पौधारोपण योजना के तहत ईमास्टर रोल एवं दिनांक 30 अगस्त 2022 से पौधारोपण योजना का प्रारंभ एवं अमृत सरोवर योजना से संबंधित कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा ,कनीय अभियंता मनरेगा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।



### सर्पदंश मामले में अस्पताल पहुंचे 4 मरीजों में से एक की मौत

(प्रिया कुमारी ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) बाढ़। शुक्रवार के दिन बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में चार सर्पदंश के मामले आए। जिसमें झाड़–फूंक के चक्कर में एक 10 वर्षीय बच्ची पायल कुमारी पिता स्वर्गीय जोगिंदर यादव वासो बागी की मौत हो गई। अस्पताल लाने के बाद परिजनों ने अस्पताल के मुख्य गेट पर भर्ती कराने से पहले घंटों मोबाइल के माध्यम से झाड़–फूंक चलाते देखे गए। जब तक बच्ची की हालत बिगड़ गई। बाद में चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वही कृष्ण मुरारी परसामा, कामता पासवान बूढ़ा उद्दीन चक और अथमलगोला थाना क्षेत्र के एक बच्चे को सांप काटा था। जिसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### विद्यापति के कांचा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 35 वा सम्मेलन

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के कांचा ग्राम स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 35 वा सम्मेलन कांचा चौक पर उपेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। सर्वप्रथम पार्टी का लाल झंडा का झंडोत्तोलन कम्युनिस्ट नेता भागवत प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया। वहीं कांचा चौक के चारों ओर पार्टी का लाल झंडा से चौक को सजाया गया। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता भागवत प्रसाद सिंह अंचल मंत्री सह पूर्व जिला परिषद ने केंद्र सरकार के मोदी सरकार पर वाणी का कटाक्ष करते हुए आम जनों को संबोधित किया। वहीं मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में अमरनाथ पाठक भजनगामा अंचल परिषद सदस्य, राजेंद्र रजक , राम बहादुर सिंह , राम भजन सिंह, राम भटन सिंह, राकेश कुमार, राम शगुन राय, देवेंद्र मल्लिक आदि वक्ता सभा में उपस्थित रहे।



### मशरक के शिउरी मध्य विद्यालय में हुई मेहंदी प्रतियोगिता, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के शिउरी मध्य विद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मीना मंच के सौजन्य से शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं में बढ़–चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में उच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा पुरुस्कृत किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव देश भर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जिसको लेकर सरकारी तथा निजी संस्थाएं अपने–अपने अंदाज में कार्यक्रमों का आयोजन कर आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़–चढ़कर भाग ले रहे हैं।

जिसको लेकर प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र प्रसाद, दुर्गेश कुमार,जेके मांझी की मौजूदगी में शिक्षिका उर्मिला कुमारी के देख रेख में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें विद्यालय की की छात्रा निक्की प्रथम व नेहा द्वितीय स्थान पर तथा काजल का तीसरे स्थान, चौथे स्थान मधु कुमारी, पांचवें स्थान पर गुंज कुमारी का पर चयन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार ने सभी विजयी छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।



## बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर है सपेरा समाज, सीएम योगी से मदद की उम्मीद

☒ सड़क, आवास और शिक्षा के अभाव में नाथ संप्रदाय से ताल्लुक रखनेवाले लोग सांप बिच्छू पकड़ कर पेट पालने को मजबूर हैं. समाज के लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुरु भाई मानते हैं

कानपुर देहात। सपेरा समाज आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित होकर नरकीय जिंदगी जीने को फरियाद की लेकिन आश्वासन के नाम पर छलावा किया गया. पांच साल पहले अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रमाण पत्र तो दिला दिया गया लेकिन आवास आज भी मुहैया नहीं कराया गया. नाथ संप्रदाय से ताल्लुक रखने का दावा करने सपेरा समाज के लोग



मजबूर है. आलम ये है कि समाज के लोग वन्यजीव को पकड़ कर पेट पालते हैं. कानपुर देहात के रुरा नगर वार्ड नं 2 अंबेडकर नगर में सपेरा समाज का पुश्तैनी निवास है. लगभग 300 आबादी वाला समाज बदहाली पर आंसू बहा रहा है. वार्ड में जाने के लिए 300 मीटर दूर वाहन खड़ा कर पैदल कच्चे रास्ता से गुजरना होगा. सपेरा समाज की लड़की की बारात आने पर दूल्हे को पैदल ही आना पड़ता है।

सपेरा समाज के साथ कबतक होता रहेगा छलावा?

समाज के लोग वर्ष 1993 से झोपड़ियों का हाउस टैक्स नगर पंचायत को अदा कर रहे हैं. बच्चों को बचपन से ही सांप बिच्छू पकड़ने की कला सिखाई जाती है. सपेरा ईरान नाथ बताते हैं कि समाज के लोगों को आज तक एक भी आवास नहीं मिला. डीएम, सीडीओ समेत अन्य अधिकारियों के दफ्तर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुरु भाई बताते हैं।

क्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुनेंगे फरियाद?

गुरु गोरखनाथ की आराधना के लिए सपेरा बस्ती में गोरखनाथ जी का मंदिर बनाया है. लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उम्मीद थी. शायद मुख्यमंत्री समाज के लिए कुछ विकास कराकर नयी दिशा देंगे. लेकिन अब लगता है कि कोई सुनने वाला नहीं है. बीन बजा कर जीवन यापन कर रहे समाज की बदहाली पर एडीएम वित्त से बात की गई. उन्होंने बताया कि बदहाल 36 परिवार का मामला संज्ञान में आया है।

प्रशासनिक टीम गठित कर दी गई है और मौके पर निरीक्षण भी करवाया गया है. बहुत जल्द परिवार के लोगों को मूलभूत सुविधा और आवास की व्यवस्था दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## ओईएफ से सेवानिवृत्ति पर चार्जमैन और साथी कर्मचारियों को ट्रेड यूनियन नेताओं और साथियों ने दी भावभीनी विदाई

कानपुर नगर। ओईएफ फूलबाग कानपुर से शनिवार को सेवानिवृत्त हुए चार्जमैन लक्ष्मी नारायण और कर्मचारी द्वारका प्रसाद एवं इकबाल शंकर को ट्रेड यूनियन नेताओं व साथियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सभी ने चार्जमैन लक्ष्मी नाराय और कर्मचारी द्वारका प्रसाद व इकबाल शंकर का सभी साथियों ने माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर इस दौरान ट्रेड यूनियन नेता रमेश लाला और मोहम्मद अफजाल ने रिटायर हो रहे सभी साथियों की तारीफ करते हुए उन्हें अपनी ड्यूटी और निर्माणी के हित में सदैव काम करने वाला बताया। परीक्षक दिनेश चंद्र सेंगर ने साथियों के सम्मान में यारों आज जी लो, मुस्कुरा लो, महफिले सजा लो, जीवन की डोर बड़ी कमजोर,जीवन की डोर बड़ी



उनका सम्मान किया। किला मजदूर यूनियन के पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्निहोत्री, पूर्व कोषाध्यक्ष अब्दुल सलीम, टेक्स रू1 के होनहार व कुशल परीक्षक दिनेश चंद्र सेंगर, इम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष रमेश लाला, पूर्व महामंत्री मोहम्मद अफजाल ने कई सारे उपहार सम्मान में सभी को भेंट किए। साथ ही सभी ने सेवानिवृत्ति के अवसर उनके सदैव स्वस्थ,दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना करी। कमजोर गीत गाकर सबको भावुक कर दिया। सेवानिवृत्त हो रहे चार्जमैन लक्ष्मी नारायण, कर्मचारी द्वारका प्रसाद व इकबाल शंकर ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्निहोत्री, लाल बाबू, अब्दुल सलीम, दिनेश पाण्डेय, टेक्स 1 के परीक्षक दिनेश चंद्र सेंगर, रहबर आलम, श्याम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने प्रसिद्ध मंदिरों में देवी देवताओं के किये दर्शन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

०महामाई मंदिर सहित प्रसिद्ध मंदिरों का सुंदरीकरण करने के दिए निर्देश’

औरैया। शनिवार को विकासखंड अछल्दा के गांव दखनाई के पास महामाई मंदिर में जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने दर्शन किए, साथ ही गांव के प्रधान व लोगों से मिलकर मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं पर स्वतंत्रता सेनानी की स्मृति में स्मारक स्थल बनाने के लिए जगह चयनित की गई।





खण्ड विकास अधिकारी को जल्द से जल्द स्मारक स्थल का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्मारक स्थल में शहीदों के नाम व स्वतंत्रता आंदोलन का जिक्र भी किया जा सके इस प्रकार तैयार किया जाए। मन्दिर परिसर के चारों तरफ बाउण्ड्री वाल तथा मन्दिर के मुख्य द्वार पर मन्दिर का नाम अंकित कराया जाए साथ ही मन्दिर के मुख्य द्वार से मन्दिर तक आने वाले रास्ते पर टीनशैड डलवाई जाए, जिससे आने जाने वाले भक्तों को बरसात व गर्मी में राहत मिल सके। महामाई मंदिर के बाद जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने विकास खण्ड एरवाकटरा के गांव दोवा में स्थित महर्षि दुर्वासा ऋषि मन्दिर में जाकर दर्शन किए। ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी को मन्दिर के इतिहास को शिलपट्टिका पर लिखवाकर मन्दिर के मुख्य द्वार पर लगवाए जाने के लिए निर्देशित किया, जिससे कि जो भी लोग दर्शन करने आते हैं तो उन्हें भी जानकारी प्राप्त हो। मन्दिर के पीछे निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। बीडीओ को सरोवर में पक्की सीढ़ी बनवाये जाने के लिए कहा। इसके बाद जिलाधिकारी ने विकासखंड बिधूना के अंतर्गत कुदरकोट गांव में स्थित अलोपा देवी मंदिर व बाबा भयानकनाथ मन्दिर के भी दर्शन किए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह भी मौजूद रहे।र्गत कुदरकोट गांव में स्थित अलोपा देवी मंदिर व बाबा भयानकनाथ मन्दिर के भी दर्शन किए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# धूम धाम से मनाया अधिष्ठापन समारोह

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई। इनरव्हील क्लब ऑफ उरई कल्याणी का शनिवार को 11वां तथा गोल्डन कल्याणी ने अपना द्वितीय अधिष्ठापन समारोह रंगारंग एवम भव्य तरीके से मनाया ।

मुख्य अतिथि एस. ओ.महिला थाना पूनम यादव , एवम् विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट इंजीनियर लघु सिंचाई विभाग एकता त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से आस्था द्वारा हुआ । उरई कल्याणी की सेक्रेटरी अपराजिता और गोल्डन कल्याणी की सेक्रेटरी संगीता द्वारा इनरव्हील प्रेयर करवाई गई। तत्पश्चात महिला सशक्तिकरण पर भव्या द्वारा प्रस्तुति दी गई।

इनरव्हील परंपरानुसार पूर्व प्रेसिडेंट अरुणा सक्सेना ने नव निर्वाचित प्रेसिडेंट सुधा पाल और कल्पना कनकने को इनरव्हील कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा और बाकी पदाधिकारियों को पिन पहनाकर जिम्मेदारियां सौंपी और आधिकारिक रूप से क्लब में शामिल किया ।

उरई कल्याणी की प्रेसिडेंट सुधा पाल ने इस बार के उद्देश्य वी केयर



पर चर्चा की तथा इसे सफल बनाने का संकल्प लिया । दूसरी तरफ गोल्डन कल्याणी की प्रेसिडेंट कल्पना कनकने ने भी इनरव्हील के उद्देश्य एवम योजनाओं पर प्रकाश डाला । मुख्य अतिथि पूनम यादव और एकता त्रिपाठी ने महिलाओं के स्वास्थ्य के उत्थान एवम महिला सशक्तिकरण को लेकर अरुणा सक्सेना और सुधा पाल की प्रशंसा की ।

उरई कल्याणी से कार्यक्रम में शामिल होने वाली चार्टेड प्रेसिडेंट नीलम श्रीवास्तव ,जेड पीसी सुमन गिरहोत्रा ,सीजीआर अरुणा सक्सेना , प्रेसिडेंट सुधा पाल, वाइस प्रेसीडेंट ज्योति गुप्ता ,सेक्रेटरी अपराजिता लोधी ,ज्वाइंट सेक्रेटरी साक्षी माहेश्वरी , ट्रेजरर वंदना श्रीवास्तव , आई एस ओ ऊषा सेठ , एडिटर मनीषा सक्सेना, एक्सक्यूटिव सदस्य प्रीति गिरहोत्रा ,अलका कठिल ,उषा सिंह ,आराधना गुर्जर ,सरोज गुप्ता ,कुसुम सक्सेना , सुधा लोधी , मनीषा द्विवेदी , जया श्रीवास्तव, बिटोली निरंजन , किरण सेठ ,मंजू रावत ,प्रियंका सेठ ,आरती सोहाने आदि उपस्थित रहे । दूसरी तरफ गोल्डन कल्याणी के सदस्यों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । प्रेसिडेंट कल्पना कनकने ,सेक्रेटरी संगीता द्विवेदी , एडिटर रचना गुप्ता , आई एस ओ पूनम महतेले इत्यादि समारोह का हिस्सा रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन सविता चतुर्वेदी और रजनी सेठ ने किया ।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एसओ महिला थाना पूनम यादव और एकता त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। चार्टर प्रेसिडेंट नीलम श्रीवास्तव द्वारा जेड पीसी सुमन गिरहोत्रा आई पी पी एवम सी जी आर अरुणा सक्सेना और पूर्व प्रेसिडेंट सीमा गिरहोत्रा को सम्मानित किया गया ।

## आजादी का अमृत महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य महोत्सव का जनप्रतिनिधियों और डीएम द्वारा शुभारंभ किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई(जालौन)।''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तहत 25 जुलाई से 30 जुलाई 2022 तक पूरे सप्ताह तक चलने वाले ''उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य, पावर/2047 '' महोत्सव का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, माननीय सदस्य विधान परिषद् रमा निरंजन, अध्यक्ष नगर पालिका अनिल बहुगुणा, रविकांत द्विवेदी सांसद प्रतिनिधि माननीय भानु प्रताप वर्मा, रामेन्द्र सिंह (बना जी ),भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष ने ''उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य, पावर/2047 '' कार्यक्रम के ग्रांड फिनाले का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के ऑडिटोरियम हॉल में किया।

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने ऑडियो–विजुअल मीडिया/ऑनलाइन सम्बोधन के द्वारा आर. डी. एस.एस. योजना एवं सोलर रूफटॉप पोर्टल का उद्घाटन किया द्य इसी के साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में ऊर्जा के क्षेत्र में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे सुधार कार्यक्रमों की सराहना करते हुए देश में विद्युत उत्पादन, वितरण एवं उपभोग के सम्बंधित बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के



उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से जुलाई 2022 के अंतिम सप्ताह में राज्य के सभी जिलो में बिजली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ''उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य, पावर/2047 '' महोत्सव सप्ताह भर चलने वाला राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है। यह महोत्सव केंद्र और राज्य दोनो सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन, प्रेषण, वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच है आम जनता, राय निर्माताओं व नीति निर्माताओं को ऑडियो–विजुअल मीडिया, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विगुतीकरण, वन नेशन–वन–ग्रिड, उपभोक्ता अधिकार, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा, विजन पावर /2047 के अनुरूप सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों के विचारों का अनुरोध किया जाएगा । यह कार्यक्रम विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार व प्रदेश सरकारों के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करते हुए भारत के आम आदमी की प्रगति उसके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाकर भारत को एक सुदृढ व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों को पूरा करने में योगदान दे रही है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उर्जा के क्षेत्र में सरकार की उपलिब्धयों एवं आम जन हेतु सुगम बनाने के लिए किये जा रहें प्रयासो से सम्बंधित लोक गीत के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कहा कि जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग द्वारा तथा जिला प्रशासन सुचारू रूप से कार्य करेगा जो भी विद्युत विभाग से संबंधित योजनाएं सरकार द्वारा लाए जाएंगे उसका शत प्रतिशत लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। इस इंजीनियर श्री अमित किशोर, (एम.डी. दक्षिणांचल आगरा), मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी अंकुर कौशिक, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डी नाथ, नितिन कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक पॉवर ग्रिड कानपुर, के के पुरवार, मुख्य प्रबंधक पॉवरग्रिड राजीव कुमार, , दीपक कुमार अधिशाषी अभियंता, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी सहित समस्त सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण, लाभार्थी गण एव गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहें।

## रेप के बढ़ते मामलों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी, कहा- रेप पीड़ितों के प्रति समाज का रवैया उदासीन

प्रयागराज। रेप के बढ़ते मामलों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है. कोर्ट ने कहा कि वैसे तो हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों का जश्न मना रहे हैं, लेकिन हम उनके सम्मान के लिए कतई चिंता नहीं दिखाते हैं. हाईकोर्ट की टिप्पणी, यौन अपराधों की पीड़ितों की मानवीय गरिमा के उल्लंघन के प्रति समाज के उदासीन रवैए का एक दुखद प्रतिबिंब है।

असहाय महिला की आत्मा को नीचा दिखाता है बलात्कारी

कोर्ट ने कहा, सामान्य रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराध और विशेष रूप से बलात्कार के मामले बढ़ रहे हैं और यह अत्यंत चिंता की बात है. कोर्ट ने आगे कहा, एक बलात्कारी न केवल पीड़ित की गोपनीयता और व्यक्तिगत अखंडता



का उल्लंघन करता है, बल्कि उसे मानसिक चोट भी पहुंचाता है. बलात्कार केवल एक शारीरिक हमला नहीं है, यह अक्सर पीड़िता के पूरे व्यक्तित्व को नष्ट कर देता है. एक हत्यारा अपने शिकार का भौतिक शरीर को नष्ट कर देता है जबकि एक बलात्कारी असहाय महिला की आत्मा को नीचा दिखाता है।

हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका को किया खारिज

हाईकोर्ट ने रेप के आरोपी की जमानत अर्जी को अपनी इन टिप्पणियों के साथ खारिज किया. हाई कोर्ट ने औरैया जिले के आरोपी अयूब खान उर्फ गुड्डू को कोई राहत देने से इंकार करते हुए जिला अदालत के फैसले को बरकरार रखा. आरोपी के खिलाफ एक महिला ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर रेप करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की धमकी देने का केस दर्ज कराया था।

आरोपी ने अपने बचाव में दी ये दलीलः वहीं आरोपी की तरफ से बचाव में दलील दी गई थी घटना के 17 दिन बाद एफआईआर दर्ज कराई गई. अदालत ने अपने फैसले में कहा कि भारत के ग्रामीण इलाकों की जो हालत है उसमें घटना के तुरंत बाद पुलिस स्टेशन जाकर केस दर्ज कराने की उम्मीद नहीं की जा सकती और आरोपी को सिर्फ देरी के आधार पर कोई राहत नहीं दी जा सकती।

23 जून की घटना, 9 जुलाई को दर्ज हुआ केस

रेप का यह मामला 23 जून 2021 का है जबकि इस मामले में 9 जुलाई को केस दर्ज कराया गया. अदालत ने मेडिकल रिपोर्ट में पीड़ित महिला की योनि स्वैब में शुक्राणु नहीं मिलने की दलील को भी नकारा. कोर्ट ने कहा कि शुक्राणु सिर्फ 5 दिन के आस–पास ही रहते हैं. जब 17 दिन बाद एफआईआर दर्ज हो रही हैं तो शुक्राणु कैसे मिल सकते हैं।

## 9 माह से 5 साल तक के 1.59 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य

### बाल स्वास्थ्य पोषण माह के तहत 3 अगस्त से शुरू होकर 10 सितंबर तक चलेगा अभियान

- विटामिन ए की दवा पिलाने के लिए सोमवार से चलेगा अभियान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आगामी तीन अगस्त से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विटामिन ए के सम्पूर्ण कार्यक्रम काआयोजन होगा। इस विशेष आयोजन के दौरान नौ माह से पांच वर्ष तक के 1.59 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान पूरे माह चलेगा। इसे लेकर शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की अंतर्विभागीय बैठक संपन्न हुई।सीएमओ कार्यालय में बाल स्वास्थ्य पोषण माह के अंतर्गत सीएचसी और पीएचसी के चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की गयी ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम टीकाकरण का एक अभिन्न अंग है। यह अभियान हर छह माह में आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना है। यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और बच्चे स्वस्थ और पोषित होते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि शासन की ओर से नौ माह से 5 वर्ष के 1,59,090 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने बताया कि 9 माह से बारह माह तक के बच्चों को आधा चम्मच, 16 माह से 24 माह तक के बच्चों को पूरा चम्मच, दो साल से पांच साल तक के बच्चों को पूरा चम्मच दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए टीमों को निर्देशित कर दिया गया है।



यह कार्यक्रम ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (वीएचएनडी) एवं शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस (यूएचएनडी) पर आयोजित किए जाएंगे। जिला सामुदायिक प्रक्रिया कार्यक्रम प्रबंधक (डीसीपीएम) अजय पांडेयने बताया कि एक हजार की आबादी पर अनुमानतः 120 से 130 बच्चे होते हैं। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इसमें एएनएम, आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दे दी गई है। अभियान के दौरान डिस्पोजल चम्मच से दवा पिलाई जाएगी। दवा पिलाने के बाद एएनएम द्वारा एमसीपी कार्ड पर उसकी प्रविष्टि की जाएगी।

इस दौरान कोरोना प्रोटोकाल के नियमों का भी पालन किया जाएगा। पूरे अभियान की मानीटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान नौ से 12 माह के 9562 , एक से दो साल के 36032 , दो से पांच साल के 113497 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जानी है। इसका माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। ब्लाक वार लक्ष्य निर्धारित कर जिम्मेदारी दे दी गई है।

क्या है विटामिन ए संपूरण जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि विटामिन ए एक घुलनशील विटामिन है। जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह सूक्ष्म पोषक तत्व कुपोषण से बचाता है। विटामिन ए पिलाए जाने से सभी कारणों से मृत्यु में 23 प्रतिशत की कमी, खसरे के कारण होने वाली मृत्यु में 50 फीसद की कमी, अतिसार रोग के कारण होने वाली मौतों में 33 फीसद की कमी आएगी। आंखों के लिए लाभदायक होता है। स्किन के लिए भी एक वरदान की तरह है। विटामिन ए से सेल्स को बढ़ने में सहायता मिलती है।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रेन की पटरी पार करते समय एक अधेड़ महिला की मृत्यु

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आटा जालौन! शनिवार को आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी निवासी गिरिजा देवी उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी प्रकाश अहिरवार ग्राम चमारी थाना आटा अपने घर से नवीन गल्ला मंडी में काम करने के लिए निकली थी गांव से 1 किलोमीटर दूर ट्रेन की पटरी पार करते समय अचानक सामने से ट्रेन आ गई और वह ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई, साथ में जाने वाली महिलाओं द्वारा परिजनोंध ग्रामीणों को सूचना दी! सुचना मिलते ही ग्रामीणों के चमारी प्रधान ब्रजेश कुमार गौतम पहुंचे शव को देखते ही तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी! स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कारवाई के पश्चात शव को पोस्टमार्टम हेतु उरई मेडिकल कालेज भेजा पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच पड़ताल की जायगी

सूत्र संपर्कध स्टाफ द्वारा जानकारी करने पर ज्ञात हुआ है, कि मृतक गिरिजा देवी नवीन गल्ला मंडी में अपने गांव की औरतों के साथ प्रत्येक दिन सब्जी की मजदूरी हेतु जाया करती थी और उनके पति प्रकाश अहिरवार को कुछ समय पहले फालिस मार गई थी, जो बीमार अवस्था में घर पर रहते हैं ,उनके 4 लड़कियां हैं जिनकी शादी हो चुकी है व एक लड़का प्रदीप कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष जो मजदूरी करता है व पिता के लगभग 3 बीघा जमीन है! गांव से घटनास्थल की दूरी लगभग 1 किलोमीटर पश्चिम है व घटनास्थल से थाना आटा की दूरी लगभग 5 किलोमीटर है! वर्तमान में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है! दृष्टिगत!

## सात दिन से लापता युवती कुएं में मिली

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर अमौली ।चाँदपुर थाना क्षेत्र के अमौली कस्बे में आज सुबह चौराहे के कुएं में एक युवती मिली। गंभीर हालत में उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया। एसओ का कहना रहा कि परिजनों की ओर से शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

जानकारी के अनुसार दयाशंकर पाल की बेटी का विवाह 15 जुलाई 2021 को आलमपुर सिकंदरा कानपुर देहात में हुआ था। परिजनों ने बताया कि निधी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है। 22 जुलाई को निधी को उसके पिता दयाशंकर अपने साथ मायके ले आये थे। अगले दिन ही निधी सुबह अचानक गायब हो गई थी। जिसकी परिजन तलाश कर रहे थे। शनिवार सुबह कस्बे का ही एक व्यक्ति सूखे पड़े कुएं में कूड़ा फेंकने गया था। तभी उसने कुएं में एक महिला को पड़ा देखा तो शोर हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुएं की स्थिति देखी तो उसमें गैस थी। पुलिस की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों और स्थानीय होमगार्ड कमलेश कुमार कुएं में नीचे उतर कर महिला को बाहर निकाला। महिला की पहचान निधी के रूप में हुई तो परिजन भी मौके पर पहुंच गए। महिला की हालत गंभीर देख उसे सीएचसी अमौली ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। एसओ केशन सिंह ने बताया कि महिला को इलाज के लिए कानपुर भेजा गया है। परिजनों की ओर से किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है। शिकायत होने पर मामले की जांच की जाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

’अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठान पंजीयन, उपकर वसूली, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया



कि समस्त कार्यो के सापेक्ष निर्माण लागत का 1 प्रतिशत लेबर सेस बोर्ड के खातें में जमा करना सुनिश्चित करें तथा बोर्ड की आई0डी0 नचइवबू. पद पर उक्त की आनलाइन फीडिग सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा आई0डी0ध्पासवर्ड बनाकर समन्वय किया जाये। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उनकी साइट पर कार्यरत सभी निर्माण श्रमिकों का जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से शत–प्रतिशत पंजीयन कराया जाये। श्रम विभाग द्वारा अधिक से अधिक श्रमिक पंजीयन तथा आयुष्मान कार्ड बनावायें। उन्होने बताया कि बोर्ड द्वारा जारी आयुष्मान कार्ड की सूची के अनुसार श्रमिक अपने निकट के जनसेवा केन्द्रध्सी0एस0सी0 से सम्पर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विमलेंद्र शेखर, सहायक श्रम आयुक्त गोविंद यादव, उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपद भदोही के राष्ट्रीय राजमार्ग मे घोसिया में हिंदू युवा वाहिनी की तरफ से कांवरियों को सेवा किया गया

भदोही ।जनपद भदोही के राष्ट्रीय राजमार्ग घोसिया में हिंदू युवा वाहिनी की तरफ से सेवा प्रदान किया गया जिसमें सभी कावड़ यात्रियों को प्रसाद वितरण किया गया प्रयागराज से चलकर वाराणसी की तरफ



जाने सभी कांवरियों को हिंदू युवा वाली सेवा समिति की तरफ से प्रसाद बांटा गया जिसमें वाराणसी की तरफ जाने वाले सभी कवियों को रोककर सेवा समिति की तरफ से प्रसाद वितरण किया गया जिसमें मुख्य रुप से ऋषि शुक्ला हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक भदोही के द्वारा उनकी टीम के द्वारा सभी शिव भक्तों का हार्दिक स्वागत है अभिनंदन किया गया इस कार्यक्रम में बर्तन के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया सभी शिव भक्तों का स्वागत किया प्रसाद वितरण कार्य किया गया जिसमें बढ़ चढ़के हिस्सा लिया गया ऋषि शुक्ला सोहन गुप्ता मोहित जयसवाल सचिन शुक्ला मोहित जयसवाल चंदन यादव अभिषेक पांडे सौरभ सौरभ गुप्ता अरुण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

भदोही मोहम्मद मासूम



## शिकायत पर पहुंची पुलिस ने मौके से धार्मिक पुस्तकों व कुछ महिलाओं को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

⊠ जन्मदिन पार्टी की आड़ में धर्म परिवर्तन का प्रयास

शनिवार की दोपहर लगभग 2.00 बजे कस्बे के विष्णु नगर वार्ड (दलित बस्ती) में किराए के मकान में रहने वाली इन्द्रकला पत्नी महेंद्र कुमार निवासी ग्राम पिपरी थाना कप्तानगंज ने अपने बेटे के जन्मदिन पर पार्टी का आयोजन किया था। जिसमें काफी संख्या में आसपास के गांवों की महिलायें और पुरुष एकत्रित थे। बताया जाता है कि उपस्थित लोगों को एक धर्म विशेष के प्रति प्रेरित किया जा रहा था जिसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दिया। सूचना पर आनन–फानन मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही कुछ लोग वहां से खिसक लिए किन्तु तलाशी के दौरान मौके से कुछ धार्मिक पुस्तकें प्राप्त हुई। आयोजक सहित लगभग आधा दर्जन महिलाओं को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले आई और पूछताछ करना शुरू कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे के दलित बस्ती में जन्मदिन पार्टी के नाम पर धर्म परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंचा तो वहां से कुछ धार्मिक पुस्तकें आदि प्राप्त हुई जिसके आधार पर प्रथम दृष्टया सूचना को सत्य मानते हुए कुछ महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले से जुड़े वास्तविक लोगों का नाम प्रकाश में आते ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।



## नवागंतुक थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार संभ्रांतजनों ने किया भव्य स्वागत

अनुराग ठाकुर दैनिक अयोध्या टाइम्स बेला–औरैया–जनपद औरैया के थाना बेला के प्रभारी निरीक्षक जीवाराम के स्थानांतरण व उनके स्थान पर नवागंतुक थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर संभ्रांतजनों ने उनका भव्य स्वागत किया।





जनपद औरैया के बेला थाने में करीब 10 माह पूर्व नियुक्त हुए निवर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक जीवाराम के बिधूना कोतवाली स्थानांतरण होने व उनके स्थान पर प्रभात कुमार सिंह द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर संभ्रांत जनों ने निवर्तमान व वर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक का भव्य स्वागत किया, इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी व पत्रकार घनश्याम सिंह व करणी सेना के जिला संगठन मंत्री गोविन्द सेंगर ने दोनों अधिकारियों का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया, इस मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने पत्रकार बंधुओं व क्षेत्रीय जनता द्वारा दिए गए सहयोग व सम्मान का आभार जताया, वहीं पर नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता को पर सुरक्षा व न्याय प्रदान कर उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।।

## बेला में जल भराव व भीषण गंदगी से बजबजा रही नालियां,कई मोहल्ले गंदगी व जलभराव के समुद्र में डूबे

बदबू और सड़ांध से मोहल्ले वासियों का नाक में दम

जल निकास नालियों की सफाई के नाम पर होती है हाथ की सफाई



औरैया। विभागीय अधिकारियों की घोर अनदेखी से बिधूना विकास खंड का कस्बा बेला जल निकासी सुविधाओं के अभाव में गंदगी से पट गया है जिसके फलस्वरूप जल निकास नालियां भीषण जलभराव और गंदगी से बजा रही हैं।

बेला कस्बा ग्राम बेला व क्षेत्र के अन्य ग्रामों में जल निकास नालियों का अभाव है जो नालियां बनी है वे सफाई के अभाव में बजबजा रही हैं, पिछले दिनों कस्बा वासियों के काफी हो हल्ला मचाने पर प्रतिबंध के बावजूद जेसीबी से नालियों की सफाई के नाम पर हाथ की सफाई दिखाई गई और इतिश्री हो गई, नजदीकी ग्रामों में गंदगी का साम्राज्य स्थापित होने से संक्रामक बीमारियां फैलने का अंदेशा बढ़ गया है, जल निकासी सुविधाओं के अभाव में तिर्वा रोड के समीप डब्बू मिश्रा के मोहल्ले, मंडी समिति के पीछे,बिधूना रोड पर, थाना परिसर के निकट गंदगी के विशाल महासागर बन गये हैं, यहां करीब बीस वर्ष से गंदगी और जलभराव की समस्या बरकरार है, इसी तरह कई स्थानों पर जल निकास वर्षों से बंद हैं,कस्बे में व्याप्त गंदगी के संबंध में पूछने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान राजेश कुमार सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायत में एक ही सफाई कर्मी है, उसके पास काम अधिक है, इसलिए वह प्राइवेट लोगों को काम पर लगा कर सफाई करा रहे हैं, उन्होंने क्रम से कस्बे के अन्य स्थानों पर भी सफाई कराने का आश्वासन दिया।।

## किसानों की मेहनत रंग लाई आज प्रशासन द्वारा आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाया गयाः संयुक्तकिसान मोर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर



संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 27 जुलाई को ब्लॉक मुख्यालय ऐलिया का घिराव कर आवारा पशुओं का मुद्दा उठाया गया था!दिए गए ज्ञापन पर हुए समझौते के अंतर्गत तीन दिन में बम्हौरा क्षेत्र में घूम रहे आवारा सांडों को गौशालाओं में पहुंचाना था!आज किए गए वायदे अनुसार खंड विकास अधिकारी ऐलिया विकास सिंह ने नगर पालिका सहित क्षेत्रीय किसानों,पिंटू पूर्व प्रधान, बलजिंदर सिंह, प्रवीण प्रधान, दिलबाग सिंह,धर्मेंद्र सिंह, अर्जित सिंह, सुखदेव सिंह,अर्जुन सिंह, सर्वजीत सिंह आदि किसानों सहित संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू द्वारा मिले सहयोग के उपरांत सांडों की दहशत से क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं से निजात दिलाई! किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि समस्याओं का निपटारा तभी संभव है जब उसके लिए एकजुट होकर संघर्ष किया जाए!इसी क्रम में कल दस बजे से वि०ख० खैराबाद में आवारा पशुओं सहित अन्य समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा! क्षेत्रीय किसानों से निवेदन है कल कार्यक्रम में शामिल होकर अपने हकों के लिए एकजुटता के साथ प्रदर्शन में शामिल होने का कष्ट करें! पशुओं को गौशाला पहुंचाया गया ़ संयुक्त किसान मोर्चा।

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 27 जुलाई को ब्लॉक मुख्यालय ऐलिया का घिराव कर आवारा पशुओं का मुद्दा उठाया गया था!दिए गए ज्ञापन पर हुए समझौते के अंतर्गत तीन दिन में बम्हौरा क्षेत्र में घूम रहे आवारा सांडों को गौशालाओं में पहुंचाना था!आज किए गए वायदे अनुसार खंड विकास अधिकारी ऐलिया विकास सिंह ने नगर पालिका सहित क्षेत्रीय किसानों,पिंटू पूर्व प्रधान, बलजिंदर सिंह, प्रवीण प्रधान, दिलबाग सिंह,धर्मेंद्र सिंह, अर्जित सिंह, सुखदेव सिंह,अर्जुन सिंह, सर्वजीत सिंह आदि किसानों सहित संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू द्वारा मिले सहयोग के उपरांत सांडों की दहशत से क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं से निजात दिलाई! किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि समस्याओं का निपटारा तभी संभव है जब उसके लिए एकजुट होकर संघर्ष किया जाए!इसी क्रम में कल दस बजे से वि०ख० खैराबाद में आवारा पशुओं सहित अन्य समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा! क्षेत्रीय किसानों से निवेदन है कल कार्यक्रम में शामिल होकर अपने हकों के लिए एकजुटता के साथ प्रदर्शन में शामिल होने का कष्ट करें!

## टीम निरहुआ देवारा क्षेत्र में विकास के लिए पुरी तरह दिख रही एक्शन मोड में

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ जनपद के महाराजगंज विकासखंड के अंतर्गत देवरांचल क्षेत्र में आज भोजपुरी फिल्म के मशहूर कलाकार मनोज टाइगर जी उर्फ बताशा चाचा देवारा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। बाढ़ की चपेट में आने वाले गांव में जाकर लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लिया तथा उसके निदान के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य योजना बनाकर उसे क्रियान्वित करने की बात कही।



देवारा विकास सेवा समिति के अध्यक्ष राम केदार यादव ने देवारा क्षेत्र की जनता के दुर्दिन दूर करने के उद्देश्य से देवारा में पधारने के लिए उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकार स्वागत किया तथा देवारा क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीरता के लिए उनका आभार प्रकट किया। पूरा समय साथ में देवारा विकास सेवा समिति के सभी साथी भी मौजूद रहे।

मनोज टाइगर जी ने बताया कि माननीय सांसद महोदय दिनेश लाल यादव निरहुआ जी देवारा क्षेत्र में खास तौर पर उन्हें भेजा है। उन्होंने बताया कि देवारा क्षेत्र में पुल, बस, सड़क, सुविधा संपन्न अस्पताल आदि के लिए जल्द से जल्द काम शुरू हो जाएगा। इस मौके पर देवारा विकास सेवा समिति के प्रमुख पदाधिकारी रामचंद्र निषाद, रामदुलार यादव, विनोद यादव, विजय निषाद, चौधरी यादव, हरेंद्र यादव आदि लोगों के साथ साथ समाजसेवी प्रमोद यादव व उनकी टीम के लोग थे।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की तिथि को 15 दिन बढ़ाया जाएगा- मंत्री मत्स्य विभाग डा. संजय कुमार निषाद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

**PMSY के अंतर्गत 250 करोड़ के अनुदान को 16 हजार लोगों को मत्स्य संपदा से जोड़ा जाएगा- मंत्री मत्स्य विभाग डा. संजय कुमार निषाद**



बलरामपुर! शनिवार को कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग उ0प्र0 डा0 संजय कुमार निषाद बलरामपुर जनपद के दौरे पर है। निषाद बलरामपुर जनपद के न्च्ज सभागार में अपने मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं लाभार्थियों के साथ बैठक की और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया तथा संबंधित अधिकारियों को मत्स्य विभाग को और दुरुस्त करने को निर्देशित किया।

निषाद ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभ लेने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई थी किन्तु व्यापक प्रचार प्रसार ना होने के चलते सही ग्रामीणों क्षेत्रो में जानकारी प्राप्त हुई है जिसको लेकर मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर 15 दिन योजनाओं के लाभ के लिए बढ़ाने का निर्देश दिया है।

' निषाद ने बताया कि 16 हजार लोगों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 250 करोड़ रुपये का अनुदान देकर लाभांवित किया जाएगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशानुसार महिला उत्थान और SC/ ST वर्ग को 60 फीसदी अनुदान दिया जाएगा और सामान्य वर्ग को 40 फीसदी अनुदान देकर लाभांवित किया जाएगा।'

निषाद ने कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ केवल धनी वर्ग के लिए नही है, किन्तु इसके विपरीत गाँव के गरीब के लिए योजनाए बनाई गई और लाभ देने के लिए गरीब मछुआ परिवार के लिए निशुल्क मछुआ बीमा योजना लागू की गई है। डॉ0 संजय कुमार निषाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के 100 दिन पूरे होने पर बताया कि प्रदेश में मत्स्य विकास की अपार संभावनायें है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में गरीब मछुआ समुदाय के व्यक्तियों जिनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सुदृढ़ नहीं है या वह भूमिहीन है तो भूमिहीन व्यक्तियों को कोल्ड चेन की परियोजनाओं यथा साइकिल विथ आइस बाक्स, मोटर साइकिल विथ आइस बाक्स, थ्री व्हिलर विथ आइस बाक्स की सुविधा दी जा रही है। डॉ0 निषाद जी ने बैंकयार्ड आर0ए0एस0 की जानकारी देते हुए मत्स्य गतिविधियों से जुड़ने हेतु मछुआ समाज के लोगों से अपील भी की।

साथ ही उन्होंने बडे मत्स्य पालकध्मत्स्य व्यवसायियों से यह भी अनुरोध किया कि अपने आस पास के गरीब व निर्बल व्यक्तियों को मत्स्य पालन से लाभ हेतु प्रेरित करें ताकि उनके मत्स्य पालन तालाब/यूनिट से दिन प्रतिदिन मछलियों का क्रय कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकें तथा उत्पादन स्थल पर उत्पादक को भी अधिक से अधिक आय प्राप्त हो सके।

' निषाद ने बताया कि मछुआ आरक्षण के मुद्दे को लेकर निषाद पार्टी अस्तित्व में आई थी, और अपने मुद्दे को लेकर आज भी अडिग है', आरक्षण के मुद्दे पर सकारात्मक चर्चा हो रही है पूर्व की सरकारों ने आरक्षण के मुद्दे पर केवल राजनीति की है और आरक्षण को उलझा कर जटिल बना दिया है।

माननीय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री निषाद आरक्षण के मुद्दे को लेकर गंभीर है जल्द ही सुखद परिणाम सामने होंगे।

' निषाद बलरामपुर दौरे के दौरान प्रसिद्ध देवीपाटन मंदिर में दर्शन कर साथ ही देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की, निषाद ने देवीपाटन मंदिर के महंत जी से मुलाकात भी की इस दौरान अभिषेक प्रताप शाह, सांसद, कपिलवस्तु(नेपाल), श्री दृघ नारायण पाण्डेय, माननीय सांसद कपिलवस्तु(नेपाल), और राजेश गैवाली, लुम्बनी डेवेलपमेंट ट्रस्ट के सदस्य(नेपाल) मौजूद रहे।'

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों के हित के लिए करेगा संघर्ष

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) दिबियापुर की युवा टीम की नई कार्यकारिणी का गठन नगर के औरैया रोड पर स्थित शांति पैलेस में किया गया, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि संगठन व्यापारियों के हित के लिए हमेशा कार्य करेगा।

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री विपिन मित्तल,जिलाध्यक्ष राजेश वाजपेई( बबलू ) , युवा जिलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल की संस्तुति पर नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज ने नगर की युवा कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें सर्वसम्मति से युवा नगर अध्यक्ष सौरभ दुबे,महामंत्री गोविंदा सोनी, कोषाध्यक्ष आशीष विश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता विवेक, उपाध्यक्ष हरिओम सोनी, रिषी कुमार सिंह, गौरव दुबे,विनय यादव,अजय शर्मा, वरिष्ठ मंत्री मुसाहिद राजा,मंत्री चंदन गुप्ता, श्यामजी पोरवाल, कुशाग्र जिंदल, संदीप जैन, प्रशांत गुप्ता, वरिष्ठ संगठन मंत्री विनय शुक्ला, संगठन मंत्री पुष्पेंद्र राजपूत, नितिन गुप्ता, छोटे अली, ललित गुप्ता बब्बन, प्रशांत कुमार, विजय पोरवाल, ईशु गुप्ता व मुख्य टीम में संगठन मंत्री रामपाल सिंह तोमर, मंत्री विनोद पाल छोटे,विनोद शर्मा व जिला की टीम में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश सोनी राजाभैया,जिला मंत्री सुशील दुबे व युवा जिला उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता,युवा जिला संगठन मंत्री





अनुरुद्ध शुक्ला को नियुक्त कर मनोनयन पत्र वितरित किया गया।जिलाध्यक्ष राजेश बाजपेई (बबलू) ने कहा कि संगठन सदैव व्यापारी हित के लिए आवाज उठाता आया है। किसी भी व्यापारी भाई का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। संगठन का उद्देश्य व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है। व्यापारी वर्ग की छोटी–छोटी समस्याओं को दूर करने के लिए सभी को संगठित होकर रहने की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि आगामी 31 जुलाई को संगठन का जिला सम्मेलन आयोजित हो रहा है सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में औरैया पहुंचे। नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज ने व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने व्यापारियों से आहावान किया कि वह इस संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े।संगठन व्यापारी हितो की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। बैठक के अंत में संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश बाजपेई का जन्मदिन पदाधिकारियों ने केक काटकर शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा जिला कोषाध्यक्ष सक्षम गुप्ता,औरैया नगर अध्यक्ष अमर विश्नोई, दिबियापुर नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज , महामंत्री धीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता शक्ती, संगठन मंत्री राहुल यादव, रियाज अहमद,प्रदीप दुबे,मयंक भदौरिया, दीपक गुप्ता,सुखवीर सिंह व प्रमुख व्यापारी अजय गुप्ता लकी आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता समाजसेवी श्री कृष्ण पिछड़ा ,संचालन अजय गुप्ता पैराडाइज ने किया।

## सुर्खियों में छाए बीजेपी के ये विधायक, नहीं लेते वेतन, बच्चों को रोज पढ़ाने जाते हैं स्कूल

कुशीनगर। भारत में अकसर लोग यहां के राजनेताओं को उनकी पीठ पीछे गालियां देते हैं. क्योंकि यहां के नेता चुनाव होने तक तो जनता के बीच रहते हैं, लेकिन उसके बाद 5 सालों तक अता–पता ही नहीं रहता. लेकिन हर नेता को लेकर ऐसा नहीं कहा जा सकता. पैसे और ताकत के इस दलदल में कुछ नेता ऐसे भी हैं तो कुर्सी पाने के बाद भी पूरी शिद्दत के साथ समाज के उत्थान में लगे हुए हैं. आज हम आपको एक ऐसे ही नेता से मिलवाने जा रहे हैं, जो अपने काम की वजह से इन दिनों सुर्खियों में छाए हुए हैं।



विधायक बनने के बाद भी छात्रों को पढ़ा रहे सुरेंद्र कुशवाहा

जी हां, हम बात कर रहे हैं कुशीनगर से बीजेपी विधायक सुरेंद्र कुशवाहा की, जिन्होंने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता स्वामीप्रसाद मौर्या को हराकर जीत दर्ज की थी. दरअसल सुरेंद्र कुशवाहा पेशे से अध्यापक भी हैं और उन्होंने विधायक का वेतन लेने से साफ इंकार कर दिया है. उनका कहना है कि वह विधायक की जगह अध्यापक की सैलरी लेंगे. कुशवाहा स्थानीय पावानगर महावीर इंटर कॉलेज में सामाजिक विज्ञान पढ़ाते हैं और विधायक बनने के बाद भी नियमित तौर पर स्कूल में छात्रों को पढ़ाने जाते हैं. सुरेंद्र कुशवाहा चाहते तो औरों की तरह पांच साल तक अवैतनिक छुट्टी लेकर विधायकी का आनंद ले सकते थे, लेकिन उनके भीतर के शिक्षक ने इसकी गवाही नहीं दी और वह अब भी छात्रों को पढ़ाने का दायित्व निभा रहे हैं।

विधायकी का वेतन लेने से किया इंकार

सुरेंद्र कुशवाहा का कहना है कि वह बतौर विधायक अपना वेतन नहीं लेने के लिए पत्र भी लिख चुके हैं. वह शिक्षक का ही वेतन लेंगे और छात्रों को पढ़ाएंगे. यहां बता दें कि कुशवाहा केवल अपना वेतन छोड़ रहे हैं, बाकी भत्ते वे लेते रहेंगे. सुरेंद्र रोजाना 10 बजे विद्यालय पहुंचकर हाजिरी देते हैं और फिर पूरी शिद्दत के साथ बच्चों को पढ़ाते हैं. विद्यालय खत्म होने के बाद वह क्षेत्र में समय देते हैं. यही उनकी दिनचर्या है।

विधायक को अपने बीच पाकर छात्र गदगद

सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि वे अपना अधिकतम समय बच्चों को देना चाहते हैं, क्योंकि ये उनकी नैतिक जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि वे भले ही विधायक बन गए हों मगर बच्चों का समय पर कोर्स पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि जब सदन चलेगा तो उस दौरान वह अवैतनिक अवकाश पर रहेंगे. वहीं, शिक्षक के रूप में विधायक को अपने बीच पाकर बच्चे भी गदगद हैं. बच्चों के मन के एक अलग तरह की खुशी है कि उन्हें विधायक जी पढ़ा रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता संघ उतरौला के पदाधिकारियों के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र कुमार पाण्डेय व बीरेंद्र कुमार सिन्हा का नामांकन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) अधिवक्ता संघ उतरौला के पदाधिकारियों के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र कुमार पाण्डेय व बीरेंद्र कुमार सिन्हा का नामांकन हुआ है। इसी तरह महामंत्री पद के लिए अभिमन्यु कुमार,राम कुमार सिंह,ओम प्रकाश श्रीवास्तव व गयासुद्दीन ने अपना नामांकन दाखिल किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए मुस्तफा हुसैन, चन्द्रभान मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद के लिए आलैक कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार तिवारी कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए बैभव चतुर्वेदी,कुंवर जी, उपकनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए मोहम्मद निजामुद्दीन सिद्दीकी, संयुक्त मंत्री पद के लिए राज कुमार मिश्र, मारूति नन्दन गुप्ता, अखिलेश कुमार यादव व नवीन कुमार प्रजापति वरिष्ठ सदस्य कार्यकारणी मनसबदार मिनाई,स्वतत्र प्रकाश मौर्य, नरेंद्र कुमार वर्मा,अरूण कुमार गुप्ता,जयकरन योगेश कुमार वर्मा, कनिष्ठ सदस्य कार्यकारणी दिनेश कुमार,सर्वेश कुमार सिंह,नरसिंह यादव,अरनम सिंह,अकील हसन अजय कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इसकी जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त शम्भू लाल गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पहली अगस्त को नामांकन पत्र वापसी के बाद प्रत्याशियों के बीच चुनाव होगा। मतदान में 236 मतदाता 20 अगस्त को मतदान के बाद मतगणना कराई जाएगी और विजेताओं को उसी दिन शपथ दिलाई जाएगी।

### थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ' राजेश कुमार सक्सेना' द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ' नम्रिता श्रीवास्तव' व क्षेत्राधिकारी उतरौला उदय राज सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व मेः–



दिन शनिवार थाना गैंड़ास बुजुर्ग के उ0नि0 अजय कुमार मौर्य मय टीम के द्वारा देखभाल क्षेत्र एवं तलाश वांछित अपराधी व वारण्टी के दौरान न्यायालय सी0जे0जे0डी0/जे0एम0 उतरौलला महोदय द्वारा मामला संख्या 998/17 धारा 294 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त राजू पुत्र बुधराम निवासी ग्राम इटईरामपुर खास थाना गैंड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर के विरूद्ध जारी छठॅ के अनुपालन में वारण्टी राजू पुत्र बुधराम निवासी ग्राम इटईरामपुर खास थाना गैंड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर उपरोक्त को वहद ग्राम इटईरामपु खास से गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय रवाना किया गया।

### नम आंखों से 100सैया संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. के.के. का विदाई समारोह

बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट!!

अतरौलिया 100 सैया संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ केके झा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि आजमगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इंद्रनारायण तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के मिश्रा थे।

विदाई समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा डॉक्टर केके झा को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम भेंट किये।

विदाई समारोह में नम आंखों से डॉक्टर के के झा का विदाई करते हुए डॉक्टर ए के मिश्रा ने कहा कि डॉक्टर के के झा साथ मिलकर हमने इस



हॉस्पिटल को सींचा हैं। आज हॉस्पिटल अपनी बुलंदीयो पर पहुंचा है इसमें कहीं ना कहीं डॉक्टर केके झा का मेहनत है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंद्र नारायण तिवारी ने कहा कि डॉक्टर के के झा जब से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवा देना शुरू किए हैं और आज सेवा समाप्ति तक पूरी तरह निर्विवाद रहे हैं पूरे सर्विस के दौरान किसी भी तरह का इनका कहीं किसी प्रकार का विवादों से नाता नहीं रहा। डॉक्टर के के झा ने कहा कि अतरौलिया का यह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय मेरे लिए एक परिवार के समान था आज हमें वह कष्ट हो रहा है जो एक परिवार से बिछड़ते समय होता है।

इस हॉस्पिटल में हमारे समकक्ष, हमसे अनुज ,तथा कुछ हमसे वरिष्ठ लोग भी थे जिनकी सहयोग से हमने इस हॉस्पिटल को चलाया है इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ संजय कुमार, डॉ पी के राय,डॉ विनय यादव,डॉ मुकेश गुप्ता,डॉ ऐ के राय, डॉ प्रदीप कुमार,डॉ अमरेंद्र,सुभाम पांडेय,विवेकानंद चतुर्वेदी, संजय मिश्रा, पंकज पांडेय डॉ हमीर सिंह,डॉ अली हसन, सहित समस्त स्टाफ के लोग थे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन अगस्त को आएंगे आजमगढ़

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

- ***लोकसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी निरहुआ की जीत हासिल के बाद पहली बार मुख्यमंत्री का हो रहा जिले में आगमन***

आजमगढ़। लोकसभा सदर सीट के लिए हुए उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के जीत हासिल करने बाद पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन अगस्त को जिले में आएंगे। सीएम कार्यालय से संभावित कार्यक्रम की सूचना मिलने बाद प्रशासनिक अमला तैयारी में जुट गया है। संभावना जताई जा रही कि मुख्यमंत्री मंदुरी एयरपोर्ट सहित पूरी हो चुकी कई परियोजनाओं का लोकार्पण और कई नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। भाजपा के पदाधिकारी भी अपनी तैयारियों में जुट गए हैं।



एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर के हेलीपैड स्थल और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी जा रही है। वर्षा का मौसम होने के कारण संभावना है कि राजकीय मेडिकल कालेज के आडिटोरियम हाल में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

यहीं पर कई विभागों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी देंगे, जिसमें पीएम स्वनिधि योजना, पीएम आवास योजना, घरौनी, स्वयं सहायता समूह आदि की महिलाएं व लाभार्थी शामिल हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष आजमगढ़ ध्रुव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर संगठन की ओर से भी तैयारी की जा रही है।

## पीलीभीत साइबर क्राइम सेल द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से हुये आनलाइन फ्राड में गयी 2,00,000 रुपये की धनराशि को कराया वापस

पीलीभीत। पुरनपूर शाहनवाज अली पुत्र मुवारक अली निवासी मोहल्ला चौक थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत के साथ दिनांक 18.06.2022 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन काल कर अपने आप को एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड का अधिकारी बताकर एक्सिस बैंक के फ्लिपकार्ट क्रेडिट कार्ड का 5000 रूपये का आफर देते हुए एक्सिस बैंक के वीजा क्रेडिट कार्ड से 2,00,000 रूपये की हुई अवैध निकासी के सम्बन्ध में दिनांक 22.06.2022 को प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था ।



पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम द्वारा तत्काल संबंधित कम्पनी एवं मर्चेन्ट से सम्पर्क कर आवेदक शाहनवाज अली उपरोक्त के साथ फ्रॉड हुयी सम्पूर्ण धनराशि 2,00,000/– रूपये को आवेदक के खाते में वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि (2 लाख रुपये) वापस होने पर आवेदक द्वारा साइबर क्राइम टीम की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी एवं धन्यवाद भी प्रकट किया गया।

साइबर क्राइम सैल पीलीभीत टीम
निरीक्षक अजय कुमार यादव प्रभारी साइबर क्राइम सेल
.कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड 'ए' अंकुर कुमार साइबर क्राइम सेल
आरक्षी अनुज कुमार साइबर क्राइम सेल आरक्षी अंकित कुमार साइबर क्राइम सेल ।

## अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने छात्र/छात्राओं को ऐथिक्स, सामान्य अध्ययन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी

पीलीभीत। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में यूपीएससी/यूपीपीएससी/जेईई/एनईईटी/यूपीएसएसएससी/एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क कक्षाओं का संचालन ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कॉलेज में शिक्षकों/अधिकारियों





का गठित पैनल के द्वारा नियमित कक्षाऐं संचालित की जा रही है। इसी क्रम में आज शनिवार को जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा प्रातः 8:30 बजे से 10:00 के मध्य सिविल सेवा परीक्षा हेतु ऐथिक्स, सामान्य अध्ययन विषय के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पढ़ाया गया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि परीक्षा की अच्छी तैयारी हेतु प्रत्येक माह लक्ष्य बना का तैयारी करें और प्रत्येक विषय को समान समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबल से पढ़ाई करें। उत्तर लेखन में समय सीमा का ध्यान रखते हुये वितग वर्षों में पूछे गये प्रश्नों पर लिखने का प्रयास करें।

इस दौरान बच्चों द्वारा भी विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासा एवं प्रश्नों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से चर्चा की गई।

## मार्ग कर (रोड टैक्स) के बकाये वाहनों के लिए ''एकमुश्त शास्ति समाधान योजना'' की अधिसूचना जारी

पीलीभीत। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) पीलीभीत द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 शासन परिवहन अनुभाग–4 के द्वारा मार्ग कर (रोड टैक्स) के बकाये वाहनों के लिए ''एकमुश्त शास्ति समाधान योजना'' की अधिसूचना जारी की गई। उक्त योजना के तहत मार्ग कर के बकाये में निहित वाहन के स्वामियों को कर के शास्ति (पेनाल्टी) में शत प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है। यह छूट दिनांक 01.04.2020 से पूर्व पंजीकृत वाहन स्वामियों के लिए है। योजना का लाभ दिनांक 27.06.2022 से एक माह की अवधि के लिए प्रदत्त किया गया था, जिसकी मुख्यालय के आदेशानुसार एक माह के लिए बढ़ायी गयी है। वाहन स्वामी उक्त योजना का लाभ दिनांक 26.08.2022 तक प्राप्त कर सकते है। ऐसे वाहन स्वामी जिनका वाहन दिनांक 01.04.2020 से पूर्व पंजीकृत हुआ हो, मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा–51 के तहत कब्जे में ले लिया गया हो, के वाहन स्वामी या वित पोषक, ऐसे वाहन स्वामी या उनके उत्तराधिकारी जिनको बकाया की वसूली हेतु नोटिस या वसूली पत्र प्रेषित किया गया हो। आवेदन की प्रक्रियाध्शर्तेः– एक मुश्त समाधान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए वाहन स्वामियों को परिवहन कार्यालय पीलीभीत में प्रस्तुत करें, एक माह के भीतर शास्ति (पेनाल्टी) से शत प्रतिशत टूट के साथ बकाया कर जमा करना अनिवार्य है। एक माह के भीतर कर जमा न करने की दशा में वाहन स्वामी को पूर्व की भांति की शास्ति सहित कर जमा करना होगा।

ऐसे समस्त वाहन स्वामियों (बस, ट्रक, मिनीट्रक, जीप–टैक्सी, टैम्पो–टैक्सी, लोडर, ई–रिक्शा, जेसीवी इत्यादि) को सूचित किया जाता है कि जिनके वाहन दिनांक 01.04.2022 से पूर्व पंजीकृत है एवं जिन पर मार्ग कर बकाया हो, वह दिनांक 26.08.2022 तक एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के तहत शास्ति में शत–प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त करते हुए जमा करें।

## निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 01.08.2022 से प्रारम्भ

पीलीभीत। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 01.08.2022 से प्रारम्भ की जा रही है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के नियम 23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम–26बी द्वारा अधिसूचित फार्म बी में दिया जायेगा। फार्म 6 बी ऑनलाइन nvsp.in पर उपलब्ध रहेगा। स्व प्रमाणन के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टलध्एप् पर ऑनलाइन फार्म 6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारीधनिर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बी0एल0ओ0, ई0आर0ओ0 या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से आफलाइन फार्म जमा कराने हेतु समुचित मात्रा में फार्म 6बी उपलब्ध कराने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश निर्गत कर दिये गए हैं। आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 02 तिथियां 07 अगस्त एवं 21 अगस्त को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म 6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं।

मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराया गया हैं किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जायेगा। उक्त अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन/अपमार्जनध्संशोधन इत्यादि से सम्बन्धित फार्मों को परिवर्तित किया गया हैं परिवर्तित फार्मों में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म 6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म 7 तथा निवास परिवर्तनधनिर्वाचक नामावली में संशोधनध्मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापनधदिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म–8 है।

आयोग द्वारा चार अर्हक तिथिया यथा 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हत तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है।

# उद्योग/व्यापारी बन्धु की समस्याओं का त्वरित किया जाये निस्तारण

पीलीभीत । जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में व्यापार बन्धुध्उद्योग की समीक्षा बैठक देर शाम गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की समीक्षा के दौरान व्यापारिक बन्धु द्वारा अवगत कराया गया शहर में भीड भाड़ वाले इलाकों में बडे वाहन से जमा की स्थिति उत्पन्न होती, जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया बडे वाहनों को दिन के समय में भीड भाड वाले इलाकों में जाने पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। व्यापारिक बन्धु द्वारा यशवन्तरी देवी मन्दिर से ठेका चौकी तक व ओम लॉन से एकता सरोवर तक जाने वाले मार्ग में गढ़ढे की समस्या अवगत कराया गया। जिलाधिकारी अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि मार्ग पर गढ्ढा मुक्ति का कार्य कराया जाये। इसके साथ ही साथ होटल सिल्वर लीफ के पास बने ओवरब्रिज प्रारम्भ में रोड चौडीकरण कराने का प्रस्ताव दिया गया, साथ ही साथ नौगवा ओवरब्रिज एव अण्डर पास पर बडे बडे गढ्ढे की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। व्यापारिक बन्धुओं द्वारा जिलानी द्वारा ओम लॉन से जाने वाली रोड की इण्टरलॉकिंग



खराब/उखड़ जाने की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साथ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र के 71 खाली पडे प्लाट स्वामियों को नोटिस देकर चेतावनी दी गयी जिसमें 28 प्लाट स्वामियों द्वारा अपने खाली पडे प्लाट की बाउण्ड्रीवाल करा ली गयी है।

जिलाधिकारी द्वारा उद्योग बन्धु की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि जनपद की समस्त इकाई अपने यहाँ ऐसे अभ्यर्थियों का चयन ट्रेडवार करते हुये सूची आई0टी0आई0 को उपलब्ध कराये।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि कम से कम 02–02 शिशिक्षु को जनपद की औद्योगिक इकाईयों में अप्रेन्टिस हेतु रखा जाये। उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि औद्योगिक आस्थान ललौरीखेडा में उद्यमियों द्वारा आवंटित भूखण्डोध्शेडो में कार्य नही जा रहा है। उद्योग विभाग द्वारा मात्र 03 इकाईयो को नोटिस जारी किये गये। जिलाधिकारी उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया वह 15 दिन में औद्योगिक आस्थाना, ललौरीखेडा में इकाईयो का भौतिक निरीक्षण कर अवगत कराना सुनिश्चित करें तथा बन्द इकाईयों के निरस्तीकरण करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। औद्योगिक आस्थान ललौरीखेडा में इकाईयों का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित किया जाये। भूखण्ड बरखेडा एवं जहानाबाद के रिक्त भूखण्डों के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई एवं बरखेडा में उद्यमियों के साथ बैठक कर उद्योग स्थापना हेतु प्रेरित किया। जिसके उपरान्त भू–आवंटन हेतु 07 इकाईयो के आवेदन कार्यालय में प्राप्त हुये है। मिनी औद्योगिक आस्थान पतरसिया, बरखेडा के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि भूखण्ड आवंटन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, उद्योग बंधु के पदाधिकारी व व्यापारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा सौभाग्य योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं एलईडी बल्ब देकर सम्मानित किया गया

पीलीभीत। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारत की आजादी के 75 वर्षों का उत्सव मनाने के लिए विद्युत वितरण मण्डल, पीलीभीत के सहयोग से ऊर्जा मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के पीलीभीत में गांधी प्रेक्षागृह पीलीभीत में आज दिनांक 30–07–2022 को बिजली महोत्सेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय सिंह गंगवार मा0 राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिले, उ0प्र0 शासन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मा0 विधायक बरखेडा प्रवक्तानन्द जी, मा0 जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह जी व मुख्य विकास विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियो द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता एस0के0 मधुकर जी , अधिशासी अभियन्ता विद्युत श्री ज्ञानेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

बिजली महोत्सुव का आयोजन राज्य और केंद्र सरकारों के बीच एक संयुक्त मंच के रूप में किया गया जिसमें बिजली के क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर किया गया। वर्ष 2014 में जो उत्पादन क्षमता 2,48,554 मेगावाट थी, वह बढ़कर अब 4,00,000 मेगावाट हो गई है, जो कि हमारी मांग से 1,85,000 मेगावाट अधिक है। भारत अब अपने पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात कर रहा है। पारेषण लाइनों में 1,63,000 सीकेएम वृद्धि की गई है, जो पूरे देश को एक फ्रिकवेंसी पर चलने वाले ग्रिड से जोड़ती हैं। लद्दाख से कन्याकुमारी तक और कच्छ से म्यांमार की सीमा तक यह दुनिया में सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। हम इस ग्रिड का उपयोग करके देश के एक कोने से दूसरे





कोने तक 1,12,000 मेगावाट विद्युत पहुंचा सकते हैं। हमने कॉप–21 में वादा किया था कि 2030 तक हमारी 40 प्रतिशत उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से होगी। हमने तय समय सीमा से 9 वर्ष पूर्व नवंबर 2021 तक यह लक्ष्य हासिल कर लिया है। आज हम नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 1,63,000 मेगावाट विद्युत का उत्पादन कर रहे हैं। हम विश्व में तेज गति से नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता संस्थापित कर रहे हैं। 2,01,722 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ हमने पिछले पांच वर्षों में 2,921 नए सब–स्टेशन का निर्माण, 3,926 सब–स्टेशनों का संवर्धन, 6,04,465 सीकेएम एलटी लाइनों कासंस्था पन, 11 केवी की2,68,838 एचटी लाइनों का संस्थापन, 1,22,123 सीकेएम कृषि फीडरों का फीडर पृथक्करण और संस्थापित करके वितरण अवसंरचनाको सुदृढ़ किया है। वर्ष 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतआपूर्ति का औसत 12.5 घंटे था जो अब बढ़कर औसतन 22.5 घंटे हो गया है। सरकार ने विद्युत(उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 बनाए हैं जिसके तहत–नया कनेक्शन प्राप्त करने की अधिकतम समय सीमा अधिसूचित की गई है। रूफ टॉप सोलर को अपनाकर उपभोक्ता अब उत्पादक भी बन सकते हैं। समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जाएगी। मीटर संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिए समय–सीमा अधिसूचित की गई है। अन्य सेवाओं के लिए राज्य विनियामक प्राधिकरण समयसीमा अधिसूचित करेगा। वर्ष 2018 में 987 दिनों में गांवों का 100 प्रतिशत का विद्युतीकरण(18,374) का लक्ष्य हासिल किया गया। 18 महीनों में 100प्रतिशत घरों के विद्युतीकरण(2.86 करोड़) का लक्ष्य हासिल किया गया। इसे दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकरण अभियान के रूप में जाना गया है। लोगों के लिए सौर पंपों का उपयोग शुरू करने के लिए योजना जिसके तहत – केंद्र सरकार 30प्रतिशत सब्सिडी देगी और राज्य सरकार 30प्रतिशत सब्सिडी देगी। इसके अलावा 30 फीसदी ऋण की सुविधा मिलेगी। बिजली महोत्सव सम्पूर्ण देश में उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर ध2047 के तत्वाधान में मनाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी हो और बिजली क्षेत्र के विकास को वृहद पैमाने पर नागरिकों तक पहुंचाया जा सके।

कार्यक्रम में स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृति कार्यक्रम एवं नुक्कड नाटको के माध्यम से जनता को विद्युत विभाग व उपभोक्ता अधिकारो के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बिजली के क्षेत्र पर लघु फिल्मों का एलईडी पर संचालन कर दिखाया गया।

इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा बिजली के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गयी है। मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा सौभाग्य योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र व एलईडी बल्ब देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मंसूर अहमद शम्सी द्वारा किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली क्षेत्र में पैदल गशत कर शांति व्यवस्था व श्रावण मास में श्रद्धालुओं के आने-जाने के मार्ग, मुख्य चौराहों व बाजार का लिया जायजा

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र में रात्रि भ्रमणध्पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था व श्रावण मास के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आने–जाने के मार्ग, मुख्य चौराहों व बाजार का लिया जायजा। द्वारा प्रमुख चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को लगातार निगरानी रखने व जिन जगहों पर कैमरे नहीं लगे है वहां पर कैमरे लगाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया। द्वारा आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का अहसास दिलाया।



# गांधी स्टेडियम के सभागार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को निःशुल्क साड़ियों का वितरण

पीलीभीत। बाल विकास विभाग में तैनात ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को वितरित की जा रही साड़ियों के वितरण कार्यक्रमों में बीते दिन संजय सिंह गंगवार माननीय राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वयं वितरण स्थल पर मौजूद रह कर कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को दी जाने वाली वर्दी साड़ियों का वितरण किया गया।

बाल विकास विभाग में कार्यरत्त ऑनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रति वर्ष वर्दी के रूप में विशेष रंग और मोनोग्राम युक्त साड़ियां उपलब्ध करायी जा रही हैं। जिसके अन्तर्गत वर्तमान में परिवर्तित मोनोग्राम ऑगबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को निःशुल्क साड़ियों का वितरण गांधी स्टेडियम के



सभागार में माननीय राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें द्वारा किया गया।

माननीय मंत्री जी के हॉथो से ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को दो दो साड़ी प्राप्त कर कफी प्रसन्न नजर आयीं।

इस अवसर पर ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को सम्बोधित करते हुए पीलीभीत के लोकप्रिय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार जी ने कहा कि आप सब बहुत अच्छा कार्य कर रहीं हैं लाभार्थियों को लाभ दे रही हैं तथा बवइपक–19 काल में आप लोगों द्वारा अत्यंत सराहनीय कार्य किया गया तथा प्रत्येक परिवार के घर में जाकर उनकी देखभाल तथा दवा आदि पहुंचाने का कार्य किया गया। सब इसी तरह अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहें तथा यदि आपको अपने दायित्व निर्वहन में कहीं भी कोई भी दिक्कत आये तो आप मुझे अपनी समस्या से अवगत करायें आपकी समस्या के निवारण का हर सम्भ्व प्रयास किया जायेगा।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह , डीपीओ अरविन्द कुमार , प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी लोलौरीखेड़ा य शहर पीलीभीत एवं अमरिया के साथ–साथ नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# बदमाशों की चहलकदमी से रात जागकर काट रहे लोग

पीलीभीत पूरनपुर ।बीती रात सिमरिया और पुन्नापुर गांव में कुछ संदिग्धों की चहल कदमी देखे जाने से ग्रामीण दहशत में आ गए बड़ी संख्या में एकत्र होकर ग्रामीणों ने शोर–शराबा शुरू कर दिया।

इस पर बदमाश घटना को अंजाम नहीं दे सके और दबे पांव वापस लौट गए।लगातार बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र मैं बीते दो सप्ताह से बदमाशो की आवाजाही देखी जा रही है।सूचना के बावजूद पुलिस गश्त में खानापूरी कर रही है।बीती रात सिमरिया और पुन्नापुर गांव के बाहर कुछ लोगो ने संदिग्ध लोग दिखाई दिए।वारदात को अंजाम देने की फिराक में गांव के आसपास काफी देर तक घूमते रहे।इस दौरान चोरों की चहलकदमी लोगों ने देख ली,तो उन्होंने एकजुट होकर शोर–शराबा करना शुरु कर दिया।

इस पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।काफी देर तक ग्रामीण हो हल्ला मचाते रहे।मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

इस पर घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंची।लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे।लगातार चोरों की चहल कदमी से ग्रामीण रात जागकर काटने को मजबूर हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि चोर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया सिमरिया में बदमाश देखे जाने की कोई सूचना पुलिस को नही मिली है।कुछ गांव में तो खाली अफवाह फैली हुई है।फिर भी पुलिस सर्तक है।

# संक्षिप्त समाचार

### शासकीय एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में अगस्त माह में मंडलायुक्त कार्यालय पर होगी सुनवाई

पीलीभीत। मण्डल में कार्यरत शासकीय एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में माह अगस्त 2022 से प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ गुरूवार को मा0 मण्डलायुक्त द्वारा मण्डलायुक्त कार्यालय में मध्यान्ह 12:00 बजे से 01:00 बजे तक सुनवाई की जायेगी। जनपद के समस्त शासकीय एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी कर्मचारी को कोई समस्या हो तो वह निर्धारित दिवस को मा0 मण्डलायुक्त महोदया के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं।

### बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के सम्बन्ध में महानुभावों के नामांकन दिनांक 20.07.2022 तक उपलब्ध

पीलीभीत। वित्तीय वर्ष 2022–23 में मल्लिका ए गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा/ठुमरी/गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक, जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के सम्बन्ध में महानुभावों के नामांकन दिनांक 20.07.2022 तक उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, परन्तु नामांकन न प्राप्त होने के कारण अब पात्र महानुभावों के नामांकन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 20.08.2022 निर्धारित की गई है।

### श्री संजय गंगवार मा0 राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उ0प्र0 शासन द्वारा रात्रि में औचक निरीक्षण

पीलीभीत। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग में दिये गये निर्देशों के क्रम में समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारी/तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को अपनी तैनाती के क्षेत्र (तहसील/सर्किल/ब्लाक) में निवास करने हेतु निर्देशित किया गया था। दिनांक 29.07.2022 को रात्रि में श्री संजय गंगवार मा0 राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उ0प्र0 शासन के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पूरनपुर व तहसीलदार पूरनपुर तहसील मुख्यालय पर निवासरत नहीं पाये गये। मा0 मंत्री जी के द्वारा उक्त के सम्बन्ध में घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

### उप जिलाधिकारी पूरनपुर व तहसीलदार पूरनपुर को स्पष्टीकरण जारी

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा मौखिक व लिखित निर्देशों के बाबजूद भी तहसील मुख्यालय पर निवास न किये जाने पर उप जिलाधिकारी पूरनपुर व तहसीलदार पूरनपुर को स्पष्टीकरण जारी करते हुये लौटती डाक से जबाब उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

### सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे शिवभक्त

पीलीभीत पूरनपुर ।सावन माह में जल लेने के लिए लगातार कावड़ियों का जत्था गंगा जी के लिए रवाना हो रहे है ।शनिवार को तमाम संख्या में शिव भक्त टोली के रूप में बम भोले के जयकारों के साथ जनपद फर्रुखाबाद के घटियाघाट को जल लेने के लिए रवाना हुए। गांव की तमाम महिलाओं व ग्रामीणों ने शिव भक्तों को तिलक चंदन लगाकर मिठाई खिलाकर गांव से रवाना किया। कावड़ियों का जत्था रवाना होते समय पुलिस फोर्स की मौजूदगी रही।



सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव जगतपुर निवासी तमाम संख्या में शिवभक्त शनिवार को गंगा जल लेने के लिए रवाना हुए। शिव भक्तों ने बताया कि वह रविवार सुबह घटियाघाट फर्रुखाबाद से जल भर कर सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ खीरी पहुंचकर पौराणिक शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे ।ग्रामीणों ने सभी कावड़ियों का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर गांव से यात्रा मंगलमय होने की कामना के साथ रवाना किया। गंगाजल लेने जाने वालों में विजेंद्र सिंह,रामलड़ैते गौतम,यशपाल सिंह,नरेंद्र,अशोक गिरी, विकास सिंह,मनोज,कमलेश कुमार,दीपक सिंह सहित तमाम संख्या में शिव भक्त शामिल हैं।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की व्यवस्था में लगाये पुलिस बल के साथ की गयी समीक्षा बैठक

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा कांवड यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में लगाये गये पुलिस बल को कांवड यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी राजपत्रित अधिकारियों / थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं को रुकने हेतु उचित शिविर व्यवस्था की जाये जिसमें श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार, बिजली,पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो। श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करने वाले स्थानों एवं हाइवे पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकैटिंग, प्रकाश व्यवस्था,



गोताखोर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, साथ ही शिवालयों के आस–पास व रोड पर सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग, बैरिकेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। कांवड यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा प्रयोग मे लाये जा रहे डी0जे0 की आवाज को शासन द्वारा निर्गत मानकों के अनुरुप ही प्रयोग में लाया जाये व डी0जे0 की छत एवं ट्रालियों पर अव्यवस्थित रूप से कोई भी श्रद्धालु बैठकर यात्रा न करें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाये। किसी भी प्रकार की धार्मिक या आपत्तिजनक पोस्ट पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी पीलीभीत सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पुलिस पर फायरिंग करने वाले छ बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पीलीभीत। पूरनपुर अपराधिक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर मुखबिर की सूचना पर लालपुर अंडरपास से पहले गुरमीत सिंह के ट्यूबवेल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो कि चौधरी की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने उनका घेराव किया जिस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी इस मामले में पुलिस ने ट्यूबवेल परिसर की बाउंड्री के पास से ही आवश्यक बल प्रयोग करते हुए 6 बदमाशों को पकड़ लिया था जिसमें अभियुक्त विपिन कुमार, फारुक, लालजीत, सोहेल, उबेश व कामिल को पुलिस ने अवैध 12 बोर तमंचा बच्चा चाकू सहित गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को पुलिस ने आज न्यायालय भेजा।



### साइबर क्राइम टीम पीलीभीत द्वारा चलाया गया साइबर जागरुकता अभियान

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक के दिशा–निर्देशन में जनपदीय साइबर क्राइम टीम द्वारा आज दिनांक 30.07.2022 को साइबर जागरुकता अभियान के अन्तर्गत व्यापार भवन चुंगी माल गोदाम पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम में पीलीभीत के जिला व्यापार मण्डल के प्रतिनिधिगण एवं व्यापारीगणों को बढ़ते हुए साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए साइबर अपराधों से बचाव, भारत सरकार द्वारा जारी साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 व साइबर कम्पलेन्ट बेवसाइट www.cybercrime.gov.in एवं साइबर अपराध से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। जागरुकता अभियान में निरीक्षक श्री अजय कुमार यादव प्रभारी साइबर क्राइम सेल व साइबर टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।



## हाईवे पर ट्रक चालक से मोबाइल और नगदी लूटने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार, जेल भेजें



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। हाईवे पर ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले दो बदमाश पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं जिन्हें कड़ी पूछताछ और लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिया गया!

बता दें15 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेशम बाग के निकट एक ट्रक चालक को रातके दौरान घेर कर दो अज्ञात लुटेरों ने चालक का मोबाइल एवं नगदी लूटकर फरार हो गए थे ताबड़तोड़ लूटपाट की घटनाओं से पुलिस महकमे में खलबली और हाइवे से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों में दहशत फैल गई थी जिसका पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। ट्रक चालक से लूट कांड में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ थाना फरीदपुर में मुकदमा अपराध संख्या 433/392 दो दर्ज कराया गया था। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए टीमें लगा दी पुलिस टीमों ने घटना का भंडाफोड़ करने के लिए जाल बिछा दिया लुटेरे आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गए। 30 जून को पुलिस टीम लुटेरों की तलाश में जुटी थी तभी बीसलपुर रोड अंडर ब्रिज के नीचे समय लगभग 10.30 बजे दो अभियुक्त बाइक पर सवार दिखाई दिए जिन्होंने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन भागने में कामयाब नहीं हो सके आखिर पुलिस की तेजतर्रार टीम ने लुटेरों की घेराबंदी कर दबोच लिया लुटेरों ने पूछताछ के दौरान अपने नाम नेत्रपाल पुत्र अनोखेलाल उम्र 39 वर्ष ऋषि पाल पुत्र खुशीराम उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम नवादा वन बताए हैं तलाशी के दौरान उनके पास से ट्रक चालक से लूटा गया विवो कंपनी का मोबाइल एक सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25 सीयू 1374 रंग काला बरामद कर घटना का पर्दाफाश कर दिया और गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

टीम मैं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक गौरव कुमार ,कांस्टेबल अमित कुमार ,सुशील कुमार शामिल रहे!

## इवनिंग वाक पर निकला छात्र हुआ लापता, पुलिस को तहरीर



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर।इवनिंग वॉक पर निकला छात्र रहस्यमय ढंग से अचानक लापता हो गया मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है!

नगर के मोहल्ला लाइन पर सुखदेव पुर निवासी सतीश शर्मा का 18 वर्षीय पुत्र चेतन शर्मा दिल्ली में रहकर कक्षा 10 में एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई कर रहा था कुछ समय से उसने पढ़ाई छोड़ दी और घर आ गया था 26 तारीख की शाम समय लगभग 7.00 बजे चेतन शर्मा घर से टहलने निकला था जो देर समय तक घर नहीं पहुंचा तभी परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी और सभी नाते रिश्तेदारी में उसको तलाशा मगर उसका कुछ पता नहीं चला तभी परिजनों ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी है पुलिस लापता छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर उसे तलाश करने में जुटी है।

## अनियंत्रित कार डिवाइडर पार करके उत्तराखंड की रोडवेज मैं घुसी, कई गंभीर रूप से घायल



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर।चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर को पार करके उत्तराखंड की रोडवेज बस में जा घुसी जिस में बैठी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल मैं भर्ती कराया और क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से हटवा कर थाने में खड़ा किया!

नेशनल हाईवे पर ग्राम टिसुआ के निकट गुरु कृपा ढाबे के सामने शाहजहांपुर से चलकर बरेली की तरफ जा रही एक इंडिका कार संख्या यूके 18 एच7675के ड्राइवर को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करती हुई बरेली की तरफ से आ रही टनकपुर उत्तराखंड की रोडवेज बस संख्या यूके 07 पी ए 2563 से टकरा गई जिससे कार में चालकसमेत तीन सवारी जिसमेंदिनेश कुमार निवासी गांव चतरा थाना तिलहर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन–फानन में घायल को एंबुलेंस द्वारा चिकित्सीय सहायता के लिए बरेली भेजा है और भारी मशक्कत के बाद क्रेन मंगवा कर क्षतिग्रस्त कार को हटाकर हाईवे का यातायात शुरू किया वही आगामी सोमवार की कावड़ मेला के चलते हुए नेशनल हाईवे को भारी वाहनों के लिए बंद किया गया है लेकिन फिर भी कई वाहन चालक हाईवे पर गाड़ियों को ले जा रहे हैं वही लोगों ने बताया कि कार ड्राइवर कार पर से अपना नियंत्रण खो बैठा जिस कारण कार डिवाइडर पर चलकर पलट गई और सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गई वहीं गनीमत रही कि रोडवेज के ड्राइवर द्वारा सावधानी का परिचय देते हुए बस को कंट्रोल कर लिया और एक बड़ी घटना होने से बच गई वहीं पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटाकर थाने में खड़ी कर दी है रोडवेज के परिचालक ने कार चालक ड्राइवर के खिलाफ असावधानी से गाड़ी चलाकर दुर्घटना करने की तहरीर पुलिस को सौंपी है!

## व्यापार मंडल ने किया नवागत अधिशासी अधिकारी का स्वागत

सिकंदराराऊ।नवांगुतक अधिशासी अधिकारी श्री चंद ने शनिवार को नगर पालिका परिषद में कार्यभार संभाला। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज पंडित के नेतृत्व में व्यापारियों ने नवागत अधिशासी अधिकारी का फूल माला एवं पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया और उनको सिकंदराराऊ की समस्याओं से अवगत कराया।



नवागत अधिशासी अधिकारी का कहना है कि नगर पालिका परिषद में पारदर्शी तरीके से काम करते हुए शासन की मंशा को पूरा किया जाएगा। नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। पारदर्शी तरीके से काम करते हुए शासन की मंशा को पूरा करना ही उनका उद्देश्य है। लोगों की समस्याओं का हल कराना उनकी पहली प्राथमिकता है।

स्वागत करने वालों में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज पंडित, कमलेश शर्मा, निखिल वर्ती पाठक, फहीम अंसारी आदि मौजूद रहे ।

## टीकाकरण केंद्र पर हुआ हंगामा, पीआरबी 112 पुलिस कर्मियों से मामला हुआ शांत

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
भुता। टीकाकरण केंद्र पर अवैध वसूली पर युवक ने हंगामा कर डाला सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने मामले को शांत कराया!

ब्लॉक भुता के ग्राम कौआ खेड़ा में हेपेटाइटिस बी के टीकाकरण के लिए टीम ने पहुंच कर गांव में 5 वर्ष से 70 वर्ष तक के टीकाकरण किया गया आज शनिवार को दूसरे दिन टीम के पहुंचने पर गांव के ही युवक निर्देश कुमार ने फर्जी टीकाकरण व 70 की अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए शोर मचा कर हंगामा खड़ा कर दिया और 112 को कॉल कर पुलिस को बुलाया तभी 112 की पुलिस ने पहुंचकर टीम के कर्मचारी व शिकायतकर्ता निर्देश कुमार थाने लेकर आई ।तभी कार्यवाहक थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने सीएमओ से फोन पर जानकारी की यह टीम के कर्मचारी संबंधित स्वास्थ्य विभाग से ही हैं। तो उन्होंने बताया की यह टीम कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग के ही हैं ।और सरकार के निर्देशानुसार गांव जाकर टीकाकरण कर रहे हैं ।यह स्पष्ट होने पर शिकायतकर्ता ने अपनी गलती की माफी मांगी । तभी मामला शांत हुआ। दोनों पक्षों के समझौते के बाद दोबारा फार्मेसिस्ट रितेश शर्मा असिस्टेंट रविन कुमार गांव कौवा खेड़ा जाकर टीकाकरण करने का कार्य किया। जिसमें लगभग 116 लोगों का टीकाकरण किया गया। फार्मेसिस्ट रितेश कुमार ने बताया की लीवर से होने वाली सभी बीमारियों के बचाव हेतु टीकाकरण किया जा रहा।

## केसीएमटी कैंपस 2.00 में धूमधाम से मना तीज महोत्सव छात्रा पूजा पाल के सिर सजा तीज क्वीन का ताज







अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। पीजीआई ग्रुप द्वारा संचालित केसीएमटी केंपस 2 सभागार में कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवंकॉलेज की प्राचार्य ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन और पूजा अर्चना के साथ किया बी एर्ड की छात्रा के सिर सजा तीज क्वीन का ताज प्रतिभागी छात्राओं और शिक्षिकाओं ने तीज क्वीन को बधाई दी!

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित केसरपुर के निकट पीजीआई ग्रुप द्वारा संचालित केसीएमटी कैंपस दो मैं निर्धारित कार्यक्रम के तहतशनिवार को वीएड विभाग सभागार में प्राचार्य डॉ प्रवीण रस्तोगी के मार्गदर्शन में, हरियाली तीज पर शानदार 'ग्रीन बैंगल्स, कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ नीलिमा गॉड एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ प्रवीण रस्तोगी नेमां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बरेली शहर की जानी मानी हस्ती डॉ नीलिमा गौड़ रहीं कॉलेज प्राचार्य ने गर्मजोशी से तुलसी वृक्ष देकर स्वागत किया मुख्य अतिथि ने फैशन , मेकअप एवं हेल्थ पर टिप्स देकर छात्राओं का मन मोह लिया व छात्राओं की विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन का चुनाव रहा ।

सभी छात्राओं ने तीज क्वीन प्रतियोगिता में बढ़– चढ़कर हिस्सा लिया व अपने –अपने जलवे बिखेरकर सभी का दिल जीत लिया । इसके अतिरिक्त बी.एड विभाग की विभिन्न छात्राओं ने एकल व समूह नृत्य की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए । कार्यक्रम से पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली , द्वितीय स्थान शिवानी कश्यप व तृतीय स्थान कामना ने प्राप्त किया य वहीं दूसरी ओर राखी एवं थाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉली , द्वितीय स्थान अभिषेक व तृतीय स्थान सुष्मिता ने प्राप्त किया । तीज क्वीन का ताज बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा पाल के सर पर सजा । कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी सभी छात्रध्छात्राओं को पुरस्कृत कर , सभी का उत्साहवर्धन किया गया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।

कार्यक्रम का कुशल संचालन रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से एम. एड. इंटर्नशिप पर आई मीनू व कमलेश ने किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे विद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रवीण रस्तोगी ने तीज क्वीन को बधाई देकर सभी का आभार व्यक्त किया।

## भुता इलाके केजीटीआर विद्यालय में मना तीज महोत्सव

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
भुताधविद्यालय प्रबंधक की मौजूदगी में शिक्षिकाओं और छात्राओं ने कार्यक्रम के तहत तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया प्रबंधक ने सभी को हरियाली तीज की बधाई दी!

क्षेत्र में जीटीआर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक टी आर गंगवार की मौजूदगी में तीज महोत्सव मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नीतू, निहारिका, और अंशिका ने जूनियर वर्ग में पहला दूसरा तीसरा स्थान प्राप्त किया। और प्राइमरी वर्ग से पहला स्थान अदिति ब साक्षी एवं राजप्रीत कौर ने दूसरा तीसरा स्थान प्राप्त किया है ।कार्यक्रम में सीपी गंगवार बृजेश गंगवार प्रगति ममता प्रिया आदि लोगों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधक ने प्रतिभागी छात्राओं और शिक्षिकाओं



को हरियाली तीज की बधाई दी!

## पुलिस ने कच्ची शराब भट्टी का किया भंडाफोड़ ,शराब तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। सावन के पवित्र माह में जहां भोले के भक्त दिन–रात पदयात्रा कर भोले का जलाभिषेक करते हैं उनकी सुरक्षा में पुलिस प्रशासन एड़ी से चोटी तक का जोर लगा रहा है वही कच्ची शराब तस्कर अपने काम को अंजाम देने में जुटे हैं पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामारी कर देहात इलाके के गांव में कच्ची शराब भट्टी का भंडाफोड़ कर शराब तस्कर को 10 लीटर कच्ची शराब एवं उपकरण समेत गिरफ्तार किया है जिसे आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया!

एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एवं एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे शराब तस्करों के खिलाफ अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व मैं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने देहात इलाके के गांव कुरमुरी में छापेमारी कर घर में चल



रही कच्ची शराब भट्टी का भंडाफोड़


किया है वही मौके से 10 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं पकड़े गए शराब तस्कर ने पूछताछ के दौरान अपना नाम श्री कृष्ण पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम कुरमुरी थाना फरीदपुर बताया है पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कच्ची शराब तस्कर को जेल भेज दिया!

टीम में उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा, कांस्टेबल शक्ति सिंह, शगुन शर्मा मौजूद रहे!

## धर्म सम्राट का सनातन धर्म रक्षा में रहा है अतुल्यनीय योगदान : स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी

☒ स्वामी करपात्री जी महाराज को श्रद्धांजली अर्पित कर मनाई करपात्री जयंती

अलीगढ़। सनातन धर्म रक्षक एवं गौभक्त पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज जो कि एक संत ही नहीं अपितु समाज के प्रणेता रहे हैं। आज सभी सनातन धर्म प्रेमी उनके द्वारा दिये गए नारों जिनमें धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो जैसे अनेकों अन्य नारों का स्मरण कर उनके पथ का अनुसरण कर रहे हैं। इसी क्रम में अलीगढ़ शहर के स्वर्णजयंती नगर सीजंस अपार्टमेंट स्थित वैदिक ज्योतिष संस्थान कार्यालय पर स्वामी करपात्री जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को गोष्ठी आयोजित की गयी । जिसमें अनेकों विद्वानों ने



महाराज जी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर विचार रखे। प्रातः कालीन बेला में वैदिक ज्योतिष संस्थान कार्यालय पर संस्थान प्रमुख महामंडलेश्वर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सभी सम्मानित विद्वानों द्वारा पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज की प्रतिमा का माल्यार्पण कर वेद मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। महामंडलेश्वर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने करपात्री जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि धर्मसम्राट, प्रकाण्ड विद्वान, गोवंश रक्षक स्वामी करपात्री जी महाराज का जन्म 1907 में उत्तरप्रदेश राज्य के प्रतापगढ जिले के भटनी गांव में रामनिधि ओझाजी के परिवार में हुआ। स्वामी जी को 8–9 वर्ष की आयु में ही सत्य का ज्ञान हो गया, स्वामी जी महाराज ने 'सत्य की जय हो, अधर्म का नाश हो । प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो आदि जयघोषों को जन जन तक पहुंचाया। सनातन धर्म के ज्ञान का प्रचार और प्रसार में अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। आज उनके द्वारा धर्म रक्षा में दिया गया योगदान अतुल्यनीय है।

स्वामी जी ने बताया कि स्वामी करपात्री जी महाराज ने तपस्या काल में ही पात्र का त्याग कर दिया था तथा दिन में केवल एक बार ही हाथ की अंजुली में जितना समाये, उतना ही भोजन लेकर वह ग्रहण करते थे इस वजह से उनका नाम करपात्री पड़ा। उपरोक्त चर्चा एवं परिचर्चा के बाद सभी ने गुरु स्तोत्र का पाठ किया। इस अवसर पर आचार्य गौरव शास्त्री, शिवम शास्त्री, संजय नवरत्न, रजनीश वार्ष्णेय, कपिल शर्मा आदि लोगों ने अपने अपने विचार रखकर स्वामी करपात्री जी महाराज को श्रद्धांजली अर्पित की।

## 12 अगस्त को मनाया जाएगा रक्षाबंधन का पर्व : पं विनय कुमार मिश्रा

☒ धाता और सौम्य योग में मनेगा रक्षाबंधन पर्व

सिकंदराराऊ। पंचमुखी हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं० विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि शास्त्रीय नियम के अनुसार रक्षाबंधन 12 अगस्त को ही मनाया जाएगा। धर्म सिंधु के अनुसार अपराह्न या प्रदोष व्यापिनी श्रावण शुक्ल रक्षाबंधन मनाई जाए । ऐसा निर्देश है किंतु शर्त यह हैं कि उस समय भद्रा व्याप्त नहीं होनी चाहिए। उपरोक्त विवरण के अनुसार यह योग 11 जुलाई को बनता है क्योंकि 11 जुलाई को प्रातः 10.38 से पूर्णिमा आ जाएगी। लेकिन 10.38 बजे से रात्रि 8.51 बजे तक भद्रा रहेगी। यथा–पूर्णिमायां भद्रारहितायां त्रिमुहुर्ताधिकोदय व्यापिन्यामपराह्ने प्रदोषे वा कार्यम्। जैसा धर्मसिंधु में उल्लेख है कि भद्रायां द्वे न कर्तव्यम् श्रावणी फाल्गुनी वा। श्रावणी नृपतिं हन्ति, ग्रामों दहति फाल्गुनी।

अर्थात भद्रा काल में दो त्यौहार नहीं मनाने चाहिए। श्रावणी अर्थात



रक्षाबंधन । फाल्गुनी अर्थात होली। भद्रा काल में रक्षाबंधन मनेगा तो राजा के लिए कष्टकारी है और होली दहन के समय भद्रा रहेगी तो प्रजा ,ग्राम आदि के लिए हानिकारक है। (इदम् भद्रायां न कार्यम्)

शुभ और कल्याण की इच्छा रखने वाली बहन, बेटियों माताओं को अपने भाइयों की कलाई में भद्राकाल में राखी नहीं बांधनी चाहिए। लौकिक व्यवहार में रक्षा विधान हमेशा सुबह के समय अथवा दोपहर में होता है इसीलिए इस दिन में उदया तिथि ली जाती है।12 अगस्त को प्रातः 7.05 बजे तक पूर्णिमा है उसके पश्चात प्रतिपदा आएगी। उस दिन सूर्य 5. 52 उदय होंगे। पूर्णिमा मात्र एक घंटा तेरह मिनट रहेगी। 12 अगस्त 2022 दिन शुक्रवार में सूर्य उदय के बाद 3 घड़ी से भी अधिक है । साकल्पादिता तिथि धर्म कृत्योपयोगी रक्षाबंधन के लिए श्रेष्ठ मानी जाएगी।कुछ विद्वान 11 अगस्त को रक्षाबंधन का बनाने का निर्णय कर सकते हैं जो शास्त्र के विपरीत है क्योंकि जिस समय पूर्णिमा आएगी उसी समय भद्रा आरंभ हो जाएगी और भद्रा में रक्षाबंधन करना शुभ नहीं होता है।12 अगस्त 2022 दिन शुक्रवार को धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 12. 00 बजे के बाद तक रहेगा । जिससे इस दिन धाता और सौभाग्य योग बन रहा है ।

जो बहन भाइयों के प्रेम को बढ़ाने वाला और उत्साहवर्धक होता है।12 अगस्त को राखी बांधने का शुभ मुहूर्त प्रातः काल 6.12 से 8.30 तक सिंह लग्न रहेगा जो स्थिर लग्न होता है (10.30 से 12.00 तक राहुकाल है उसका त्याग करना चाहिए)दोपहर 1. 06 से 3.24 तक वृश्चिक लग्न भी श्रेष्ठ है यह भी स्थिर लग्न होता है।इसके पश्चात 15.24 बजे से रात्रि 19.10 बजे तक कभी भी राखी बांध सकते हैं । राखी बांधने का मंत्ररूयेन बद्धो बलि राजा दानवेंद्रो महाबल तेनत्वां प्रति बध्नामि रक्षे मा चल मा चल।

उपरोक्त शुभ मुहूर्त में बहनें अपने भाइयों की कलाइयों में राखी बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और समृद्धि की कामना करें तो निश्चित ही उनको आपका आशीर्वाद बनेगा। नवग्रह उपायों के अंतर्गत जो व्यक्ति अपनी बहन ,बुआ और बेटियों का सम्मान करता है। उनको समय–समय पर उपहार आदि देता है। उनका बुध बहुत अच्छा हो जाता है उन्हें व्यापार, बिजनेस, नौकरी में निरंतर उन्नति होती रहती है।

## तीज महोत्सव में सावन के गीतों पर झूमी महिलाएं

सिकंदराराऊ। रेलवे रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में महिला मोर्चा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया । इस अवसर पर महिला संगीत के दौरान महिलाएं जमकर झूमीं और हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की। तीज महोत्सव में महिलाओं ने सावन के गीत गाए वहीं महिलाएं गीतों पर भी झूमीं। महिलाओं ने कार्यक्रम में मेहंदी भी लगाई।

महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि सावन माह में महिलाएं तीज का त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाती हैं। आज के समय में बेटियां किसी से भी कम नहीं हैं। वे बेटों से भी बढ़कर परिवार को संभालती हैं। कार्यक्रम में रेखा वार्ष्णेय, यशोदा वार्ष्णेय, राधा गुप्ता, मीरा माहेश्वरी, शशिवाला वार्ष्णेय, कमलेश शर्मा, अंजली वार्ष्णेय., सीता, सुषमा, नीलम, मीना सुमन, अनुराधा, मंजू, रेनू गर्ग , पूनम, रमा, पारुल, प्रियंका, शिल्पा , रश्मि, ममता , चंद्र प्रभा, चारु, उषा यादव, आरती




त्रिवेदी, स्वदेशआर्य आज मौजूद रहे।

## मोहर्रम, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक संपन्न

सिकंदराराऊ। पुलिस अधीक्षक देवेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में त्यौहार मोहर्रम, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र सिंह व उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से कोतवाली पर ताजियादारों, मुस्लिम धर्मगुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह व गणमान्य व्यक्ति, धर्मगुरू, ताजियादार आदि उपस्थित रहे । मीटिंग के दौरान उपस्थित ताजियादारों, धर्मगुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों से वार्ता कर त्यौहार के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी कर सभी से फीडबैक लिया गया तथा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्णढंग से मनाने की अपील की गई ।

इस अवसर पर सोनू राजौरा , भवानी शंकर शर्मा, योगेंद्र धामा ,मनोज पंडित, नवेद अहमद खान , कमल जाखेटिया , जाफर अली फारुकी आदि मौजूद रहे



## संक्षिप्त समाचार

### युवती ने एसपी को पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

पीलीभीत पूरनपुर ।शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया ।मुकदमा पंजीकृत होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जा रही है ।इस पर आरोपी पीड़ित पर समझौते का दबाव बना रहे हैं ।पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने बताया कि गांव के एक युवक ने उसको अपने प्रेम जाल में फसा लिया ।निकाह का झांसा देकर युवक ने दो साल तक उसको अपनी हवस का शिकार वनाया ।निकाह करने की वात पर वह टाल मटोल करने लगा ।कुछ दिन पहले युवक युवती को बहला फुसला कर ले गया ।घर से चले जाने के बाद युवक ने युवती को दूसरे युवक के घर छोड़ कर फरार हो गया ।युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया ।युवती ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के वावजूद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल नही भेज रही है ।आरोपी लगातार समझौते का दबाव बना रहा है ।इंकार करने पर उसको आए दिन जान से मारने की धमकी दी जा रही है ।पीड़ित ने बताया कि युवक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस से कईवार कहा लेकिन पुलिस नही सुन रही है ।इसके चलते आरोपी खुलेआम गांव में घूमकर एलानिया धमकी दे रहा है। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है ।एसपी ने पुलिस को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

### भट्टा स्वामी ने श्रमिकों की मजदूरी के छह लाख हड़पे 21 मजदूरों ने संयुक्तरूप से पुलिस को दी तहरीर

पीलीभीत पूरनपुर ।ईंट भट्टे पर पथाई का काम करने के बावजूद मजदूरों की मजदूरी नहीं दी गई ।इसके चलते उनको परिवार के भरण–पोषण की समस्या से गुजरना पड़ रहा है ।मजदूरों ने बताया कि भट्ठा मालिक पर कुल छह लाख रुपये मजदूरी के हैं ।पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव पटिहन के मजदूरों ने क्षेत्र के ही एक ईंट भट्टे पर ईंट पथाई का कार्य किया था। महीनों तक सभी मजदूरों ने भट्टे पर काम किया ।उसके बाद भट्ठा स्वामी ने अपने रिश्तेदारों की फसल भी कटवाई ।जिसका कुल मजदूरी के छह लाख रुपये भट्टा स्वामी पर बने,श्रमिकों ने कई बार अपने रुपए मांगे तो भट्ठा स्वामी टालमटोल कर रहा है ।शनिवार को कई मजदूर ईट भट्टे पर अपनी मजदूरी लेने पहुंचे तो उसके साथ गाली–गलौज पर अभद्रता की गई ।रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी ।मजदूरों का आरोप है कि भट्ठा स्वामी ने काम भी करा लिया और रुपए भी नहीं दिए ।इसको लेकर उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है ।अगर शीघ्र ही रुपए नहीं मिले तो आगामी त्योहारों को मनाने में उनको काफी दिक्कतें होंगी ।गांव के सिकंदर,जैनुल,शाहिद,इदरीश,मंजू सहित 21 मजदूरों ने संयुक्त रूप से थाना सेहरामऊ पुलिस को तहरीर देकर मजदूरी दिलाए जाने की मांग की है।

### पेपर देने गई छात्रा को बहला फुसला कर ले गया युवक पुलिस ने युवक सहित चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

पीलीभीत पूरनपुर ।कॉलेज में परीक्षा देने गई छात्रा रहस्यमय तरीके से लापता हो गई ।तलाश करने पर उसका पेपर और आई कार्ड माधोटांडा रोड पर स्थित एक इंटर कॉलेज के पास बरामद किया गया ।पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की पुत्री पूरनपुर के एक डिग्री कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है ।28 जुलाई को छात्रा अपने ताऊ के साथ कॉलेज में परीक्षा देने गई थी ।स्कूल में छोड़ने के बाद उसके ताऊ बाहर आ गए ।छुट्टी के बाद जब ग्रामीण छात्रा को लेने पहुंचा तो वह नहीं मिली ।कॉलेज से छात्रा के अचानक गायब हो जाने से विद्यालय में खलबली मच गई। छात्रा के ताऊ घर पहुंचे और पूरी घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को बताई ।परिजनों ने छात्रा की तलाश की तो उसका पेपर और आई कार्ड माधोटांडा रोड पर स्थित इंटर कालेज के पास मिला ।परिजनों ने आस पडोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में जब देखा तो युवक अपने साथियों की मदद से उसको बहला–फुसलाकर ले जाता दिखाई दिया ।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सुंदरपुर निवासी विशाल,सूरज,विशाल का वहनोई और बहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है ।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।शीघ्र ही छात्रा को बरामद कर लिया जाएगा।

### महोत्सव के प्रतिभागी बच्चों को प्रधानाचार्य ने किया पुरस्कार देने का ऐलान

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। एसडीएम कॉलोनी स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के तहत मनाया तीज महोत्सव प्रधानाचार्य ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत करने का ऐलान किया! रेलवे स्टेशन के सम्मुख एसडीएम कॉलोनी एसडीएम कॉलोनी स्थित राजीव मॉडल पब्लिक स्कूल भी तीज महोत्सव मनाने में पीछे नहीं रहा विद्यालय अंतर्गत शिक्षा ग्रहण कर रही सैकड़ों छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के तहत हाथों में मेहंदी रचा कर महोत्सव में समा बिखेर दिया विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव वर्मा ने प्रतिभागी बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए सभी को पुरस्कृत करने का ऐलान किया है जिस से पथ भाई बच्चों के चेहरे पर नूर आ गया उन्होंने प्रधानाचार्य का धन्यवाद दिया!

### सुचेतना समाज कल्याण ने मनाया तीज महोत्सव



अयोध्या टाइम्ससंवाददाता फरीदपुर ।सुचेतना समाज कल्याण के बैनर तले हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने मेहंदी लगाकर किया महिलाओं ने गीत संगीत से समा बांध दिया!

नगर के मोहल्ला फर्रखपुर स्थित सुचित्रा समाज कल्याण के बैनर तले हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने हाथ में मेहंदी लगा कर किया महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाकर तीज महोत्सव में चार चांद लगा दिए मौजूद महिलाओं ने गीत संगीत से समा बांध दिया अंत में जलपान व्यवस्था भी की गई!

इस दौरान पालिका चेयर पर्सन पूनम गुप्ता, दीपा अग्रवाल ,पूनम सिंह, सुनैना गुप्ता, अर्चना सिंह ,दीपमाला, सुमन, मनीषा सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहे अंत में पालिका अध्यक्ष पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता ने कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाओं को हरियाली तीज की बधाई दी!

### पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल

अयोध्या टाइम्स संवाददाता। फरीदपुर। पुलिस को चकमा देकर लंबे अरसे से फरार आरोपी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है!

एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने लंबे अरसे से फरार वांछित अपराधी चंद्रभान गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता उर्फयोगेश कुमार गुप्ता पुत्र दामोदर स्वरूप गुप्ता निवासी मोहल्ला कानूनगोयानथाना फरीदपुर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया !

टीम मेंउपनिरीक्षक नवीन कुमार कांस्टेबल इंतजार अली शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है पुलिस वांछित अपराधियों को घसीट कर सलाखों में पहुंचा रही है!

## त्रि-नेत्र से होगी जनपद की निगरानी, अपराध पर लगेगा अंकुश

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिले की सुरक्षा के दृष्टिगत 02 व्यापारी बंधुओं द्वारा बदला चौराहा पर 04 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारी बंधुओं को माला पहनाकर सम्मानित किया।




जनपद में घटनाओं पर अंकुश लगाने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापारियों के साथ पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोष्ठी की गई थी, जिसमें व्यापारी बंधुओं से कस्बा, चौराहा व भीड़–भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की गई थी। जिसके क्रम में चौकी बदला क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बदला चौराहा पर मोहम्मद अमीन (रजा गारमेंट) ने नासिर गंज रोड पर 02 सीसीटीवी लगवाए तथा मोहम्मद शमीम (सानिया रेडीमेड) द्वारा 02 सीसीटीवी कैमरे गिरंट बाजार रोड पर लगवाए गए। जिसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक व चौकी इंचार्ज बदला को दी गई। वही मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने लगवाए गए सीसीटीवी को चेक किया गया तथा उक्त सराहनीय कार्य के लिए दोनों व्यापारी बंधुओं को माला पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि रोड साइड पर सीसीटीवी लग जाने से अपराध पर अंकुश लगेग। साथ ही दुकानदार को अब चोर उचक्कों से भय नहीं रहेगा। यदि किसी प्रकार की घटना दुर्घटना होती है तो सीसीटीवी के माध्यम से आरोपी को पकड़ने में कामयाबी मिलेगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर फहराए तिरंगा

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के 62 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ष्हर घर झंडाष् अभियान के प्रचार प्रसार हेतु किया जा रहा कार्यक्रम।



62वीं वाहिनीं भिनगा की सभी सीमा चौकियों के जवानों एवम विद्यालय



के शिक्षकों के नेतृत्व में छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली तथा हर घरों पर तिरंगा लगाने एवम आजादी के 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के बारे में जागरूक किया गया एवम भारतीय झंडा संहिता–2022 के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर निरीक्षक रघुनाथ, निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य, सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह राठौर सहित विद्यालय के शिक्षकों के साथ छात्र छात्राएं मौजूद रही।

इस दौरान एस एस बी जवानों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्साह पूर्वक भरपूर सहयोग दिया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली भिनगा की अपराध समीक्षा की गई

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने थाना कोतवाली भिनगा पर विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात की समीक्षा की गई।



लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ–साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों की मीटिंग की गई जिसमें बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस–पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें। इस अवसर पर थाना प्रभारी,उपनिक्षक सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## सामूहिक प्रशिक्षण योजनान्तर्गत जनपद के 90 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित

☒ आवेदन की अन्तिम तिथि 18 अगस्त निर्धारित

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया ' जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र उदय प्रकाश पासवान ने बताया है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (सब ट्राइबल सबप्लान) के व्यक्तियों को सामूहिक प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्ष 2022–23 में 90 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य जिले को आवंटित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में पुरुष वर्ग हेतु इलेक्ट्रीशियन एवं महिला वर्ग हेतु टेलरिंग ट्रेड का चयन किया गया है। योजनान्तर्गत 18 से 45 वर्ष तक के अनुसूचित जाति के ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र होंगे जो जनपद देवरिया के मूल निवासी एवं शैक्षिक योग्य न्यूनतम आठवीं पास हो । योजनान्तर्गत आन लाइन आवेदन आमंत्रित है। आनलाइन आवेदन विभाग के ई–पोर्टल वेबसाइट diupmsme.upsdc.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है आनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 18 अगस्त है।

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, देवरिया में किसी भी कार्यदिवस पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री लघु सिचाई योजनान्तर्गत अनुदान के लिए लघु एवं सीमान्त कृषको/इच्छुक लाभार्थियों को चयन हेतु प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत होना जरूरी-डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया ' जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लघु सिचाई योजनान्तर्गत उथले नलकुप से प्राप्त होने वाले लाभो का प्रचार–प्रसार कराकर लघु एवं सीमान्त कृषको / इच्छुक लाभार्थियों को चयन हेतु प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत होना जरूरी है, उसके उपरान्त इच्छुक लाभार्थियों को आनलाईन रजिस्ट्रेशन जे०जे०एम० पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन स्वयं कराकर उसका लाभ लिया जा सकेगा।

जिलाधिकारी ने बताया है कि उक्त योजनान्तर्गत सामान्य श्रेणी के कृषकों की उथले नलकूप (बोरिंग)पर व्यय की अधिकतम सीमा लघु कृषको हेतु मु0 5000.00 तथा सीमान्त कृषको हेतु मु0 7000.00 प्रति बारिंग एवं अनुसूचित जाति / जनजाति के कृषको की निःशुल्क बोरिंग पर व्यय की अधिकतम सीमा मु० 10000.00 प्रति बोरिंग लाभार्थी निर्धारित है। जल के अपव्यय को रोकने हेतु उक्त वर्णित अनुदान के अतिरिक्त 25प्र. लाभार्थियों को जल वितरण प्रणाली एच०डी०पी०ई० पाईप का 50प्र. अधिकतम मु० 3000.00 अनुदान अनुमन्य है। उक्त भौतिक जानकारी अपने खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में अवर अभियन्ता लघु सिचाई से सम्पर्क कर योजना के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा सकता।

# समस्त व्यापारी कराये अपना जीएसटी पंजीयन:डीएम

## व्यापार बन्धु की बैठक संपन्न, जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया, ' जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में व्यापार बंधु की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त व्यापार बंधुओं से जीएसटी पंजीयन विशेष जागरूकता अभियान 2022 के तहत पंजीकरण करा विभिन्न प्रकार के लाभ उठाने का अनुरोध किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जीएसटी पंजीयन के साथ ही पंजीकृत व्यापारी को बिना प्रीमियम के दस लाख रुपए की व्यापारी दुर्घटना बीमा का लाभ उपलब्ध हो जाएगा। अंतर राज्यीय मालध्सेवा आपूर्ति हेतु जीएसटी पंजीयन की अनिवार्यता है। वित्तीय संस्थानों, बैंकों से लोन प्राप्त करने में सहायता मिलती है। शासकीय, अर्धशासकीय विभागों में सप्लाई वर्क आर्डर के लिए भी जीएसटी पंजीयन आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बताया कि जीएसटी प्रणाली अत्यंत सरल है और इससे जुड़े समस्त कार्य घर बैठे ऑनलाइन किए जा सकते हैं। इसके लिए किसी सरकारी कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है। शून्य खरीद–बिक्री के संबंधित रिटर्न एसएमएस के माध्यम से भी दाखिल करने की सुविधा है। उन्होंने बताया कि जीएसटी पंजीयन ऑनलाइन ॣहेज.हवअ.पद पर किया जा सकता है। इसके लिए पैन नंबर, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, आधार अथवा डिजिटल सिगनेचर, बैंक खाते का प्रमाण, आवास एवं व्यापार स्थल के पते का प्रमाण और एक पहचान पत्र की आवश्यकता हो होती है।

जिलाधिकारी ने बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर व्यापक विमर्श भी किया। पूर्व विधायक व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष रविंद्र प्रताप मल्ल ने व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं को उठाया।

जनपद व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल ने परमार्थी पोखरा तथा न्यू कॉलोनी में यूरिनल सुविधायुक्त शौचालय बनाने की मांग की । विष्णु अग्रवाल द्वारा कसया ढाले के पास लगने वाले जाम की समस्या उठायी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने रेलवे रैक पॉइंट को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए रेलवे से पत्राचार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त



प्रमुख बाजारों में प्रकाश व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए व्यापार बंधु को आश्वस्त किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, उपायुक्त वाणिज्य कर पंकज लाल, एलडीएम अरुणेश कुमार, व्यापारी नेता पुरषोत्तम मरोदिया, सुबोध जयसवाल, प्रेम कुमार अग्रवाल ,अमित कुमार सिंह संदीप कुमार बरनवाल सहित विभिन्न लोग उपस्थित थे।

☒ जीएसटी पंजीयन के साथ मिला इंश्योरेंस बना सहारा

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जीएसटी पंजीयन के साथ मिलने वाला इंश्योरेंस अत्यंत उपयोगी है। मेसर्स तिवारी ब्रदर्स, सुविखर देवरिया के फर्म स्वामी प्रमोद शंकर तिवारी की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी मंजू देवी को दस लाख रुपए का इंश्योरेंस लाभ मिला। इसी प्रकार मेसर्स प्रताप ट्रेडर्स, गरल पार, देवरिया के फर्म स्वामी अजीत सिंह की मृत्यु के पश्चात उनके आश्रित विनोद कुमार सिंह को दस लाख रुपये जीएसटी पंजीयन के साथ बिना किसी प्रीमियम के मिलने वाले दुर्घटना बीमा योजना के तहत मिला। इस धनराशि से दिवंगत व्यापारियों के परिजनों को आर्थिक संबल मिला है।

## पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों के सामूहिक प्रशिक्षण योजनान्तर्गत जनपद के 37 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित

☒ आवेदन की अन्तिम तिथि 18 अगस्त निर्धारित

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया ' जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र उदय प्रकाश पासवान ने बताया है कि पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को सामूहिक प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्ष 2022–23 में 37 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य जिले को आवंटित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में पुरुष वर्ग हेतु इलेक्ट्रीशियन एवं महिला वर्ग हेतु सिलाई ट्रेड का चयन किया गया है। योजनान्तर्गत 18 से 45 वर्ष तक के पिछड़े वर्ग के ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र होंगे जो जनपद देवरिया के मूल निवासी एवं शैक्षिक योग्यता न्यूनतम आठवी पास हो। योजनान्तर्गत आन लाइन आवेदन दिनांक 18 अगस्त तक आमंत्रित है। आनलाइन आवेदन विभाग के ई–पोर्टल वेबसाइट : diupmsme.upsdc.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है। आनलाईन आवेदन की अन्ति तिथि 18 अगस्त निर्धारित है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, देवरिया में किसी भी कार्यदिवस पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# सोलर लाइट का सांसद प्रतिनिधि ने किया लोकार्पण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव |संत कबीर नगर । उज्ज्वल भारत , उज्ज्वल भविष्य , पावर / 2047 योजना के अंतर्गत एनटीपीसी सीएसआर के सोलर लाइट का सांसद प्रतिनिधि जय प्रकाश निषाद ने लोकार्पण किया । लोकार्पण का यह कार्यक्रम बघौली विकास खण्ड के ग्राम औरही में सम्पन्न हुआ । सोलर लाइट के लोकार्पण का कार्यक्रम सांसद ई. प्रवीण निषाद को करना था । परन्तु स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण सांसद नहीं आ सके । शनिवार को विकास खण्ड बघौली के ग्राम औरही में 277 सोलर स्ट्रीट लाइट के शिलापट्ट का लोकार्पण किया गया । लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात विकास भवन सभागार में लाभार्थियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में जय प्रकाश निषाद ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य – पॉवर / 2047 योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दिया । इसके साथ ही केंद्र सरकार के सफलतम आठ वर्ष की उपलब्धियों को बताया । बैठक में उपस्थित लोगों ने सांसद के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया । इस अवसर पर एनटीपीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक श्रीवास्तव , प्रबंधक एल एम पाण्डेय , जिलाध्यक्ष डॉ रामनरेश निषाद , प्रदेश सचिव युवा मोर्चा धर्मात्मा निषाद , दिवाकर निषाद , लाल जी निषाद , धर्मेंद्र , प्रधान सोनू , बेलावती , सतिया , समेत अन्य उपस्थित रहे ।



## 31 जुलाई तक सभी गो आश्रय स्थलों का विधिवत निरीक्षण कर कमियों का करायें निराकरण

☒ सीडीओ ने की पशुपालन विभाग के कार्यो की समीक्षा

☒ गला घोंटू रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किये जाने में निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप प्रगति नही पाये जाने पर तीन पशु चिकित्साधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

☒ लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत टीकाकरण 31 अगस्त तक कराये सुनिश्चित

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया ' मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग के कार्यो की समीक्षा गूगल मीट के माध्यम से की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रुद्रपुर को निर्देशित किया कि रुद्रपुर नगर पंचायत क्षेत्र के निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने हेतु एक गोवंश आश्रय स्थलध्कान्हा गोशाला के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि 31 जुलाई तक सभी गो आश्रय स्थलों का विधिवत निरीक्षण कर उसमें पायी गयी कमियों का तुरन्त निराकरण करायें। जिन गो आश्रय स्थलो पर हरे चारे की व्यवस्था नही है, वहां पर चरी, बाजरा की बुआई तुरन्त करा दें। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभी भी जिन के क्षेत्र में गो आश्रय स्थलो की ऑडिट नही हुई है, उसे तीन दिन के अन्दर अवश्य करा लें। पशुओं में संक्रामक की वजह से होने वाले गला घोंटू रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किये जाने में निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप प्रगति नही पाये जाने पर जनपद के तीन पशु चिकित्साधिकारियों यथा– तरकुलवा, देसही देवरिया एवं पिण्डी को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत टीकाकरण 31 अगस्त तक कराना सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक में जनपद के सभी पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिकाध्नगर पंचायत, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एवं सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग आदि जुडे रहे।

## भू-संपत्तियों के दर में कोई फेरबदल नहीं

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। देवरिया, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद देवरिया में स्थित भू संपत्तियों से संबंधित न्यूनतम मूल्य सूची के पुनरीक्षण में पूर्व में प्रचलित दर को यथावत बनाए रखा गया है। उसमें किसी भी प्रकार का फेरबदल नहीं किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जन सामान्य से प्राप्त जानकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), सहायक महानिरीक्षक निबंधन, उप जिलाधिकारी एवं उपनिबंधक सदर सलेमपुर रुद्रपुर बरहज एवं भाटपार रानी की बैठक कर प्रचलित दर सूची का पुनरीक्षण करने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि जनपद में स्थित भू संपत्तियों की दरें वर्तमान में लागू मूल्य दर सूची में दी गई दरों के समतुल्य हैं और वर्तमान में प्रभावी मूल्यांकन सूची में निर्धारित की गई दरों को यथावत रखने की संस्तुति की गई। अतः वर्तमान में प्रचलित मूल्यांकन सूची को 1 अगस्त 2022 से प्रभावी होने वाली सूची में भी यथावत रखा गया है।

### टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज के पर्व पर हुआ मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

सिकंदराराऊ। नगर के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज के पर्व पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।भारतीय संस्कृति एवं हिंदू परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सौभाग्य सौभाग्याकांक्षिणी महिलाओं द्वारा किए जाने वाले तीज व्रत से पूर्व शनिवार को टैगोर इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सभी छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा। सभी ने बढ़–चढ़कर अपनी कला को प्रदर्शित किया । इसमें जूनियर वर्ग में रिद्धि सैनी, आनिया सैलानी एवं रिजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशी व तनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में नंदिनी एवं मंतिशा ने प्रथम ,कोमल सैनी एवं रिया वर्मा ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। गौरी शर्मा, कशिश , नंदिनी शर्मा, यशु पुंडीर एवं खुशी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया ।




प्रधानाचार्य श्रीमती रंजना कुमार ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस मौके पर संध्या जादों, गीता तनेजा, सुषमा यादव, खुशबू माहेश्वरी आदि उपस्थित रहीं।

## मेहदी प्रतियोगिता में पूजा रहीं प्रथम प्रतियोगिताओं से आता है छिपी प्रतिभा में निखार- देवेश सिसोदिया

सिकंदराराऊ। स्थानीय रेलवे रोड स्थिति भारतीय शिशु शिक्षण संस्थान में हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।




जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा, द्वितीय स्थान पर रागिनी, तथा तृतीय स्थान पर प्रियंका कुमारी तथा रौनक ने प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रबन्धक देवेश सिसोदिया ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी के अंदर छिपी प्रतिभा का निखार आता है।

इस दौरान प्रधानाचार्य उदयवीर सिंह यादव, टोड़ी सिंह गौतम, कमलेश पुंढीर, निधि शर्मा, मंजू रानी, सीमा शर्मा, अंजली चौहान, नेहा, प्रीति यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कश्लेज में हरियाली तीज के उपलक्ष में आयोजित प्रतियोगिता में 85 बहनों ने लिया भाग

सिकंदराराऊ। स्थानीय रेलवे मार्ग पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । यह प्रतियोगिता बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग में संपन्न हुई। जिसमें 85 बहनों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में संगीता सिंह,



अंजली, आरती , दिशा , ममता , महेश, सुधा सिंह , सुमन मल्होत्रा , नेहा चौहान, जागृति गर्ग एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर नेहा कक्षा 8, द्वितीय स्थान पर तान्या कक्षा 7 , तृतीय स्थान पर कशिश कक्षा 6, किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर पलक परमार कक्षा 10, द्वितीय स्थान पर तनुष्का कक्षा 10 , तृतीय स्थान पर महिमा बघेल कक्षा 10 और तरुण वर्ग में प्रथम स्थान पर शिवानी यादव कक्षा 12 द्वितीय स्थान पर , राजकुमारी कक्षा 11 व तृतीय स्थान पर कीर्ति यादव व प्रियांशी कक्षा 12 का चयन करते हुए निर्णायक मंडल ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त बहनें उपस्थित रहीं।

# संक्षिप्त समाचार

### पैर फिसलने से दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल

नन्द कुमार गुप्ता,संदीप कुमार श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत ग्राम ग्राम बभनी कुकुरभुकवा निवासी राम लोटन किसी कार्य से घर से बाहर जा रहे थे कि अचानक पैर फिसल कर गिरने से एक पैर टूट गया। जिन्हे परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिरसिया में भर्ती किया। इसी प्रकार ग्राम लोहाटी निवासी 16 वर्षीय श्याम सड़क पर पैदल जाते समय सड़क किनारे भरा कीचड़ में पैर फिसलने से सड़क किनारे गिरने से एक पैर टूट कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया ले गए ग्रंथ बिजली ना होने के कारण उनका एक्सरा नही हो सका जिसके लिए दोनो घायलों को घंटों बिजली के इंतजार में दर्द के मारे तड़फना पड़ा।



### एक युद्ध नशे के विरुद्ध पर छे के स्वयं सेवियों ने लगाया स्लोगन व साइन बोर्ड

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविंद कुमार गुप्ता। सोनभद्र/ओबरा।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र के राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाइयों के द्वारा शनिवार को महाविद्यालय में ष्एक युद्ध नशे के विरुद्धष् कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान निषेध का साइन बोर्ड लगाने के साथ साथ जगह जगह स्लोगन भी लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो(डॉ) प्रमोद कुमार ने किसी भी प्रकार के नशे के विरोध का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ महीप कुमार ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापगणों में प्रो(डॉ) राधकांत पाण्डेय,डॉ महेंद्र प्रकाश,डॉ संतोष कुमार सैनी,डॉ राजेश प्रसाद,डॉ वैशाली शुक्ला के साथ साथ कर्मचारीगण में प्रमोद केशरी,धर्मेंद्र कुमार, सैफूदीन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं में रुक्मिणी,नीलिमा, प्रियंका,अनिता,पूजा,शीलू, श्रद्धा,मीनू,कलावती, विकांक, अजय और देवेन्द्र इत्यादि मौजूद रहे।



### श्रावण मास कांवड़ यात्रा तथा आगामी मुहर्रम को सकुशल सम्पन्न के संदर्भ में शान्ति समिति की बैठक संपन्न


सोनभद्र/ओबरा। दिनांक 30.07.2022 को उपजिलाधिकारी ओबरा राजेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद के नेतृत्व में थाना ओबरा पर श्रावण मास, कावड़ यात्रा तथा आगामी त्योहार मुहर्रम ६ ताजिया को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की गयी । इस दौरान विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु तथा अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ उक्त त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बंध में चर्चा व विचार विमर्श किया गया । इस दौरान अधिकारीगण द्वारा बैठक में उपस्थित लोगों से वार्ता कर शासन के निर्देशानुसार कावड़ यात्रा व मुहर्रम के त्योहार के दौरान शान्ति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द को कायम रखने तथा अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी । इसके साथ ही अधिकारीगण द्वारा धर्मगुरुओं से त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न बिन्दुओं में चर्चा की गयी तथा इस सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया । इसके साथ ही पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निरन्तर पैनी नजर रखी जा रही है तथा भड़काऊ पोस्ट, बयानध्वीडियो आदि जारी करने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जायेगी । इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ओबरा मिथिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण, धर्मगुरु, ताजियादार तथा अन्य सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे ।



### चोरी सम्बन्धी प्रकरण में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द कुमार गुप्ता। सोनभद्र/रॉबर्ट्सगंज।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.07.2022 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 542/2022 धारा 379, 411 धारा से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त महताब खान पुत्र सरवर खान, निवासी हमीद नगर, पूरव मोहाल, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष को मरकरी पुलिया रॉबर्ट्सगंज के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से चोरी का कुल 27,500 रुपये बरामद कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।



### किसान गोष्ठी का कार्यक्रम सम्पन्न हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी ।क्षेत्र के चांदपार साधन सहकारी समिति के प्रांगण में दिन शनिवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इफको के एसएफए आदित्य पाण्डेय द्वारा नैनो यूरिया के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर एसएफए आदित्य पाण्डेय ने किसान गोष्ठी को संम्बोधित करते हुए बिस्तार से बताया की सभी किसान भाई अपनी धान की फसल में एक बोतल नैनो यूरिया को 125 लीटर पानी में घोल बनाकर 1 एकड़ की फसल पर स्प्रे के माध्यम से प्रयोग करे।अधिक परिणाम हेतु धान की रोपाई के 40 दिन बाद स्प्रे करने की सलाह दी गई,साथ ही बताया गया की नैनो यूरिया के प्रयोग से किसान भाई पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ अपनी फसल लागत को कम करते हुए बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते है। साथ ही जल विलय, जैव उर्वरक और सागारिका के बारे में विस्तार से किसानों को जानकारी दी गई।



इस अवसर पर साधन सहकारी समिति के सचिव विशाल सिंह व अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सहित 20 किसानों ने प्रतिभाग किया ।

### तिरंगा अभियान की सफलता के लिए रणनीति तैयार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो देवरिया

देवरिया,भलुअनी। भाजयुमो भलुअनी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक स्थानीय उपनगर स्थित युवा भाजपा नेता मानवीर सिंह के कैंप कार्यालय पर हुई, जिसमे तिरंगा अभियान की सफलता हेतु रणनीति बनाई गई। युवा भाजपा नेता मानवीर सिंह ने कहा कि 15 अगस्त तक घर घर तिरंगा फहराने के अभियान को सफल बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जुटे। उन्होंने कहा कि तिरंगा झंडा हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता, एवं भारतीय स्वाभिमान का प्रतीक हैं। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष लोकेश सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की उपलब्धियों एवं विकास की किरण को आमजन तक पहुचाने के लिए अपील की। इस दौरान संजय सिंह, बालमुकुंद सिंह, सूरज सिंह, विनय रजक, जितेन्द्र सागर, रोशन गोड आदि मौजूद रहे।




# जल जीवन मिशन के तहत हर घर को जल, बैठक संपन्न



एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी, भारत सरकार एव उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अन्तर्गत विकास खण्ड बाजार शुक्ल . के ग्राम पंचायत फुन्दन पुर . मरदानपुर एवं काजीपुर में जिला स्तरीय निगरा नी . ईकाई के श्री के के मिश्रा . जिला समन्वयक . ने .अपने . अपने टीम के साथ . आधार कार्ड कलेक्सन . में आ रही परेशानी को निवारण हेतु प्रधान सचिव के साथ मिलवर वैठक किया गया। एवं समुदाय को पानी की गुणवता के वारे मे भी बताया गया। टीम लीडर उदयनाथ मिश्रा . कार्य दायी संस्था सेन्टर ऑप टेक्नालोजी एण्ड इण्टर प्रिन्योरशिप डेवलेपमेण्ट सी टेड . ने भी कनेक्शन लेने हेतु . समुदाय को विभिन्न तरह की जानकारी प्रदान की ।. समुदाय के लोगों ने इस नेक कार्य हेतु सराहना की एवं सभी लोगों ने अपने आधार कार्ड की छाया प्रति देकर . कनेशन हेतु तैयार । हुए इस कार्यक्रम में समुदाय के लोग प्रधान एवं समूह की महिलाओ ने भी भाग लिया।

# सऊदी अरब से घर पहुंचा मृतक का शव





एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स जगदीशपुर –अमेठी। जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत टांडा गांव निवासी जंग बहादुर यादव का शव शनिवार को गांव पहुंचा। जहां उनको शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए हजारों लोग उपस्थित रहे। आपको बताते चलें कि जंग बहादुर यादव कमाने के लिए 2017 में सऊदी अरब गया था। जहां से छः जुलाई को परिजनों को जानकारी मिली कि सऊदी अरब में सहयोगी ने उनकी हत्या कर दी। यह खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों ने सांसद प्रधानमंत्री विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखकर गुहार लगाते हुए युवक के शव को लाने व दोषी सहयोगी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग किया था। मृतक के पिता राजनारायन यादव ने बताया कि वह रियाद रह कर मलिक अलदकतूर अब्दुल अजीज अलबशर के यहां ड्राइवर का काम करता था। राजनारायन बताते हैं बीती छः जुलाई को रात में करीब 10 बजे फोन पर सूचना मिली कि मेरे पुत्र जंगबहादुर को उसके सहयोगी ने मौत के घाट उतार दिया है यह खबर सुनते ही राजनारायण यादव के पैरो तले की जमीन खिसक गई। जहां मृतक के शव को मंगाने हेतु प्रधानमंत्री विदेश मंत्री सांसद व विधायक को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई थी जिसके क्रम में शनिवार को सांसद स्मृति ईरानी व विधायक सुरेश पासी के प्रयासो से मृतक का शव गांव पहुंचा जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है तथा हजारों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए उपस्थित रहे।

# कांवरिया भक्तों के लिए विराट भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या। कुर्की चौराहा मड़ना पूरा बाजार में विशाल भगवान भोलेनाथ के भक्त कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा समाजसेवी विराट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 51 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहणकर अपना जीवन धन्य किए।

इस दौरान कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेश यादव का भीम यादव ने माला पहनाकर और



स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किए। आयोजक भीम यादव ने बताया कि यहां पर गत 8 वर्षों से भगवान भोलेनाथ के भक्तों हेतु भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी शुभचिंतकों मित्रों का बहुत ही योगदान रहता है। इस भंडारे में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता जंग बहादुर उपाध्याय, अर्जुन यादव, भीम यादव ,मोहित यादव, नेता ललित यादव, अनिल यादव व सुनील यादव सहित अन्य का बहुत ही योगदान रहा एवम सभी मौजूद रहे।

सुरेश यादव ने कहा कि सावन का महीना बहुत ही पवित्र होता है। यह भगवान भोलेनाथ का महीना होता है। इस दौरान भगवान शिव की आराधना पूजा करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। कई जनपद के लाखों भक्त अयोध्या पहुंचते हैं। सरयू में स्नान करते हैं और यहां का जल लेकर अपने गृह जनपद के शिवालयों में जाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करते हैं। जिससे उनके मनोरथ पूर्ण होते हैं। इन भक्तों के लिए आज यहां पर

# सरयू में स्नान के दौरान डूबा नाबालिग कांवरिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के दिलासीगंज के वशिष्ठ घाट पर स्नान करने के दौरान एक आश्रम के पास नदी में सब लोग स्नान करने लगे। इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।उसे डूबता देख साथी कांवरियों ने गोहार लगाना शुरू कर



नाबालिग कांवरिया युवक नदी में डूब गया। कांवरिये की डूबने की खबर फैलते ही कोतवाली से लेकर जिले तक हड़कम्प गया और आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस दल ने स्टीमर व गोताखोरों के साथ कांवरिये की खोज में जुट गए लेकिन कोई कामयाबी नही मिली।जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को अम्बेडकरनगर के बसखारी थाने के बेलवरिया निवासी आयूष दूबे पुत्र प्रमोदकुमार छह साथियो के साथ अयोध्या सरयू जल लेने गया हुआ था और उसी दिन शाम वापस लौटने लगा। पूरी रात चलने के बाद शनिवार की सुबह वशिष्ठ आश्रम पर पहुंचे और दिया।गोहार पर जब तक लोग दौड़ते तब तक युवक पानी मे डूब गया।सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने एनडीआरएफ के गोताखोरों व स्थानीय लोगो के साथ स्टीमर से युवक की तलाश में जुट गई।

लेकिन समाचार प्रेषण तक कोई कामयाबी नही मिल सकी।मामले की जानकारी होते ही एसडीएम सदर आरके शुक्ल, सीओ सदर एसके गौतम ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया।

एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक युवक की तलाश में इलाकाई पुलिस के साथ एनडीआरएफ की टीम जुटी हुई है।

# उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा एवं सम्मान समारोह में हुआ आई फाउंडेशन का सम्मान

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी 30 जुलाई 2022, उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा एवं सम्मान समारोह में हुआ आई फाउंडेशन का सम्मान। आई फाउंडेशन को लगातार उसके सामाजिक उत्थान एवं प्रगति के कार्यों के लिए मानव अधिकार एक्शन फोरम द्वारा कार्यक्रम नवोन्मेष 2022 के सोलवे सत्र में उन्हें मुख्य सहयोगी के रुप में सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करते वक्त अध्यक्ष श्रीमती मीरा यादव ने कहा इस सम्मान को पाकर उनकी टीम बहुत गौरवान्वित एवं प्रेरित महसूस कर रही है एवं भविष्य में ऐसे ही सफल और सामाजिक उत्थान के कार्यों को करते रहेंगे । आगे के कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिचर्चा का मुख्य विषय मासिक धर्म अवकाश के विषय पर कई प्रतिभागियों ने अपने विचार रखें इस कार्यक्रम में आई






फाउंडेशन के एक्स–फाउंडर मेंबर रही रंजना कुमारी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया । रंजना कुमारी जो कि एक अनुभवी वरिष्ठ इंजीनियर हैं एवं रक्षा क्षेत्र में 14 वर्षों से कार्यरत हैं इसके साथ–साथ उन्होंने वहां की यूनियन पॉलिटिक्स में भी वाइस प्रेसिडेंट के पद पर अपना योगदान दिया है. इसके अलावा उन्होंने समाज सेवा में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया है जिसमें महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं और पिछले 7 साल से उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया है स इसके अलावा एनवायरमेंट अवेयरनेस. रोड सेफ्टी अवेयरनेस ह्यूमन हेल्थ एंड एजुकेशन एवं बाइक राइडिंग में भी आगे रही हैं। इन्होंने कार्यक्रम के विषय पर कार्यक्रम के रखे सुझावों की प्रशंसा की एवं कार्यक्रम के उद्देश्य को सफल होने कि शुभकामनाएं दी । अध्यक्ष श्रीमती मीरा यादव ने कार्यक्रम के आयोजक एवं सशक्त फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शुभम द्विवेदी एवं आशीष शुक्ला, डॉक्टर श्वेता चतुर्वेदी ,डॉक्टर शिवलाल भेंट स्वरूप ट्राईबल आर्ट के उत्पादों को उपहार स्वरूप दिया एवं मानव अधिकार एक्शन फोरम की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं ऐसे ही सराहनीय कार्यक्रम कराते रहने पर जोर डाला। कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि गण और साहित्य और कला के क्षेत्र के कई कलाकार मौजूद रहे।

# जिसका 20 साल पहले जारी हुआ मृत प्रमाण पत्र अब वह निकला जिंदा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या

☒ बीकापुर तहसील क्षेत्र के भदार खुर्द गांव का मामला।

बीकापुर। जिसे 20 साल पहले मृतक दिखाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था, वह अब खुद को जिंदा साबित करने और अपनी जमीन बचाने के लिए अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है। मामला तहसील बीकापुर अंतर्गत विकासखंड तारुन के भदार खुर्द ग्राम पंचायत का है। ग्राम पंचायत भदार खुर्द निवासी महावीर पुत्र रामफल ने उपजिलाधिकारी बीकापुर के समक्ष पेश होकर खुद के जीवित होने की गुहार लगाई है। बुजुर्ग महावीर ने आरोप लगाया है कि करीब 20 वर्ष पूर्व गांव के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा उसे कागज में मृतक दिखाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। 20 साल के बाद अब मृत्यु प्रमाण पत्र का सहारा लेकर चुपके से अमल दरामद के लिए ऑनलाइन आवेदन भी हो गया है। मामले का खुलासा होने के बाद राजस्व लेखपाल द्वारा ऑनलाइन आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। पीड़ित महावीर ने यह भी बताया कि उसकी भूमि गाटा संख्या 1093 स्थित भूमि ग्राम भादर खुर्द बुजुर्ग पर षड्यंत्र के तहत कुछ विपक्षियों द्वारा छल कपट करके हथियाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उप जिलाधिकारी बीकापुर ने मामले की जांच तहसीलदार बीकापुर और खंड विकास अधिकारी तारुन को सौंपी है। मृतक दर्शाए गए पीड़ित महावीर के अधिवक्ता रघुपति सिंह ने बताया कि महावीर के स्थान पर



किसी दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके विपक्षियों द्वारा उनकी भूमि का बैनामा, हिबानाम और वसीयतनामा तथा एग्रीमेंट करने की साजिश रची जा सकती है। आशंका को लेकर शुक्रवार को पीड़ित द्वारा उपनिबंधक बीकापुर को लिखित प्रार्थना पत्र देकर उक्त भूमि से संबंधित कोई भी दस्तावेज पंजीकृत ना करने की याचना की है।

# डी एस एम लायंस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने सेना के प्रमुखों के साथ-साथ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री जी को भेजा स्नेहपूर्ण रक्षासूत्र

पवन कुमार/अयोध्या।

शिक्षा क्षेत्र रुदौली के डी एस एम लायंस पब्लिक स्कूल , रौजागांव की छात्राओं ने तहसील सभागार में विधायक रुदौली राम चन्द्र यादव, तहसील दार प्रज्ञा सिंह के माध्यम से तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू , प्रधानमन्त्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ,राज्यपाल महामहिम आनंदी बेन पटेल व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना रक्षासूत्र भेजा है। राखी भेजने के लिए आई छात्रा नंदिता मिश्रा,आयुषी तिवारी,राधिका अग्रवाल,श्रृष्टि अग्रवाल,कृतिका रस्तोगी,आयुषी रस्तोगी,अनामिका मौर्या,वैभवी त्रिवेदी ,शुभ ने कहा कि हमारे देश के जवान हमारी रक्षा करते हैं,त्यौहारों पर वह अपने घर नही आ पाते ऐसे में उनकी कलाई खाली न रहे इसलिए हम सभी ने अपने हाथ से राखी बनाकर तीनो सेनाओ के प्रमुखों और सरहद पर तैनात अपने सैनिक भाइयों के साथ देश सेवा में लगे हुए अपने देश की राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व मुख्यमंत्री जी के लिए हम सब प्रतिवर्ष राखी व रक्षा सूत्र भेजते हैं। प्रिंसिपल डॉ भावना मिश्रा ने कहा कि विगत कई वर्षो से हम स्थानीय प्रशासन के माध्यम से बच्चो द्वारा बनाई गई राखी व रक्षासूत्र भेजते है,राखी भेजने का उद्देश्य बच्चों में देश व सेनाओ के प्रति सम्मान व प्रेम की भावना जगाना है। विद्यालय के चेयरमैन डा निहाल रजा ने इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय के छात्राओं और शिक्षको की भूरि भूरि प्रसंशा की। विद्यालय सीसीए इंचार्ज नीरज द्विवेदी ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं को इस कार्यक्रम को लेकर बड़ी उत्सुकता रहती है छात्राएं देश की उन्नति के लिए तत्पर रहने वाले सर्वोच्च पदों पर बैठे हुए नेतागण व देश की रक्षा में लगे हुए अपने सैनिक भाइयों को राखी भेजकर गर्व की अनुभूति करती हैं। कार्यक्रम में जितेंद्र मिश्रा और कमल चंद कौशल का विशेष सहयोग रहा।



# सार्वजनिक पर प्रतिष्ठानों पर यदि चर्चा की जाती है तो लहरपुर कोतवाल का नाम

सीतापुर। लहरपुर कोतवाल की कार्यशैली से जनता में ज्यादा खुशी की लहर है किसी भी चौराहे पर किसी भी सार्वजनिक पर प्रतिष्ठानों पर यदि चर्चा की जाती है तो लहरपुर कोतवाल का नाम जरुर लिया जाता है क्योंकि जो व्यक्ति दिन रात मेहनत करता है उस व्यक्ति की कार्यशैली पर तथाकथित भ्रष्ट पत्रकार जिन्होंने समाज को बहुत दूषित किया है ।

जो कहने के लिए तो समाज को बहुत अच्छा रास्ता बताने की सोचते हैं लेकिन सच्चाई यही है कि समाज व्यापारी प्रबुद्ध व संभ्रांत व्यक्ति सब उन तथाकथित पत्रकारों से परेशान हैं ।

जो हर समय कुचक्र रचते रहते हैं समाज उनको ऐसे बहिष्कार कर रहा है कि उनको देखना तक पसंद नहीं कर रहा है जबकि 2 महीने से कुछ ज्यादा समय हुआ लहरपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह द्वारा दिन रात कड़ी मेहनत की जाती है ।

चाहे उसमें पैदल गस्त हो चाहे जनता की समस्याएं हो चाहे जनता दर्शन हो जिसमें वह बारीकी से समस्या का निराकरण करवाते हैं लेकिन कुछ चाटुकार और तथाकथित पत्रकार जिनको उनकी कार्यशैली अच्छी नहीं लगती है क्योंकि वह भ्रष्टाचार करने का मौका उनको नहीं दिया जा रहा है और सवाल उठाते हैं लहरपुर की जांबाज पुलिस पर आए दिन कोई न कोई आरोप मरते रहते हैं ऐसे पत्रकारों को समाज व प्रबुद्ध लोगों द्वारा बहिष्कार कर देना ही चाहिए जिसमें समाज की भलाई है।

# गृह राज्य कारागार मंत्री कैप्टन सुरेश राही का भ्रमण कार्यक्रम

भदफर सीतापुर। दिनांक 29 जुलाई 2022 शुक्रवार को गृह राज्य मंत्री कैप्टन सुरेश राही ने आज अपने भ्रमण कार्यक्रम में सबसे पहले जिला लखीमपुर खीरी विनोद मिश्रा के यहां पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया उसके बाद अमित भार्गव के यहां पहुंचे तत्पश्चात वार्ड नंबर 2 जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र भार्गव के घर पहुंच कर उनसे मुलाकात की और हालचाल जाना उसके बाद ग्राम





पंचायत पिपरिया के गांव घुड़सरिया पहुंच कर स्वर्गीय श्री कृष्ण बिहारी अवस्थी पूर्व प्रधान पिपरिया के शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि हम सब आपके साथ हैं ।

उसके बाद कोटेदार रमाकांत अवस्थी के घर भी पहुंचे इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता मुदित बाजपेई ब्लाक प्रमुख कमलेश वर्मा संतोष गुप्ता रामजी शुक्ला जीतू गोस्वामी प्रधान संघ अध्यक्ष पवन गिरी वीरेंद्र भार्गव वासुदेव पांडे जय शंकर मिश्रा आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


# पासी समाज का स्वतंत्रता संग्राम में स्वर्णिम इतिहास रहा है - रमाशंकर भारती मुम्बई

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ, उन्नाव, श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया। श्री रमाशंकर भारती मुंबई ने कहा कि हमारे समाज के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाया है जैसे जगलाल चौधरी बिहार से मंसूरिया दीन पासी जी हमारे समाज को स्वतंत्र कराने में आजादी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है श्री सुरेश कुमार जी भदोही ने कहा कि हमें अपने समाज के लोगों को समाज पर आए हुए संकट की घड़ी में हम अपने समाज के लोगों का मदद करें यहां तक कि उनको तन मन धन से सहयोग भी करें

श्री तेज बहादुर जी प्रयागराज ने कहा कि समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए एवं समाज में आए हुए संकटों पर भी निर्णय लेने के लिए मदद करने की आवश्यकता है

श्री राजकुमार जी जौनपुर ने कहा कि पासी समाज के साथी स्वतंत्रा संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है लेकिन अधिकतर उनका नाम आज अमर शहीद में नहीं आ रहा है श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा



कि हम सभी को एक साथ आने की आवश्यकता है और हमें एक अच्छे श्रोता बनने की भी आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में, श्री अमृत लाल जी रायबरेली,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री सुखराम रावत लखनऊ ,श्री अशोक महतो दरभंगा बिहार ,श्री राजेश सरोज इलाहाबाद ,श्री रमेश महतो दरभंगा बिहार , श्री गोविंद कुमार रावत, श्री कमलेश कुमार जी बलरामपुर ,राज कुमार सरोज, रमेश महतो दरभंगा बिहार, डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज, सुरेश कुमार जी भदोही ,तेज बहादुर जी प्रयागराज , रमा शंकर भारती मुंबई ,सरोज राजेंद्र आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन श्री सुखराम रावत ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

### किसान के बेटे को डडे से धमकाने वाला लेखपाल सस्पेंड

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील में तैनात लेखपाल देवेन्द्र कुमार को घुरेहटा गांव के किसान को धमकाने के आरोप में एसडीएम मिल्कीपुर अमित जायसवाल ने सस्पेंड कर दिया है। बताया गया कि मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा पूरे शेखपुरा निवासी शिवराम पुत्र हुबलाल ने मिल्कीपुर एसडीएम को एक शिकायती पत्र दिया था कि उनके गांव में तैनात लेखपाल देवेंद्र कुमार ने उनके बेटे आशीष की पिटाई करके अपशब्दों का प्रयोग किया है। शिकायती पत्र में लिखा गया है कि उनके चक के सीमांकन के लिए एसडीएम मिल्कीपुर द्वारा आदेश किया गया था। जब पीड़ित किसान का बेटा आशीष उस आदेश को लेकर लेखपाल के पास गया तो लेखपाल ने ध3000 की मांग की। आशीष ने रुपए देने से इनकार किया और घूस मांगने की शिकायत एसडीएम से कर दी। जिससे खार खाए लेखपाल देवेंद्र कुमार ने गांव में पहुंचकर किसान के बेटे आशीष को मां बहन की भद्दी भद्दी गाली दी और डंडे से पिटाई कर दी। हालांकि इस बाबत लेखपाल द्वारा किसान के बेटे को डंडे से धमकाने का वीडियो भी सोशलमीडिया पर वायरल हो रहा है। किसान शिवराम द्वारा लेखपाल देवेंद्र कुमार के कृत्यों की एसडीएम मिल्कीपुर से शिकायत करके लेखपाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए विभागीय कार्यवाही करने की मांग की गई थी। जिसमें एसडीएम मिल्कीपुर अमित जायसवाल ने मिल्कीपुर तहसीलदार हेमंत गुप्ता को मामले की जांच सौंपी थी। जाँच रिपोर्ट मिलने के बाद एसडीएम ने लेखपाल देवेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया है।

### संतों ने रामचन्द्र दास परमहंस को अर्पित की श्रद्धांजलि

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अगुवा व दिगम्बर अखाड़ा के महंत रहे रामचंद्र दास परमहंस की 19वीं पुण्यतिथि की पूर्वंध्या पर संतों ने उनके समाधि स्थल पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान संतों ने सरयू तट स्थित समाधि स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की भी मांग की है।पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि महंत रामचंद्र दास परमहंस ने राम जन्मभूमि की लड़ाई लड़ी थी और उन्ही के नेतृत्व में ही विवादित ढांचा गिराया गया था, जिसके बाद आज भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। आज यहां पर आने के बाद याद आया कि जब 19 वर्ष पहले परमहंस दास की चिता जल रही थी तो उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी यहां पर आए थे और कहा था कि एक ना एक दिन हम सभी को जाना है। लेकिन हमारे पार्टी में एक ऐसा नेता आएगा जो भगवान के इस भव्य मंदिर निर्माण कार्य को पूरा करेगा। अयोध्या के विकास को लेकर भी कार्य किए जा रहे हैं। वहीं केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि भव्य मंदिर निर्माण के साथ सरयू तट स्थित महंत परमहंस दास की समाधि स्थल को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए।



### लापता बालिका 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहृता ६ गुमशुदा महिलाओं की बरामदगी के चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत खंडासा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से लापता एक नाबालिग बालिका को महज 24 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र स्थित एक गांव से एक नाबालिग बालिका अपने माता पिता की फटकार के बाद नाराज होकर घर से गायब हो गई थी मामला खंडासा थानाधक्ष के संज्ञान में आते ही उन्होंने के थाने के उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव, कांस्टेबल अनुज कुमार महिला कांस्टेबल खुशबू व अंगीता देवी की संयुक्त टीम गठित कर दी थी। पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को अयोध्या बस स्टैंड से सकुशल बरामद कर दिया और थाने ले आई जहां थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल चौधरी ने अपने 34 वें जन्मदिन पर लगवाए 34 पेड़

सीतापुर ।पर्यावरण प्रेमी व जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल चौधरी ने बढ़ते तापमान प्रदूषित वातावरण को देखते हुए अपने 34 वे जन्मदिवस पर केक ना काटकर 34 आम के पेंड लगावाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया है ।अपने जन्मदिन के अवसर पर श्री चौधरी ने बताया कि आज जिस तरह तापमान में बढ़ोतरी हो रही है व प्रदूषण फैल रहा है ।यदि हम भारतीय युवा इस पर ध्यान नहीं देंगे तो आगे चलकर भविष्य में भयानक परिणाम भुगतने होंगे हम अपनी धरती से पानी अन्य पेड़ पौधे फल हवा आदि ग्रहण करते हैं ।तो हमारा परम कर्तव्य भी है कि अपनी धरती को संरक्षित करें। आज हम सब इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कि भारत के कई बड़े शहर अत्यधिक प्रदूषण व गिरते जलस्तर का सामना कर रहे हैं। दूसरा सबसे बड़ा कारण जंगलों व पेड़ों का तेजी से कटना है ।हमारे पूर्वजो ने जोभि पेड़ लगा गए थे उन्ही पेड़ों से हम अबतक जिंदा हैं ।परंतु सोचने की बात यह है ।कि हम भारतीय युवा कितने धरा प्रेमी हैं ।मैं भारतीय युवाओं से निवेदन और अपील करता हूं कि सभी युवा साथी हर वर्ष एक एक पेड़ जरूर लगाएं ।श्री चौधरी ने गांव के ही 34 लोगों को 34 आम के पेड़ देकर उनको लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रहलाद कुमार कनौजिया एडवोकेट,प्रमोद दीक्षित, संबारू मौर्य श्रीकृष्ण जायसवाल रामरतन भार्गव विजय, दिनेश, सूर्यपाल भारती रामभूषण गुप्ता रतिराज मौर्य रामआसरे सुंदरलाल निर्मल कुमार संतोष कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



### आबादी के बीच गड्ढे में भरे पानी में शनिवार की सुबह मगरमच्छ दिखा गांव में मचा हड़कम्प

भदफर सीतापुर। लहरपुर कोतवाली इलाके के दंड पुरवा गांव में मगरमच्छ मिलने से हड़कंप मच गया आबादी के बीच गड्ढे में भरे पानी में शनिवार की सुबह मगरमच्छ दिखा जिससे गांव में हलचल दिखाई दी जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया वहां चारों तरफ भारी भीड़ जमा हो गई मामले की जानकारी मिलते ही भदफर पुलिस पहुंची वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई फॉरेस्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में पहुंचे वन कर्मियों में रमेश कुमार ने मगरमच्छ को पकड़ कर पास ही में शारदा नदी में छोड़ दिया गया।



### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया तीज महोत्सव

सिकंदराराऊ ।भाजपा महिला मोर्चा द्वारा तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए ।



महिलाओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जितने भी तीज त्यौहार हैं, उन सभी का अपना अलग महत्व है और उनमें सहभागिता करने से आपसी भाईचारे और सद्भाव व प्रेम की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर स्मृति पाठक , सुनीता वर्मा , कमलेश शर्मा, नंदनी देवी , अंजू उपाध्याय , रानी पाठक, सुचेता पाठक, कमलेश, संतोष जोशी , मनीषा गोस्वामी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## मोहर्रम के त्यौहार के मद्देनजर कोतवाली देहात थाना प्रांगण में शांति समिति की नगर वासियों ग्राम वासियों की एक बैठक का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । कोतवाली देहात मोहर्रम के त्यौहार के मद्देनजर कोतवाली देहात थाना प्रांगण में शांति समिति की नगर वासियों व ग्राम वासियों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम का त्यौहार सौहर्द के साथ मनाने की बात कही है। थाना कोतवाली देहात प्रागण में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी देहात राम अर्ज व नगीना सीओ सुमित शुक्ला कोतवाली देहात थाना प्रभारी हरीश चंद्र जोशी ने कहा है कि कोई भी नए परंपरा नहीं शुरू होने दी जाएगी पुलिस का चलते त्योहार मनाए ।और जनता ने उन्हें भरोसा दिलाया कि कोई भी क्षेत्र में घटना नहीं होने दी जाएगी पुलिस को सहयोग का भरोसा दिलाया बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरपाल सिंह कोतवाली देहात के ग्राम प्रधान मोहम्मद इमरान कुरेशी आदि लोगों ने अपने अपने विचार रखें और उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपसी भाईचारा कायम है हमारे यहां पर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम है ।और एक दूसरे के त्योहार को क्षेत्र के लोग मिलजुलकर मनाते चले आ रहे हैं । तथा आगामी त्योहारों को भी शांतिपूर्वक मनाने का



सहयोग करें मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों को बुलाकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया । जिसमें वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखे एसपी ग्रामीण राम अर्ज व सीओ सुमित शुक्ला ने कहा है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य लोगों से कहा है कि पुरानी ही परंपरा के पुलिस प्रशासन को भरोसा दिलाया इस अवसर पर एसपी ग्रामीण राम अर्ज नगीना सीओ सुमित शुक्ला थाना प्रभारी कोतवाली देहात हरीश चंद्र जोशी व्यापार मंडल अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह ,ग्राम प्रधान मोहम्मद इमरान कुरेशी ,सुहेल बाकर ,बबलू कुरैशी ,दौलताबाद ग्राम प्रधान मोहम्मद फैसल ,लईक अहमद ,पित्तानेहडी के ग्राम प्रधान मोहम्मद अनीस, क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जोगीरम्पुरी में मोहर्रम के त्यौहार पर निकलने वाले जुलूस व ताजिया के मार्गो का थानाध्यक्ष नगीना देहात ने निरीक्षण किया

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । रायपुर सादात थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम जोगीरम्पुरी में मुहर्रम त्यौहार को पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के दिशा निर्देश अनुसार थानाध्यक्ष नगीना देहात रविंद्र कुमार भाटी ने नगीना देहात पुलिस फोर्स के साथ इमामबाड़ा दरबारे हुसैनी रम्पुरी, हैदरी इमामबाड़ा,जोगीपुरा, आरफी इमामबाड़ा जोगीपुरा, मोहर्रम में निकलने वाले जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया परंपरा अनुसार मोहर्रम में जुलूस का आयोजन करने को कहा इस मौके पर आयोजन करता मौजूद रहे समर अब्बास, कुदरत हुसैन, हुसैन मेहंदी, जिया अब्बास, ईद अली, अकबर अली, सलामत हुसैन, थानाध्यक्ष नगीना देहात रविंद्र कुमार भाटी उपनिरीक्षक संजय त्यागी व उपनिरीक्षक अशोक कुमार बीट



कांस्टेबल रोहित चौधरी व कांस्टेबल राहुल कांस्टेबल संदीप कुमार कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह कांस्टेबल सोहनवीर कांस्टेबल ललित कुमार कांस्टेबल जबर सिंह मौजूद रहे।

## अफजलगढ़ क्षेत्र में चूहा पकड़ने के लिए बिल में डाला हाथ तो अंदर बैठे जहरीले सांप ने डस लिया संदीप की मौके पर ही मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र की घटना चूहे का बिल समझकर डाल दिया सांप के बिल में डाला हाथ हुई मौत। आपको बता दें जनपद बिजनौर के अफजलगढ़ ग्राम मीरापुर पहाड़ियोवाला में संदीप उर्फ डॉली पुत्र गब्बर सिंह नेगी अपने घर से चूहे भगा रहा था, उसने घर में बना एक बिल देखा जिसमें उसने सोचा कि चूहा इसके अंदर है, जिस को भगाने के लिए उसने उस बिल में हाथ डाल दिया। जैसे ही संदीप ने उस बिल में हाथ डाला उस बिल में बैठे जहरीले सांप ने संदीप के हाथ में दस लिया। सांप के डसने से संदीप की मौत हो हुई। वही संदीप के परिवार ने जैसे ही संदीप को सांप के डसने का पता चला तो परिवार ने संदीप को सांप काटने का इलाज कराने वाले को भी दिखाया, लेकिन उसने भी इलाज करने से साफ इंकार कर दिया। परिवार को तसल्ली नहीं हुई तो वह संदीप को झाड़–फूंक कराने वाले के पास भी ले गए लेकिन उन्होंने भी




अपने हाथ खड़े कर दिए। जिसके बाद सभी ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार वालों ने संदीप का राम गंगा घाट पर कालागढ़ में अंतिम संस्कार कर दिया। जिसके बाद घर में परिवार वालों ने सांप की काफी खोज की लेकिन सांप का अता पता नहीं चला। वहीं घर में जवान मौत से पूरे परिवार में गम का माहोल है।

## बिजनौर में मामूली विवाद को लेकर युवक की पीट-पीटकर की हत्या

☒ चार लोगों ने लाठी–डंडों से पीटा,इलाज के दौरान मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। बिजनौर में चार युवकों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आपको बता दें यह घटना अफजलगढ़ क्षेत्र की है। बताया जा रहा है मामूली विवाद में युवक की पिटाई की गई थी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला बिजनौर के अफजलगढ़ थाना क्षेत्र का है। जहां कालागढ़ के रहने वाले 25 साल के तस्लीम की पास के ही रहने वाले एक शख्स से कहासुनी हो गई। इस बात से नाराज होकर परिवार के 4 लोगों ने सलीम की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई में सलीम के पेट और सर पर चोट आ गई। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई वसीम अहमद ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दे दी है। भाई का आरोप है। कि 29 जुलाई की रात में करीब 9.00 बजे पास के ही रहने वाले इस्लाम पुत्र रहमुद्दीन इकबाल पुत्र इस्लाम फैसल पुत्र इस्लाम और मोमिना पत्नी इस्लाम की मेरे भाई से



लड़ाई हो गई। उन लोगों ने मिलकर मेरे भाई के ऊपर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। शनिवार सुबह सलीम की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। परिजन उसे सरकारी अस्पताल अफजलगढ़ ले गए जहां डॉक्टरों ने सलीम को कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया। मामले में अफजलगढ़ कोतवाल मनोज कुमार सिंह का कहना है कि मृतक सलीम का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## धामपुर में दुर्गा पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज उत्सव का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी सैयद मासूम रजा । धामपुर ,दुर्गा पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज उत्सव का आयोजन किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि संस्था की कोआर्डिनेटर श्रीमती प्रवेश कुमारी तथा विशिष्ट अतिथि संस्था की जिला अध्यक्ष श्रीमती पूजा भारद्वाज ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । कार्यक्रम में संस्था के बारे में 3 बातें प्रमुखता से बताई गई नंबर 1 संस्था जैविक खेती एवं वृक्षारोपण पर विशेष कार्य कर रही है। नंबर 2 आर्थिक रूप से पिछड़े बालकों –बालिकाओ को स्वाबलंवी बढ़ाने हेतु अनेक रोजगार परक कार्यक्रम संस्था द्वारा चलाए जा रहे हैं। नंबर 3 हरियाली तीज कार्यक्रम पर मेहंदी लगाने में कुशल बालिकाओं द्वारा मेहंदी लगवा कर, उन्हें आर्थिक लाभ पहुंचाना है। ताकि वे सभी अपने त्यौहार को भी प्रसननता के साथ घर में मना सके । कार्यक्रम में अनेक खेल, गतिविधियां, नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। तीज क्वीन को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की थीम राजस्थानी परिधान एवं अपनी संस्कृति के बारे में 1 मिनट लगातार बोलना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित गण उदिता सिसौदिया, रीटा चौहान, अर्चना, अनिता सैनी, सुनीता कुमारी, पवन देवी, प्रियंका अग्रवाल, अनुश्री, अनुष्का भारद्वाज, कपिजा मिश्रा, दीप शिखा राजपूत, पूजा रानी, बबीता रानी, अलका रानी, शिखा, नीरजा चौहान, रेनू, शिक्षा कौर, सुमन, पुष्पा रानी, मीनाक्षी रानी, शुभाली श्याम, नीतू रानी, माला, नीरज कुमारी, भूवि, तिथि, आदि। तीज क्वीन उदिता सिसौदिया , दीपशिखा राजपूत,प्रिया अग्रवाल, 'डांस



विजेता रुचि अग्रवाल , तिथि, एवं भूवि चौहान रही।

कार्यक्रम में जज की भूमिका सुनीता चौहान प्राचार्या पीडीएम महाविद्यालय पुरैनी एवं सविता गहलौत पूर्व प्रधानाचार्या कन्या इंटर कालेज धामपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। अभिषेक भारद्वाज का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा है।

## भारत सरकार की योजना उजव्वला योजना मे हो रहा बडा भष्टाचार, सम्बधित अधिकारी हुऐ मौन

☒ (रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार की योजना उजव्वला योजना है । जिस योजना के तहत गरीब पात्र लोगो को निशुल्क गैस सलैण्डर रगूलैटर पाईप चूल्हा आदि सरकार मुहाईया कराने मे अपनी अहम भूमिका निभा रही है । इस भारत सरकार की योजना को जन जन तक पहुचाने के लिऐ भारत सरकार द्रारा इसके प्रचार प्रसार मे करोडो रूपये खर्च किये है ताकि इस योजना का लाभ हर गरीब पात्र लोगो को मिल सके । गरीबो की रसोई मे गैस पर खाना आसानी से बन जाये । लेकिन यहा पर सब उल्टा पुल्टा ही दिखाई देता नजर आ रहा है । यहा पर अधिकतर गैस ऐजंसी पर कुछ दलाल सक्रिय नजर आते है ।

जो पात्र लोगो को इस योजना का लाभ देने के नाम पर ऐक हजार से लेकर दो हजार तक अवैध तरीके से वसूलने की खुली चर्चाओ मे है । यह कोई एक ऐजंसी का कारनामा नही है बल्कि कस्बे की दो व दैहात की अकबर पुर सुनहैटी ऐजंसी काफी चर्चाओ मे है ।

जिसकी जांच होना व जाच के बाद पाये जाने वाले दोषियो के विरूध कानूनी कार्य वाही होना गैस ऐजंसी का वायसंस निरस्त होना कोई बडी कार्य वाही नही होगी इतना ही नही कैराना व सुनहेटी की गैस ऐजसी पर ऐजसी प्रबंधको की व सम्बधित अधिकारियो की मिली भगत से जहा अपात्रो को पात्र दर्शाते हुऐ उन्हे इस योजना का लाभ दिया जा रहा है वही पात्र लोगो से ऐक हजार रूपये से लेकर दो हजार रूपये तक भी वसूले जाने का कार्य कोई नया कार्य नही हो रहा है । जिसके चलते भारत सरकार के आदेशो को कुछ दंबग दलाल खुलेआम ठेगा दिखा रहे है ।

जिनकी जाचं होना भी ऐक जन हित कार्य होता है । जिसकी जानकारी के लिऐ कुछ सम्बधित अधिकारियो से सम्पर्क किया गया तो उन्होने कोई संतोषजन जवाब न देकर एक दूसरे के पाले मे गेदं को डालते नजर आये तो वही टोल फ्री नम्बर पर पूरे मामले की जानकारी जुटायी गयी जिससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना मे किसी भी पात्र व्यक्ति से कोई ऐक पैसा नही ले सकता है लेकिन यहा बात पैसे की नही बल्कि रूपयो की खुलैआम होती नजर आती है जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत ऐक समाज सेवी ने दस बिंदूओ पर गैस ऐजंसीयो से जानकारी मागी है । जिसके पहुचते ही गैस ऐजसी स्वामियो सहित सम्बधित अधिकारियो के रोगटे खडे होते नजर आने लगे है । मागी गयी जानकारी व हो रहै भष्टाचार के सम्बध मे जहा देश के प्रधानमंत्री कार्यालय को ऐक शिकायती प्रार्थना पत्र भेज कर अवगत कराया है वही भारत पट्रोलयम मंत्रालय भारत सरकार को भी इस सम्बध मे एक शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग करते हुऐ हो रहे भष्टाचार पर अकुंश लगवाने तथा जांच मे पाये जाने वाले दोषियो के विरूध भी कार्यवाही की माग की है कस्बे के नागरिक द्वारा जन सूचना के अधिकार के तहत गैस ऐजसियो से दस बिंदुओ पर जवाब मागा है कि वर्ष 2021–22 मे कुल कितने आवेदन प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओ द्वारा आवेदन किये गये उनमे से कितने लाभार्थीयो को योजना के अन्तर्गत कनैक्शन उपलब्ध कराये गये वितरण किये गये एंव कितने आवेदन कर्ताओ को कनैक्शन फ्री उपलब्ध नही कराये गये उनके नाम राशनकार्ड नम्बर पता फोन नम्बर सहित प्रत्येक महावार की सूची मागी है तो वही दूसरा सवाल किया गया कि वर्ष 2020–21–22 मे कुल कितनी धन राशि ऐजंसी के द्वारा प्रचार प्रसार मे किस किस प्रकार कहा कहां खर्च की गयी । उपभोक्ताओ को दिये जाने वाले रैगूलेटर पाईप चूल्हा आदि पिछले तीन वर्षो मे कहा से किस रेट मे खरीदा गया किस फर्म के नाम पर खरीदा गया उसके सम्स्त बिल हर महीने के हिसाब से । प्रधान मंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत पात्र उपभोक्ताओ को क्या क्या सामान देना अनिवार्य है । सामान का नाम सत्यापित सूची । ऐजसी मे कुल कितने उपभोक्ता है उनमे से कितने उपभोक्ताओ को सलैण्डर फटने जैसी दुर्घटना मे कुल किकनी रकम का इन्सोसेस है क्या किसी आपके उपभोक्ता को इसका लाभ दिया गया । ऐजसी द्वारा बनाये गये गोदामो पर किसी भी तरह की दुर्घटना से निपटने के लिऐ प्रदूषण बोर्ड फायर सर्विस प्रयावरण के सभी नियमो का पालन किया गया है ।

सम्बधित विभाग द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र । ऐजसी मे कितने कर्मचारी कार्यरत है उनके आई डी कार्ड तथा सत्यापित सूची कम्पनी की डैस मे फोटो आदि ओर बहुत से बिदुओ पर जानकारी मागी गयी है जिसको क्या ऐजसी प्रबधक दे पायेगे यह तो समय के गर्भ मे छिपा है लेकिन मागी गयी जानकारी की समय अवधि पूरी होने पर न मिलने पर अपीलय जन सूचना अधिकारी को भेज कर जानकारी मागी जाऐगी।

ओर शिकायत कर्ताओ द्वारा भी इसकी शिकायत कर दी गयी है देखना यह है कि जांच कब ओर कोन करता है । क्या उच्छस्तरीय जांच हो पायेगी क्या ऐजसी यो के काले कारनामो से पर्दा उठ पायेगा यह तो आने वाला समय ही तय कर सकता है।

## लिंग परीक्षण एवम् गर्भपात के मामले में पकड़े गए दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छापेमारी में पकड़े गए दो अभियुक्तों को पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद जेल भेज दिया।

अंबाला की डिप्टी सीएमओ बलविंदर कौर ने थानाभवन में स्थित मुल्लापुर मार्ग पर नवजीवन मेडिकेयर सेंटर पर शामली नायब तहसीलदार एवं स्थानीय पुलिस के साथ पहुंचकर लिंग परीक्षण एवं गर्भपात की सूचना पर छापेमारी की थी। जिसमें मौके से जितेंद्र एवं राकेश निवासी कुरुक्षेत्र दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। जबकि मौके से नदीम नाम का मुख्य आरोपी फरार हो गया था। मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिंग परीक्षण एवं गर्भपात करने का मामला 3 लोगों के खिलाफ थाने पर दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने पकड़े गए राकेश और जितेंद्र को जेल भेज दिया है। वही फरार आरोपित के बारे में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। जल्द ही आरोपित को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।



मामला पिछले 2 दिनों से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना था।

## शामली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पर लगे गंभीर आरोप

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

☒ अंबाला के हेल्थ विभाग के सिविल सर्जन ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजा।

☒ जिला अधिकारी से आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग

लिंग परीक्षण के मामले में छापेमारी करने आई महिला डिप्टी सीएमओ के साथ शामली पी सी पी एन डी टी के नोडल द्वारा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है दरअसल मामला जनपद शामली के कस्बा थानाभवन का है। कस्बा थानाभवन के मुल्लापुर मार्ग पर स्थित नवजीवन मेडिकेयर सेंटर पर अंबाला की महिला डिप्टी सीएमओ लिंग परीक्षण एवं गर्भपात के मामले में अपनी टीम के साथ छापेमारी करने पहुंची थी।

छापेमारी के दौरान दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया था। जबकि एक आरोपित नदीम नाम का व्यक्ति मौके से फरार हो गया था। लगभग 24 घंटे की जद्दोजहद के बाद तीन आरोपितों के खिलाफ थानाभवन थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया।

वही अंबाला हेल्थ डिपार्टमेंट हरियाणा के सिविल सर्जन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री शामली जिला अधिकारी एवं अन्य कई बड़े अधिकारियों को पत्र भेजकर महिला डिप्टी सीएमओ के साथ शराब पीकर अभद्र व्यवहार करने एवं कार्रवाई के मामले में दबाव बनाने का आरोप लगा है। आरोपी पी सी पी एन डी टी डॉ अश्वनी कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत का यह पत्र अब सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

जिसकी चर्चा चारों ओर बनी हुई है।

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की ओर से भेजा गया पत्र यह बताने के लिए काफी है कि शामली स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और साथ ही यहां के अधिकारी भ्रष्टाचार के चलते कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के साथ भी किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं अब लेटर जारी होने पर चारो और शामली स्वास्थ्य विभाग की फजीहत हो रही है।

## बुजुर्ग से लूट करने वाले शातिर लुटेरों को पुलिस ने धर दबोचा

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फूसगढ में बुजुर्ग से हुई लूट का 02 दिन की अल्प समयवधि में सफल अनावरण करते हुए अन्तर्जनपदीय 02 शातिर लूटेरे अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटी हुई धनराशि एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

ज्ञात हो कि दिनांक 28.07.2022 को थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फूसगढ जाने वाले रास्ते पर रामपाल पुत्र खजान सिंह निवासी फूसगढ थाना थानाभवन जनपद शामली से अज्ञात बदमाशों द्वारा थैले में रखे हुए 40,000/– रुपये, दवाई आदि सामान की लूट की घटना कारित की गई थी । जिसके संबंध में पीडित द्वारा थाना थानाभवन पर अज्ञात लूटेरों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी गई थी । दाखिल तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 270/2022 धारा 392,427 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना कर क्षेत्राधिकारी थानाभवन, प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था । थाना थानाभवन पुलिस द्वारा घटना के अनावरण हेतु साक्ष्य संकलन एकत्रित करते हुए लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे ।

जिसके क्रम में आज दिनांक 30.07.2022 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं ऐसी वारदातों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा सूचना पर ग्राम फूसगढ में बुजुर्ग से लूट करने वाले 02 शातिर लूटेरे अभियुक्तों को ग्राम चन्देनामाल से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । जिनके कब्जे से लूटी हुई धनराशि से प्राप्त 39400/– रुपये व 02 गंडासे, 01 पैस्टिसाईड का पैकेट एवं लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है । गिरफ्तार लूटेरों का एक साथी मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा है । जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।



नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण,शिवम पुत्र सुभाष निवासी ग्राम चन्देना माल थाना थानाभवन जनपद शामली।संकित पुत्र सौ सिंह निवासी ग्राम चन्देनामाल थाना थानाभवन जनपद शामली।नाम पता फरार अभियुक्त,आकाश पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम चन्देनामाल थाना थानाभवन जनपद शामली।

बरामदगी का विवरण,लूटी हुई धनराशि में से प्राप्त 39,400/– रुपये।लूट में प्रयुक्त 01 मोटरसाईकिल हीरो एचएफ डीलक्स रंग काला बिना नम्बर प्लेट। 01 अदद पेस्टिसाईड का पैकेट। 02 अदद गंडासे।अपराधिक इतिहास अभियुक्त शिवम उपरोक्त, मु0अ0सं0 160/21 धारा 392 भादवि थाना नानौता जनपद सहारनपुर।मु0अ0सं0 162/21 धारा 3(5) आयुध अधि0 थाना नानौता जनपद सहारनपुर। मु0अ0सं0 270/22 धारा 392/427/411 भादवि थाना थानाभवन जनपद शामली।आपराधिक इतिहास अभियुक्त संकित उपरोक्त,मु0अ0सं0 270/22 धारा 392/427/411 भादवि थाना थानाभवन जनपद शामली। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः उ0नि0 श्री विमल कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।उ0नि0 श्री विजय त्यागी थाना थानाभवन जनपद शामली।का0 अमरपाल शर्मा थाना थानाभवन जनपद शामली। का0 उदित मलिक थाना थानाभवन जनपद शामली।का0 आशीष कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा गिरफ्तार करने वाली टीम को 5000/ रूपये के इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा कि गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## मोहर्रम के मद्देनजर एसपी ग्रामीण राम अर्ज व नगीना सीओ सुमित शुक्ला थाना प्रभारी हरीश चंद्र जोशी ने कस्बे का जायजा लिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । कोतवाली देहात आगामी मोहर्रम के त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए एसपी ग्रामीण राम अर्ज व नगीना सीओ सुमित शुक्ला



थाना प्रभारी हरीश चंद्र जोशी ने पुलिस फोर्स के साथ कोतवाली देहात में मोहर्रम के मद्देनजर पैदल गस्त कर रोडो का जायजा लिया आपको बता दें कि ग्राम कोतवाली देहात जोकि शिया हजरत की राजधानी कहा जाता है । मैं मोहर्रम का चान्द नजर आते ही सफे मातम बिछा दी जाती है । मजलिसओ का दौर शुरू हो जाता है पूरा माहौल गमगीन हो जाता है यही हाल कोतवाली देहात का रहता है मोहर्रम मनाने के लिए हिंदुस्तान के कोने कोने में रह रहे सिया अपने पैतृक गांव पहुंचते हैं और मोहर्रम के कार्यक्रम में शिरकत करते हैं और इमाम बाडो में देश के नामचीन शिया उलेमाओं की मजलिससे होती है मोहर्रम का मेन त्यौहार मोहर्रम की दसवीं तारीख को होता है इस दिन इन गांव में मातमी जुलूस निकालने जाते हैं और आपको बता दें कि शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अलर्ट मूड में दिखाई दे रही है और आपको बता दें कि एसपी ग्रामीण नगीना सीओ सुमित शुक्ला ने जनता से अपील की है कि आगामी मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और आपसी सौहार्द्र बनाए रखें।

## सावन माह में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा करते हुए भगवान शिव से मनोकामनाएं मांग रहे

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। इन दिनों सावन माह में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा करते हुए भगवान शिव से मनोकामनाएं मांग रहे हैं। जिसमें ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंगल कामना के लिए कांवड़ ला रहे हैं। जिस पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का चित्र भी लगाया हुआ है। दरअसल अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव भूतपुरी पहुंचने पर ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह का युवा भाजपा नेता आशीष चौहान आदि ने फूल–मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। कांवड़ ला रहे अजय प्रताप सिंह का कहना है कि मोदी–योगी के हाथों में ही यह देश पूरी तरह से सुरक्षित है। इन पर हमेशा विजयश्री का आशीर्वाद बना रहे इसलिए भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए वह कांवड़ लेने आए हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता आशीष चौहान के अलावा प्रवेश कुमार,शाहनवाज हुसैन,अमर प्रताप सिसौदिया,अंकित चौधरी, ऋषभ चौहान,दीपक चौहान तथा नरेश चौहान आदि उपस्थित रहे।



## रास्ते के विवाद को लेकर राजस्व विभाग टीम पहुंची मौके पर बरसाती पानी भरा होने के कारण नही हो सकी पैमाइश

किरतपुर। दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक लगभग 6 माह से चले आ रहे रास्ते के विवाद में पैमाइश करने के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे,परन्तु बरसाती पानी भरा होने के कारण पैमाइश नही हो सकी। प्राप्त समाचार के अनुसार मौजमपुर रोड स्थित परगना सराय जलाल में मनोज कुमार उर्फ डब्बू की जमीन है जिसका खसरा नंबर 35 है इस जमीन के पास ही विवेक कुमार जैमनी का काफी पुराना आम का बाग है। मनोज कुमार उर्फ डब्बू का कहना है कि बाग में सरकारी 20 फुट का रास्ता है जिसे उन्होंने बन्द कर रखा है।



जबकि विवेक जैमिनी पक्ष का कहना है कि उनके बाग में कोई रास्ते का मामला ही नही है। इस को लेकर मनोज कुमार उर्फ डब्बू ने इसकी शिकायत जनता दरबार में की थी। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने एसडीएम नजीबाबाद को आदेशित किया था कि राजस्व विभाग की टीम गठित कर पैमाइश कराई जाए जिस पर कानूनगो देवेन्द्र सिंह,लेखपाल मुकेश शर्मा आदि शनिवार की दोपहर लगभग चार बजे मौके पर पहुंचे परन्तु पानी भरा होने के कारण पैमाइश नही कर सके। लगभग 6 माह से चल रहे इस विवाद में दोनों ही पक्षों का कहना है कि उन्हें एक इंच जमीन भी एक दूसरे की फालतू नही चाहिए राजस्व विभाग पूरी ईमानदारी के साथ पैमाइश करके रास्ते की जमीन को पूरा कर दे। इस मामले को लेकर नगर के गणमान्य व्यक्ति दोनों पक्षो को समझा बुझाकर फैसला कराने के प्रयास में लगे हुए है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहैडी में मेंहदी प्रतियोगता का आयोजन हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी प नगीना क्षेत्र के गांव प्राथमिक विधालय रावलहैडी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया , इस अवसर पर आयोजित मेंहदी प्रतियोगता में सुंदर मेंहदी लगाने के लिए कक्षा 8 की छात्रा मिस्बाह को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया । विधालय



शिक्षिका स्वाती वर्मा के निर्देशन में आयोजित मेंहदी प्रतियोगता में क क्षा 7 की छात्रा शाजिया को कक्षा 8 की छात्रा मिस्बाह ने मेंहदी लगायी ,कक्षा 6 की छात्रा शुमाईला ने अपनी ही कक्षा सहपाठी गायत्री को मेंहदी लगायी जबकि कक्षा 7 की छात्रा श्रुति ने स्वयं को ही मेंहदी लगायी । निर्णायक एंव मुख्य अध्यापिका निशा रानी ने सुन्दर तथा आकर्षक मेंहदी लगाने के लिए छात्रा मिस्बाह को प्रथम ,श्रुति को दित्तीय तथा शुमायला को थर्ड स्थान प्राप्त करने पर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया , इस अवसर पर शिक्षक परवेज आदिल , सौरभ शुक्ला , माविया रशीद आदि मौजूद रहे , प्रतियोगता में 48 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## बारिश होने से गर्मी से मिली राहत किसानों के चेहरे खिल उठे

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी नगीना ।बारिश होने से आमजन को गर्मी से कुछ राहत मिली है। किसानों के चेहरे खिल उठे तथा फसलों को हुआ लाभ साथ ही मौसम भी सुहावना हो गया। बीते कई दिनों से तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा था,जिससे भीषण गर्मी शरीर को झुलसा रही थी। शनिवार को हल्की बारिश होती रही। बारिश होने और ठंडी हवा चलते से नागरिकों को गर्मी से राहत मिली ।शनिवार को अच्छी बात यह रही कि बारिश का मौसम रहा और बारिश भी और आसमान में बादल छाए रहे, जिससे धूप का प्रकोप नहीं रहा ।उधर, बारिश होने से रोड पर जल भराव हुआ। कारण कीचड होने से राहगीरों को थोड़ी परेशानी हुई। दूसरी ओर से बारिश से फसलों को भी लाभ पहुंचा है। बारिश से लोग भी खुश नजर आए।



## युवक हुआ हनीट्रैप का शिकार वीडियो काल के जरिए बातचीत के दौरान उसका अश्लील वीडियो किया रिकार्ड

☒ वीडियो वायरल करने की मिल रही धमकी युवक से रुपयों की मांग

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी के किशनी क्षेत्र का रहने वाला एक युवक हनीट्रैप का शिकार हो गया। वीडियो कॉल के जरिए बातचीत के दौरान उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया। अब युवती वीडियो वायरल करने की धमकी दे रही है। युवक से रुपयों की मांग की गई है। इससे वह परेशान है।




पीड़ित युवक ने बताया कि 29 जुलाई की रात 10 बजे अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज करने वाला चौटिंग करने लगा। बाद में उसी नंबर से वीडियो कॉल आई। युवक ने वीडियो कॉल को रिसीव कर लिया। इसमें लड़की अश्लील हरकतें करते हुए नजर आई। युवक को बाथरूम में जाकर कपड़े उतारने के लिए कहा गया। जब बात नहीं मानी तो वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान रिकॉर्ड की गई वीडियो को एडिट कर उसे भेज दिया। युवक ने कहा कि यह वीडियो वायरल कर उसे बदनाम कर देगी। बदनामी का भय दिखाकर उससे रुपयों की मांग की गई।

शातिर अपराधी फेक प्रोफाइल के जरिए ठगी करते हैं। मैसेज की शुरुआत नॉर्मल बातचीत से होती है। कुछ देर की बातचीत के बाद सीधे मैसेंजर या व्हाट्सएप पर चौटिंग करने लगते हैं। जो लोग इस बारे में जानते हैं, वह लोग आईडी को ब्लॉक कर देते हैं, लेकिन जो लोग प्रस्ताव स्वीकार कर लेते हैं, वह शातिरों के जाल में फंस जाते हैं।

साइबर अपराधी वीडियो कॉल करता है, जिसमें शातिराना अंदाज में लड़की का अश्लील रिकॉर्डेड वीडियो चला देते हैं। शातिर अपनी बातों में फंसाकर पीड़ित से कपड़े उतरवाते हैं, जिसे दूसरे कैमरे के जरिए रिकॉर्ड कर लिया जाता है। इसके बाद शातिर अपराधी पीड़ित को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हैं।

कोई ब्लैकमेल करे तो ये करें

साइबर सेल प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि यदि कोई पीड़ित है तो तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन में तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। फेक आईडी, फोन नंबर के बारे में जानकारी साइबर सेल से शेयर करें। पूरे मामले को साफ–साफ बताएं। शिकायत पर साइबर सेल कार्रवाई करेगी।

## एक परिवार पिछले दो महीने से सांपों की दहशत, परिवार के दो लोगों की दो महीने में सांप डंसने से हो गई मौत

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी में एक परिवार पिछले दो महीने से सांपों की दहशत में जी रहा है। इस परिवार के दो लोगों की दो महीने में सांप डंसने से मौत हो चुकी है। शुक्रवार रात गांव के इसी घर में रात को फिर सांप निकल आया। जिसको लेकर परिवार के लोग रातभर जागते रहे। बीती 24 जुलाई को इसी परिवार के युवक को सांप डंसने के बाद वायगीर उसे जिंदा करने का ड्रामा करते रहे थे।





बरनाहल थाना क्षेत्र के मोहल्ला जाटवान के गफ्फार खान का परिवार अभी दो मौतों के दुख से उबर भी नहीं पाया था कि शुक्रवार रात को उनके घर में फिर वैसा सांप निकल आया। जिसकी दहशत में पूरा परिवार रात भर तख्त पर एक साथ बैठा रहा। सुबह वायगीर को बुलाकर सांप को मरवाया गया।

गफ्फार खान के परिवार में सांप के डंसने से महज 15 से 20 दिन के अंतर में बेटे अजान(13) और नाती तालिब की मौत हो गई थी। गफ्फार के घर में पली भैंस भी सर्पदंश के बाद मर गई थी।

बेटे की मौत की डॉक्टरों की पुष्टि के बाद भी वायगीरों ने तंत्रमंत्र ढोलक चिमटा आदि की ध्वनि से लगभग 30 घंटे तक उसे जिंदा करने की नाकाम कोशिश की गई थी। लेकिन फिर से सांप निकला तो गांव के लोग दहशत में हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में 11उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण को मांगी भूमि

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने व ग्रामीणों को समय पर निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए 11 उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण के लिए भूमि की मांग की गई है। चिकित्साधीक्षक कैराना ने उपजिलाधिकारी को लेटर देकर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है शनिवार को चिकित्साधीक्षक कैराना शैलेंद्र चौरसिया ने उपजिलाधिकारी कैराना शिवप्रकाश यादव को चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग लखनऊ द्वारा जारी आदेशों की कॉपी देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में 11 उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण कर भवन निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में जल्द ही प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएग, जिसके बाद उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवनों के लिए निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो पाएगा। एसडीएम कैराना ने कहा कि भूमि की जाँच के लिए राजस्व टीम को चिन्हित गाँवों में भेजी जाएगी और भूमि मिलने पर प्रस्ताव भेजकर सरकार की मंशा के अनुरूप निर्माण कराया जाएगा।



☒ इन गांवों में बनेंगे उपस्वास्थ्य केंद्र : ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों का जीवन स्तर एंव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने व समय पर निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने को लेकर सरकार गंभीर नजर आ रही है। परिवार कल्याण महानिदेशालय लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग ने कैराना क्षेत्र के गांव आर्यपुरी देहात, टिटौली, सहपत, मंडावर, जंधेड़ी, जहानपुरा, जगनपुरा, इस्सोपुर खुरगान, बरनावी, नगलाराई व बधुपुरा में उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए जिला प्रशासन से भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है, भूमि का चिन्हीकरण होने के बाद तुरन्त निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को विभिन्न कार्यक्रमों में बुलाकर सम्मानित किया जाए:अध्यक्ष सहकारी बैंक अतुल प्रताप

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 30 जुलाई, अध्यक्ष सहकारी बैंक, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री प्रतिनिधि अतुल प्रताप सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड कुरावली के सभागार में उज्जवल भारत–उज्जवल भविष्य पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी से लेकर आज तक हमारे देश का हर क्षेत्र में विकास हुआ, विद्युत, ऊर्जा के क्षेत्र में आज हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हो चुके हैं, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद संकल्प लिया था कि देश के प्रत्येक घर में 2018 तक बिजली के माध्यम से रोशनी होगी और उन्होंने इस संकल्प को पूरा करके दिखाया, आज प्रत्येक गांव, प्रत्येक मजरा विद्युतीकरण हो चुका है, प्रत्येक घर में बिजली का कनेक्शन है और प्रत्येक घर विद्युत की रोशनी से जगमग हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पूर्व देश में विद्युत उत्पादन, विद्युतीकरण की स्थिति बेहद खराब थी, आज देश, प्रदेश में हर गांव हर मजरा, हर घर विद्युत आपूर्ति से जुड़ चुका है वहीं दूसरी ओर विद्युत प्रणाली मे भी काफी सुधार हुआ है, विद्युत






उत्पादन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई, आज हमारा देश, प्रदेश विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो चुका है। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि सभी लोग आजादी के अमृत महोत्सव अभियान से जुड़कर अपनी सक्रिय भागीदारी दें, देश के गौरवमयी इतिहास, आजादी को प्राप्त करने के लिए आजादी के दीवानों द्वारा दिए गए बलिदान के बारे में युवाओं को बतायें, स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को विभिन्न कार्यक्रमों में बुलाकर सम्मानित किया जाए, आजादी से लेकर आज तक हर क्षेत्र में हुए विकास, विभिन्न आंदोलनों की जानकारी युवाओं को हो।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतुल प्रताप, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने सौभाग्य योजना की अंतगर्त अनारकली, कल्पना, महादेवी, विनोद कुमार, रामबाबू, राज कुमार, विमलेश, सत्यवीर सिंह, राम भरोसे लाल, सुघर सिंह, पंकज कुमार, रामकली आदि को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन कात्यानी देवी, महावीर सिंह, अजय शाक्य, विश्व प्रताप जैन एवं आईसीएसई. बोड परीक्षा में जनपद की टॉपर समीक्षा जैन को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मलिखान सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती बंदना, स्वागत गीत एवं बिजली बचाओ पर आधारित नुक्कड़–नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख कुरावली, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, व्यापारी बंधु, गणमान्य व्यक्ति, विद्युत विभाग के अभियंताओं के अतिरिक्त उप जिलाधिकारी कुरावली युगान्तर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कुरावली संजय कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा, मलिखान सिंह, उदय चौहान, अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन बजरंग बहादुर जादौन, रतिराम ने किया।

## उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर थीम पर बिजली महोत्सव का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। देवा क्षेत्र के ग्राम कुसुम्भा गांव में पावर ग्रिड बिजली विभाग द्वारा उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर/2047 की थीम पर बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया महोत्सव में मुख्य अतिथि सांसद श्री उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मा0 मुख्यमंत्री योगी जी की नीतियों का परिणाम है कि आज ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे और शहरों में 24 घंटे बिजली मिल रही है। सांसद ने कहा कि जितनी संख्या में बिजली कनेक्शन पिछले तीन सालों में हुए हैं उतने पूरे 20 सालों में नही हुए इसका कारण है कि आज के आठ साल पहले गांवों को बिजली नही पहुंचती थी, इसलिए लोग कनेक्शन भी नही ले रहे थे। कनेक्शन बढ़ने से भारी लोड के कारण इधर दो महीने से आपूर्ति में खामियां आई हैं जिन्हें



एक दो महीने में सही हो जाएगी। सांसद ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों से जन संवाद किया और कहा कि बिजली के क्षेत्र में क्रांति आई है। सदस्य विधान परिषद श्री अंगद कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की नीति का परिणाम है वही अधिकारी, वही विभाग और वही मशीनरी जो आज हर नागरिक को पूरी बिजली मिल रही है। जबकि आठ साल पहले लोग चंदा लगाकर बिजली लाने के लिए पैसे खर्च करते थे। पावरग्रिड के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री डी कुशवाहा, महाप्रबंधक श्री पंकज कुमार, उपमहाप्रबंधक अनूप कुमार सिंह, प्रबंधक मनीष कुमार, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम बाराबंकी के अधिशाषी अभियंता श्री अंशुमान यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक श्री पंकज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस महोत्सव का संचालन समाजसेवी रत्नेश कुमार ने किया। महोत्सव में केंद्रीय सूचना ब्यूरो भारत सरकार की टीम जमुना प्रसाद कनौजिया द्वारा सांस्कृतिक व नुक्कड़ नाटकों से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी। भारत की विभिन्न विद्युत विभागों यथा पावरग्रिड, त्न्ब्, च्थ्ब्, छज्च्ब् इत्यादि द्वारा विद्युत क्षेत्र की उपलब्धियों और आगे की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु फिल्में दिखाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री श्री संदीप गुप्ता, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री आसुतोष अवस्थी, जिला मंत्री करुणेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री अशोक सिंह चौहान, शिवकुमार जायसवाल, पारख महासंघ के जिलाध्यक्ष श्री सुशील रावत, भाजपा नेता सीताकांत, दीपक मिश्रा,बृजेश रावत, बबलू यादव, कफील अहमद, दिनेश चंद्र वर्मा, पी0ओ0 नेडा श्री टीकाराम,पिंटू कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## डकैती की योजना बनाते छः आरोपी हुए गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा डकैती की योजना बना रहे 06 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 03 तमंचा व 07 जिंदा कारतूस किए गए बरामद।जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु वांछित–इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा डकैती की योजना बना रहे 06 अभियुक्तों 1. बजरंग चौहान पुत्र शुकरू निवासी गढ़ी पुरवा थाना रेवसा जनपद सीतापुर, 2. मेहीलाल पुत्र रामचन्द्र चौहान निवासी नईखेड़ा मजरा सिकरी बेहटा थाना तम्बौर जनपद सीतापुर, 3. सतीश पुत्र प्रताप चौहान निवासी डूलामऊ



कंडी थाना रेवसा जनपद सीतापुर, 4. पुत्तीलाल पुत्र भगवानदीन पासी निवासी नईखेड़ा मजरा सिकरी बेहटा थाना तम्बौर जनपद सीतापुर, 5. अवधराम पुत्र मूलचन्द्र यादव निवासी नईखेड़ा मजरा सिकरी बेहटा थाना तम्बौर जनपद सीतापुर, 6. सूरज पुत्र मेहीलाल निवासी नईखेड़ा मजरा सिकरी बेहटा थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त बजरंग चौहान के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व 05 अदद जिंदा कारतूस, अभियुक्त मेहीलाल के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस, अभियुक्त सतीश के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद कर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।पुलिस द्वारा की गई अभियुक्तगण से पूछताछ में बताया गया कि फरार अभियुक्त सत्य प्रकाश के साथ मिलकर हमलोगों ने पूर्व में बदोसराय के एक घर से जेवरात व नकदी तथा मरकामऊ बाजार में स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास एवं थाना रामनगर क्षेत्र के एक गांव के घर से जेवरात, नकदी व पिपरमेण्ट का तेल चोरी किये थे। फिलहाल सभी अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला संकुल सीमित का भैरव नाथ इंटर कालेज मऊ के प्रांगण में आयोजन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत मऊ में भैरोनाथ इंटर कॉलेज के प्रांगण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मऊ आजीविका महिला संकुल समिति द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री श्री सतीश शर्मा व खण्ड विकास अधिकारी श्री रविशंकर पाण्डेय , जवाहर लाल वर्मा समिति की अध्यक्ष श्रीमती रामदेई ,सचिव श्रीमती राजकुमारी ,कोषाध्यक्ष श्रीमती राजकान्ति ग्रामीण बैंक मैनेजर श्री शिव नारायन वर्मा ग्राम पंचायत मऊ प्रधान प्रतिनिधि अजीत वर्मा ,ग्राम पंचायत कंधईपुर प्रधान आशीष मिश्रा , ग्राम प्रधान गोरपुर शिव गोविंद वर्मा ,प्रधान रमेश वर्मा,भगौती वर्मा, सचिन जयसवाल शशि प्रकाश वर्मा सहित समस्त सम्मानित सदस्य व बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रही।



## पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें राज्य ललित कला अकादमी के विशेष सहयोग से स्कूल एवं कॉलेजों में चित्रकला प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता फेस पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा मे चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें 3 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।




चित्रकला प्रवक्ता विनोद सिंह सिंह ने चित्रों की प्रदर्शनी लगाने हेतु छात्राओं को प्रशिक्षण भी दिया और बताया कि 15 अगस्त को जिला स्तर पर इन कलाकृतियों का प्रदर्शन पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें जिले के और तहसील से साईं पीजी कॉलेज आजाद इंटर कॉलेज नेशनल इंटर कॉलेज डा० रामकुमार गिरी पब्लिक इंटर कॉलेज राजकीय इंटर कॉलेज युगान्तर इंटर कॉलेज शारदा विद्या मंदिर सहित तमाम कॉलेज और स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल होंगे। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ राम सिंह व कार्यक्रम संयोजक योगिन्दर कौर सहित तमाम शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## संत शिरामणि कबीरदास एवं वर्तमान परिदृश्य पर संगीतमय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी नगर के चित्रगुप्त महाविद्यालय में शनिवार को संत शिरामणि कबीरदास एवं वर्तमान परिदृश्य पर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री के पुत्र अतुल प्रताप सिंह व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिवदत्त भदौरिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. शिखा सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में संगीत विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. पीसी कुशवाह ने कबीर की पुकार पर संगीतमय भजन प्रस्तुत किए। उनकी इस प्रस्तुति में विभिन्न संगतकार तबला पर डा. प्रभाकर लाल श्रीवास्तव (दिल्ली), सारंगी पर पुनीत सिसौदिया (दिल्ली), पैड पर नितिन, की–बोर्ड पर नीरज शर्मा ने बखूबी साथ दिया।

डा. पीसी कुशवाह ने कहा कि महाकवि कबीरदास संपूर्ण हिन्दी साहित्य के महान कवि थे। कबीरदास निर्णुण निराकार ईश्वर में विश्वास रखते थे। उनका मानना था कि ईश्वर कण–कण में है। अंत में कार्यक्रम संयोजक डा. संजय सिंह चौहान ने सभी अतिथियों, वक्ताओं का आभार प्रकट किया।

# संक्षिप्त समाचार

## उधार के पैसे मांगने पर लोहे की राड से किया हमला, घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। उधार के पैसों का तकाजा करने पर दबंग पिता–पुत्रों ने वृद्ध पर लोहे रॉड से हमला करके घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की शनिवार को नगर के बाईपास रो पर स्थित झंडी वाला पीर निवासी अकबर पुत्र अलीमुद्दीन ने तहरीर देते हुए बताया कि भूरा रोड निवासी शमशाद को हरियाणा निवासी कुलदीप से अपनी जमानत पर 86 हजार की नकदी उधार के तौर पर दिलवाई थी,जिसे जल्द ही लौटाने का वादा किया गया था। आरोप है कि जब 86 हजार की नकदी की मांग की तो पिता–पुत्रों ने क्षुब्ध होकर लोहे की रॉड से हमला कर दिया,जिसमें अकबर गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर जाँच कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दुष्कर्मी को आजीवन कारावास व 26 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) ने आरोप सिद्ध पाए जाने पर दुष्कर्मी को आजीवन कारावास व 26 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई अभियोजक संजय चौहान न बताया कि 12 अगस्त वर्ष 2020 को क्षेत्र के गाँव अलीपुर निवासी शाहनवाज पुत्र गय्यूर ने जबरदस्ती घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटना को अंजाम दिया था और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। 13 अगस्त को पीड़ित पिता की तहरीर पर कैराना पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 8 सितम्बर को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। और आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।तभी से आरोपी जेल में है। इस मामले में कुल आठ गवाह पेश किए गए।विद्वान न्यायधीश मुमताज अली ने पत्रावलियों का वलोकन करने के बाद दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी मुर्सलीन को आजीवन कारावास व 26 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। जुर्माने की रकम अदा न करने पर चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## पर्यवरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। जमियत यूथ क्लब के सदस्यों ने पर्यवरण बचाने के लिए कई स्थानों पर वृक्षारोपण संरक्षण का संकल्प लिया शनिवार को क्षेत्र के गाँव भूरा में जमियत यूथ क्लब की ओर से अनेकों स्थानों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान झिंझाना, तितरवाड़ा व गोगवान सहित अन्य स्थानों पर पौधे रोपित किये गए। मौलाना वासिल ने कहा कि मनुष्य की जिंदगी में पर्यावरण का अहम योगदान होता है। अगर पर्यवरण बचेगा तो जिंदगी बचेगी। हम सबको एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए,जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके।

## अनियंत्रित डंपर मकान में घुसा,बाल-बाल बचा परिवार-फायर सर्विस सेंटर से डंपर बैक करते समय हुआ हादसा बाउंड्रीवाल,मेनगेट व विद्युत पोल हुआ क्षतिग्रस्त

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। फयर सर्विस पर खड़ा अनियंत्रित बेकाबू डंपर बैक करते समय दीवार तोड़कर मकान में जा घुसा, जिसमें बाउंड्रीवाल जमीदोज हो गई। इस दौरान विधुत पोल में टक्कर लगने से हाईटेंशन विधुत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई और तेज धमाके के साथ विधुत सप्लाई बंद हो गई शनिवार की दोपहर मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर अम्बा मैरिज होम के निकट स्थित फायर सर्विस सेंटर पर धुलाई कराने के बाद चलज डंपर लेकर जैसे ही उसे बैक करने लगा इसी दौरान बेकाबू डंपर मस्टर निर्मल सिंघल के मकान का मेनगेट व बाउंड्रीवाल तोड़कर अंदर जा घुसा। इस दौरान विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसके बाद हाईटेंशन विद्युत लाइन में आग लगने के साथ ही तेज धमाका हो गया।गनीमत रही कि परिवार बाल–बाल बच गया। अगर डंपर आगे बढ़ जाता तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और बेकाबू डंपर को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई।



- **पन्द्रह मिंट तक जमीन में दौड़ता रहा करंट**

डंपर की टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोल के बाद हाईटेंशन विद्युत लाईन में आग लग गई और तेज धमाके होते रहे। लगभग पन्द्रह मिंट तक जमीन में करंट दौड़ता रहा,लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचे। इस दौरान अगर कोई क्षतिग्रस्त लाईन की चपेट आ जाता तो बड़ी जनहानि हो जाती।

## हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। हरियाली तीज के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छह व 8 की छात्राओं ने भाग लिया शनिवार को हरियाली तीज के उपलक्ष में नगर के डीवकेव पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें कक्षा छह व आठ की छात्राओं ने प्रतिभाग किया और मेहंदी डिजाइन में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इरम नाज प्रथम, आयशा, राबिया व आरुषि दूसरे तथा सुनैना व प्रसिद्धि तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में स्कूल डायरेक्टर गीता रानी,दीपिका गुप्ता एँव प्रधानाचार्य केवकेव शर्मा ने विजेता छात्राओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।





## पशु डेरी की छत हुई धराशायी, 13 पशु मलबे में दबकर घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। बारिश के चलते पशुओं की डेरी की छत भरभराकर गिर गई,जिसमें गायों सहित 13 दुधारू पशु मलबे में दबने से घालय हो गए। मौके पर पहुंचे पशु विभाग के चिकित्सकों ने घायल पशुओं का उपचार किया। शनिवार की प्रातः क्षेत्र के गांव एरटी निवासी निर्देश उर्फ मुकेश पुत्र गंगाराम की पशुओं की डेरी की छत बारिश के करण भरभराकर गिर गई, जिसमें गायों सहित 13 दुधारू पशु मलबे में दब गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मलबे में दबे पशुओं को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुँची और घायल पशुओं का उपचार किया। डेरी संचालक निर्देश ने बताया कि कुछ दुधारू पशुओं को थोड़े दिन पहले ही खरीदा गया था। मलबे में दबने से पशुओं को गंभीर चोटें आई हैं।




## थाना कोठी पुलिस ने 40 ग्राम अवैध मारफीन सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 29 जुलाई को थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त संदीप सिंह पुत्र अवधराज निवासी ग्राम निरथूआ थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को नियामतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 40 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर थाना कोठी पर एनडीपीएस एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–प्रभारी निरीक्षक संजीत कुमार सोनकर, उप निरीक्षक उपेंद्र यादव, का.अमित सिंह, का. सुभाष चंद्र,का.शैलेश चौधरी थाना कोठी।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश के कारण कच्चे मकान की छत गिरी, हादसा होने से टला

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट के गांव सीयपुरा सेहा में बारिश के चलते एक कच्चे मकान की छत अचानक धड़ाम से गिर गई। जिससे परिवार के लोग दबने से बच गए। बड़ा हादसा होने से टल गया।घर में रखा हजारों के सामान का नुकसान हो गया। पीड़िता ने मुआवजे की गुहार लगाई है।



जानकारी के अनुसार संगीता देवी पत्नी राम नरेश निवासी गांव सीयपुरा सेहा गरीब महिला अपने परिवार साथ कच्चे मकान में रहती है। वहीं बीते 3 दिन से हो रही लगातार रिमझिम बारिश के चलते शुक्रवार को महिला के कच्चे मकान की छत अचानक धड़ाम से गिर पड़ी। जिसमें नीचे बैठे परिवार के लोग बाल बाल बच गए। गनीमत रही बड़ा हादसा होने से टल गया। मकान की छत गिरने से नीचे दबकर हजारों के सामान नुकसान हो गया। पीड़ित महिला संगीता के मुताबिक सरकार द्वारा पक्के मकान की चलाई जा रही योजना के बारे में कई बार पक्के पक्का मकान की गुहार लगाई गई। मगर गरीब परिवार को पक्के मकान का कोई लाभ नहीं मिला है।जिसके चलते वह परिवार के साथ कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं। बारिश के चलते छत गिर गई है। पीड़ित महिला और उसके परिवार ने प्रशासन से नुकसान का मुआवजा एवं पक्का मकान उपलब्ध कराए जाने की गुहार लगाई है।

### चंबल के खादर में डूबने से गई 12 साल के बच्चे की जान, पैर फिसलने से हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

जैतपुर। शनिवार को खेडा राठौर के नदगवां में दोपहर बाद ढाई बजे के करीब कृष्णा उर्फ गोलू (12) की चंबल नदी के खादर में डूबने से जान चली गई। पैर फिसलने से खादर में गिरे बच्चे के शव को करीब एक घंटे बाद बाहर निकाला जा सका। मौके पर पहुंचे एसडीएम रतन वर्मा, नायब तहसीलदार गौरव अग्रवाल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



नदगवां के नाथूराम का बेटा कृष्णा उर्फ गोलू खादर के पास अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से खादर में भरे चंबल के उफान के पानी में गिर कर डूब गया। साथी बच्चों की चीख पुकार पर पहुंचे लोगों ने करीब एक घंटे की मसक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। सूचना पर खेडा राठौर पुलिस के साथ एसडीएम रतन वर्मा, नायब तहसीलदार गौरव अग्रवाल मौके पर पहुंचे। मृतक के परिवार में मातम पसर गया है। नदगवां शोक में डूब गया है।

पहले मां की हुई मौत, अब बेटे की गई जान– करीब 10 साल पहले कृष्णा उर्फ गोलू की मां रीना की जान गई थी। तब से कृष्णा उर्फ गोलू अधिकांशतः बिहारी का नगला (आगरा) में अपनी ननिहाल में रह रहा था। परिजन और पडोसियों ने बताया कि करीब 12 दिन पहले ही गांव आया था। बेटे की मौत के बाद दुख के पुराने जख्म भी हरे हो गये हैं।

## सासू जी झूला कैसे झूलूं, मोरे पिया करे हैं तंग...

• राजस्थानी थीम पर मनाया तीजोत्सव, चुनी तीज क्वीन

आगरा। गीलो सावन आयो रे... सावन में आयो रे तीज त्योहार..., सासू जी झूला कैसे झूलूं, मोरे पिया करे हैं तंग... जैसे तीज मल्हार गीतों की धुनों के बीच सावन का झूला। कुछ यूं लुत्फ उठाया महिलाओं के प्रमुख त्योहार हरियाली तीज उत्सव का कमला नगर स्थित जी होटल में भारत विकास परिषद् की श्समर्पणश शाखा की महिला सदस्यों ने द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि तरुण शर्मा, धर्मगोपाल मित्तल, अध्यक्ष संजीव दौनेरिया, सचिव नितिन गोयल और कोषाध्यक्ष समीर जैन, महिला संयोजिका संगम सिंघल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम प्रभारी लवली जैन ने बताया कि सावन के शुरू होते ही लोगों में एक अलग सा उल्लास उमंग का माहौल होता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने तरह–तरह के खेल का आनंद उठाया।

कार्यक्रम के अंत में तीज क्वीन का चुनाव खेल के माध्यम से कराया गया। निर्णायक मंडल में कीर्ति शर्मा और गीता मित्तल शामिल रही द्य राजस्थान थीम पर हो रहे तीज उत्सव में जीवंत प्रस्तुति झलक रही थी। कार्यक्रम प्रभारी निधि गोयल, निधि गर्ग, साक्षी मित्तल व शिवानी गोयल ने हरियाली तीज के महत्व के बारे में विस्तार जानकारी दी। इसके बाद विभिन्न प्रकार के गेम खिलाएं गये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से



विमलेश गुप्ता, रश्मि वर्मा, आरती अग्रवाल, रिचा अग्रवाल, निशी दौनेरिया, मोनिका अस्थाना, मोनिका दौनेरिया, अलका मित्तल, प्रियंका अग्रवाल, सोनम मित्तल आदि मौजूद रही।

## आगरा सैंट पीटरश्स कॉलेज में प्रकृतिक ऑक्सिजन इसलिए ग्रीन स्कूल बनाने जरूरी : एसपीसीओबीए

दै, आयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। 30 जुलाई को सावन के पावन माह में सेंट पीटर्स कॉलेज ओल्ड बॉयज एसोसिएशन (एसपीसीओबीए) ने, स्कूल के 175 वे वर्ष के उत्सव वर्ष में, विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आज स्कूल प्रांगण मे 75 वृक्ष रोपित किए गए। वृक्षारोपण से पहले स्कूल के इको –क्लब ने पर्यावरण पर रंगारंग कार्यक्रम किया। और पर्यावरण की महत्वता पर प्रकाश डाला, साथ ही ष रिड्यूस, रीयूज और रीसायकलष का संदेश दिया। इको –क्लब, प्रिंसिपल के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण को हरा भरा करने मे लगा है। आगरा शहर के पर्यावरण प्रेमी श्री राजीव बंसल, जिनहोने इस वर्ष आगरा मे दस हजार पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। उन्होने व्रक्षारोपन के लिए पौधों का इंतेजम किया। उनका प्रोग्राम मे प्रिन्सिपल फादर एंड्रू कोरिया ने स्मृतिचिन दे कर सम्मान किया। स्कूल के पुराने छात्र श्री तुषार अग्रवाल ने भी स्कूल मे 25 पेड़ लगवाए। एसपीसीओबीए के उपाध्यक्ष श्री रामानंद चौहान, सचिव श्री भरत महाजन और कोषाध्यक्ष श्री नीतेश गुप्ता ने प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और हेड मिस्ट्रेस का पुष्पुच दे कर स्वागत किया। मंच से बोलते हुए एसपीसीओबीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अनिल शर्मा ने कहा के– ष स्कूल से लगा ७१ एकड़ का पालीवाल पार्क आगरा शहर कि ऑक्सिजन फैक्टरि है, इस लिहाज से स्कूल प्रांगण मे पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। स्कूल अपने छात्रों के साथ साथ शहर के लिए भी कार्य करता है। पुराने छात्र स्कूल और इको –क्लब के साथ ष्ग्रीन स्कूलष बनाने मे कंधे से कंधा मिला कर कार्य करेंगे। सेहत और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूल के छात्र ज्यादा से ज्यादा पैदल चलें या साइकिल का इस्तेमाल करें। प्रिन्सिपल से अनुरोध किया के जो छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है उसका धरातल पर भी पालन हो. फादर एंड्रयू ने वोट ऑफ थैंक्स के अपने संदेश मे कहा के पेड़ लगाना बहुत जरूरी, खासकर कोविद के समय, एक समय ऐसा था जब ऑक्सिजन के लिए मारामारी थी और लोग मर रहे थे। उन्होने कहा के हर शहरी को कुछ वक्त निकाल कर गाँव और प्रकरती के बीच जाना चाहिए।



तभी हमें पेड़ों के उपयोग का पता चलेगा। हफ्ते में एक दिन स्कूल के मुख्य द्वार से क्लास तक नो व्हीकल जोन रखने के विचार पर उन्होंने विचार करने का आश्वासन दिया। आज के आयोजन मे एसपीसीओबीए कि कार्यकरणी के सदस्य श्री अनिल शर्मा, श्री रामानंद चौहान, श्री भरत महाजन, श्री नीतेश गुप्ता, श्री बृजेश वर्मा, श्री अमित खात्री, डॉ समीर कुमार के साथ समिति के सदस्य डॉ पराग गौतम, मनीष अग्रवाल जॉली आलोक कुमार अग्रवाल, विवेक गोयल, डॉ मानव अग्रवाल, अनमोल कोहली, नितिन अग्रवाल, हितेश अमरनानी, डॉ निशांत चौहान, हर्ष महाजन,तुषार अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

## चंबल नदी का जलस्तर 4 मीटर घटकर हुआ स्थिर,स्ट्रीमर संचालन जारी

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र से सटी चंबल नदी का जलस्तर कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने से बढ़ था।अब नदी का जलस्तर स्थिर होकर 4 मीटर घट गया है। स्ट्रीमर संचालन जारी है। आपको बता दें राजस्थान के कोटा बैराज से बीते दिनों भारी मात्रा में चंबल नदी में पानी छोड़ा गया था। जिससे चंबल नदी का जलस्तर बढ़ गया था। पिनाहट घाट पर चंबल नदी का जलस्तर 121 मीटर तक पहुंच गया था। गुरुवार से चंबल नदी का पानी धीरे धीरे स्थिर होकर पानी का लेवल पिनाहट घाट पर 4 मीटर घटकर शनिवार को शाम तक 117 मीटर रह गया। चंबल नदी का पानी घटने



से तटवर्ती इलाकों के गांव के ग्रामीणों और प्रशासन ने फिलहाल राहत में है। वहीं पिनाहट उसेथ घाट पर स्ट्रीमर का संचालन यात्रियों की सुविधा हेतु जारी है। जिसके यात्रियों का उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को आवागमन हो रहा है।

## भक्तिभाव से मनाया चंड पर्व मंदिरों में प्रार्थना कर हुआ प्रसाद वितरण

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। सिंधी समाज का चंड पर्व समाज के लोगों ने मंदिर और अपने घरों में पूरे भक्ति भाव और श्रद्धा से मनाया।महिलाओं ने नियम, संयम और व्रत के जरिए भगवान झूलेलाल की पूजा की। गौरतलब है कि भगवान झूलेलाल से प्रार्थना की। सिंधी सेंट्रल पंचायत के मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया कि समाज के लोगों ने एक दूसरे को चंड पर्व की बधाई दी।




प्रमुख पदाधिकारियों ने लोगों से फोन कर उनके हालचाल जाने। घर में महिलाओं और पुरुषों ने भगवान से प्रार्थना की सभी की तरक्की हो। चंड पर्व के मौके पर विशेष रूप से बनने वाला मीठे चावलों का प्रसाद घरों में बनाया गया। काला महल स्थित मंदिर पर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। शहर के अन्य मंदिरों में अभी प्रसाद का वितरण हुआ। सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुख्य सरक्षक जीवत राम करीरा, गागन दास रमानी, अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी,महामंत्री परमानन्द अतवानी, घनश्याम दास देवनानी, मेघराज दियालानी, नन्द लाल आयलनि, , पंडित बंटी महाराज,जेठा पुरषानानी, अमृत माखीजा, किशोर बुधरानी,जय राम दास होतचंदानी,सुशील नोतनानी, राजकुमार गुरनानी, जय किशन बुधरानी, राज कोठरी,, कमल छाबरिया,जगदीश डोडानी, जय प्रकाश केशवानी, अशोक चावला, रोहित अयलानी, मुकेश अमरनानी, आदि ने चंड की बधाई दी।

## फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के व्यापारियों की समस्याओं पर होगा मंथन

• नोन ब्रांडेड खाद्य पदार्थों पर थोपा गया जी.एस.टी. होना चाहिए वापिस–आर.के.गोड राष्ट्रीय महामंत्री

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। बी के बंसल ने अपने समान विचार वाले साथियों को जोड़ कर लगभग इसी समय पर देश में जीएसटी को लागू करने का अभियान तेजी से चल रहा था इसी समय पर स्वर्गीय श्री बी के बंसल ने राष्ट्र के समक्ष एक अनूठी एवं अति सरल जीएसटी प्रणाली एवं एकल जीएसटी प्रणाली को लागू करने के लिए केंद्र सरकार,प्रधानमंत्री,वित्त मंत्री,वित्त सचिव के यहां समय लेकर प्रेजेंटेशन दिया इस प्रणाली मैं कर की वसूली केवल उत्पादन स्तर पर ही होनी थी।उनकी परिकल्पना थी कि असंगठित क्षेत्र में व्यापारी एवं सूक्ष्म उद्योग जीएसटी के रखरखाव की औपचारिकताओं से मुक्त हो जाएगा। आज के समय में उनकी अग्रणी सोच पूर्णता सही साबित हुई और छोटे व्यापारी एवं सूक्ष्म उद्योग जीएसटी की विषमताओं एवं जटिलताओं के भार से कराह रहा है।एक ऐसी कर प्रणाली थोपी गई जिसका लगभग 1200 बार से अधिक संशोधन किया गया है एवं संशोधन अभी भी जारी है। हाल ही में नॉन ब्रांडेड खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी थोपकर के छोटे छोटे व्यापारियों पड़ोस के दुकानदारों को जीएसटी की जटिलताओं में फंसा दिया है और इंस्पेक्टर राज की पुनरस्थापना की तरफ धकेल दिया है जीएसटी लागू करते समय इस कर प्रणाली को अत्यंत सरल सुगम प्रणाली के रूप में प्रचारित एवं प्रसारित किया गया था।शने शने सरकार की यह भावना दूर जाती दिखाई दे रही है आज देश में 9 करोड़ असंगठित क्षेत्र के व्यापारियों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है।

ऐसे लगातार ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा देने के कारण हो रहा है पड़ोस के दुकानदार माननीय प्रधानमंत्री जी अपने राष्ट्र के समक्ष उदबोधन में इसकी जरूरत को कोविड–19 महत्वपूर्ण मानते थे निसंदेह कोविड–19 छोटे व्यापारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता आम नागरिकों के लिए तो सुगम की। एक राष्ट्र एक बिजली की दर लागू की जानी चाहिए जिसके फलस्वरूप सभी राज्यों को समान प्रतिस्पर्धा का अवसर मिले। खाद्य वस्तु अधिनियम के विभिन्न रजिस्ट्रेशन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है इसकी ऑनलाइन स्थापना का मूल्य उद्देश्य विफल होता दिखाई दे रहा है क्योंकि एक सामान्य,सीधा सादा,भोला व्यापारी ऑनलाइन पंजीकरण कराने में असमर्थ रहता है व किसी की सहायता से पंजीकरण का आवेदन प्रस्तुत करने के बाद भी उसको खाद्य विभाग के अधिकारी से मिलने के लिए विवश होना पड़ता है अतः आर्थिक शोषण व उत्पीड़न का शिकार होता है हाल के ही कुछ महीनों में प्रदेश सरकार के अतिक्रमण अभियान चलाकर बाजारों के अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्णय लिया है इस अभियान का स्वागत करते हुए कई जगह पर अनावश्यक उत्पीड़न भी हुए हैं जिसकी स्थानीय अधिकारी को देखना समझना और दूर करना चाहिए।

हम मांग करते हैं कि उपरोक्त बिंदुओं का संज्ञान लेकर सरकार छोटे असंगठित व्यापारियों एवं सूक्ष्म उद्योग की कठिनाइयों को सच्चे मन से दूर करने का प्रयास करेगी यदि सरकार



सहानुभूति पूर्वक व्यापारी हित के निर्णय नहीं लेती है तो फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल क्रमवार राष्ट्रीय स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए विवश होगा। राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश कार्यकारिणी की उपस्थिति आगरा में इस दिन रहेगी। सम्मेलन उपरांत तृतीय शस्त्र में शाम 6:00 बजे से आगरा जिला कार्यकारिणी की आम सभा आहूत की गई है जिसमें राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। प्रेस वार्ता का संचालन जिला महामंत्री बृजेश पंडित ने किया!प्रेस वार्ता में डी सी शर्मा,प्रदेश विद्युत कमेटी चेयरमेन, हरेश अग्रवाल जिला अध्यक्ष बृजेश पंडित महामंत्री, रविन्द्र अग्रवाल कार्यवाहक अध्यक्ष,विकास मोहन बंसल, शिशिर भगत, दीप बघेल आदि उपस्थित रहे।

## अजीत नगर बाजार कमेटी के तिरंगा चौक पर डीआईजी जिला कारागार का हुआ सम्मान

दै, अयोध्या टाइम ब्यूरो

आगरा। अजीत नगर बाजार कमेटी के तिरंगा चौक पर प्रतिदिन होने वाले ध्वजारोहण व राष्ट्रगान में आज 1647 में दिन हमारे मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह डीआईजी जिला कारागार रहे उन्होंने ध्वजारोहण व राष्ट्रीयगान किया 26 जनवरी 2018 से प्रतिदिन होने वाले ध्वजारोहण व राष्ट्रगान में अजीत नगर बाजार कमेटी ने एक कीर्तिमान हासिल किया। आपको बता दें कि भारतवर्ष में आगरा एक ऐसी जगह है जहां पर समय अनुसार बाजार कमेटी प्रतिदिन ध्वजारोहण व राष्ट्रगान करती है, बाजार कमेटी को दिए गए सम्मान वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित पत्रों को देखकर मुख्य अतिथि ने प्रशंसा की और बहुत ही खुश नजर आए मुख्य अतिथि ने कहा ऐसे कार्यक्रम हर चौराहे हर गली हर जगह होने चाहिए यह एक देश की प्रेम भावना को जोड़ता है। वही दैनिक अयोध्या टाइम्स के चीफ ब्यूरो चंद्र प्रकाश ने भी मुख्य अतिथि को फूलों का बुग्गा भेंट कर स्वागत किया और कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी नीवरत चलता रहे यही हम कामना करते हैं।



उपस्थित सदस्यगण, अरुण सिकरवार, अध्यक्ष राजेश यादव, अजय नोतनानी, महा मंत्री, मनोज नोतनानी, दिनेश अरोड़ा, सुंदरलाल,चेतवानी, संजय नॉत नानी, राणा, रंजीत सिंह, अरविंद कुमार, गोस्वामी, इमरान अब्बास, शिव शंकर, रिंकू अग्रवाल, महेंद्र यादव, अनुराग कुशवाहा, राजा ठाकुर, अनुराग सिंह, सुनील कुमार, सुलभ कुलश्रेष्ठ, गुरप्रीत सिंह, कुलविंदर सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## किसानों की हाथ समस्या को लेकर पूर्व मंत्री ने सीडीओ के साथ की बैठक

पिनाहट। आगरा जनपद में बरसात के मौसम में बाजरा सहित अन्य मौसमी फसलों की बुवाई पूर्ण हो चुकी है। और फसलों में खाद लगाने का समय आ गया है। वही किसानों को खाद से संबंधित समस्या ना हो जिसे लेकर पूर्व मंत्री एवं सहकारी बैंक के चेयरमैन आगरा राजा अरिदमन सिंह भदावर ने सीडीओ आगरा से खाद समस्या निवारण के लिए अवगत कराया था। जिसे लेकर पूर्व मंत्री के अनुरोध पर शनिवार को सीडीओ आगरा द्वारा अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्या से संबंधित सुझाव मांगे गए। बैठक में पूर्व मंत्री एवं सहकारी बैंक के चेयरमैन राजा अरिदमन सिंह के प्रस्ताव पर किसानों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्णय लिया गया। खाद से संबंधित समस्या होने पर कंट्रोल रूम पर किसान अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। जिससे किसानों की शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी और खाद भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## पुलिस कार्यवाही मे अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करते छह व्यक्तियों को दबोचा

• कब्जे से 140 किलोग्राम एक कुन्टल 40 किलोग्राम अवैध गाँजा, दो कार व अवैध असलाह व मोबाइल बरामद

दै, अयोध्या टाइम ब्यूरो चंद्रप्रकाश

आगरा। जनपद में चोरी, लूट, जुआ, सट्टा, अवैध नशील पदार्थ आदि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं इनामी, गैंगस्टर, वांछित की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी खेरागढ़ के सफल पर्यवेक्षण में थाना सैया पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में 29 जुलाई 2022 को सीआईडब्ल्यू टीम व थाना सैंया पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त व चौकिंग की जा रही थी। चौकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि कुछ लोग दो गाडियों में गाँजा भरकर धौलपुर की तरफ से आगरा की ओर आ रहे है, अगर आप जल्दी करें तो पकड़े जा सकते है। पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीरूउपरोक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा बताये स्थान पर पहुँचकर सघनता से चौकिंग की जा रही थी। कुछ देर बाद धौलपुर की तरफ से दो गाड़ियाँ आती देखकर पुलिस टीम द्वारा इशारा कर रूकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देख अभियुक्तगण भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा एक वारगी दविश देते हुये आवश्यक बल प्रयोग करते हुये दो गाड़ियों सहति कुल छह अभियुक्त को गिरफ्तार किया। कब्जे से कुल 140 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त दो कार मोबाइल, दो तमंचे मय तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये। अवैध गाँजा बरामदगी के आधार पर थाना सैंया पर मु0 पंजीकृत किया गया। पुलिस पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश कुमार, पीयूष सिसौदिया, पंकज सिंह, ओमप्रकाश, अशोक, कृष्णकान्त शर्मा बताया गया। कडाई से पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोग अवैध गांजे के व्यापार करते है। हम सभी एक साथ मिलकर उडीसा राज्य से विशाखापट्टनम् से पास आरकू नाम की जगह से रू0 1800/– प्रति कि०ग्रा० की दर से गांजा खरीदकर लाते हैं।

ये लोग हमें अपने ठिकाने पर नहीं ले जाते हैं बल्कि किसी अलग स्थान पर गाडी बुलाकर हमारी गाडी में गांजा भरवा देते हैं। उसके बाद हम लोग अवैध गांजे को महंगे रेट पर बेचते हैं। इस तरह से हमें अच्छी कमाई हो जाती है। हम लोग करीब एक सप्ताह पहले दो गाडी लेकर उडीसा गये थे हम लोगो ने वहां से दोनों गाडियों में कुल 140 किग्रा0 गांजा के कुल 70 पैकेट खरीदे थे, जिन्हें हम दोनों गाडियों में आधा आधा भरकर वापस आगरा आ रहे थे। पुलिस टीम द्वारा



हम लोगो को अवैध गाँजा व अवैध असलाह सहित पकड़ लिया गया। पुलिस टीम, 1. प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, 2. निरीक्षक प्रदीप कुमार प्रभारी सीआईडब्ल्यू, 3. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह,4. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना सैंया, 105. का0 नासिम अली, का0 रविकान्त, 6. है0का0 रामवीर सिंह, है0का0 अरविन्द कुमार सिंह, का0 ऋषि कुमार, काव हरेन्द्र सिंह, सीआईडब्ल्यू टीम जनपद आगरा।

## पिनाहट के पशु चिकित्सक हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह में सम्मान

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट के ब्लॉक कार्यालय परिसर में स्थित पशु चिकित्सालय



पिनाहट में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रविंद्र दुबे बीते 2 वर्षो से तैनात थे। जहां उनका चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यकाल पूरा होने के उपरांत शनिवार को वह सेवानिवृत्त हुए। जहां पशु चिकित्सालय पर सेवानिवृत्त होने के मौके पर उनके परिवारी जन उनके स्वागत सम्मान के लिए पहुंचे। जहां सेवानिवृत्त होने पर विदाई सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया। जिसमें अधीनस्थ पशु चिकित्सकों एवं क्षेत्रीय लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। और चिकित्सकों एवं लोगों द्वारा उनके कार्य की जमकर सराहना की गई।

## स्कूल यूनिफार्म में पार्क-मॉल में जाने पर रोक सरकार का सराहनीय कदम उपाध्याय

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। विद्यार्थियों के साथ अपराधिक घटनाएं कम–पढ़ाई लिखाई में सुधार–अब बंक मरना आसान नहीं–अभिभावकों को राहत आगरा उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार ने यूनिफार्म पहनकर स्कूल टाइम में पार्क रेस्टोरेंट्स मॉल जैसी सर्वजनिक स्थानों पर जाने वाले विद्यार्थियों पर रोक लगा दी है। साथ ही सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी किया है और आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा है। इस संदर्भ में हमारे संवाददाता ने आप्टा संस्थापक व भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ महानगर संयोजक डॉ सुनील उपाध्याय से बात की। उन्होंने सरकार की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा कि अक्सर देखा गया है। स्कूल के समय कुछ विद्यार्थी स्कूल ड्रेस में बंक करके पार्क मॉल रेस्टोरेंट्स आदि सार्वजनिक जगह पर



टाइम पास करते देखे गए हैं। इससे उनका समय ही बर्बाद नहीं होता बल्कि उनके साथ अप्रिय घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। जिससे उनकी पढ़ाई–लिखाई पर बुरा असर पड़ता है। सरकार के द्वारा उठाएगा यह कदम विद्यार्थियों के साथ–साथ अभिभावकों के हित में भी है। स्कूल यूनिफार्म में सार्वजनिक स्थानों पर घूमने पर रोक लगने से विद्यार्थियों के साथ हो रही अप्रिय घटना पर रोक तो लगेगी ही साथ ही पढ़ाई के स्तर में भी सुधार आएगा और अभिभावकों को भी राहत मिलेगी।

## प्रधान पति ने ग्रामीणों के साथ घायल गाय का कराया इलाज

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र के गांव छदामीपुरा में शनिवार को एक गाय के पैर में तार फस जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। लगातार गाय के पैर से खून बह रहा था। जिसे देखकर चचिहा ग्राम पंचायत की प्रधान पति महेंद्र सिंह ने तत्काल अन्य ग्रामीणों को एकत्रित किया और गाय को पकड़कर उसका इलाज शुरू किया। काफी देर तक घायल गाय के पैर का खून बंद नहीं होने पर पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाया। जहां चिकित्सक ने गाय के पैर में फंसे हुए तार को निकालकर इलाज किया। वही प्रधान पति महेंद्र ने अपने भाई रजत के साथ गाय चारा खिलाया और ठीक होने तक सेवा कार्य शुरू कर दिया है।

## विद्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। कस्बा पिनाहट के पूरनपुरा स्थित शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वर्ष 2021–22 के परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया। स्कूल के प्रबंधक रणवीर सिंह भदोरिया ने छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कक्षा 10 के टॉप 5 छात्रों को आगामी कक्षा में 20: स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई। कोई कक्षा 1 से 9 व 11 तक की मेधावी छात्रों को 10:



छात्रवृति की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रबंधक रणवीर सिंह भदोरिया ने घोषणा करते हुए कहा स्कूल के प्रत्येक सत्र में क्षेत्र के किसी भी समाज धर्म के गरीब शोषित शिक्षा से वंचित सज्जन मेधावी बच्चों को सुशीला देवी मेवाराम सिंह भदोरिया स्मृति छात्रवृत्ति के तहत स्कॉलरशिप दी जाएगी। इस मौके पर जगदीश कुशवाहा, एके पाठक, आशुतोष भदोरिया, मोहिनी बिधौलिया, देवेंद्र सिंह, रजत गुप्ता, उमाकांत त्यागी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## 2001 बैच के विद्यार्थियों ने कॉलेज आकर यादें की ताजा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। कॉलेज, आगरा के रसायन विज्ञान विभाग में आज सत्र 2001 के एमएससी उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं ने विभाग में आकर अपने पुराने शिक्षकों से मिलकर अनुभव साझा किए। जिन शिक्षकों ने उन्हें पढ़ाया, उनको शॉल ओढ़ाकर तथा पौधा भेटकर उनका अभिनंदन किया तथा उनके प्रति अपना आदर व सम्मान व्यक्त किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्राचार्य डॉ अनुराग शुक्ला ने कहा की यह वर्ष महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि महाविद्यालय अपनी स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण कर रहा है और इस अवसर पर आप जैसे पुरातन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में आकर अपने पुराने अनुभवों का उन्हें सुना या अपने गुरुओं का सम्मान किया यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है।

समारोह में रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार रावत ने सभी अतिथियों एवं एवं पुरातन विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमित अग्रवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व छात्रा डॉ गीता शर्मा ने किया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ एससी अग्रवाल, डॉ एससी गोयल, डॉ मिथिलेश शुक्ला, डॉ विनीता गुप्ता आदि का पूर्व छात्रों ने



अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डॉ संचिता सिंह, डॉ भूपेंद्र सिंह, डॉ कल्पना चतुर्वेदी, चेतन गौतम, गौरव प्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनीष यादव फर्रुखाबाद, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव मुंबई, बबीता सिंह फरीदाबाद, सुनीता सिंह मथुरा मनी अग्रवाल मानेसर, आशीष अग्रवाल हिमाचल प्रदेश, डॉ उपेंद्र कुमार सिंह नोएडा, डॉ राजेश सिंह लखनऊ, प्रतीक्षा गर्ग, राहुल शर्मा, चारु अग्रवाल, शिवानी गुप्ता, सारिका पाराशर, राजीव कुमार सिंह, डॉ श्यामवीर सिंह, डॉ मधुर अग्रवाल, प्रगति सिंह गाजियाबाद आदि पूर्व छात्रों ने सहभागिता की तथा महाविद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

# नकली पुलिस बनकर चेकिंग करने वाले को असली पुलिस ने धर दबोचा

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। तहसील क्षेत्र पयागपुर अंतर्गत थाना विशेश्वरगंज फर्जी पुलिस बनकर चेकिंग के नाम पर वसूली कर रहे चार अंतर्जनपदीय लोगों को असली पुलिस ने दबोच लिया तलाशी के दौरान कट्टा बरामद हुआ पुलिस लिखी गाड़ी पर हुटार लगाकर चेकिंग के नाम पर राहगीरों पर रोक जमा रहे थे पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के दीगीत पुरवा के पास गुरुवार की देर रात पुलिस लिखी कार पर हूटर लगाकर चार लोग चेकिंग कर रहे थे गुजरने वाले राहगीरों से कागजात मांगते और जुर्माना के नाम पर पैसे वसूल रहे थे सादे कपड़े में पुलिस बनकर चेकिंग करने की बात कुछ राहगीरों को बात हजम नहीं हुई राहगीरों ने घटना की सूचना विशेश्वरगंज थाने को दी सूचना पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया विशेश्वरगंज थाना अध्यक्ष श्यामदेव चौधरी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वरिष्ठ उपनिरीक्षक कैसर खान सिपाही दिनेश यादव संदीप यादव धर्मेंद्र यादव दिनेश चंद्र मिश्रा को मौके पर भेज सूचना पर पहुंची टीम ने चारों ओर से घेराबंदी करते हुए पुलिस बनकर चेकिंग कर रहे लोगों के पास पहुंची असली पुलिस को देख नकली पुलिस के होश उड़ गए पुलिस को देख सभी भागने लगे तो पुलिस टीम ने दौरा कर चारों नकली पुलिस वालों को दबोच लिए थाना अध्यक्ष ने बताया कि तलाशी के दौरान एक कट्टा व एक कार बरामद



हुआ पूछताछ में आरोपियों की पहचान गोंडा जिला के कौड़िया थाना क्षेत्र कोटिया मदारा निवासी अजय सिंह सतीश सिंह व करनैलगंज थाना क्षेत्र के शिव लाला पुरवा गांव निवासी श्री राम मिश्रा वाह बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के कटहरी गांव निवासी पिंटू सिंह के रूप में हुई थाना अध्यक्ष ने बताया की जालसाजी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल रवाना किया गया है।

# डीएम व एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी कर्नलगंज गोंडा। गोंडा जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण पर पहुंचे डीएम ने वहां पर कैदियों से बात की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा सख्त निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं इसके साथ ही ऐसे कैदी



जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाए जेल में निरुद्ध कैदियों का मेडिकल चेकअप कराने के लिए मेडिकल कैंप भी आयोजित कराते रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान एवं आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की बनाई गई रणनीति

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही बलहा विधायक सरोज सोनकर

दैनिक अयोध्या टाइम्स रोशनी तिवारी सुजौली, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के मंडल चफरिया के ग्राम सभा सुजौली में हर घर तिरंगा अभियान एवं आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की योजना बनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर बलहा विधायक सरोज सोनकर शामिल हुई। इस दौरान बलहा विधायक सरोज सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई में जो आज विश्व के नेता माने जाते हैं हम अपना 75 वा स्वतंत्रता दिवस के रूप में हर घर तिरंगा लगाकर मनाने जा रहे हैं इस दौरान बूथ अध्यक्षों के द्वारा हर घर पर तिरंगा लगाया जाएगा। 11 से 13 अगस्त को हर ग्राम में प्रभात फेरी निकाली जाएगी जिसमें रघुपति राघव राजा राम के गीत गाए जाएंगे 9 और 10 तारीख के बीच युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी इस दौरान महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता घूरेप्रसाद मौर्य ,प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद आर्य, मंडल अध्यक्ष चफरिया राजेश गुप्ता, मछुआ



प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रीतम निषाद ,संजय मौर्य, प्रफुल्ल जायसवाल ,विद्या प्रकाश ,राम खेलावन, प्रफुल्ल जैसवाल निखिल तिवारी संदीप पोरवाल राहुल बाथम,इंद्रजीत सिंह व काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बसालतपुर में चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बसालतपुर में बीते बुधवार की रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। घटना के संबंध में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बसालतपुर की है। यहां के निवासी अमरेश कुमार चतुर्वेदी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उनके बरामदे में दो साइकिल व बोरियों में भरा गेहूं रखा था। बुधवार की रात्रि चोर उनके यहां पहुंचे और दोनों साइकिल व गेंहू चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका वहीं प्रभारी कोतवाल शादाब आलम ने बताया कि मामला संज्ञान में है और प्रकरण की जांच हल्का दरोगा अजय सिंह कर रहे हैं।

# नकली पुलिस बनकर चेकिंग करने वाले को असली पुलिस ने धर दबोचा

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। तहसील क्षेत्र पयागपुर अंतर्गत थाना विशेश्वरगंज फर्जी पुलिस बनकर चेकिंग के नाम पर वसूली कर रहे चार अंतर्जनपदीय लोगों को असली पुलिस ने दबोच लिया तलाशी के दौरान कट्टा बरामद हुआ पुलिस लिखी गाड़ी पर हुटार लगाकर चेकिंग के नाम पर राहगीरों पर रोक जमा रहे थे पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के दीगीत पुरवा के पास गुरुवार की देर रात पुलिस लिखी कार पर हूटर लगाकर चार लोग चेकिंग कर रहे थे गुजरने वाले राहगीरों से कागजात मांगते और जुर्माना के नाम पर पैसे वसूल रहे थे सादे कपड़े में पुलिस बनकर चेकिंग करने की बात कुछ राहगीरों को बात हजम नहीं हुई राहगीरों ने घटना की सूचना विशेश्वरगंज थाने को दी सूचना पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया विशेश्वरगंज थाना अध्यक्ष श्यामदेव चौधरी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वरिष्ठ उपनिरीक्षक कैसर खान सिपाही दिनेश यादव संदीप यादव धर्मेंद्र यादव दिनेश चंद्र मिश्रा को मौके पर भेज सूचना पर पहुंची टीम ने चारों ओर से घेराबंदी करते हुए पुलिस बनकर चेकिंग कर रहे लोगों के पास पहुंची असली पुलिस को देख नकली पुलिस के होश उड़ गए पुलिस को देख सभी भागने लगे तो पुलिस टीम ने दौरा कर चारों नकली पुलिस वालों को दबोच लिए थाना



अध्यक्ष ने बताया कि तलाशी के दौरान एक कट्टा व एक कार बरामद हुआ पूछताछ में आरोपियों की पहचान गोंडा जिला के कौड़िया थाना क्षेत्र कोटिया मदारा निवासी अजय सिंह सतीश सिंह व करनैलगंज थाना क्षेत्र के शिव लाला पुरवा गांव निवासी श्री राम मिश्रा वाह बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के कटहरी गांव निवासी पिंटू सिंह के रूप में हुई थाना अध्यक्ष ने बताया की जालसाजी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल रवाना किया गया है।

# फुर्तीला के साथ अमायरा दस्तूर पंजाबी फिल्मों में अपने धमाकेदार डेब्यू के लिए हैं तैयार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

- उषा फुर्तीला के साथ अमायरा दस्तूर पंजाबी फिल्मों में अपने धमाकेदार डेब्यू के लिए हैं तैयार

उषा साहनी मुंबई। अमायरा दस्तूर हिंदी, तमिल और तेलुगु फिल्मों में खुद को साबित कर चुकी हैं। अब अमायरा अपनी अपकमिंग फिल्म श्फुर्तीलाश के साथ पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में अमायरा के साथ जस्सी गिल नजर आएंगे। वहीं फिल्म का डायरेक्शन अमर हुंदल का हैं। कह सकते है कि इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के जरिए अमायरा ने अपने पैन इंडिया स्टार बनने के लक्ष्य की तरफ एक और कदम बढ़ा लिया हैं। अमायरा दस्तूर का मानना है कि ट्रैलेंट का यह आदान–प्रदान स्टीरियोटाइप्स को भी तोड़ रहा है। वो कहती हैं, ष्यह मैसेज देता है कि हमें विशेष संस्कृतियों के लोगों को स्टीरियोटाइप नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए, अभिनेता सामंथा प्रभु हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एंटर करने के लिए तैयार हैं। यह एक अहम कदम है क्योंकि हम अलग अलग बैकग्राउंड के लोगों को एक्सेप्ट कर रहे हैं। अमायरा आगे कहती हैं, "मैं एक पैन इंडिया स्टार बनने की ख्वाहिश रखती हूं, जो सभी को आकर्षित कर रहा है। हमारे पास यह पूरी क्षेत्रीय चीज इतने लंबे समय से चल रही है, लेकिन अब, खात तौर से इस इंडस्ट्री में लोग विभिन्न प्रकार की फिल्में बनाने के लिए ओपन हैं। वो आरआरआर और केजीएफ जैसी फिल्मों की लोकप्रियता का हवाला देते हुए कहती हैं, यह साबित करता है कि यह किसी फिल्म के लोकेशन या भाषा पर निर्भर नहीं करता है, अगर यह एक शानदार फिल्म है, तो हर कोई इसे देखेगा। अमायरा दस्तूर का मानना हैं कि रेखाओं का यह धुंधलापन अभिनेताओं को अपने क्षितिज को व्यापक बनाने में भी मदद करता है। ष्यह हमारे लिए (2021) बहुत सारे मौके लेकर आया है। बहुत काम किया जाना है। लोग अब क्षेत्र के बाहर से किसी के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, जैसे कि मैं, जो पंजाबी नहीं बोलती लेकिन एक पंजाबी फिल्म पर काम कर रही हूं। " हालांकि जब अमायरा से उनकी पंजाबी फिल्म को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इस पर ज्यादा कुछ न बोलते हुए खुलासा किया कि ष्यह आज के जमाने की कहानी है। मुझे कुछ ऐसा करना पसंद है जो मेरी उम्र के लोगों के बारे में हो और उनकी समस्याओं को दर्शाता हो, जिनका आज युवा सामना कर रहे हैं। मैं एक इस प्रोजेक्ट को शूट करते हुए बेहत अच्छा समय बिताया है। लोगों ने कहा, श्ओह, क्या आप पंजाबी हैं? जैसा कि मैंने अपनी लाइनें जल्दी सीखीं।

ऐसे में अब सभी को अमायरा दस्तूर की पंजाबी फिल्म का इंतजार है। अमायरा दस्तूर हिंदी, तमिल और तेलुगु फिल्मों में खुद को साबित कर चुकी हैं। अब अमायरा अपनी अपकमिंग फिल्म श्फुर्तीलाश के साथ पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में अमायरा के साथ जस्सी गिल नजर आएंगे। वहीं फिल्म का डायरेक्शन अमर हुंदल का हैं। कह सकते है कि इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के जरिए अमायरा ने अपने पैन इंडिया स्टार बनने के लक्ष्य की तरफ एक और कदम बढ़ा लिया हैं। अमायरा दस्तूर का मानना है कि ट्रैलेंट का यह आदान–प्रदान स्टीरियोटाइप्स को भी तोड़ रहा है। वो कहती हैं,




ष्यह मैसेज देता है कि हमें विशेष संस्कृतियों के लोगों को स्टीरियोटाइप नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए, अभिनेता सामंथा प्रभु हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एंटर करने के लिए तैयार हैं। यह एक अहम कदम है क्योंकि हम अलग अलग बैकग्राउंड के लोगों को एक्सेप्ट कर रहे हैं। अमायरा आगे कहती हैं, "मैं एक पैन इंडिया स्टार बनने की ख्वाहिश रखती हूं, जो सभी को आकर्षित कर रहा है। हमारे पास यह पूरी क्षेत्रीय चीज इतने लंबे समय से चल रही है, लेकिन अब, खात तौर से इस इंडस्ट्री में लोग विभिन्न प्रकार की फिल्में बनाने के लिए ओपन हैं।ष वो आरआरआर और केजीएफ जैसी फिल्मों की लोकप्रियता का हवाला देते हुए कहती हैं, ष्यह साबित करता है कि यह किसी फिल्म के लोकेशन या भाषा पर निर्भर नहीं करता है, अगर यह एक शानदार फिल्म है, तो हर कोई इसे देखेगा। अमायरा दस्तूर का मानना हैं कि रेखाओं का यह धुंधलापन अभिनेताओं को अपने क्षितिज को व्यापक बनाने में भी मदद करता है। ष्यह हमारे लिए (2021) बहुत सारे मौके लेकर आया है।ष बहुत काम किया जाना है। लोग अब क्षेत्र के बाहर से किसी के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, जैसे कि मैं, जो पंजाबी नहीं बोलती लेकिन एक पंजाबी फिल्म पर काम कर रही हूं। " हालांकि जब अमायरा से उनकी पंजाबी फिल्म को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इस पर ज्यादा कुछ न बोलते हुए खुलासा किया कि ष्यह आज के जमाने की कहानी है। मुझे कुछ ऐसा करना पसंद है जो मेरी उम्र के लोगों के बारे में हो और उनकी समस्याओं को दर्शाता हो, जिनका आज युवा सामना कर रहे हैं। मैं एक इस प्रोजेक्ट को शूट करते हुए बेहत अच्छा समय बिताया है। लोगों ने कहा, ओह, क्या आप पंजाबी हैं? जैसा कि मैंने अपनी लाइनें जल्दी सीखीं। ऐसे में अब सभी को अमायरा दस्तूर की पंजाबी फिल्म का इंतजार है।

# ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिल रही निर्बाध विद्युत आपूर्ति राज्य मंत्री

दैनिक अयोध्या टाइम्स बौंडी बहराइच। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विद्युत विभाग व पावर ग्रिड के संयुक्त तत्वावधान में तेजवापुर ब्लाक के सिसई हैदर स्थित एक रिसार्ट मे बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। उज्जवल भारत–उज्जवल भविष्य, पावर /2047 के रूप में कार्यक्रम को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर राज्य मंत्री केपी मलिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बिजली क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों का बखान किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के बीच सहयोग से बिजली क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया गया है। आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर देश के प्रत्येक जिले में बिजली महोत्सव मनाया जा रहा है। कहा कि आज देश बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है। विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ने से लोगों को अब मांग के अनुरूप बिजली मिल रहा है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए कई नए विद्युत सब स्टेशन बनाए गए हैं। उपभोक्ताओं को अब बिजली कनेक्शन लेने, बिजली बिल जमा करने में काफी सहूलियतें मिल रही है। गांव में विद्युतीकरण होने से लोगों को अब भरपूर बिजली मिल रहा है। श्री मलिक ने कहा कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अपील की वह प्रत्येक शुभ अवसर पर पेड़ जरूर लगाएं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला नोडल अधिकारी पावर ग्रिड इं रमेश रावत ने कहा बिजली महोत्सव का उद्देश्य बिजली क्षेत्र में हुए विकास एवं इससे सम्बन्धित जानकारी बड़े पैमाने पर नागरिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संचरण लाइन का निर्माण कर पूरे देश को एक ग्रिड में जोड़ दिया गया





है। सोलर पंपों के लिए शुरू की योजना के तहत–केंद्र सरकार द्वारा 30 प्रतिशत तथा राज्य सरकार 30 प्रतिशत सब्सिडी दिया जा रहा है। कार्यक्रम को डीएम दिनेश चंद्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार कि मंशानुरूप विभाग निर्बाध निर्धारित रोस्टर अनुरूप बिजली आपूर्ति कर रही है। उन्होंने मौजूद लोगों से समय से अपना बिजली बिल जमा कराने की अपील किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आदि का भी आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर समेत बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी,नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय,अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार,एक्सईन कैसरगंज सुनील कुमार गुप्ता,उपखंड अधिकारी फखरपुर सुनील कुमार दुबे,अवर अभियंता विद्युत विजय तिवारी, बिलिंग प्रवेक्षक शैलेन्द्र विक्रम सिंह एसडीएम सदर समेत समेत बिजली विभाग से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# केंद्र में राशन न मिलने से नाराज महिलाओं का प्रदर्शन

- आंगनबाड़ी केंद्र रमपुरवा में नहीं बंट रहा राशन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुजौली बहराइच

सुजौली, बहराइच। विकास खंड के रमपुरवा में संचालित



आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को राशन पांच माह से नहीं मिल रहा है। इससे नाराज गांव की महिलाओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने डीएम और जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा। विकासखंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरवा के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बीते पांच महीनों से राशन का वितरण नही हुआ है। जबकि केंद्र पर समूह की महिलाओं द्वारा खाद्यान्न भी दिया जा रहा है। इससे नाराज गांव की महिलाएं शनिवार को एकत्रित हुईं। महिलाओं ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व समूह की महिलाओं के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया है। ग्राम पंचायत रमपुरवा के बनकटी , लंबे पुरवा, हल्दी प्लाट, पकड़िया पुरवा, मुखिया फार्म , कुटिया, सेट्ठी फार्म , नवतोड़ , कोहली, हरैय्या गांव की महिला द्रोपदी, मंजू , सावित्री , उषा , रीता , सुग्गी देवी , बसंती , नूर निशा , संगीता , रंजू आदि ने प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर महिलाओं का आरोप है कि उनके द्वारा केंद्रों पर पिछले पांच महीने राशन का वितरण नही हुआ है। महिलाओं ने बताया कि गांव में दो आंगनबाड़ी केंद्र है। जिसपर आंगनबाड़ी कार्यकत्री लीला वती , मितलेश कुमारी व सहायिका विमला देवी कार्यरत हैं। इनके द्वारा केंद्रों पर राधा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष मालती व मीना के द्वारा राशन वितरण की जिम्मेदारी है। महिलाओं ने बताया कि राशन पिछले कई दिनों से रखा खराब हो रहा है,लेकिन वितरण नही किया गया है। इस मामले में एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर मिहीपुरवा राम शंकर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि राशन वितरण करवाने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की है समूह की महिलाओं को साथ में वितरण करवाना है।

# अमृत महोत्सव की तैयारी के सम्बंध में ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न





- एक अगस्त को स्कूलों में मनाये जाने वाले अमृत महोत्सव के आयोजन के मद्देनजर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिवपुर की ब्लॉक इकाई ने शिक्षको संग बीआरसी पर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवपुर बहराइच। शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर शिवपुर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिवपुर इकाई के सक्रिय सदस्यों, पदाधिकारियों एवं न्याय पंचायत संयोजको की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी, जिसमें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश, के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में एक अगस्त को देश के एक लाख विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव मनाए जाने के सम्बन्ध में एक व्यापक कार्ययोजना पर विचार विमर्श कर विकास खण्ड के स्कूलों में भव्यता के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाए जाने का संकल्प लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक संगठन मंत्री अमित कौशिक ने आजादी के अमृत महोत्सव के सम्बंध में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया कि राष्ट्रप्रेम को प्रदर्शित करते इस कार्यक्रम को आजादी के उत्सव की स्वतंत्रता दिवस की तरह ही उसी उमंग से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दिन विद्यालय क्षेत्र में यदि कोई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या उसका परिवार निवास करता है तो उनके परिवार के किसी सदस्य को बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष पंकज वर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बताकर सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प दिलाया। बैठक का समापन कल्याण मन्त्र व राष्टगान के साथ हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यकारिणी के कार्यकारी अध्यक्ष अजय वर्मा, महामंत्री योगेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अनिल कन्नौजिया, सूर्य प्रकाश सिंह, सतेंद्र यादव, हेमंत यादव, बृजेश चौहान, सोनू सरोज, अमरजीत सिंह, अशोक कुमार, राजीव गुप्ता, पवन कुमार दुबे, विशाल गौड़, अंकुर वर्मा, जितेंद्र कुमार, रईश अहमद, पवन कुमार, मानवेन्द्र सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, शरद यादव, विनोद कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार, सुधीर कुमार तथा राज कुमार सिंह व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत पार्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सहोनी बलाईगाँव के छात्र/छात्राओं/NCC कैडर एवं सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया






दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहराईच। 59वीं वाहिनी मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के अधीनस्थ समवाय ई बलाईगाँव द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत पार्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सहोनी बलाईगाँव के छात्र/छात्राओं/एनसीसी कैडर एवं सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे पार्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सहोनी बलाईगाँव के एनसीस कैडर/छात्र छात्राओं के ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री स्वर्णजीत शर्मा, कमांडेंट 59वी वाहिनी स.सी. ब. नानपारा के तत्वाधान में किया गया कमांडेंट 59वी वाहिनी स. सी. ब. नानपारा ने बच्चो को उत्साह वर्धन बढ़ाते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों पर संक्षिप्त प्रकाश डाले तथा ध्वज के नियम के बारे में जागरूक किये इसके साथ ही 75वे स्वतंत्रता दिवस को घूम–धाम से मनाने एवं अपने–अपने घरो पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री वैभव उप–कमांडेंट, श्री शेखर बजाज उप–कमांडेंट, निरीक्षक (सा.) सुग्रीव प्रसाद, श्री विशुन दयाल पार्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक, छात्र छात्रओं, अधीनस्थ अधिकारी व अन्य बल कार्मिक तथा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# ठेकेदार ने पूरे ग्राम सभा में गड्ढा खोदवाकर पाइप तो डाल दिया पर उस गड्ढे में मिट्टी नहीं डलवाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। ग्रामीणों में भारी आक्रोश जरवल कस्बा अन्तर्गत ग्राम सभा गोंदौरा पोस्ट जतौरा थाना जरवल रोड ब्लॉक जरवल तहसील कैसरगंज जिला बहराइच में पानी की टंकी लग रही है जिसके कारण ठेकेदार ने पूरे ग्राम सभा में गड्ढा खोदवाकर पाइप डाल दिया है और पाइप डालने के बाद उस गड्ढे में मिट्टी नहीं डलवाया गया जिसके कारण पूरे ग्राम सभा के लोग का रास्ता व आवागमन बाधित है लगभग एक महीना हो गया ना ही कोई अधिकारी आया है और ना ही ठेकेदार ग्रामीणों ने बताया , कहा दो–तीन दिन पहले एक गाय भी उसी गड्ढे में गिर गई थी हम ग्राम वासियों ने किसी तरह उस गड्ढे से गाय की जान बचाई।



ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजकर अवगत कराया पत्र में लिखा गया है उच्च अधिकारी से पाइपलाइन की जांच कराकर रास्ता सुचारु रुप से चालू कराया जाए ताकि किसी ग्रामीणों को इस बरसात में आने जाने में कोई दिक्कत न हो। इस मौके पर कालिका प्रसाद जायसवाल मैकू लाल डा विजय कुमार कलीम अहमद पवन मौर्या असिश मौर्या राजेश गुप्ता धूम गुप्ता सुनील गुप्ता अखिलेश गुप्ता रहमान अली हरिश्चंद्र मौर्या बीडीसी फुरकान सरिता देवी आशा आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने जारी किया ब्लाक अध्यक्षों की सूची

- पीसीआई चुनाव को लेकर फार्मेसिस्टों ने भरी हुंकार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह व उपाध्यक्ष अतुल सिंह एवं प्रदेश सचिव एस.एम सिंह व मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कुल 14 ब्लॉक अध्यक्षों की सूची घोषित किया। जिसमें हुजूरपुर से चित्रांश श्रीवास्तव, महसी से अभिषेक, फखरपुर से युवराज सिंह, चितौरा से संजय विश्वकर्मा, मिहींपुरवा से जयप्रकाश, शिवपुर से मनीष कुमार, रिसिया से निर्भय सिंह, विशेश्वरगंज से करुणेश पांडे, जरवल से अस्मित रस्तोगी नवाबगंज से सूरज मिश्रा, तेजवापुर से अमित पांडे, कैसरगंज से परमेश, बलहा व नानपारा से तहसील प्रभारी ज्ञान प्रकाश साहू, पयागपुर से अमित मिश्रा को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही कैसरगंज



तहसील से चुनाव प्रभारी नवीन सिंह को चुनावी कार्यभार दिया गया। वहीं अध्यक्ष श्री मिश्रा ने फार्मेसिस्टों से अपील करते हुए कहा इस समय चल रहे यू.पी पी.सी. आई चुनाव में सभी फार्मासिस्ट अपने कीमती वोट देकर जीत हासिल कराएं।

# संक्षिप्त समाचार

### आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा झंडा यात्रा के लिए पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सभी पार्टी संयोजक एवं बूथ प्रमुख की बुलाई बैठक

शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर अयोध्या टाइम्स

विशेश्वरगंज,पयागपुर,बहराइच। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा झंडा यात्रा के लिए विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने सभी पार्टी संयोजक और बूथ प्रमुख की मीटिंग कृष्णा पेट्रोल पंप पर आयोजित किया । जिसमें विधायक सुभाष त्रिपाठी ने अपने संबोधन में पार्टी संयोजक एवं मंडल पदाधिकारी तथा बूथ प्रमुख को संबोधित करते हुए कहा कि लोगो को एहसास नहीं हो पा रहा था कि हम आजाद हो चुके हैं और उसका लाभ सभी को मिला है । इस आजादी के महोत्सव के उपलक्ष्य में देश के प्रति आदर भाव प्रकट करने के लिए हम लोग आभारी हैं । आज कश्मीर की समस्या की समाप्ति हुई है धारा 370 की समाप्ति भी हुई है । समाजवादी पार्टी के नेता रात भर सोचते हैं कि सुबह सरकार के खिलाफ कौन सा बयान देना है । आतंकवादी घटनाएं होती है मगर सपा का कोई भी नेता आलोचना नहीं करता है । रघुपति राघव राजा राम के गायन के साथ तिरंगा यात्रा निकलनी है उसके लिए तैयारी पूरी करनी है । ६ से 11 अगस्त तक हर बूथ स्तर पर पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी । ११ से १३ , १३ से १५ अगस्त तक संयोजक स्तर से बूथ स्तर तक तिरंगे झंडे को पहुंचाया जायेगा । २४ घंटे तक सभी लोग झण्डा फहरा सकते हैं । गांवों तक पेड़ पहुंचाए गए हैं लगाने के लिए । उसी स्थान पर पेड़ लगाएं जाय जहां पर उसकी सुरक्षा हो । इस बैठक में धनुही मंडल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ला , उप जिला अध्यक्ष बहराइच भाजपा उमाशंकर तिवारी , विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सच्चिदानंद पाठक , बलराम शुक्ला आदि संभ्रांत लोग शामिल रहे ।

### तेज रफ्तार कार का टायर फटने से कार पलटी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा जयपुर नेशनल हाईवे ग्राम रसूलपुर के समीप कार का टायर फट जाने से कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु भरतपुर भेजा घटना शनिवार सुबह की है राजस्थान अलवर से मुरारी लाल अपनी कार से आगरा आ रहे थे तभी ग्राम रसूलपुर के समीप कार का यकायक टायर फट जाने से कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में मुरारी लाल पुत्र प्रहलाद , नेमी चंद्र पुत्र कैलाश, हेम सिंह पुत्र रामनिवास,रिंकू पुत्र शिवदयाल ,एक 3 साल की बच्ची घायल हो गए । सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व टोल प्लाजा फतेहपुर सीकरी की टीम ने पांचों गंभीर रूप से घायल लोगों को भरतपुर उपचार हेतु भेजा।



# भदोही की महिला ने कोलकाता स्थित अपने ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

• समाज और मानसिकतारू चाहे नपुंसकता हो या कोई बीमारी, क्या शादी करने से सब ठीक हो जाता है? एक तरह से देखा जाय तो शादी हमारे देश में हर मुश्किल का रामबाण इलाज है। लड़का नपुंसक है, शादी करवा दो ठीक हो जाएगा, लड़की मानसिक रूप से अस्वस्थ है, कोई न, शादी करवा दो चंगी होकर गृहस्थी संभालेगी, लड़का कम कमाता है, शराब पीता है, लड़कियां छेड़ता है, जेल की हवा खाकर आया है, कोई समस्या नहीं है जी, शादी है न। एक बार शादी हो जाये बस... फिर तो सब ठीक हो जाएगा। पिछले दिनों मुम्बई की एक महिला ने कोलकाता स्थित अपने ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई कि उसका पति मानसिक व शारीरिक रूप से विकसित नहीं हो पाया। अतः उनके बीच सामान्य दाम्पत्य वाले रिश्ते ही नही बन पाए। पुलिस ने धारा498 (अ),406,420, 324,506, 504,34 के तहत प्राथिमिकी दर्ज कर ली है। शिकायतकर्ता के अनुसार जब उसने इस बात की शिकायत अपने सास–ससुर से की तो, उन्होंने इस बात पर तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, उलटे युवती को ही दीवार से सर टकराकर मारापीटा गया। जिसके चलते सर में उपचार के दौरान कई टांके लगे।

इधर, पुलिस ने मामला दर्ज करके इसकी जांच तो शुरू कर दी है। असल बात क्या है यह सामने आने में वक्त लगेगा लेकिन यह एक खबर एक बहुत बड़े और गंभीर मुद्दे को सामने लाती है। जिससे अक्सर हम हिंदुस्तानी शुतुरमुर्ग बनकर बच निकलना चाहते हैं। यह मुद्दा है झूठ, धोखाधड़ी और असलियत छुपाकर शादी कर देने का।

मुम्बई के गिरगांव निवासिनी ज्योति मिश्रा का केस : बताते चलें कि धनापुर थाना गोपीगंज निवासिनी ज्योति मिश्रा का विवाह २५ वर्ष की उम्र में जंगीगंज बाजार बाजार निवासी निखिलेश मिश्रा के पुत्र किशन मिश्रा के साथ वर्ष 2021 में हुआ था। शादी के बाद मेरे ससुराल के लोग विवाह के 14 दिनों बाद मेरा गौना कराकर कोलकाता लेकर चले आए। क्योंकि कोलकाता में ही ससुराल वालों का बिजनेस है। कोलकाता आकर जब पहली बार मैंने अपने पति से संबंध बनाना चाहा तो पता चला कि मेरा पति पूरी तरह से नपुंसक है।वह इस रिश्ते के लिए पूरी तरह से फिट नहीं है।यह भी जानकारी हुई कि वह मानसिक बीमारी की दवाओं का सेवन करता है। जिसका इलाज चल रहा है।यह श्वेता मिश्रा के लिए बड़ा धक्का था।ज्योति मिश्रा का कहना है कि आखिर मेरे ससुराल वालों ने मुझे धोखा क्यूं दिया?

ज्योति मिश्रा ने लड़के के माता–पिता से प्रश्न किए तो सास मीरा देवी, ससुर निखिलेश मिश्रा, पति किशन और जेठ पवन कुमार, जेठानी श्वेता मिश्रा ने मिलकर मेरी खूब पिटाई की।जब मैंने अपने परिजनों से शिकायत की तो वे मुझे आज से तीन माह पहले अपने कारोबारी शहर गिरगांव (मुम्बई,) लिवा आये।

धोखा, झूठ और फरेब जब विवाह जैसे स्थाई रिश्ते की नींव बनता है तो, वह न केवल दो परिवारों बल्कि पूरे समाज के लिए नुकसानदायक बन जाता है। एक बात छुपाने के लिए, एक बार बोला गया झूठ आगे जाकर झूठ का पहाड़ बन जाता है जिसका अचानक गिरना तय होता है। इस सामाजिक बुराई से हमें अभी बहुत लंबी लड़ाई लड़ना होगा। सच बोलने का साहस और शुरुआत दोनों करना ही होगा।



# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

अयोध्या टाइम्स शाहजहांपुर। थाना परौर क्षेत्र गांव धर्मपुर गनेशपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु पोस्टमार्टम हाउस शाहजहांपुर भेज दिया है। सुखपाल निवासी ग्राम घेरा मजरा खमरिया थाना गढ़िया रंगीन ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपनी पुत्री संगीता की शादी 15 मई 2010 को ओमवीर पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम गनेशपुर भूड़ा थाना परौर जनपद शाहजहांपुर के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार दान दहेज व टीवीएस मोटरसाइकिल व जेवर देकर की थी। इतना सब कुछ देने के बाद भी ओमबीर और उसके परिजन संतुष्ट नहीं थे। लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही उसका पति और उसके परिजन उसकी पुत्री के साथ मारपीट करने लगे और दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की। मैंने ओमवीर को उसके घर जाकर काफी समझाया।लेकिन ओमवीर और उसके परिजन नहीं माने। 29 तारीख को मेरी पुत्री ने अपनी मां को फोन पर बताया कि ओमबीर और उसके परिजन मारपीट कर रहे हैं।आप लोग जल्दी आ जाओ।नहीं तो यह लोग मुझे जान से मार देंगे। इसके बाद जब मैंने अपने पुत्री का फोन लगाया तो उसका फोन बंद हो गया। मुझे चिंता हुई कि मेरी पुत्री के साथ कोई अनहोनी न हो जाए तो हम अपने घर से जब गनेशपुर भूड़ा पहुंचे तो देखा कि मेरी पुत्री को मार दिया गया। वहीं जब इस संबंध में थानाध्यक्ष परौर संजय कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संगीता की शादी वर्ष 2010 में हुई थी। इसलिए दहेज हत्या नहीं बनती। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मोदी सरकार की योजनाओं का प्रचार आम जनता के बीच करने पर दिया गया जोर

चित्रकूट। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष प्रषिक्षण वर्ग के दूसरे दिन के सत्र को प्रदेष अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सम्बोधित किया। उन्होंने मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं पर विचार व्यक्त किये। इसके बाद अगले सत्र में भाजपा नेता कर्मवीर ने विचार परिवार को लेकर बिन्दुवार व्याख्यान दिया। इसी सत्र में उप मुख्यमंत्री बृजेष पाठक ने मोदी सरकार की दूरगाम परिणाम वाली नीतियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

भोजन विश्राम के पूर्व हुए सत्र को पूर्व उप मुख्यमत्री दिनेष शर्मा ने सम्बोधित किया। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय पुनर्निमाण में भाजपा के योगदान पर चर्चा की। दोपहर बाद आयोजित सत्र में पूर्व प्रदेष अध्यक्ष




राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकान्त बाजपेयी ने मोदी सरकार की विदेष नीति पर चर्चा की। इसके बाद दूसरे दिन के आखिरी सत्र में पूर्व प्रदेष अध्यक्ष कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मीडिया प्रबंधन और पूर्व प्रदेष अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने चुनाव प्रबंधन को लेकर बारीक जानकारियां देते हुए चुनावी माहौल पार्टी के पक्ष में तैयार करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण चर्चा की।

## उप जिलाधिकारी की राजस्वकर्मियों के साथ बैठक



मऊ, चित्रकूट। तहसील मऊ सभागार में शनिवार को उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने राजस्वकर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने इनको सरकार की विभिन्न योजनाओं के गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन की नसीहत दी। आगाह किया कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की और राजस्वकर्मियों को निर्देश दिए कि इसका डाटा शीघ्र जमा किया जाए। इसके अलावा एसडीएम ने आईजीआरएस, संपूर्ण समाधान दिवस, खतौनी अंश निर्धारण आदि की भी समीक्षा की। कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी काम सरकार की मंशा के अनुसार कराए जाएं। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# योगी के दौरे में रहेंगे पुख्ता सुरक्षा इंतजाम

चित्रकूट। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिषद सीतापुर में मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग किया।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगे सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों से कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री का आगमन बस अड्डा बेड़ी पुलिया हेलीपैड पर होगा। जिसमें वहां से प्रस्थान करके बिंदीराम होटल पर कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां पर आप की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारी, पुलिस अधिकारी अपनी ड्यूटी क्षेत्र का निरीक्षण अवश्य ही कर ले। उन्होंने कहा कि हेलीपैड, क्रू मेंबर, स्विस कॉटेज, फ्लीट, सेफ हाउस, सुरक्षा व्यवस्था, बिंदीराम होटल आदि कार्यक्रमों में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वह अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करें, आप सभी लोगों से अपेक्षा है कि सभी मजिस्ट्रेट अपने–अपने क्षेत्र देख ले तथा जिन पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी आप के साथ लगी है, उनसे संपर्क कर लें। अपर जिलाधिकारी से कहा कि सभी अधिकारी जिनकी ड्यूटी लगाई गई है, उसकी सूची व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दें ताकि सभी अधिकारी एक–दूसरे से संपर्क कर सकें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि पूरे कार्यक्रम स्थल व पूरे क्षेत्र की अच्छी तरह से साफ–सफाई व्यवस्था कराएं, पॉलिथीन, कूड़ा आदि तत्काल हटा दिया जाए, अन्ना गोवंश न घूमने पाए। इसके लिए भी जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी व्यवस्था देख ले। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री का जनपद में मात्र डेढ़ घंटे का कार्यक्रम रहेगां सभी लोग सतर्क रहकर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि हेलीपैड व्यवस्था, हेलीपैड से बिंदीराम होटल तक रोड व्यवस्था एवं बिंदीराम होटल में कार्यक्रम यह तीन महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें सभी लोग अपनी ड्यूटी स्थल में तैनात रहकर कार्यक्रम को संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी ड्यूटी कार्ड लेकर के अपने–अपने ड्यूटी पॉइंट अभी ही देख ले, अगर कहीं कोई समस्या हो तो अवगत कराएं ताकि उसका निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जिला अस्पताल में सेफ हाउस बनाया गया है, वहां पर पर्याप्त चिकित्सक एवं दवाओं की उपलब्धता रहे तथा फ्लीट के साथ भी एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदु सुधाकरण, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार राय, उप जिलाधिकारी पूजा यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पांडेय, अपर उपजिलाधिकारी राजबहादुर, सत्यम मिश्रा, राम जन्म यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



## मतदाता सूची में नए नामों को सम्मिलित करने की उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही दिनांक 01 अगस्त, से प्रारम्भ की जा रही है।

अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 02 तिथियां यथा 07 अगस्त, 2022 (रविवार) एवं 21 अगस्त, 2022 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प आयोजित किया जायेगा, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म–ख में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेविल अधिकारी को उपलब्ध करा सकते है अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म–7 तथा निर्वाचक नामावली में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु फार्म–8 भी बूथ लेबिल अधिकारी को उपलब्ध कराये जा सकते हैं। नये मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने हेतु आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु बी०एल०ओ० द्वारा घर–घर भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त कराने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

———————————————

## नारी तमाम क्षेत्रों में आ रही आगे : माया

चित्रकूट : गायत्री शक्तिपीठ में चल रहे मातृ शक्ति जागरण प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रांत अध्यक्ष माया सिंह, आंगनबाडी उप्र चेयरमैन विनोद जैन, बांदा जोन समन्वयक वाराणसी प्रसेन सिंह, शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह, जगतगुरु विवि चित्रकूट भी सम्मिलित हुए तथा अपने विचार भी व्यक्त किए। टोली नायक सुधा महाजन ने कहा कि नारी शक्ति पुंज है, सनातन धर्म नारी प्रधान है। माता के अंदर संस्कार देने का कौशल है, पिता कैसे भी हो पर महान माता महान संतान देने में सफल रही है। माया सिंह ने कहा नारी की गौरव गरिमा सदा से स्मरणीय रही। मध्यकाल में गिरावट आई अब नारी तमाम क्षेत्रों में आगे आ रही है। देश की राष्ट्रपति तक बन गई। नारी स्वयं जागरण का परिणाम है। गायत्री परिवार के नारी जागरण का परिणाम स्वरूप करोड़ों बहने समाज निर्माण में आगे बढ़ी। विनोद जैन ने गायत्री परिवार के नारी जागरण की सराहना कर स्वयं सहयोगी बनने का संकल्प किया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा रामनारायण त्रिपाठी, उप जोन समन्वयक रमाशंकर द्विवेदी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

## सीएम योगी से सम्भावित आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन ने दुरूस्त की व्यवस्थाएं

चित्रकूट। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के संभावित जनपद आगमन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर मे भाग लेने को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने शनिवार को बस स्टॉप बेड़ी पुलिया में हेलीपैड, स्विस कॉटेज, सेफ हाउस आवागमन के रास्ते आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं आज ही दुरुस्त करा लिया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए की मार्गों सहित बस स्टॉप कैंपस का अच्छी तरह से साफ–सफाई चूना आदि का छिड़काव कराएं। एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए की बस स्टॉप पर जिन कमरों में सेफ हाउस एवं स्विस कॉटेज बनाया जाना है, वहां पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं।



इसके बाद जिलाधिकारी ने रामघाट आरती स्थल का निरीक्षण किया, जहां पर शनिवार को दोनों उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश मंत्रियों एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा आरती का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि रामघाट में रंगोली बनाया जाए तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से कहा कि साफ–सफाई व्यवस्था, बैठने का मंच, प्रकाश व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें। पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को निर्देश दिए कि आरती की समुचित व्यवस्थाएं कराएं, कहीं पर कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, अपर उपजिलाधिकारी राजबहादुर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी राम अचल कुरील आदि मौजूद रहे।

———————————————

### चंद्र दर्शन पर झूलेलाल के जयकारे के साथ महिला मंडल ने उपस्थिति दी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। संत बाबा गोपाल दास ज्योति पूजा मंदिर पिंपरी सभी श्रद्धालुओं ने 16 तारीख से चल रहे हैं बहराणा साहब के रोज सुबह शाम उत्साह कर आरती के साथ अपनी हाजिरी भरी लगातार चालीहा का कार्यक्रम चल रहा है सभी संगत



गुरु साहिब के अखंड पाठ साहिब के भोग गुरु साहिब के पाठ व रात्रि जागरण मटकी कलश जुलूस झूलेलाल की मौज के साथ चालिया उत्सव को मनाया आज चंद्र दर्शन पर सभी ने साईं की आरती के साथ सिंधी झूलेलाल के गीत गाकर अपना जीवन सफल किया भंडारे का आयोजन के साथ मुख्य रूप से मौजूद रहे सेवा में संत बाबा गोपाल दास संगत भागी भाई ,शमी ,कविता, बबीता, देवी भाई, राधिका, जानवी, आरती, लता, कविता, मुनहा, मीना, सोना, मीरा, राधा,चांदनी।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने के चलते तीन अभियुक्तों का किया चालान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जहां एक अपराध और अपराधियों के प्रति प्रदेश के मुखिया जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देते दिखाई देते हैं उसी क्रम में जनपद कन्नौज में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना इंदरगढ़ पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था की बेहतर स्थिति बनाए के लिए तीन अभियुक्तों का चालान किया गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जहां एक और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पूरी तरह सख्त कानूनों के तहत अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए हुए हैं ।

उसी के चलते जनपद कन्नौज पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के दिशा निर्देश में थाना इंदरगढ़ पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बेहतर रखने एवं प्रभावी पुलिसिंग के क्रम में उ0नि0 देवेंद्र सिंह द्वारा अभियुक्त विनय कुमार पुत्र शिव स्वरूप निवासी ग्राम नई बस्ती थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज, अजय कुमार पुत्र अवधेश पांडे निवासी ग्राम कादरी गेट कोतवाली फर्रुखाबाद, रिंकू धरमवीर पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम कुरार थाना मेरापुर जनपद फर्रुखाबाद को गिरफ्तार कर धारा 151 सीआरपीसी में चालान करने वाले भेजा गया।



### प्रधानाचार्या द्वारा बच्चे की पिटाई पर अभिवावक पहुंचे थाने

☒ गणमान्य लोगों ने कराया समझौता

ईशू चेनानी अछनेरा। शनिवार की सुबह विजयामहारानी इंटरनेशनल स्कूल में पड़ने वाले छटवी कक्षा के नो साल के बच्चे को प्रधानाचार्य द्वारा डंडे से बेरहमी से पीटने का मामला प्रकाश में आया है बच्चे के अभिवावको द्वारा प्रधानाचार्य मीनाक्षी के खिलाफ थाना अछनेरा में तहरीर दी जिसमें थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने तुरंत पुलिस भेज प्रधानाचार्य व स्कूल प्रशासन को थाने बुलाया गया बच्चे के पिता बिजेंद्र सिंह ने बताया की शनिवार को दस बजे स्कूल से उनके पुत्र तन्मय आनंद उम्र नोवर्ष का फोन आया बच्चे ने फोन पर बताया कि मुझे आज सुबह ईश प्रार्थना के समय प्रधानाचार्य ने मंच पर बुलाकर बुरी तरह डंडे से पीटा है सूचना मिलते ही परिजनों ने स्कूल में जाकर देखा तो वास्तविक रुप से बच्चे के बाएं हाथ व बाएं पैर में चोट के निशान बने हुए थे । जब बच्चे के अभिवावक ने प्रधानाचार्य से नराजगी जताई तो प्रधानाचार्य ने कहा कि ये मेरा तरीका है बच्चो को सुधारने का इसके बाद बिजेंद्र सिंह अपने बच्चे को लेकर थाना अछनेरा पहुंचे जहां देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद क्षेत्रीय गणमान्य लोगों द्वारा समझौता करा दिया गया।



## श्रीमद्भागवत सुनकर मनुष्यों को होता है उनके कर्तव्यों का बोध

चित्रकूट। धर्मनगरी के तोतामुखी हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथा व्यास राजेश चंद्र शास्त्री ने श्रोताओं को कर्तव्य का भान कराया। उन्होंने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है, इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। कथावक्ता ने कहा कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि श्री मद् भागवत की सीख है कि कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो, वही सच्ची भक्ति है। संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न– भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब–जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब–तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संहार किया करते हैं। इस अवसर पर भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवनदास, रामजन्म दास, महंत मोहित दास आदि मौजूद रहे।



## जीवनरक्षक है ओआरएस,दस्त होने पर शरीर में पानी कमी को करे दूर

☒ यूपीएचसी जीवनीमंडी पर चलाया जागरुकता अभियान, ओआरएस सप्ताह पर विशेष

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट्स (ओआरएस) व्यक्ति के पेट की समस्या को दूर करता है। यह बच्चों को दस्त के दौरान देने में काफी फायदेमंद है।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) जीवनीमंडी पर शनिवार को जागरुकता अभियान चलाया गया, यूपीएचसी जीवनी मंडी की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट्स (ओआरएस) व्यक्ति के पेट की समस्याओं को दूर करता है। शरीर में इलेक्ट्रोल्स जब कम हो जाता है, तब ओआरएस इलेक्ट्रोल्स बनाने में मदद करता है। डायरिया के दौरान उल्टी और दस्त से शरीर ही मुख्य मिनरल्स और इलेक्ट्रोलिटेस बाहर हो जाते हैं, इस वजह से डिहाइड्रेशन होता हैक इस दौरान मरीज तरल खाद्य व पेय पदार्थ लेना चाहिए। अभियान में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) द्वारा बच्चों और उनके अभिवाको को ओआरएस के महत्व को समझाया गया। डॉ. सुनील अग्रवाल,डॉ. अरुण प्रकाश गुप्ता ,डॉ. अमरकांत गुप्ता ने बताया कि बच्चों को ओआरएस की कितनी जरूरत होती है और इसकी कितनी आवश्यकता होती है। इसे किस समय उपयोग में लाना चाहिए। इसके साथ ही अभिभावकों को साफ–सफाई के बारे में और सुमन–के फार्मूल के अनुसार हाथ धोने के तरीके के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चे को परमर्श भी दिया। इस मौके पर यूपीएचसी जीवनीमंडी की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेघना शर्मा और समस्त व आशा और आंगनवाड़ी मौजूद रहीं। अभियान के दौरान जागरुक होने के बाद लाभार्थी सरोज ने बताया कि उनके बच्चों को दस्त होने पर डॉक्टर ओआरएस का घोल पिलाने के लिए बोलती थीं। लेकिन आज इसके बारे में ठीक से जानकारी प्राप्त हो गई है, पता चल गया है कि यह कितना जरूरी है। लाभार्थी अंजलि ने बताया कि उन्हें अभियान में बताया गया कि ओआरएस का घोल दस्त में काफी लाभकारी है, इससे दस्त होने पर शरीर में होने वाली पानी की कमी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने घर पर ओआरएस का घोल बनाने के बारे में भी बताया।

– ओआरएस कैसे बनाएं –

- एक साफ बर्तन में ओआरएस का पैकेट डालें। उचित मात्र में साफ पानी डालें।
- ओआरएस घोल को केवल पानी में ही तैयार करें।



- यदि बच्चा ओआरएस पीकर उल्टी कर देता है तो उसे कुछ देर बाद दोबारा ओआरएस दें।

– कब करें इस्तेमाल –

- अगर बच्चे को दिन में तीन या उससे ज्यादा बार दस्त आएं।
- बच्चे की उम्र छह माह से ज्यादा है तो उसे 20 मिली ग्राम जिंक रोजाना दिया जा सकता है। बच्चे को करीब डेढ़ से दो सप्ताह तक यह गोलियां दी जा सकती हैं। यदि बच्चे की उम्र छह माह से कम है तो जिंक की मात्र 10 मिलीग्राम होनी चाहिए।

# अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन ने किया प्रदर्शन, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

• प्रभारी निरीक्षक तिलहर को निलंबित करने की मांग, 28 जुलाई को निर्माण कार्य रुकवा कर पीड़ित का ही कर दिया था चलान,भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा पर भी गंभीर आरोप

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जिले के थाना तिलहर क्षेत्र के महमूदपुर डढ़िया बाजार में कीमती जमीन पर विधायिका सलोना कुशवाहा के सहयोग से चक वरैचा के दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास करने को लेकर अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन में बताया गया कि पीड़ित सेवाराम की महमूदपुर में गाटा संख्या 144 ध1 अपनी जमीन है जो वर्तमान में पचासों लाखों रुपए की है जिस पर चक वरैचा निवासी हेमराज के पुत्र भानु प्रमोद आदि तिलहर विधानसभा से विधायक सलोना कुशवाहा के माध्यम से सत्ता की दम पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं जिस पर पीड़ित सेवाराम 28 जुलाई को अपना मकान बना रहा था इसी बीच दबंगों ने थाना प्रभारी निरीक्षक तिलहर को भेजकर निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों एवं मिस्त्री की जमकर पिटाई करवाई और पीड़ित के दो पुत्रों का चालान कर दिया और निर्माण कार्य रुकवा दिया पीड़ित ने आरोप लगाया की दबंग सलोना कुशवाहा की दम पर उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं पीड़ित के अनुसार उसने उप जिलाधिकारी तिलहर को प्रार्थना पत्र दिया था जिसकी जांच आख्या भी थाना अध्यक्ष तिलहर को प्राप्त हो चुकी है जिसमें जांच के दौरान जमीन उसकी पाई गई फिर भी थाना अध्यक्ष तिलहर विधायिका के कहने पर उसकी जमीन को दबंगों के हाथ कबजा करवाना चाहते हैं ज्ञापन में मुख्यमंत्री से विधायिका की शिकायत करते हुए प्रभारी निरीक्षक तिलहर को निलंबन करने की मांग की गई है।



# कार अनियंत्रित होकर खाई में पलटी तीन घायल

अयोध्या टाइम्स खुटार–शाहजहांपुर। जनपद लखीमपुर के थाना निघासन क्षेत्र के रहने वाले योगेश चंद्र अपने साथियों के साथ इनोवा कार से हरिद्वार गंगा स्नान करने गए थे जहां से बह लोग घर वापस लौट रहे थे तभी शुक्रवार की सुबह तड़के पूरनपुर मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास अचानक कार चालक को झपकी लग गई जिससे कार अनियंत्रित होकर पोल से टकराते हुए खाई में पलट गई जिससे कार सवार तीन लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने योगेश चंद्र की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन परिजन उन्हें उपचार के लिए अपने गृह जनपद ले गए।

# जूनियर हाई स्कूल गंगसरा में मनाया गया बाघ संरक्षण दिवस

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

खुटार–शाहजहांपुर। खुटार रेंज के गांव गंगसरा में जूनियर हाई स्कूल में वन अधिकारियों के साथ बाघ संरक्षण दिवस मनाया गया जिसमें सहायक संरक्षक प्रभारी खुटार रेंज देवेंद्र सिंह यादव,ग्राम प्रधान नत्थापुर ,प्रधानाध्यापक जूनियर हाई स्कूल गंगसरा,सहित अध्यापक अध्यापिकाएं तथा ग्रामीण एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेंजर देवेंद्र सिंह यादव ने कहा वन से जल और जल से जीवन होता है वनों की सुरक्षा के लिए बाघो का संरक्षण जरूरी है।बाघ ना केवल जंगल को सुरक्षित रखते हैं बल्कि जैविक संतुलन को भी बनाए रखने में सहायक होते हैं।

बाघों के संरक्षण के साथ ही जंगल और जलवायु भी सुरक्षित होती है इसलिए बाग का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।बाघ संरक्षण व पर्यावरण पर विद्यार्थियों में प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विद्यालय की ही छात्रा कुमारी माही यादव प्रथम,अरशद द्वितीय,कुमारी चंदा यादव तृतीय, स्थान पर रहे जिन्हें पुरस्कार वितरण किया गया।कार्यक्रम के समापन पर तिरंगा फहराकर एक रैली निकाली गई जिसमें बाघ संरक्षण व पर्यावरण बचाओ के नारे लगाए गए।इस मौके पर वन दरोगा नंदा वल्लभ पांडे,अशोक चतुर्वेदी,संदीप कुमार वीट प्रभारी,सहित वन कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सामूहिक रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

संवाददाता अयोध्या टाइम्स सुरियावां थानाक्षेत्र के मतेथू गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर शनिवार को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया , जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रुद्राभिषेक में भाग लिया. जिसके बाद हवन हुआ फिर बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया है. आपको बता दें कि भगवान भोलेनाथ का पावन महीना चल रहा है . जिसको चलते कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी सुरियावां इलाके के मतेथू गांव के प्राचीन शिव मंदिर पर शनिवार को सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया, ग्रामीणों के सहयोग से जनकल्याण के लिए कई वर्षों से यहां श्रावण मास में सामुहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है. रुद्राभिषेक संपन्न होने के बाद ग्रामीणों में प्रसाद का वितरण किया गया , इस मौके पर ग्राम प्रधान पति नागेंद्र सिंह, मनोज पाण्डेय, मंगल दुबे शिवम पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# जुआ खेलते 05 जुआरी गिरफ्तार, नगदी व ताश के पत्ते बरामद

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे संजीव कुमार बाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व अमित चौरसिया क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण तथा वीरेन्द्र सिंह निरीक्षक तिलहर के नेतृत्व में तिलहर थाना पुलिस को मुखबिर की सूचना पर रामलीला मैदान दूधराजपुर मे छापेमारी कर जुआं खेलते हुए 05 अभियुक्तों राजीव पुत्र रामशंकर नि0मौ0 दोदराजपुर थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर, राजू पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम अमनपुर गौटिया थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर,शमसाद पुत्र ऐजाज अहमद निवासी ग्राम अमनपुर गौटिया थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर,फिरोज पुत्र जहरुल्ला निवासी ग्राम अमनपुर गौटिया थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर ,दीपक पुत्र कृपाशंकर निवासी ग्राम खिरिया सकटू थाना कटरा जिला शाहजहाँपुरको गिरफ्तार किया गया व तथा मौके से 18620 रूपये नगद व ताश के पत्ते बरामद किये गये । इस सम्बन्ध मे थाना तिलहर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी ।



# लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल में हैप्पी उत्सव कार्यक्रम

• सृजनात्मक कार्यक्रमों से बच्चों का होता है चहुमुखी विकास : दीपक कुमार सक्सेना

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

पुवायाँ। शाहजहांपुर ।नगर के प्रतिष्ठित लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल में बच्चों की विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कक्षा 6 से 8 की कैलीग्राफी प्रतियोगिता की प्रभारी यासमीन नूर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कोमलदीप कौर, श्रद्धा वर्मा, स्मृति सक्सेना ने संयुक्त रूप से प्रथम तन्वी गुप्ता, हरतृप्ति कौर और सौम्या ने द्वितीय, जसप्रीत कौर, कशिश ,सृष्टि और नैना पटेल ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कैरम खेल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए शिक्षिका शिप्रा गुप्ता ने बताया कि कैरम खेलो प्रतियोगिता में परी गुप्ता और अंशिका तिवारी ने प्रथम अंशिका कश्यप ने द्वितीय और प्रांजली सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वही कक्षा 9 से 12 की शतरंज प्रतियोगिता के विषय में खेल शिक्षक फैजान आलम ने बताया कि क्वार्टर फाइनल में अभय गुप्ता, उदय मिश्रा, कृष्णा गुप्ता, नितिन शर्मा ,अभिनव आर्यन पटेल ,प्रांजल गुप्ता, उत्कर्ष पांडे, हरमन सिंह और तेजस्विनी मिश्रा ने अपनी जगह बनाई।जिसका सेमीफाइनल और फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन अगले सप्ताह किया जाएगा।विद्यालय के नवागत प्रधानाचार्य दीपक कुमार सक्सेना ने कहा कि आज बच्चों ने पढ़ाई को दबाव को कम करने के लिए भारपूर मस्ती की है।समय–समय पर ऐसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों का चहुमुखी विकास होता हैबच्चों को विद्यालय में जब स्नेहिल और खुशनुमा वातावरण मिलता है तो उनमें अपने शिक्षकों के प्रति स्नेह और विश्वास की भावना जागृत होती है।ऐसे वातावरण से बच्चों में सीखने की ललक और भी प्रबल हो जाती है।



स्वच्छता और अनुशासन दोनों का मिश्रण कर बच्चों में अच्छे संस्कार भरने का के लिए हम सदैव तत्पर हैं।प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता ने बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन कर आशीर्वाद दिया।नर्सरी से यूकेजी तक कक्षाओं में सिंपल पांडे, अपूर्वा गुप्ता,अंशिका शुक्ला ममता द्विवेदी अरुणा गुप्ता, उजमा खालिक,गुरप्रीत कौर,शुभम शुक्लाआदि ने बच्चों को कविता ,कहानी सुनाईं झूले तथा विभिन्न खेल खिलाए।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार सक्सेना अपने विद्यालय के प्रति विश्वास के लिए अभिभावकों का और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।उप प्रधानाचार्य कमल कुमार बाजपेई,प्रदीप वैरागी, पवन सुख मिश्र, ब्रज भूषण शुक्ला,लखविंदर सिंह, राजेश बाबू,रुचि पांडे, प्रियंका पाल, रोशनी श्रीवास्तव, कनकलता, रश्मि पांडे, गौरव मिश्रा, आनंद शर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

# संतान की रक्षा को रखे शव प्रदोष व्रत : प्रशांत प्रभु

• शिव महापुराण कथा में सुनाया गया भगवान शिव के बीच अवतार का प्रसंग

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। सावन मास के पुनीत अवसर पर जनपद में अखिल विश्व के कल्याण के उद्देश्य से आदर्श दिव्यांग कल्याण समिति द्वारा खिरनी बाग रामलीला परिसर में शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक में जनपद के पुलिस अधीक्षक एस आनंद पत्नी एवं नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने व्यासपीठ का पूजन कर भोलेनाथ की आरती की।





कथा प्रांगण में व्यास पीठ पर उपस्थित परम पूज्य संत श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज के श्री मुख से भक्तों ने कथा का श्रवण किया महाराज जी ने कथा में प्रसंग सुनाते हुए भगवान शिव के बीच अवतार का चित्रण प्रस्तुत किया है महाराज जी ने बताया कि राजा सत्य रत के द्वारा किए गए धर्म और अधर्म का निरूपम महाराज जी ने करते हुए कहा कि सूत्रीय छत्रिय के द्वारा सत्य रथ का वध कर दिया गया जिससे उनकी पत्नी अपने पेट में पल रहे गर्भ को जन्म देने की इच्छा लेकर जंगल की ओर प्रस्थान कर गए वहीं पर जंगल में उन्होंने एक सुंदर अलौकिक बालक को जन्म दिया परंतु पूर्व में ही अपने सौत कौन विश देने के कारण कालचक्र के प्रभाव से उन्हें उसी जंगल में बाघ ने खा लिया जिस कारण से भगवान शिव ने उनके पुत्र की रक्षा का बीड़ा उठाया और सूती नाम की एक ब्राह्मणी को इस बालक को पालने की आज्ञा भगवान शिव ने प्रदान की भगवान शिव ने उस बालक का विवाह गंधर्व राज की कन्या से करा कर उसे पुनः विदर्भ देश का राजा बना दिया क्योंकि सत्य रथ शिव प्रदोष व्रत रखने में निपुण था इस कारण से भगवान शिव हैं उसके संतान की रक्षा की महाराज ने बताया कि जो भक्त शिव प्रदोष व्रत रखते हैं भगवान शिव उनकी ही नहीं उनकी संतान की भी रक्षा करते हैं इसलिए विश्व में प्रत्येक पिता को चाहिए कि वह अपनी संतान की रक्षार्थ शिव प्रदोष व्रत अवश्य करें महाराज जी ने शिव भक्तों से कहा कि यदि व्यक्ति भगवान शिव को अपना आदर्श मानते और यह निश्चय कर ले कि मैं शिव समान ही अपने जीवन को संयुक्त रखूंगा और जीवन यात्रा में चाहे कितने भी दुख रूपी सर्प आंखों को धारण करते हुए भी आनंद के साथ जीवन यात्रा करूंगा मनुष्य का जीवन शांति और सर्व सुकून से युक्त महान बन जाता है फिर उसे छोटी मोटी पीला व्याधियों नहीं सताती है समस्त समस्याओं का एक ही समाधान है वह है शिव आराधना शिव आराधना करके व्यक्ति अपने जीवन को संभाल सकता है आपकी रक्षा करें तथा प्रांगण में कथा के बीच बीच में महाराज जी द्वारा शिव संकीर्तन हर हर महादेव शिव शंभू काशी विश्वनाथ गंगे एवं जय शिव शंकर शशांक शेखर हर बम हर बम बम बम भोला बाबा भयंकर गिरजा शंकर डिम डिम नृत्य तेरा जैसे गाया जाता है समस्त शिव भक्त शिव में होकर झूमने लगते हैं ।

अवसर पर शिव महापुराण कथा में मुख्य रूप से सहयोगी नीरज बाजपेई हरण बाजपेई हरिओम मिश्रा डॉक्टर रवी मोहन डॉक्टर संगीता मोहन डॉक्टर राकेश दीक्षित प्रकाश मिश्रा नीरज बाजपेई अशोक गुप्ता उद्योगपति वाया नरेंद्र सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

# 46 लाख की अफीम व अवैध असलहा सहित अपराधी गिरफ्तार

• अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे 46 लाख रूपये कीमत की फाइन क्वालिटी की 460 ग्राम अफीम व अवैध शस्त्र सहित मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम




शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु तथा तस्करों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कलान पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 46 लाख की अपील तथा अवैध असलहा बरामद किया।कलान थाना प्रभारी निरीक्षक जग नारायण पांडे ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर गैस गोदाम के पास से मादक पदार्थ तस्कर सर्वेश शर्मा पुत्र जयपाल शर्मा निवासी ग्राम पृथ्वीपुर ढाई थाना मिर्जापुर जिला शाहजहाँपुर को 460 ग्राम फाइन क्वालिटी अफीम व एक अदद चाकू नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया । पूछताछ मे अभियुक्त से अपलिंक्स व डाउनलिंक्स की जानकारी प्राप्त हुई है तथा अन्य तथ्य भी प्रकाश मे आये है जिनके अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

## जेपी पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं ने किया पौधारोपण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जनपद के ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में स्थित जेपी पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओ एवं स्कूल प्रबंधक ने 15 अगस्त तक प्रतिदिन गांव में वृक्षारोपण के लिए छात्रों को कम से कम सौ पेड़ लगाए जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जेपी पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं मेंमंजू ,लक्ष्मी गुप्ता एवं श्रेया त्रिवेदी और 8 क्लास की मॉनिटर ने गांव में पौधारोपण किया । स्कूल प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रतिदिन गांव में पौधारोपण किया जायेगा। उन्होने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक व बच्चे लगातार गांव में पौधा रोपण करते रहेंगे। उन्होने स्कूल के सभी बच्चों को पौधे लगाने के फायदे भी बताए। और कहा कि सभी बच्चे अपने जीवन में 100 पेड़ अवश्य लगायें।

# संक्षिप्त समाचार

## वाहनों का बीमा करने के नाम पर धोखधडी, शातिर अपराधी गिरफ्तार

• वाहनों का करता था फर्जी बीमा, 88 कूटरचित बीमा के कागजात, लैपटॉप प्रिन्टर बरामद

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक एस.आनन्द जनपद शाहजहाँपुर द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए संजीव कुमार बाजपेयी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर जांच कर प्रभावी कार्यवाही करने के कडे निर्देश दिये गये । थाना कटरा पर वादी संजीव पुत्र रघुवर दयाल नि0 मो0 बजरिया फर्जी बीमा किये जाने के सम्बन्ध मे शिकायत की गयी थी । सूचना पर तत्काल थाना कटरा पर पंजीकृत किया गया ।थाना थाना कटरा की पुलिस टीम द्वारा तिलहर क्षेत्र मे स्थित हंस आटो मोबाइल एजेन्सी से अभियुक्त पंकज गुप्ता पुत्र स्व0 दामोदर दास निवासी मो0 कुमरगंज कस्वा



व थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से 88 फर्जी कूटरचित बीमा चोला मंडलम एम0एस0 बीमा कम्पनी की बीमा प्रतियां मय लैपटॉप व प्रिंटर के बरामद किये गये ।अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मेरी हंस आटो मोबाइल एजेन्सी कस्बा तिलहर में है । मैं वाहन बेचते समय बीमे के पूरे पैसे वाहन खरीदने वाले से ले लेता हूँ और किसी पुरानी बीमा पालिसी में लैपटॉप से एडिट कर जाली बीमा पॉलिसी तैयार कर उसी जाली पॉलिसी से वाहनों का रजिस्ट्रेशन करा देता हूँ । एडिट करते समय मैं केवल वाहन स्वामी का नाम पता व वाहन का इंजन नम्बर व चेसिस नम्बर एडिट करता हूँ ।यदि कोई ग्राहक इसकी शिकायत करता है । तो मैं उसका जाली बीमा लेकर उसे ओरिजनल कराकर उसे दे देता हूँ। एक वाहन की बीमा धनराशि 4000 रूपये से 7000 रूपये तक ग्राहक से ले लेता हूँ। इस सम्बन्ध मे विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेश किया जायेगा ।

# ट्राली के डीजे पर बैठे कावड़िया की हाईवे पर गिरने से हुई मौत

• जलालाबाद के बारापत्थर चौराहे के ककरा पुलिया के पास ट्राली से कुचलकर कावरिया की हुई दर्दनाक मौत, मौत की खबर लगते ही ट्राली पर करीब चार दर्जन से अधिक कांवरियों में हड़कंप मच गया

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जनपद की कोतवाली जलालाबाद क्षेत्र के गांव ककरा पुलिया के पास जलालाबाद से शाहजहांपुर जाने वाले स्टेट हाईवे पर कस्बा अल्लाहगंज के मोहल्ला बगिया निवासी शनि राठौर पुत्र अवधेश कांवरिया ग्रुप के साथ में फर्रुखाबाद के पांचाल घाट से जल भरकर छोटी काशी गोला गोकरण नाथ जा रहे थे, जलालाबाद की ककरा पुलिया के पास यह हादसा हो गया हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाल जयशंकर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मस्सा सिंह और एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



दरअसल आपको बता दें कस्बा अल्लाहगंज की कवरिया टोली टोली के साथ में जा रहे थे उस ट्रैक्टर में तीन ट्रालिया जुड़ी हुई थी, और बीच वाइट वाली पर डीजे बंधा हुआ था उसी के ऊपर सनी राठौर एवं अन्य लोग बैठे हुए थे ट्रैक्टर चालक ने अचानक ब्रेक मारे जिससे सनी असंतुलित होकर नीचे गिर गया और सबसे पीछे आ रही ट्राली के पहिए के नीचे पहुंच गया ट्राली का पहिया ऊपर चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मौत की खबर से कांवरियों में हड़कंप मच गया 22 वर्षीय शनि की 1 साल पहले शादी हुई थी और उसके कोई बच्चे नहीं है चार भाई बहन में से दूसरे नंबर का है,,खबर लिखने तक परिजन मौके पर नहीं पहुंचे।

# जिला गन्ना अधिकारी ने ग्राम पिपरिया में गन्ने की फसल का स्थलीय निरीक्षण किया

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने सहकारी गन्ना विकास समिति रोजा एवं रोजा चीनी मिल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया प्रहलाद मे किसानो द्वारा बोई गयी गन्ने की फसल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ खेतो मे गन्ना फसल मे पोक्का बोईंग नामक बीमारी लग रही है। यह बीमारी गन्ना फसल मे बरसात के दिनों मे ही लगती है। ज्यादातर इसके लक्षण जुलाई से लेकर सितम्बर तक दिखाई देते है। रोग लगने से पौधे की पत्ती ऐंठने लगती है, कुछ दिनों बाद पत्ती हल्की पीली सफेद होने लगती है तथा बाद मे लाल –भूरी होकर नस्ट हो जाती है। जिससे पौधे की बढ़वार रुक जाती है। पौधे मे प्रकाश संश्लेषण की प्रकिया बंद होने से गन्ना सूखने लगता है। यदि समय पर इस रोग का नियंत्रण न किया गया तो रोग बढ़ जाता हैं और किसानो को भारी नुकसान उठाना पड सकता है। इस रोग के लक्षण दिखायी देने पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 0.20 : (200 ग्राम दवाई 100 लीटर पानी मे घोलकर) का छिड़काव करे। रोग खत्म न होने पर 10–12 दिन के अंतराल पर दूसरा छिड़काव करे। रोजा चीनी मिल के विकास प्रमुख अक्षय श्रीवास्तव द्वारा किसानो को बताया गया कि वह चीनी मिल से दवाई प्राप्त कर सकते है। किसी भी असुविधा के लिये किसान हेल्प डेस्क से सम्पर्क कर सकते है। किसान के खेतो पर भ्रमण के दौरान रोजा चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक रविंद्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रोजा डॉ. सुनील कनौजिया, सचिव सहकारी गन्ना समिति रोजा मानवेन्द्र त्रिपाठी व अन्य लोग साथ थे।

# पुलिस ने साईकिल चोर गैंग के एक सदस्य के साथ कबाड़िया को दबोचा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता अछनेरा। कस्बा अछनेरा में लगातार हो रही साइकिल चोरी की घटनाओं से कस्वे की जनता बड़े दिनों से परेशान हो रही थी । आए दिन साईकिल चोरी की वारदात आम बात हो गई थी । लोगों को समझ नही आ रहा था कि साईकिल चोरी कर कोन रहा है । लेकिन शनिवार की सुबह साइकिल चोर गैंग सी सी टीवी कैमरे में कैद हो गया । साईकिल चोर कोई और नही बल्कि कस्बाअछनेरा का बड़ी बस्ती निवासी गौरव उम्र तेरह वर्ष निकाला जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर इलाकाई पुलिस के हवाले कर दिया वही बच्चा गैंग के एक सदस्य लक्की उम्र १२वर्ष ने बताया कि हमारा ७ बच्चो का गैंग है जिसका सरगना विक्को उम्र चौदह वर्ष है आगे बताते हुए कहा कि तीन साल से साईकिल चोरी कर रहे है उन्हे कस्वा स्थित कबाड़ की दुकानों पर तीन सौ रुपए में बेच दिया करते थे पुलिस ने पकड़े गए साइकिल चोरों की निशानदेही पर दो कबाड़ियों को भी गिरफ्तार कर लिया है साइकिल चोरों ने बताया कि कवाड़ की दुकान वाला हमे चोरी करने को प्रोत्साहित करता था । कस्वे में साइकिल चोर बच्चा गैंग का वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया वीडियो वायरल होते ही विगत में साइकिल चोरी होने वालों की भीड़ थाना अछनेरा पर एकत्रित हो गई सब लोगों ने मिलकर थाना प्रभारी को तहरीर दी जिन लोगों की साईकिल चोरी हुई हैं उन लोगों का कहना है कि सीसी टी वी कैमरे में बच्चा गैंग साईकिल चोरी करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं अब देखना ये होगा कि अछनेरा पुलिस इस साईकिल चोरों और चोरी की साइकिल खरीदने वाले कबाड़ियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करती है।



## कंधरपुर : अल्हादादपुर गांव में तालाब नालियों पर अवैध कब्जा को लेकर वीडियो को दिया ज्ञापन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। तहसील पुवायां की ब्लाक बंडा कंधरपुर अल्हादादपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी बंडा को गांव में तालाब तथा नालियों पर अवैध कब्जे को लेकर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है गांव के ग्रामीणों में राजीव कुमार प्रदीप कुमार विजय कुमार प्रमोद कुमार सोहनलाल अंकित रामअवतार रमेश कुमार लक्ष्मी प्रकाश कामता प्रसाद आदि ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गांव के मुख्य मार्गों पर निकलना मुश्किल हो रहा है जलभराव की स्थिति बनी हुई है जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है गांव के तालाब व नालियों पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है नालियां खराब है जिससे पानी निकासी की समस्या बनी हुई है ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जिलाधिकारी शाहजहांमुख्य विकास अधिकारी शाहजहांपुर मुख्य ग्रामीण विकास अधिकारी शाहजहांपुर सहित खंड विकास अधिकारी बंडा को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की है जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को प्रकरण के नियमानुसार जांच कर यथोचित कार्रवाई कर समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने के निर्देश दिए हैं।



## बैंक ऑफ बड़ौदा मदनापुर के मैनेजर और कृषि अधिकारी पवन सिंह पर जालसाजी से एक लाख हड़पने का आरोप



• पैसा ट्रांसफर करनें के नाम पर ऋण धारक से कोरे बाउचरों पर करवा लिए थे हस्ताक्षर

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बेरोजगारों कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम योजनाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध करा रही है लेकिन बैंकों के मैनेजर और विभागीय अधिकारी इन योजनाओं के पीछे कृषको और बेरोजगारों को चूना लगाने में जुटे हुए हैं ऐसा ही एक मामला जिले के मदनापुर क्षेत्र में सामने आया है जहां रामकुमार पुत्र धनपाल निवासी बड़ी खास ने जिला अधिकारी शाहजहांपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा मदनापुर के मैनेजर सुशीम सिंह व कृषि अधिकारी पवन प्रताप सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने आरोप लगाया है कि बैंक ऑफ बड़ौदा मदनापुर के मैनेजर ने ऋण स्वीकृत के दौरान कोरे बाउचरों पर कुछ साइन करवा लिए थे कहा था कि इन बाउचरों के माध्यम से आपके खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाएगा और ऋण स्वीकृत के दौरान उसके खाते में 162000 हजार रुपए डाले गए जो उसे प्राप्त हुए बाकी शेष 100000 लाख रुपए मैनेजर एवं कृषि अधिकारी पवन प्रताप सिंह ने खाते में डाल कर स्वयं निकाल लिया और जब पीड़ित नें बैंक मैनेजर से बात की तो उसने बताया की ऋण स्वीकृति के एवज में यह पैसा लिया गया है ।

अब पीड़ित ने जिला अधिकारी से बैंक ऑफ बड़ौदा मदनापुर के मैनेजर और कृषि अधिकारी पवन सिंह पर कार्रवाई की मांग करते हुए एक लाख रुपए वापस कराए जानें की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## निरीक्षक बनाए जाने पर संभ्रांत लोगों एवं पुलिस स्टाफ ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम कांट,शाहजहांपुर। थाना कांट पर तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार मौर्य एवं राजीव कुमार को निरीक्षक बनाए जाने पर बधाइयों का लगा ताता बोले अपराधों पर लगाम लगाना ही प्रभारी निरीक्षक बनकर एकमात्र लक्ष्य होगा जनपद शाहजहांपुर के थाना कांठ में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार मौर्या एवं उप निरीक्षक राजीव कुमार उप निरीक्षक निरीक्षक बनने पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में संभ्रांत लोगों एवं पुलिस स्टाफ ने उनको बधाई दी है बम मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार मौर्या ने स्वतंत्र भारत संवाददाता जलालुद्दीन सिद्दीकी से वार्ता करते हुए बताया कि ईश्वर का धन्यवाद है कि वे उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने प्रभारी निरीक्षक बंद कर अच्छा महसूस कर रहे हैं अपराधों पर नियंत्रण करना ही उनका एकमात्र लक्ष्य होगा उप निरीक्षक राजीव कुमार ने कहा की उत्तर प्रदेश के जिस थाने में भी उनकी तैनाती होगी वहां से अपराध को समाप्त करना एवं पुलिस प्रशासन के सम्मान को बढ़ाना ही उनका एकमात्र लक्ष्य रहेगा।

## बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस के अवसर उपकेन्द्र अजीजपुर का वर्चुवल लोकार्पण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहाँपुर। उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य ऊर्जा के अंतर्गत बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में विभिन्न जनपदों पर 2,723.20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 17 नग 400/220/132/33 केवी पारेषणधवितरण उप केंद्रों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया ।मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जनपद में 220 के0वी0 2•160़2•40 एमवीए उपकेन्द्र अजीजपुर का वर्चुवल लोकार्पण किया गया। इस उपकेन्द्र के निर्माण से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार होगा तथा क्षेत्र की विद्युत अधिभारिता, लो–वोल्टेज की समस्या दूर होगी। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित



वीसी कक्ष में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह, विधायक ददरौल श्री मानवेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी राम सेवक द्विवेदी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत श्री जे0बी0 सिंह आदि की उपस्थिति में देखा गया ।इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ऊर्जा विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुवल संवाद किया गया।

## ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर विद्यालयों के संतृप्तिकरण को लेकर डीएम ने की बैठक

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों में कराए जाएं विकास कार्य

अमेठी। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा करते हुए डीएम ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर समस्त विद्यालयों के संतृप्तिकरण और असंतृप्तीकरण की सूचना तैयार करते हुए डीपीआरओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे संबंधित अधिकारियों द्वारा जिन विद्यालयों में अभी तक ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी 19 पैरामीटर पर कार्य नहीं हुए हैं उनमें कार्य कराए जा सके, ग्रामीण क्षेत्रों के जिन स्कूलों में अभी तक कायाकल्प योजना अंतर्गत कार्य नहीं हुए हैं उनमें एक सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में अभी तक कायाकल्प योजना अंतर्गत कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत को स्कूलों में तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही जनपद के लगभग 327 स्कूलों के जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण किया जाना है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी एवं आरईडी विभाग को स्कूलों के भवनों का मूल्यांकन कर एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही 118 स्कूलों में अभी तक विद्युत कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिस पर उन्होंने विद्युत विभाग को एक सप्ताह



के अंदर एस्टीमेट बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने आधार नामांकन एवं वेरिफिकेशन, विद्यालयों के निरीक्षण, बच्चों की उपस्थिति, ड्रेस वितरण, एमडीएम सहित अन्य कार्यों की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार पाठक, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## टूटी सड़कों की सुध नहीं ली, बनी सड़क दोबारा बनाने लगे

दैनिक अयोध्या टाइम्स महानगर संवाददाता अथर जैदी दादू सहारनपुर। नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्य अक्सर सवालों के घेरे में रहे हैं, लेकिन इस बार हद ही हो गई। शहर में कई सड़कें ऐसी हैं जो काफी बदतर हालत में हैं, लेकिन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। वहीं वार्ड 23 और वार्ड 58 में इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनी सड़कों को उखाड़कर बिना जरूरत के आरसीसी की सड़कें बनाई जा रही हैं। पार्षद की शिकायत पर महापौर संजीव वालिया ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अवर अभियंता से जानकारी ली। इस तरह के कार्यों को जनता के पैसे की बर्बादी बताया। अपर नगर आयुक्त को सहायक अभियंता, अवर अभियंता और ठेकेदार के



विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।महापौर ने अंसारियान चौक से इमामबाडे तक की सड़क का भी निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इमामबाड़ा प्रबंधन द्वारा सड़क बनाई गई थी, लेकिन उसके ऊपर ही नई सीसी सड़क बना दी गई है, जबकि सीसी सड़क की कोई जरूरत नहीं थी। इसी तरह अंसारियान चौक पर भी नई इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क उखाड़कर वहां भी सीसी रोड बना दी गई। पार्षद आशुतोष ने कहा कि मोहर्रम की तैयारियों के नाम पर निर्माण विभाग ने यह खेल किया है। पैच वर्क के नाम पर अच्छी सड़कों पर सीसी डाली जा रही है, जबकि मोहर्रम के मार्ग गौरीशंकर बाजार, नखासा बाजार, हलवाई हट्टा और दीनानाथ बाजार की टूटी सड़कों को बनाए जाने की जरूरत थी, लेकिन उन्हें नहीं बनाया गया। महापौर संजीव वालिया ने दोनों वार्डों के उक्त क्षेत्रों का पैदल भ्रमण करते हुए हालात का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण विभाग की इस मनमानी और धांधली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए अपर नगरायुक्त राजेश यादव को निर्देश दिए कि निर्माण विभाग की इस धांधली पर रिपोर्ट तैयार कर नगरायुक्त से ठेकेदार, सहायक अभियंता और अवर अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई कराएं। इस दौरान अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव व सहायक अभियंता दानिश नकवी भी मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष पद का चुनाव भारी पुलिस बल के साथ ग्राम प्रधान प्रधान प्रतिनिधियों ने बहुचर्चित ग्राम प्रधान अश्वनी पाडेय को भारी बहुमतो से चुना गया



अमेठी संवाददाता रवि भूषण मिश्रा अमेठी। उत्तर प्रदेश आज विकासखंड मुख्यालय गौरीगंज में प्रधान संघ का चुनाव ब्लाक प्रमुख गौरीगंज के प्रतिनिधि उमेश सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रत्याशी अश्वनी पांडेय निवासी पंडरी एवं रिपुसूदन मिश्र रोहशी बुजुर्ग के बीच हुआ जिसमें ग्राम प्रधानों ने अपने अपने खेमे के प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत देकर बहुचर्चित ग्राम प्रधान श्री अश्वनी पांडेय कुल 35 मताधिकार पाकर विजई घोषित हुए। प्रधान संघ अध्यक्ष के अपार बहुमत जीत पर ग्राम प्रधान अश्वनी पांडेय ने समस्त प्रधानों समेत जनता जनार्दन एवं जनपद वासियों को कोटि–कोटि आभार प्रकट किया हैं। समस्त ग्राम प्रधानों के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक ,न्यायिक हितों एवं ग्रामीण विकास को लेकर उनके प्रत्येक स्थिति, पहलू पर हमेशा खरा उतरने का ऐलान किया है।एवं सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का तत्परता से अनुपालन करवाया जाएगा।समस्त नागरिकों समेत ग्राम प्रधानों को घर–घर झंडा तिरंगा कार्यक्रम को शत–प्रतिशत अनुपालन कर सफल बनाने की लोगों से अपील किया हैं।

## अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने जारी किया ब्लाक अध्यक्षों की सूची

- पीसीआई चुनाव को लेकर फार्मेसिस्टों ने भरी हुंकार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता बहराइच। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह व उपाध्यक्ष अतुल सिंह एवं प्रदेश सचिव एस.एम सिंह व मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कुल 14 ब्लॉक अध्यक्षों की सूची घोषित किया। जिसमें हुजूरपुर से चित्रांश श्रीवास्तव, महसी से अभिषेक, फखरपुर से युवराज सिंह, चितौरा से संजय विश्वकर्मा, मिहींपुरवा से जयप्रकाश, शिवपुर से मनीष कुमार, रिसिया से निर्भय सिंह, विशेश्वरगंज से करुणेश पांडे, जरवल से अस्मित रस्तोगी नवाबगंज से सूरज मिश्रा, तेजवापुर से अमित पांडे, कैसरगंज से परमेश, बलहा व नानपारा से तहसील प्रभारी ज्ञान प्रकाश साहू, पयागपुर से अमित मिश्रा को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही कैसरगंज तहसील से चुनाव प्रभारी नवीन सिंह को चुनावी कार्यभार दिया गया। वहीं अध्यक्ष श्री मिश्रा ने फार्मेसिस्टों से अपील करते हुए कहा इस समय चल रहे यू.पी पी.सी.आई चुनाव में सभी फार्मासिस्ट अपने कीमती वोट देकर जीत हासिल कराएं।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया ब्लॉक स्तरीय अमृत महोत्सव का आयोजन

रिपोर्ट–अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई साढोली कदीम के द्वारा बीआरसी बेहट पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम तथा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख विश्वास कुमार, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत बेहट अब्दुल रहमान उर्फ शालू, विशिष्ट अतिथि बेहट के वयोवृद्ध मोहम्मद अहमद काजमी, विशेष अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र पंवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक अध्यक्ष रीता गुप्ता तथा उपाध्यक्ष वन्दना सैनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ख्याति गुलाटी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों व शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। अमृत महोत्सव कार्यक्रम पर अपने विचार प्रकट करते समय काजमी साहब ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के महान बलिदानों के फल स्वरुप हमें जो आजादी प्राप्त हुई है उसे हमें लगातार देश को विकास की राह पर आगे बढ़ाकर बनाए रखना है। इसके लिए हर बच्चे बच्चे के अंदर देशभक्ति का जज्बा होना बेहद जरूरी है। नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान जी ने कहा कि जिस प्रकार हम ईद और दीवाली पर्व को धूमधाम से मनाते हैं, उससे भी अधिक उत्साह के साथ हमें अपने राष्ट्रीय पर्वों को मनाना चाहिए और बच्चे बच्चे को अपने देश के शहीदों के जीवन से परिचित कराना चाहिए। जिला अध्यक्ष रविंद्र पवार ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा 1 अगस्त को पूरे देश में 100000 स्कूलों में अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन करके आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को मनाया जाएगा तथा अपने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। ब्लाक प्रमुख श्री विश्वास जी द्वारा कहा गया कि हमारा ब्लॉक साढौली कदीम हर मामले में नंबर वन है। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने तथा हर घर तिरंगा फहराने में भी हमारा ब्लॉक नंबर वन पर ही रहेगा। इसके अलावा रजनीश सहगल जिला मंत्री चन्द्रकान्त ब्लॉक महामंत्री तथा ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को भारत माता का चित्र भेंट किया गया।



कार्यक्रम में अटल बहादुर, देवेंद्र गोयल, रजिया, बुशरा जहां, सुरजीत कौर, संगीता, नीलम तिवारी, गजेंद्र कुमार, मोनू कुमार, मुराद राव, शमशेर हसन, आनंद राणा, सोमनाथ, नीरज गर्ग सुधांशु पांडेय,विनोद, विपिन, सुधीर कुमार ,नरपत,सतीश,राजेश ,पंकज प्रताप,राजेंद्र,अखिलेश,जोगेंद्र, फैसल सलीम, दीपक सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

## विशाल मेहता की फिल्म मैच ऑफ लाइफ से बॉलीवुड में यश मेहता का हाई जम्प

–अनिल बेदाग–

प्रोड्यूसर विशाल मेहता की हिंदी फिल्म ष्मैच ऑफ लाइफष् 5 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है, इस फिल्म से बॉलीवुड में एक नए हीरो यश मेहता की धमाकेदार एंट्री होने जा रही है। यश मेहता का लुक, उनकी परफॉर्मेंस फिल्म के ट्रेलर में जबरदस्त दिख रही है। याशिका मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म मैच ऑफ लाइफ को स्क्रीनशॉट मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप द्वारा ऑल इंडिया रिलीज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यश मेहता ने मारवा एक्टिंग स्कूल नोएडा से 3 वर्षों का एक्टिंग कोर्स किया है और उन्होंने काफी थिएटर भी किया है। वह इस फिल्म से डेब्यू करने जा रहे हैं। यश मेहता का कहना है कि अगर एक आम आदमी किसी सेलेब्रिटी जैसी शक्ल लेकर पैदा होता है तो उसके साथ क्या क्या होता है, यह कहानी है इस फिल्म की।पिछले 3 वर्षो से हम इस फिल्म की मेकिंग में लगे हुए थे, शुरुआत छोटे लेवल पर हुई थी, लेकिन यह बड़ी पिक्चर बन गई है। मथुरा, नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, मुम्बई, ऋषिकेश, दिल्ली सहित कई रमणीय लोकेशन्स पर इस फिल्म की शूटिंग हुई है। सेट पर मुझे यश नहीं मेरे किरदार अर्जुन के नाम से बुलाया जाता था। साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री स्टेफी पटेल इसमे यश मेहता के अपोजिट हीरोइन हैं। स्टेफी के साथ उनका वर्किंग एक्सपीरियंस बहुत ही अच्छा रहा। 40 दिनों की शूटिंग में सभी साथी कलाकारों के साथ बेहतर बॉन्डिंग बन गई थी। फिल्म में चार अलग अलग जॉनर के खूबसूरत







गाने हैं और यश मेहता का फेवरेट सांग यारियां है। यश मेहता अपने सीन को रियलिस्टिक बनाने पर जोर देते हैं। अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में यश मेहता ने बताया कि फिलहाल तो हम सब मैच ऑफ लाइफ की रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म के अंत मे हमने इसके पार्ट 2 की संभावना भी रखी है। साथ ही मैं कई अपकमिंग म्युजिक वीडियो में भी दिखाई देने वाला हूँ। यश मेहता अक्षय कुमार को अपना फेवरेट स्टार मानते हैं क्योंकि वह अपने सारे एक्शन खुद करते हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर विशाल मेहता गाजियाबाद से बिलॉन्ग करते हैं और मैच ऑफ लाइफ बतौर निर्माता उनकी पहली फिल्म है। उन्होंने बताया कि विराट कोहली के हमशक्ल को देखकर उनके दिमाग मे इस फिल्म की कहानी का आईडिया आया। फिल्म में लीड रोल यश मेहता ने निभाया है जिन्होंने अपने लुक और परफॉर्मेंस पर काफी जबर्दस्त मेहनत की है। मथुरा में हमने फिल्म की 10 दिनों की शूटिंग कर ली थी। फिल्म को और बेहतर बनाने के लिए एक और निर्माता कपिल पूरी को जोड़ा। जब फिल्म का बजट बढ़ा तो कास्ट भी बढ़ गई। यह एक पारिवारिक सिनेमा है जिसमें रोमांस, कॉमेडी, एक्शन और म्यूजिक का बेहतरीन तालमेल है। डायरेक्टर अमन सागर ने बड़ी मेहनत से इस फिल्म को बनाया है। विशाल मेहता ने आगे बताया कि यश पर्दे पर काफी अच्छे लग रहे हैं। एक्शन सीक्वेंस में उन्होंने कमाल किया है। वह बाकायदा अभिनय का प्रशिक्षण लेकर इंडस्ट्री में आए हैं। फिल्म में एक पार्टी सांग, एक इमोशनल सांग, एक सांग ऋषिकेश में शूट हुआ है और एक टाइटल सांग है जिसे शबाब साबरी ने गाया है। विशाल मेहता कहते हैं कि अमित का किरदार ऐसा है कि वह सपने में कहीं भी पहुंच जाता है। गली के बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता है। अमित का कैरक्टर लूजर का है जबकि यश मेहता उसे हर जगह बचाता है। याशिका मोशन पिक्चर्स के तले हम मैच ऑफ लाइफ 2 भी बनाएंगे।षफिल्म में एक प्रोड्यूसर का किरदार भी दिखाया गया है जिसे विशाल मेहता ने निभाया है। विशाल मेहता ने बताया कि फिल्म की कास्टिंग से लेकर रिलीज तक इसरार अहमद का भी काफी योगदान है। हमने कम बजट में काफी बेहतरीन सिनेमा बनाया है जिसकी कहानी दर्शकों का दिल जीत लेगी। इस फिल्म में यश मेहता हीरो हैं उनके अलावा अमित मिश्रा, राजपाल यादव, स्टेफी पटेल, गजाला परवीन, सुप्रिया कार्णिक, सुधा चंद्रन, अनिल धवन, जाकिर हुसैन, अखिलेंद्र मिश्रा, हेमंत पाण्डेय, वृजेश हिर्जे, अरुण बाली और पंकज बेरी ने भी अभिनय किया है।

मोस्ट टैलेंटेड एक्टर यश मेहता का मानना है कि वास्तव में जीवन भी एक मैच है, उसी बात को इस फिल्म मैच ऑफ लाइफ में दर्शाने की कोशिश की गई है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद लेखक खुद प्रोड्यूसर विशाल मेहता हैं। फिल्म के संगीतकार श्वेता बहेती तायल और रवि चोपड़ा हैं।

## बच्चे देश का भविष्य है : जिलाधिकारी





- जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र के प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण
- जिलाधिकारी ने तत्काल मेन्यू प्रदर्शित कराए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि मिड डे मील निर्धारित मेन्यू के अनुसार बनवाया जाए, एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, पर्यवेक्षणीय दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक न करने पर नगर शिक्षा अधिकारी सपना रावत के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शनिवार को नगर क्षेत्र में स्थित कंपोजिट उच्च प्रा0 विद्यालय रोटी गोदाम, प्राथमिक विद्यालय अंटा, प्राथमिक विद्यालय पुख्ता तालाब एवं प्राथमिक विद्यालय तारीन टिकली द्वितीय का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालयों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं बच्चों को दिये जाने वाले मिड डे मिल की खाराब गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। प्राथमिक विद्यालयों में दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से जवाब तलब करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, उनकी शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होने कहा कि शिक्षा को लेकर सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासो को पूर्ण रूप से धरातल पर लाया जाये एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नियमानुसार एस.एम.सी. के माध्यम से स्वीपर का प्रबंध सुनिश्चित किया जाये।

उन्होने मिड डे मील में प्रयोग हो रहे चावल की गुणवत्ता खराब होने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी से जवाब तलब करने के निर्देश दिए।ड्रेस बनवाने हेतु दी जाने वाली राशि को बच्चों के अभिभावकों के खातों में अंतरण के विषय में उन्होंने जानकारी ली तथा निर्देश दिए की जिन बच्चों के पास अभी तक ड्रेस नहीं है, उनके अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों की ड्रेस बनवाना सुनिश्चित कराए साथ ही उन्होने यह भी निर्देशित किया कि बच्चे प्रतिदिन निर्धारित ड्रेस में ही विद्यालय आए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो अभिभावक राशि अंतरण के उपरांत भी बच्चों की ड्रेस नहीं बनवाते है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए राशि की रिकवरी भी करायी जाएगी।

## मामाअर्थ ने अपना एक्सक्लूसिव ब्रांड आउलेट मुंबई में लश्न्च किया

–अनिल बेदाग–

मुंबई। हाउस ऑफ होनासा के तेजी से बढ़ते हुए एफएमसीजी ब्रांड,मामाअर्थ ने अपने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) मुंबई के फोनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला और इनफिनिटी मॉल मॉलाड में खोले हैं। इस टॉक्सिन फ्री पर्सनल केयर ब्रांड के तहत बेबी केयर से लेकर ब्यूटी और पर्सनल केयर के उत्पादों की फुटकर (रिटेल) बिक्री की जाएगी। मामाअर्थने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट का शुभारंभ वरुण अलघ–सीईओ,होनासा कंज्युमर प्राइवेट लिमिटेड और गजल अलघ–सीआईओ और सह–संस्थापक, मामाअर्थ, फीनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला में किया। ग्राहक केंद्रित ब्रांड होने के कारण, जो ग्राहकों की पसंद के साथ–साथ आगे बढ़ता है के मद्देनजर मामाअर्थ ने बेबीकेयर ब्रांड की टाक्सिक फ्री ब्रांड से शुरूआत की थी, लेकिन ग्राहकों की मांग के चलते इसने वयस्कों के लिए भी टाक्सिन फ्री पर्सनल केयर उत्पादों के क्षेत्र में भी अपने कदम फैला दिए। ग्राहकों पर बारीक नजर रखते हुए और उत्पादों की ऑफलाइन उपलब्धता की बढ़ती मांग के मद्देनजर इस ब्रांड ने ऑफलाइन तरीके से उत्पाद बेचने का निश्चय किया। यह जानते हुए कि एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स ब्रांड को मजबूती और विस्तार देने के लिए जरूरी हैं मामाअर्थ ने अपने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स शुरू किए हैं। ईबीओ के माध्यम से ग्राहक ब्रांड को लेकर आकर्षित करते हैं और उन्हें ब्रांड का एक नया अनुभव मिलता है। ब्रांड ने अपना पहला स्टोर राजधानी शहर में खोला था, फिर दो ईबीओ मुंबई में खोले हैं। ये स्टोर अभी मुंबई की दो महत्वपूर्ण जगहों– इनफिनिटी मॉल मालॉड और फोनिक्स मार्केट सिटी कुर्ला में खोले गए हैं। 380 वर्ग फीट और 197 फीट की एरिया वाले इन स्टोरों में 140 से ज्यादा मामाअर्थ के एस्केयू मिलेंगे जिनमें स्किनकेयर, हेयरकेयर, पर्सनल केयर और नए रेंज के कलर केयर शामिल हैं। एक्सक्लूसिव ब्रांड आउलेट की लांचिंग के अवसर पर बोलते हुए होनासा कंज्युमर प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ श्री वरूण अलघ ने कहा, "होनासा कंज्यूमर का कारोबार, ब्रांड का निर्माण करना है और ब्रांड का निर्माण ग्राहकों के दिमाग में होता है। ग्राहकों के साथ संवाद करने के जो माध्यम हैं वह बदलते और विकसित होते रहेंगे। चूंकि हम एक डिजिटल कंपनी भी हैं लिहाजा, डिजिटल प्लेटफार्म और तकनीकि हमारे साथ अच्छे से जुड़े हुए हैं। लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य ग्राहकों से जुड़े रहना है, और हमारी प्राथमिकता है कि ग्राहकों



की यात्रा में साथ–साथ चलें। अगर ग्राहक आपसे ऑफलाइन खरीदी करना चाहते हैं तो आपको वहां उपस्थित रहना होगा। इसी जरूरत को समझते हुए हमने ऑफलाइन जाने का निर्णय लिया और उसके लिए एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स खोले हैं।

हम उम्मीद करते हैं कि ग्राहक हमें ऑफलाइन भी उसी तरह का प्रतिसाद देंगे जैसा कि उन्होंने डिजिटल रूप में दिया है।" मामाअर्थ एक उद्देश्य से चलने वाला ब्रांड है जिसका इस बात में मजबूती से विश्वास है कि अच्छाई भीतर की चीज होती है, इसी के मद्देनजर वह अच्छाई को अपने उत्पादों और कार्यों से आगे बढ़ाना चाहती है। मामाअर्थ का मानना है कि अच्छाई हमारे उन छोटे–छोटे चुनावों से शुरू होती है जिन्हें हम रोजाना करते हैं। ब्रांड का विचार इस मामले में शुरू से ही बहुत स्पष्ट रहा है कि वह हमेशा ही प्रकृति के श्रेष्ठ चीजों का इस्तेमाल करेगी और किसी तरह के टॉक्सिन या खतरनाक रसायनों का प्रयोग अपने उत्पादों में नहीं करेगी। ये सारे उत्पाद बिना जानवरों की हत्या किए, प्लॉस्टिक फ्री हैं और कंपनी ने पिछले साल ही पौधों को संवारने का संकल्प किया है। इस संकल्प के तहत ही ब्रांड को जो भी आर्डर उसके वेबसाइट पर मिलते हैं उस प्रत्येक आर्डर पर एक पौधा लगाया जाता है, कंपनी का इरादा साल 2025 तक 15 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का है।

## कूड़ा डालने गई महिला को दबंगों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम कांट –शाहजहांपुर। गांव मुंडिया आस में कूड़ा डालने जा रही महिला को दबंगों ने पीट पीकर लहूलुहान कर दिया। महिला के सिर में आई गंभीर चोट आने के कारण पीड़ित महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार थाना कांट अंतर्गत गांव मुंडिया आस निवासी रूबी पुत्री राजीव ने थाना पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने घर से समय करीब 1रू00 बजे दिन में कूड़ा डालने जा रही थी रास्ते में उसके ही गांव के सूरजपाल पुत्र जोगिंदर जोगिंदर पुत्र द्वारिका प्रसाद बस सत्यपाल राजपाल पुत्र गजेंद्र ने उसे मंदिर के पास रोक लिया और गंदी गंदी गालियां देने लगे गालियां देने से मना किया इसी बात पर उसे लात घुसा और लाठी–डंडों से मारपीट करने लगे मौके पर गांव के लोग आ गए जिन्होंने उसे बचाया पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराया है ।मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महिला के तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने की छापेमारी

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- मौके पर 40 लीटर अवैध शराब बरामद तथा 02 अभियोग पंजीकृत

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनाँक 30 जुलाई 2022 को जनपद के क्षेत्र–मुसाफिरखाना के थाना – जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम – मऊअतवारा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 800 कि0ग्रा0 लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 02



अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। उक्त कार्यवाही में नागेंद्र सिंह प्रभारी आबकारी निरीक्षक, मुसाफिरखाना , व आबकारी स्टॉफ अमित कुमार सिंह, मो0 साबिर सिद्दीकी, संजय सिंह, अनुराग वर्मा, अभय प्रताप सिंह, सर्वेश वर्मा, बृजेश चंद्र पांडे ,प्रधान आबकारी सिपाही, आबकारी सिपाही व सरकारी वाहन चालक सम्मलित रहें।

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

## संक्षिप्त समाचार

### भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बीएसएनएल नेटवर्क फेल न होने से बैंको व सरकारी कार्यालयों में काम काज ठप्प

रिपोर्ट देवेश पांडेय अयोध्या टाइम्स नानपारा

रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रुपईडीहा कस्बे में बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड व फाइबर सेवा फेल होने से बैंकों व सरकारी कार्यालयों में सभी काम काज ठप्प पड़े हैं। रुपईडीहा कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता पिछले तीन दिनों से नेटवर्क फेल होने से बैंकों के चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं। बैंकों में न तो भुक्तान हो रहा है न ही पैसा जमा हो पा रहा है। आए दिन ब्रॉडबैंड व फाइबर ठप होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तमाम शिकायतों के बाद भी व्यवस्था पटरी पर नहीं आ रही है। गुरुवार को लाइन कटने से 72 घंटे से अधिक समय तक भी सेवा शुरू नहीं हो पाई। मौजूदा समय में सरकार ने सभी चीजों को डिजिटल कर दिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री का डिजिटल इंडिया का सपना कैसे पूरा होगा ।बीएसएनएल ब्रॉडबैंड व फाइबर के लगातार ध्वस्त होने से विद्यार्थी, व्यवसाई सहित सरकारी व निजी संस्थानों का काम प्रभावित हो रहा है।

बीएसएनएल के ब्राडबैंड व फाइबर सेवा के उपभोक्ता डॉ उमाशंकर वैश्य,सुशील तिवारी,रईस अहमद,अमित मदेशिया व अजय वर्मा, नवीन जायसवाल आदि ने डीएम बहराइच से मांग की है कि गुरुवार की सुबह से गायब हुआ नेटवर्क शनिवार समाचार लिखे जाने तक चालू नहीं हो सका। तीन दिनों से ब्राडबैंड व फाइबर की सेवाएं ठप रहने से काफी नुकसान हुआ है। ब्राडबैंड व फाइबर की सेवा बाधित होने से लोकवाणी और जन सेवा केंद्र से संबंधित जन्म,मृत्यु,आय, निवास,जाति प्रमाण पत्र सहित सरकारी व निजी कार्य प्रभावित हुए हैं जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।विभागीय अधिकारियों से नेटवर्किंग दुरुस्त किए जाने की मांग लगातार की जा रही है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई ।

## भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में आक्रोश

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय रुपईडीहा बहराइच। इस उमस भरी गर्मी में भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। रुपईडीहा कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई पिछले कई महीनों से बेपटरी चल रही है। बिजली आने का समय न तो एसडीओ नानपारा बता पा रहे हैं न ही विभाग के बड़े अधिकारी। रुपईडीहा कस्बे व आसपास के बार्डर क्षेत्र रंजीतबोझा,पचपकरी, शिवपुर मोहनिया, बक्शी गांव, करीम गांव, निधि नगर पोखरा, गोकुलपुर, सहाबा, निबिया, लहरपुरवा मनवरिया, सहजना, सीतापुरवा लक्ष्मणपुर नरैनापुर आदि गांवों के उपभोक्ता बिजली कटौती की संकट से जूझ रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती के बाद दिन भर में पांच पांच घंटे की रोस्टिंग से उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे रहा है। इस क्षेत्र में बहुत ही कम बिजली मिलने के कारण इन्वर्टर भी पूरी तरह से काम नहीं कर रहे हैं। जिससे मोबाइल भी नहीं चार्ज हो पा रहे हैं। इस संबंध में उपभोक्ता प्रवीन कुमार जायसवाल, प्रदीप कुमार, संजय कुमार गुप्ता विनोद कुमार, नन्द किशोर जायसवाल आदि लोगों ने बताया कि बिजली की अव्यवस्था पिछले कई महीनों से बेपटरी चल रही है। इसका कोई समय निर्धारित नहीं है। दिन में 2 से 3 घन्टे ही विद्युत सप्लाई मिल रही है। रात में भी कोई समय निर्धारित नहीं रहता है। लेकिन इस क्षेत्र के सम्बन्धित अधिकारी समस्या का निदान करने के प्रति संवेदनशील नहीं हो रहे हैं। इस संबंध में जब एसडीओ से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि बारिश की वजह अनेक जगहों पर लाइन फाल्ट हो गयी थी जिसे ठीक कराया जा रहा है। सहाबा पावर हाउस पर मौजूद एक लाइनमैन से जब पूछा गया तो उसने बताया कि खम्भा लगाने के लिए पेड़ काटे जा रहे हैं इस लिए विद्युत सप्लाई बाधित है।



## जन्म प्रमाण पत्र के नाम अस्पताल में वसूले जाते रुपए

- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बने अंजान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। सौरिख बच्चो के जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अस्पताल में वसूले जा रहे रुपए इसकी जानकारी प्रमाण बनवाने आए युवक ने दी वही इस सबसे अंजान बने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी।

सौरिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध रूप से की जारही रुपयों की वसूली इसका खुलासा तब हुआ जब विकास खण्ड सौरिख के ग्राम ईजल पुर निवासी संजेश कुमार अपने पुत्रों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सीएससी पहुंचे। तो गांव में ही तैनात आशा ने जन्म प्रमाण बनवाने के लिए 1000 रूपये के लगने की बात कही। जिसपर मौजूद स्वास्थय कर्मी ने 800रुपए लेकर जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया। जब युवक को पता चला कि जन्म प्रमाण बनाने का कोई भी रुपया नही लगता।तो वह रुपए वापस कराने के लिए युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जब इस विषय में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अजहर सिद्धिकी से जानकारी चाही तो उन्होंने इस मामले में बताया की ऐसी कोई शिकायत मेरे पास नहीं आई है अगर आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## रुपईडीहा से पटना कलोनी से मिहींपुरवा जाने वाली नहर मार्ग पूरी तरह जर्जर होने से जनता परेशान



देवेश पांडेय नानपारा अयोध्या टाइम्स रुपईडीहा बहराइच। रुपईडीहा से पटना कलोनी होते मिहींपुरवा जाने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस नहर मार्ग से रुपईडीहा,दौलतपुर,सहाबा, करीमगांव,साईगांव,परमपुर, महमदी, रंजीतबोझा, बक्सीगांव, शिवपुर मोहनिया, निधि नगर पोखरा, आदि ग्रामीण इलाकों के लोग रायबोझा, मिहींपुरवा की बाजारो व उधर के लोग इसी मार्ग से रुपईडीहा, बाबागंज, नेपालगंज साईकिलों, मोटरसाइकिल,चार पहिया वाहनों आदि वाहनों से यात्रा कर आवश्यक कार्य निबटाते के लिए आते जाते रहते हैं। मगर अब यह सड़क चलने लायक ही नही रह गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का आदेश बेमानी दिख रहा है। यहां कई वर्षों से जर्जर सड़क पर आवागमन करने को विवश हैं। इस सड़क पर प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोगों का आवागमन रहता है।

इसीलिए ब्लॉक नवाबगंज के कई ग्राम सभाओं के प्रधानों ने पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त सड़क के नव निर्माण कार्य कराए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा को पत्र सौंपा है जिसमें बताया गया है की जनपद बहराइच के विकासखंड मिहिंपुरवा के सरयू नहर परियोजना के अंतर्गत नहर का निर्माण व सरयू पंप कॉलोनी पटना तक सामग्री लाने हेतु लगभग 40 वर्ष पूर्व डामर रोड बनाई गई थी जिसमें रायबोझा से परगहवा पुल तक डामर रोड बन गई है । शेष पटना कॉलोनी से रूपईडीहा नहर तक लगभग 7 किलोमीटर सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। यह मार्ग रुपईडीहा एनएच 927 से रायबोझा मिहिंपुरवा मुख्य मार्ग एनएच 730 दिल्ली मार्ग से जोड़ती है । यह 7 किलो मीटर न बनी होने के कारण रुपईडीहा से नानपारा होते हुए मिहिंपुरवा व दिल्ली जाने के लिए लगभग 30 किलोमीटर ज्यादा सफर करना पड़ता है । इस रोड के बन जाने से बच्चों के आवागमन,पढ़ाई, रोजगार,सुरक्षा के दृश्य बहुत ही उपयोगी है । इसलिए इस मार्ग को जल्द से जल्द निर्माण करा दिया जाए।

## अगुरुवार की रात्रि में परसपुर में दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत



दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश।

परसपुर गोण्डा। स्थानीय परसपुर क्षेत्र के मधईपुर खाण्डेराय के जुड़े तालाब के समीप गुरूवार की रात्रि में ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ होने की आशंका जताई गई, जिससे सूचना पाकर मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण जुट गये। वहीं ग्रामीणों मे दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परसपुर क्षेत्र के मधईपुर खाण्डेराय के जुड़े तालाब के समीप गुरूवार की रात्रि में करीब 8 बजे गलिबहा मोड़ पर तेंदुआ होने की आशंका जताई गई जिससे मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गये।

ग्रामीणों ने बताया कि मुसौली से गलिबाहा मार्ग पर तेंदुआ देखा गया है। ग्रामीणों की सूचना पर गांव के प्रधान विनोद कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने लाठी डंडे से लैंस होकर हाँका लगाया। मालूम हो कि गत 18 जुलाई को परसपुर क्षेत्र के रगड़गंज मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट तेंदुआ दिखने पर दहशत फैल गई थी। पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारी अपने दल बल के साथ पहुचें थे और ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी देकर पिंजरा भी लगाये थे। लेकिन तेंदुआ नही दिखा। दस दिन बाद वहां से करीब चार किमी दूर उत्तर दिशा में गलिबहा मोड़ के पास रात्रि 8 बजे के करीब फिर से दस्तक देकर ग्रामीणों की नींद उड़ा दी। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। वहीँ सूचना पाकर मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे थाना प्रभारी छानबीन करने में जुट गये।

# सरकार की उपलब्धियों के सम्बन्ध में वन राज्य मंत्री ने की प्रेस-वार्ता

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेर्श। मुख्य अतिथि प्रदेश के मा. राज्य मंत्री वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री के.पी. मलिक ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी व नानपारा के राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करते हुए योगी सरकार 2.0 के प्रथम 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। मा. मंत्री श्री मलिक ने बताया कि योगी सरकार 2.0 के प्रथम 100 दिन अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेंस को समर्पित रहे। प्रदेश स्तर पर प्रमुख 50 एवं मुख्यालय स्पर पर 12 अन्य माफियाओं को चिन्हित कर 62 माफियाओं एवं इनके गैंग के 894 सदस्यों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अपराधी गैंगों के 431 सदस्यों की गिरफ्तारी, 178 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट, 884 के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट तथा 13 के विरूद्ध एन.एस.ए. की कार्रवाई की गई है। माफिया एवं अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित लगभग रू. 844 करोड़ की सम्पत्तियॉ जब्त। अब तक कुल 2,925 करोड़ की अवैध सम्पत्तियॉ जब्त की गई हैं।

प्रदेश में किसानों की खुशहाली के लिए बंजर, बीहड़ भूमि सुधार हेतु रू. 602 करोड़ की पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना प्रारम्भ की गई। पी.एम. किसान सम्मान निधि से 2.59 करोड़ किसानों को रू. 45 हजार 397 करोड़ हस्तान्तरित करने के साथ 19 मण्डियों के आधुनिकीकरण किया गया तथा 54 कृषि कल्याण केन्द्रों की स्थापना की गई। सिंचन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि के लिए 239 राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत 46,172 उथले नलकूपों का निर्माण पूर्ण की गई तथा बाढ़ से बचाव हेतु रू. 591 करोड़ की 62 परियोजनाएं पूर्ण की गईं। वन राज्य मंत्री ने बताया कि सहकारिता के क्षेत्र में 13 सहकारी बैंकों की नई शाखाएं खोली गई, 08 लाख कृषकों को रू. 4635 करोड़ का फसली ऋण वितरित करने के साथ 02 विशाल तथा 17 वृहद खाद्यान्न गोदामों का निर्माण किया गया। जल जीवन मिशन के तहत नमामि गंगे अन्त्ग्रत 25 परियोजनाएं पूर्ण की गई, 574 ग्रामों में पाईप पेयजल परियोजनाएं पूर्ण, 3.76 लाख घरों में कनेक्शन प्रदान किये गये। आमजनमानस में भूख का भय दूर करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश के 15 करोड़ गरीबों को रू. 3200 करोड़ के व्यय भार पर खाद्यान्न, दालध्साबुत चना, आयोडाइज्ड नमक, रिफाइन्ड ऑयल तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी का निःशुल्क वितरण किया गया। उचित दर दुकानों को कॉमन सर्विस सेन्टर के रूप में विकसित करने के साथ डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था को लागू किया गया है। श्री मलिक ने बताया कि जगमग प्रदेश के उद्देश्य से पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए 5000 सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्रों की स्थापना तथा 660 मेगावाट के 02 तापीय परियोजना की स्थापना के साथ जवाहरपुर तापीय परियोजना की प्रथम इकाई के बॉयलर का संचालन प्रारम्भ किया गया है। प्रदेश में उद्योगों एव निवेशों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तृतीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा रू. 80 हजार 224 करोड़ की 1406 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया जिससे 06 लाख व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस—वे का कार्य पूर्ण, गंगा एक्सप्रेस—वे का कार्य प्रगति पर तथा बलिया लिंक एक्सप्रेस—वे कार्यान्वयन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। आवागमन की सुविधाओं में विस्तार के उद्देश्य से 64 बस स्टेशनों यौन्दर्यीकरण, 63 नई बसें बेड़े में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि स्वदेशी एवं खादी को बढ़ावा देने के साथ उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए 1.90 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को रू. 16 हजार करोड़ का ऋण वितरण, सबको घर के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 44 लाख पीएम आवास तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 8200 आवासों का निर्माण, जनस्वास्थ्य के लिए 16 करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना टीके, सर्वजन हि सर्वोपरि के तहत सभी जनपदों में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन, 1.88 करोड़ छात्र—छात्राओं को नामांकन, राजकीय सेवा के अवसर के तहत 3532 अभ्यर्थियों का चयन, पीएम ग्राम सडत्रक योजना के तहत 5000 कि.मी. सड़क मार्गों का निर्माण, नगरीय सुविधाओं के तहत 1.01 लाख से अधिक आवास पूर्ण, 84148 स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण, 3225 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। सुन्दर वन सुशोभित उद्यान के तहत 15 अगस्त तक 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य, पशुधन संरक्षण के तहत 100 दिनों 50003 गौवंश संरक्षित किये गये, 20 नये गौ संरक्षण केन्द्रों का निर्माण तथा 569 अस्थाई गौ सेवा बाड़ा स्थापित किया गया।

## पुलिस का खुलासा- दुष्कर्म के प्रयास पर बहू और पत्नी ने गला दबाकर की थी बुजुर्ग की हत्या

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय नानपारा

बहराइच। जिले गंगापुरवा राम नगर सेमरा गांव निवासी एक बुजुर्ग ने 24 जुलाई को बहू के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था। इससे नाराज पत्नी ने बहू के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस को फांसी लगाने की सूचना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने की बात सामने आई तो पुलिस की जांच बदल गई।

बहू और पत्नी ने हत्या किए जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर बहू और पत्नी को जेल भेज दिया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर सेमरा के मजरा गंगापुरवा निवासी राजपति यादव (60) की 24 जुलाई को मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार के लोगों ने वृद्ध द्वारा फांसी लगाये जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया था।थानाध्यक्ष राम समुझ प्रभाकर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत गला दबाकर किए जाने की हुई। जिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही परिवार के लोगों से कड़ाई से पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में परिवार के लोग टूट गए। पत्नी ने बहू के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या किए जाने की बात स्वीकार की। इस पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को थानाध्यक्ष के साथ उप निरीक्षक वेदराम यादव, आकाश प्रजापति, सौरभ, प्रेम लता राय, बिंदू देवी की टीम ने मृतक की पत्नी रेखा और बहू सोनी पत्नी संतोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

चौकीदार ने दर्ज कराया मुकदमा : थानाध्यक्ष राम समुझ प्रभाकर ने बताया कि हत्या की पुष्टि होने के बाद परिवार का कोई सदस्य मुकदमा नहीं लिखा रहा था। जिस पर गांव के चौकीदार की तहरीर पर दोनों लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद दोनों की गिरफ्तारी की गई।

## बाल विकास कार्यालय में अवैध वसूली को लेकर धरने पर बैठी आंगनवाड़ी

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। विकासखंड जलालाबाद के बाल विकास कार्यालय में आंगनवाड़ी कार्यकर्ती शनिवार को धरने पर बैठ गई । आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया



लॉकडाउन के दौरान उनका वेतन रुक गया था। जिसमें किसी आंगनवाड़ी का 5 महीने तो किसी का 7 महीने का वेतन रुका हुआ है। जिसको लेकर इस बात की शिकायत। उन्होंने कई बार सीडीपीओ सतीश चंद्र से की है। इसके बाद भी वेतन नहीं लगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया बाल विकास विभाग में ही तैनात बाबू उनसे वेतन लगवाने के एवज में खर्चा मांग रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया जब इस बात की शिकायत उन्होंने सीडीपीओ से की तो उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। थक हार कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती शनिवार को आंगनवाड़ी कार्यालय में धरने पर बैठ गई। इसके बाद भी सीडीपीओ सतीश चंद्र आंगनवाड़ी कार्यालय पर नहीं पहुंचे । दोपहर 3रू00 बजे तक जारी रहे धरने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सुपरवाइजर को ज्ञापन सौंपकर वापस लौट गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया आंगनबाड़ी एवं सहायिका को मिलाकर 17 कर्मचारियों का मानदेय रुका हुआ है। जिसको लगवाने के एवज में बाल विकास का ही बाबू रिश्वत मांग रहा है ।

## भूमि विवाद को लेकर दबंगों द्वारा की गयी महिलाओं की जमकर पिटाई

- तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

दैनिकअयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश

कर्नलगंज,परसपुर (गोण्डा)। तहसील क्षेत्र के थाना परसपुर अन्तर्गत खैरा डीहा गाँव में शुक्रवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों ने आपस में जमकर मारपीट किया। जिसमें तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिससे आनन फानन में उपचार के लिये घायल महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के उपरान्त गंभीर हालत में उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। मामले में ग्राम खैरा डीहा निवासी पीड़ित नन्द किशोर पाण्डेय पुत्र शिव सागर ने थाने पर तहरीर देकर चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जमीन कब्जेदारी को लेकर 29 जुलाई को दिन में 3 बजे विपक्षियों ने उसकी पत्नी पुष्पा से गाली गलौज किया और लाठी डंडे से पिटाई कर दी। बचाने दौड़ी उसकी लड़की निराली व भाई की पत्नी संजू पाण्डेय को भी मारा पीटा। जान से मारने की धमकी देते हुए विपक्षी चले गये। पीड़ित ने गाँव के ही चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को मारपीट मामले में तहरीर दी है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना परसपुर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिली है। मामले की जाँच कराई जा रही है, जांचोपरान्त न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी।

## एलबीएस में पहली बार हुआ मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

- सावन पर्व के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता के कार्यक्रम में लगभग 480 छात्राओं ने किया प्रतिभाग
- मेहंदी प्रतियोगिता के आयोजन में बेहद खूबसूरती से लगाई गई मेहंदी को देख निर्णायक मंडल रह गए अचंभित डॉ0 चमन कौर




दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोण्डा। जिले से आ रही है जहां श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के सभागार मैं मिशन शक्ति अभियान के तहत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।सावन पर्व के इस उत्सव में लगभग 480 छात्राओं एवं अतिथियों ने भाग लिया एवं सभी के दोनों हाथों पर मेहंदी लगाई गई। प्रतियोगिता में आए अतिथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए, अपने विचार भी व्यक्त किए जिसमें संज्ञा पांडे ने कहा कि यह कार्यक्रम जिस मनोयोग से मनाया जा रहा है इसकी जितनी तारीफ की जाए उतना ही कम है। साथ ही साथ उन्होंने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम पूरे परिवार को एक सूत्र में बांधने के महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसके लिए कार्यक्रम की संचालक डॉ0 चमन कौर बधाई की पात्र हैं । उर्मिला शुक्ला प्रबंधक अवध पब्लिक स्कूल गोंडा ने कहा, इस तरह के उत्सव छात्रों में छुपी प्रतिभाओं को बाहर आने का मौका देते हैं शालिनी अग्रवाल ने कहा कि सावन के पर्व में इससे अच्छा उत्सव कोई हो ही नहीं सकता और इस तरह के कार्यक्रम समय—समय पर होते रहने से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है।

मेहंदी प्रतियोगिता में आए अतिथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकगण की धर्मपत्नीयों को निमंत्रण मिला है ।जिसके लिए इस कार्यक्रम की संचालक डॉ चमन कौर बधाई की पात्र हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी प्रो0अमन चंद्रा ने कहा इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इस कार्यक्रम से महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापकगणों के परिवारों को एक दूसरे से मिलने का मौका मिला, और यह कार्यक्रम बहुत ही आत्मीय और स्नेहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सभी छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट मेहंदी लगा कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।डॉ रेखा शर्मा ने कहा इस भौतिकवादी युग में जब समाज बिखर रहा है ,इस तरह के कार्यक्रम सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं प्रो शशि बाला डॉ रंजना डॉ नीलम छाबड़ा निहारिका तिवारी राजलक्ष्मी ,डॉ स्मिता सिंह ,डॉ स्मृति डॉ मनीषा पाल ,डॉ शैलजा सिंह, डॉ दीप्ति सिंह, डॉ पूजा यादव ,डॉ पल्लवी ,डॉ संध्या सिंह , सरोजिनी ,मोहिना खातून आदि प्राध्यापिका रही कार्यक्रम की संचालक डॉ चमन कौर एसोसिएट प्रोफेसर ठ.म्क विभाग ने आए सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक गण के परिवारों को एक सूत्र में बांधने का मेरा यह एक छोटा सा प्रयास था साथ ही साथ उन्होंने कहा कि महाविद्यालय हित और छात्र हित के लिए कुछ सकारात्मक करने की मेरी यह एक छोटी सी पहल है। छात्राओं ने अपने हुनर का इतना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया कि निर्णायक मंडल को दुविधा हो गई कि सभी ने इतनी अच्छी मेहंदी लगाई है किस तरह से प्रथम द्वितीय और तृतीय का चयन किया जाए मिशन शक्ति की कोऑर्डिनेटर एवं कार्यक्रम की संचालक डॉ चमन कौर कार्यक्रम महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार पाण्डेय की नवपरिकल्पना का प्रमाण है।

## बिजली महोत्सव के अवसर पर वीसी के जरिए सीएम ने किया कैलहा उप केन्द्र का लोकार्पण

चित्रकूट। उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य ऊर्जा/2047 के अंतर्गत बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में विभिन्न जनपदों पर 2,723.20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 17 नग 400/220/132/33 केबी पारेषण—वितरण उप केंद्रों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें जनपद चित्रकूट के 33/11 केवी उपकेंद्र कैलहा भी शामिल है।

बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस के समापन अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भी देश के कई प्रदेशों के जनपदों के लाभार्थियों से वार्ता की तथा संबोधन भी किया गया। एनआईसी चित्रकूट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत से विद्युत उप केंद्र की क्षमता के बारे में जानकारी की, जिसमें अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत घर 3.49 करोड़ की लागत से बनाया गया है जो 220 केबी सरैया सबस्टेशन विद्युत से पोषित है। इस विद्युत केंद्र से पाठा क्षेत्र के ग्राम खाच, ददरी, मडैयन, कैलहा, रुकमा खुर्द आदि गांव अच्छादित किए जाएंगे।

## प्रधानाध्यापक पर कसा शिकंजा, जांच के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बनाई समिति

- खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में पहुंच कर की पूंछ तांक्ष

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। जलालाबाद ब्लाक के कम्पोजित विद्यालय फतेहपुर जसोदा में लगभग एक वर्ष से चूल्हे पर खाना बनाने के मामले में प्रधानाध्यापक पर शिकंजा कसता जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है जो स्कूल जाकर बच्चों, अभिभावकों व रसोइया व टीचरो से बात कर बयान दर्ज करेगी। बीएसए ने कहना है कि कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को जलालाबाद ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित ने कम्पोजित विद्यालय फतेहपुर जसोदा जाकर जांच पड़ताल की। उन्होंने चूल्हे पर खाना बनवाने पर प्रधानाध्यापक आशीष मिश्रा से नाराजगी जताई उन्होंने बताया कि लकड़ी रसोई गैस से भी महंगी पड़ती है। साथ ही धुआं भी होता हैं जव की शासन के आदेश हैं कि सभी स्कूलों में गैस पर ही खाना बनाया जाए। इसके लिए सरकार पैसा भी भेजती हैं इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौस्तुभ कुमार सिंह ने जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया है, जिसमें दो जिला समन्वयक व एक खंड शिक्षा अधिकारी हैं । बी यस ए ने बताया कि कमेटी विद्यालय जाकर जांच करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधानाध्यापक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# छोटा परिवार सुखी परिवार की सोच को साकार कर रहा अंतरा शादी के दो साल बाद ही बनायें बच्चे की योजना दो बच्चों के जन्म में तीन साल का अंतर रखें

☒ तिमाही अंतरा इंजेक्शन इसमें साबित हो रहा कारगर, इसके प्रत्येक डोज पर 100 रुपए देने का भी प्रावधान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन'अंतरा' ने हजारों दंपत्तियो की मुश्किल को आसान किया है। परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में तिमाही इंजेक्शन अंतरा को लाभार्थियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। मथुरा में वित्तीय वर्ष 2020–21 में 4233 अंतरा इंजेक्शन लगाए गए थे एवं 2021– 22 में 10733 अंतरा इंजेक्शन की सेवा दी गई है । मिशन परिवार विकास में आने के कारण एक अप्रैल 2017 के बाद से सरकार द्वारा अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर प्रत्येक





लाभार्थी महिला को 100 रुपये प्रति डोज देने का प्रावधान भी शुरू किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि अंतरा इंजेक्शन को जनपद के सभी नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर लगवाया जा सकता है।

इस तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन को लगवाने पर लाभार्थी महिला एवं लगवाने हेतु प्रेरित करने वाले को 100 रुपये प्रति डोज देने का प्रावधान है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मुनीश पौरूष ने बताया कि दंपति के बीच समझदारी बढाने और मां–बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य व पोषण के लिए आवश्यक है कि शादी के दो साल बाद ही पहले बच्चे की योजना बनायी जाए।इसके अलावा दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रखा जाए । इसके लिए तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा बेहतर विकल्प है। इसकी डोज प्रत्येक तीन माह में एक बार लेनी होती है। अंतरा इंजेक्शन की पहली डोज चिकित्सक या कम्युनिटी हेल्फ ऑफिसर (सीएचओ) द्वारा लाभार्थी की स्क्रीनिंग होने के बाद ही प्रशिक्षित एएनएम या स्टॉफ नर्स द्वारा लगाई जाती है। गांव परखम ब्लॉक फरह निवासी सीता ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं अब वह बच्चा नहीं चाहती हैं एवं नसबंदी नहीं कराना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने क्षेत्र की आशा द्वारा बताए गए अंतरा इंजेक्शन लगवाना शुरू किया। अब तक वह नौ इंजेक्शन लगवा चुकी हैं। उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं हुई है। वह अब खुशहाली का जीवन व्यतीत कर रही हैं और अपने बच्चे का बेहतर पालन–पोषण कर रही हैं।

# नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्रान्तर्गत हरियाली तीज के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये अपर नगर आयुक्त की क्रांति शेखर जी द्वारा नगर निगम की टीम के साथ बैठक की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नगर निगम मथुरा–वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत हरियाली तीज के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये अपर नगर आयुक्त श्री क्रान्ति शेखर जी द्वारा नगर निगम की टीम के साथ बैठक आहूत की गई। वृन्दावन नगर में हरियाली तीज के पर्व पर होने वाले भण्डारेध्प्रसाद वितरण करने वाली संस्थाओं की सूची बनाकर भण्डारा करने वाले आयोजकों को सफाई कराने एवं आयोजकों को नियमध्शर्तो से अवगत कराते हुये प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु श्री हरिकृष्ण गुप्ता कर अधीक्षक को निर्देशित किया गया तथा भण्डारा स्थल पर आयोजक द्वारा आवश्यक रुप से डस्टबिन रखवाये जाये तथा वृन्दावन नगर में प्रतिबन्धित पॉलीथिन, आवारा गौवंश, अस्थाई अतिक्रमण व भण्डाराध्प्रसाद वितरण करने वाले आयोजकों को डस्टबिन सफाई किये जाने हेतु मुनादी करायी जाये। अपर नगर आयुक्त द्वारा सम्पूर्ण नगर में समुचित सफाई मार्ग पर आवारा गौवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया जाये, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। श्री राजेश रावत, प्रकाश प्रभारी को निर्देश दिये गये कि वृन्दावन के प्रमुख घाटों केशीघाट, देवराहा बाबा घाट व चीरघाट एवं वृन्दावन नगर में विशेष प्रकाश व्यवस्था करायी जाये तथा प्रमुख घाटों पर महिला स्नानार्थियों हेतु अस्थाई चेन्जिंग रुम बनाये जाये। साथ ही वार्ड नं0–70 में विशेष सफाई कराये जाने हेतु बी0बी0जी0 कम्पनी के प्रतिनिधि श्री सचिन का निर्देश दिये गये एवं सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग में आगामी पर्वो तक अतिरिक्त सफाईकर्मी लगाकर विशेष सफाई अभियान चलाया जायें तथा सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग में 150 मीटर पर डस्टबिन लगाये जाने के निर्देश दिये गये। अपर नगर आयुक्त महोदय द्वारा वृन्दावन परिक्रमा मार्ग में अवैध कच्चे व पक्के निर्माण को अतिक्रमण मुक्त कराया जायें। आगामी पर्वों तक



एवं चौराहा व तिराहों पर चुना छिड़काव कराये जाने हेतु श्री रामानन्द त्यागी क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा वैरिकेंटिंग करायें जाने हेतु श्री अरुण कुमार अवर अभियन्ता को निर्देश दिये गये। श्री कुवंरपाल अवर अभियन्ता जल को सभी मोबाइल टायलेट को पूर्णतः साफ रखते हुये तीर्थयात्रियों की सुविधार्थ उपयोग किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल की व्यवस्था हेतु पार्किंग स्थलों, तिराहा व चौराहों पर पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाये। ठा0 बांकेबिहारी मन्दिर को जाने वाले मुख्य मार्गा पर नगर निगम द्वारा अस्थाई जूता घरों की व्यवस्था की जायेगी। सप्त देवलयों के आस–पास एवं सम्पूर्ण परिक्रमा नगर निगम की टीम द्वारा अनवरत रुप से प्रतिदिन अतिक्रमण अभियान चलायें, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं परिक्रमार्थियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर श्री रिजवान अहमद, अधिशासी अभियन्ता (सिविल), श्री रामानन्द त्यागी, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, श्री श्रीगोपाल वशिष्ठ, कार्यालय प्रभारी, श्री अरुण कुमार, अवर अभियन्ता सिविल, श्री गोपाल प्रसाद शर्मा, लिपिक निर्माण, श्री हरिकृष्ण गुप्ता, कर अधीक्षक, श्री मुकेश सिंह, राजस्व निरीक्षक, श्री कुंवरपाल, अवर अभियन्ता(जल), श्री सुभाष चन्द एवं श्री सौरव अग्रवाल सफाई निरीक्षक, श्री राजेश रावत, प्रकाश प्रभारी, श्री कुलदीप, उज्जवल बृज श्री विजयकिशोर वर्मा, सुपरवाइजर निर्माण एवं समस्त सफाई सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

# हरियाली तीज का महत्व हिंदू धर्म में त्योहारों का विशेष महत्व होता है

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। हरियाली तीज का महत्व हिंदू धर्म में त्योहारों का विशेष महत्व है। दीपावली, होली,नवरात्रि हो या रक्षाबंधन, हिन्दू, देश में पर्वों को बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इन पर्वों में सावन का महीना बहुत पवित्र माना जाता है।इस सावन के महीने में हरियाली तीज का बहुत महत्व है । विशेषकर सुहागिनों के लिए तो ये बहुत ही महत्वपूर्ण है। हरियाली तीज के दिन महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य तथा सफलता के लिए रखती हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष हरियाली तीज का त्यौहार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है, अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष हरियाली तीज 31 जुलाई को है। यह पर्व नागपंचमी से 2 दिन पूर्व मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए निर्जला (बिना पानी के) व्रत रखती हैं। साथ ही कुंआरी कन्याएं अच्छे पति की कामना में व्रत और पूजा करती हैं। हरियाली तीज का व्रत करवा चौथ के व्रत के जैसा ही होता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रखती हैं और पूरे 16 श्रृंगार कर के भगवान शिवजी और माता पार्वती की पूजा करती हैं । कई स्थानों पर व्रत के दौरान रात में जागकर शिव पार्वती की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन मेहंदी लगाने का भी विशेष महत्व है। सावन के महीने में जब संपूर्ण धरा पर हरियाली की चादर बिछी रहती है, प्रकृति के इस मनोरम क्षण का आनंद लेने के लिए महिलाएं झूले झूलती हैं व लोक गीत अथवा तीज के गीत गाकर उत्सव मनाती हैं।

हरियाली तीज पर होने वाली परंपरा – नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के बाद पड़ने वाले पहले सावन के त्यौहार का विशेष महत्व होता है। हरियाली तीज के अवसर पर लड़कियों को ससुराल से पीहर बुला लिया जाता है 1. हरियाली तीज से एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाता है। इस दिन नव विवाहित लड़की की ससुराल से वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार का सामान, मेहंदी और मिठाई भेजी जाती है 2. इस दिन मेहंदी लगाने का विशेष महत्व है। महिलाएं और युवतियां अपने हाथों पर तरह–तरह की कलाकृतियों में मेहंदी लगाती हैं। इस दिन पैरों में आलता भी लगाया जाता है। यह महिलाओं की सुहाग की निशानी है।

3. हरियाली तीज पर सुहागिन स्त्रियां सास के पांव छूकर उन्हें सुहागी देती हैं। यदि सास न हो तो जेठानी या किसी अन्य वृद्धा को दी जाती है।

4. इस दिन महिलाएं श्रृंगार और नए वस्त्र पहनकर मां पार्वती की पूजा करती हैं 5. हरियाली तीज पर महिलाएं व युवतियां खेत या बाग में झूले झूलती हैं और लोक गीत पर



नाचती–गाती हैं।

सावन माह में हरे रंग का विशेष महत्व होता है, क्योंकि यह रंग प्रकृति का रंग होता है। साथ ही हरा रंग मन को भी शांति देता है। वहीं हिंदू धर्म में हरा रंग अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना गया है। यही कारण है कि हरियाली तीज में इस रंग को पहनना शुभ माना गया है।

हरियाली तीज पर तीन बातों को त्यागने की परंपरा हरियाली तीज पर हर महिला को तीन बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। ये तीन बातें इस प्रकार है..1. पति से छल–कपट 2. झूठ व दुर्व्यवहार करना 3. परनिंदा (दूसरों की बुराई करने से बचना) हरियाली तीज की कथा– हरियाली तीज व्रत की हिन्दू रीति रिवाजों में बड़ी मान्यता है। इसे रखने के पीछे भी एक कथा बहुत प्रचलित है। ऐसा कहा जाता है कि माता पार्वती भगवान शिव से विवाह करना चाहती थी । विवाह करने के लिए माता ने बहुत ही कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव हरियाली तीज के दिन यानी श्रावण मास शुक्ल पक्ष की तीज को मां पार्वती के सामने प्रकट हुए और माता पार्वती को पत्नी रूप में स्वीकार किया। तभी से ऐसी मान्यता है कि, भगवान शिव और माता पार्वती ने इस दिन को सुहागन स्त्रियों के लिए सौभाग्य का दिन होने का वरदान दिया। इसलिए हरियाली तीज पर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन और व्रत करने से विवाहित स्त्री सौभाग्यवती रहती है और घर–परिवार में सुख–समृद्धि आती है।

# नगर आयुक्तमहोदय के आदेश के अनुपालन के अनुसार मथुरा वृंदावन नगर निगम ने निम्नानुसार अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की गई





दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नगर आयुक्त महोदय के आदेश के अनुपालन में आज दिनांक 30–07–2022 को श्री डी0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में निम्नानुसार अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गयी।

1– श्री संघरतन सेठी, एडवोकेट द्वारा की गई शिकायत पर प्रवर्तन दल से जांच कराई गई। भगवान नगर कालोनी, नेशनल हाइवे में वहां के निवासियों ओम प्रकाश गुर्जर, राधेश्याम पुजारी, रतन सिंह गुर्जर, सरमन चौधरी व सूरज सिंह आदि द्वारा कालोनी के मुख्य रास्ते पर दीवार चबूतर/रैम्प/सीढ़ी बनाकर तथा भैंसों का गोबर डालकर रास्ते को संकरा कर दिया गया था जिससे आवागमन में बहुत परेशानी हो रही थी। आज दिनांक 30–07–2022 को उक्त अवैध निर्माण को जे0सी0बी0 के माध्यम से ध्वस्त कराकर रास्ते को खाली करा दिया गया।

2–वार्ड सं0 25 के मौजा अब्दुल नबीपुर बांगर के खसरा सं0 223 व 224 जो म्यूनिसिपल बोर्ड के नाम दर्ज भूमि है, पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से बाउन्ड्रीवाल बनाकर कमरे बना लिये गए थे, सूचना प्राप्त होने पर प्रवर्तन दल के साथ नगर निगम के लेखपाल से नाप कराकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया। मौके पर प्रवर्तन दल के सूबेदार राजेश कुमार, पंकज कुमार,



पी0पी0 सिंह, नरेन्द्र सिंह, दिगम्बर सिंह व नायब सूबेदार राजेश कुमार एवं लेखपाल लक्ष्मण शर्मा व थान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम मथुरा वृंदावन में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक एवं समयान्तर्गत नगर निगम वासियों को उपाय एप्प हमारे द्वारा आपके द्वारा जारी किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा नगर निगम मथुरा वृन्दावन में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक एवं समयान्तर्गत निस्तारण हेतु एवं नगर निगम वासियों की सुगमता हेतु ''उपाय एप्प हमारे द्वारा, आपके द्वार'' को जारी किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन में विभिन्न माध्यम जैसे–आई0जी0 आर0एस, नगर निगम एप्प, स्वच्छता एप्प, सम्भव पोर्टल, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप्प एवं ऑफलाइन शिकायत प्राप्त होती है। उक्त प्राप्त होने वाली शिकायतों में त्वरित रूप से निस्तारित होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु ''उपाय'' एप्प जारी किया गया है। उक्त एप्प पर अपलोड की जाने वाली समस्त शिकायतों श्रेणीवार 24 घण्टे, 48 घण्टे एवं 72 घण्टे के अन्दर शिकायत का निस्तारण कराया जाना अनिवार्य होगा।

बताया गया कि उपाय पर एप्प, वेबसाइट www-uppay-org-in एवं टोल फ्री नम्बर 18003094747 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। आवेदक द्वारा एप्प के माध्यम से मात्र स्थल का फोटो अपलोड किये जाने पर कन्ट्रोल सेन्टर द्वारा सम्बन्धित शिकायत कर्ता को फोन कर शिकायत का विवरण प्राप्त कर शिकायत दर्ज की जायेगी। बताया गया कि उपाय एप्प का वर्तमान में 06 माह हेतु दिनांक 08 जुलाई 2022 से 08 जनवरी 2023 तक ट्रायल किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 08 जुलाई से अवगत तक लगभग शिकायतों को निस्तारण किया जा चुका है। बताया गया कि उक्त एप्प पर सफाई, जल भराव, लीकेज, मरम्मत कार्य आदि ऐसी शिकायत जिनका निस्तारण 72 घण्टे के अन्दर किया जा सकता है। उक्त सभी शिकायत एप्प पर दर्ज करायी जा सकती है। यदि



सम्बन्धित अधिकारी द्वारा समयान्तर्गत निस्तारण नहीं करायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उक्त एप्प पर प्राप्त होने वाली शिकायत का निस्तारण नगर निगम के सम्बन्धित अधिकारी के द्वारा करने के उपरान्त शिकायत कर्ता के पास प्रशन्नता कोड दिया जाता है। साथ ही कट्रोल सेन्टर द्वारा शिकायत कर्ता के दूरभाष पर वार्ता कर शिकायत निस्तारण के सम्बन्ध में पूछा जाता है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि शिकायत कर्ता द्वारा शिकायत निस्तारण के उपरान्त प्रशन्नता कोड दिया जाता है, जिससे शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की पुष्टि होती है। प्रशन्नता कोड के कारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा भ्रामक एवं गलत निस्तारण रिपोर्ट नहीं लगायी जा सकती है।

# राष्ट्र के पुनर्निर्माण के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाने के लिए छोटी छोटी गलियों में हो रहा विकास : मुकेश आर्य बंधु महापौर



☒ जन सेवा के क्रम में क्षेत्र का समुचित विकास मेरा लक्ष्य ,निरंतर प्रगति की ओर रामदास चतुर्वेदी

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा। भाजपा नेतृत्व के मार्गदर्शन में मथुरा पुरी बृजमंडल तीर्थ क्षेत्र के हृदय स्थल क्षेत्र में छोटी छोटी गलियों में निरंतर पुर्ननिर्माण कार्य, राष्ट्र के पुनर्निर्माण के संकल्प को सिद्ध कर रहे आजादी के अमृत महोत्सव काल में विकास का क्रम गली गली घर घर तक ले जाना विकास के क्रम को निरंतर प्रगति की ओर ले जाना है। मथुरा वृन्दावन महानगर के हृदय स्थल क्षेत्र वार्ड 57 की कोयला गली,फूल गली में एवं दलपत खिड़की ऊपरी भाग में सड़क निर्माण के पुनर्निर्माण का भूमिपूजन कर नारियल फोड़ते हुए महापौर मुकेश आर्य बंधु ने उपस्थित नागरिकों के मध्य कहा , स्थानीय पार्षद रामदास चतुर्वेदी ने कहा कि निरंतर सेवा के क्रम में विषय परिस्थितियों का सामना करते हुए हमने सेवा का कार्य जारी रखें है पांच वर्ष पूर्व मिले सेवा दायित्व में अथक प्रयास जारी रखते हुए क्षेत्रीय, निवासियों के लिए सदैव तत्पर रहते हुए, अंडरग्राउंड लाईट व्ययवस्था, झूलते हुए तारों से मुक्ति,सड़क निर्माण,सीवर लाइन, नवीन नलकूपों का स्थापन, मकान फटने वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता से ओपन पानी पाईप लाईन व्ययवस्था से क्षेत्र का समुचित विकास किया है , छोटी छोटी गलियों में कार्य करना, करवाना दोनों ही चुनौतीपूर्ण कार्य है जिनको हमने टीम के साथ कुशलतापूर्वक



पूर्ण किया। आज स्थानीय फूल गली और दलपत खिड़की क्षेत्र में निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया वार्ड अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री अखिलेश गौतम द्वारा स्थानीय निवासियों सहित, कार्यक्रम में शामिल दीर्घ विष्णु मंदिर के महंत कान्तानाथ चतुर्वेदी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के बृज प्रांत संयोजक रामकिशन पाठक, भाजपा महानगर जिला मंत्री कुंजबिहारी चतुर्वेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिओम शर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल, महामंत्री कृष्ण मणि सूबेदार का माल्यार्पण एवं उपरना उढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप गुप्ता,नवल वर्मा, कृष्णा चतुर्वेदी,विनय सारस्वत मूलचंद गुप्ता , घनश्याम माहौल, सनातन चतुर्वेदी,कमल गुप्ता, विष्णु चतुर्वेदी,यश माथुर,सौरभ सैनी,राजू खिलौने वाले, विनोद चतुर्वेदी,गोपी बाबा, भगवान कृष्ण गुप्ता, उमेशचंद्र, संजीव माथुर,अन्नू उपाध्याय, पिंटू शर्मा,सौमा, सचिन, सत्यप्रकाश सैनी,विवेक चतुर्वेदी, राकेश सौनी,पवन सौनी, पुलकित शर्मा, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वार्ड महामंत्री अखिलेश गौतम द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## शिक्षक एक मोमबत्ती की तरह होता हैं जो अपने आप को जला कर प्रत्येक मनुष्य के जीवन में रोशनी भर देता है : खेलगुरू बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। हमारे प्रिय मित्र कौशलेंद्र पांडे









जी की माता जी व हमारी शिक्षक गुरु रही जिन्होंने खेलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान को पांच साल पढ़ाया श्रीमती मधुर पांडे जी के रिटायरमेंट के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय मथुरा रिफायनरी नगर पर स्वागत सम्मान का आयोजन किया गया जिसमें खेलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान द्वारा श्रीमती मधुर पांडे जी का पटुका, माला, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया इस इस मौके पर श्री सुबोध कुमार अग्निहोत्री प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय मथुरा रिफायनरी श्री डॉक्टर गोविंद बल्लभ पांडे जी , लक्ष्य पहलवान , शेर सिंह मीणा व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## मथुरा में किया भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। शनिवार को भाजपा कृष्णा नगर मंडल के द्वारा नरेंद्र मोदीजी के 8 वर्ष सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के पूर्ण होने पर राधेश्याम कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर





पर हनुमान चालीसा का पाठ एवं दिव्य आरती का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री मथुरा से विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि मोदी जी की सरकार सबके साथ है , मोदी जी के सुशासन के 8 वर्ष में सभी दलित एवं पिछड़ों के विकास के लिए कार्य किए गए है । इसी उपलक्ष्य में कृष्णा नगर मंडल के द्वारा बहुत ही अच्छा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, ठाकुर ओमप्रकाश जी, श्याम सिंह अहेरिया जी, प्रदीप गोस्वामी जी, चिंता हरण जी, मुकेश खंडेलवाल , श्याम शर्मा , मंडल अध्यक्ष अनीश वर्मा जी, धर्मेश तिवारी , गोविंद शर्मा ,मेघश्याम सैनी, अंकुर गुर्जर,पुष्पेंद्र सिकरवार , प्रदीप अरोड़ा , विनोद लोधी , लेखराज सिंह , बृजेश रावल ,अशोक वार्ष्णेय,रज्जो नागर, घनश्याम सैनी ,विनोद पांडे ,चंद्रकांत पांडेय, विजयपाल सिंह,मंजू शर्मा,विनीता सोनी ,सुनीता उपाध्याय,तीर्थराज कठेरिया सुरेन्द्र सिंह,नंदकिशोर सैनी,दिनेश शर्मा राजू राजपूत, बृजबिहारी, पुष्पेंद्र ठाकुर , मुनेश दीक्षित ,गौरविष सिकरवार , महेंद्र प्रताप ,भूपेंद्र भारद्वाज,लवांशु वर्मा रामप्रकाश, देवेंद्र शर्मा,घनश्याम गौतम, राधावल्लभ ,अनूप चतुर्वेदी एवं कृष्णा नगर मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कोरेगांव भीमा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले वापस लें, दादर का नाम चौत्यभूमि येवं नाला सोपारा का नाम सुप्पारक रखे

(नए मुख्यमंत्री की रिपाई के पॅन्थर डॉ. राजन माकणीकर की मांग)

'मुंबई दि (प्रतिनिधि)1जनवरी, 2018 रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के राष्ट्रीय महासचिव पैंथर डॉ.राजनध्माकणीकर ने ईमेल द्वारा भीमा कोरेगांव सांप्रदायिक हिंसा में बौद्ध अंबेडकरी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आरोप वापस लेने की मांग करते हुए दादर स्टेशन का नाम बदलकर चौत्यभूमि और नालासोपारा स्टेशन का नाम सुप्पारक करणे की मांग प्रदेश के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को की है।'



विद्रोही पत्रकार डॉ. राजन माकनीकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उनके भविष्य के काम में शुभकामनाएं दीं और आगे कहा कि यदि बौद्ध अम्बेडकरी समाज और रिपाई डेमोक्रेटिक पार्टी को समर्थन चाहिए, तो जनवरी 2018 में मनुवाद्य द्वारा कायरतापूर्ण हमले का विरोध करने वाले बौद्ध अम्बेडकरी युवा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ् मुकदमे दर्ज किए गय है, इस से उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन मामलों को तुरंत वापस लिया जाए और उनकी राह आसान की जाए।

इसके अलावा, पवित्र चौत्यस्तुप, जो बौद्ध अम्बेडकरी समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत है, दादर में स्थित है, यह स्थान राज्य में बौद्ध अम्बेडकरी समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए दादर रेलवे स्टेशन को ष्चौत्यभूमिष कहा जाना चाहिये और नाला सोपारा महात्मा तथागत गौतम बुद्ध के पवित्र चरण के स्पर्श से पवित्र भूमि है। यह बौद्ध पंडित सुप्पारक का निवास था और इतिहास में नाला सोपारा का नाम मिलता ना, इसलिये नाला सोपारा का नामकरण सुप्पारक किया जाय।

जिस पवित्र नगर में तथागत बुद्ध का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था और वह रेहकर गये है, बौद्ध भिक्षु सुप्पारक का निवास स्थान था, और उस निवास स्थान को भी नाला सोपारा कहकर अपमानित किया जाता है। येह गलत प्रतीत हो रहा है इसलिये पैंथर ऑफ सम्यक योद्धा और रिपाई डेमोक्रॅटिक की ओर से मांग को पॅन्थर डॉ. राजन माकणीकर ने ईमेल द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को की।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-17 बालिका प्रतियोगिता 31 जुलाई 2022 एवं अंडर 17 बालक प्रतियोगिता 2 अगस्त 2022 को शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम,खगड़ा किशनगंज में आयोजित की जाएगी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना और जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 (बालिका) प्रतियोगिता 31 जुलाई 2022 एवं अंडर 17 (बालक) प्रतियोगिता 2 अगस्त 2022 को शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम,खगड़ा किशनगंज में आयोजित की जाएगी। जिला खेल पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी को बिहार राज्य अंतर्गत मान्यता प्राप्त विद्यालय का नियमित छात्र होना अनिवार्य है। जिले के माध्यमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय,मध्य विद्यालय, एवं निजी विद्यालय (सीबीएसई, आईसीएसई) से मान्यता प्राप्त नियमित छात्र भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनकी उम्र 31 सितंबर 2022 को 17 वर्ष से कम होगी। सभी खिलाड़ी को योग्यता प्रमाण–पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, विगत वर्ष उतीर्ण परीक्षा का अभिप्रमाणित अंक पत्र, विद्यालय परिचय पत्र तथा विद्यालय की उपस्थिति पंजी की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। इस प्रतियोगिता में विजेता फुटबॉल दल को राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 (बालक / बालिका) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा ,जो पटना में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित अवधि में विद्यालय अपने दल का पंजीकरण जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में करा सकते हैं। अबतक बालिका वर्ग में दो टीम (दिघलबैंक और किशनगंज प्रखंड से) और बालक वर्ग में 8 टीम (लगभग सभी प्रखंड से) का निबंधन हो चुका है। उल्लेखनीय है कि 61 वीं राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल (अंडर17) प्रतियोगिता 2022 का आयोजन सितंबर माह में नई दिल्ली में होगा। जिला स्तर पर विजेता दल को पटना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु जिला से खेल पोशाक प्रदान कर भेजा जाएगा। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता 02 से 03 अगस्त और बालक वर्ग की प्रतियोगिता 06से 10 अगस्त के बीच सम्पन्न होगी।

## महाराजगंज लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पूर्व सांसद के पुत्र ने फूका शंखनाद,जनता से मांगा आशीर्वाद

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से आगामी 2024 के चुनाव को लेकर पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र छपरा पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह ने चुनावी शंखनाद का आरंभ बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के मशरक प्रखंड के चांद कुदरिया पंचायत के हरपुरजान गांव में यशवंत सिंह के दरवाजे पर ग्रामीणों से आशीर्वाद मांग शुरूआत किया। वहाँ पर उपस्थित लोगों से उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आशीर्वाद मांगा और उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाराजगंज लोकसभा में जो विकास हुआ वह उनके पिता पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के कार्यकाल में हुआ वही महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण इलाके से आता है पर भी डबल इंजन की सरकार के द्वारा महाराजगंज की उपेक्षा देखी गई है। उपस्थित लोगों ने भी चुनाव जीत का आशीर्वाद देते कहां कि अपने पिता के अधुरे काम को पुरा करोस



मौके पर प्रवक्ता सुरेन्द्र पांडेय, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, जेपी स्वतंत्रता सेनानी रणविजय सिंह, प्रोफेसर विमलकांत सिंह, पूर्व मुखिया मुन्ना मांझी,भरत प्रसाद,भोला मियां सहित युवराज सुधीर सिंह, रूपेश कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


## बल-पौरुष,ज्ञानवृद्धि एवं तर्कशक्ति के परीक्षण का पर्व है नागपंचमी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। नागपंचमी का प्रसिद्ध पर्व 02 अगस्त मंगलवार को मनाया जाएगा। श्रावण शुक्लपक्ष पंचमी तिथि को नाग देवता की पूजा होने के कारण इसे नागपंचमी की संज्ञा दी गई है। इस दिन नाग जाति के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान निवेदन करते हुए दूध एवं लावा चढ़ाकर उनकी पूजा की जाती है। सनातन धर्म में सर्प जाति की पूजा करना अपने आप में अद्भुत परंपरा है। यह उदात्त भाव केवल भारतीय संस्कृति में ही संभव है। नागपंचमी बल–पौरुष,ज्ञानवृद्धि,तर्कशक्ति एवं स्पर्धा के परीक्षण का पर्व है। इसीलिए इसदिन अखाड़े का भी आयोजन होता है । उक्त बातें महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान–वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने कही। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार सावन का महीना शिव को समर्पित है। नाग देवता सदैव शिव के सहचर हैं जो शिव के गले में विराजमान रहते हैं। वही शिव के एकादश रुद्र में हनुमान पूजीत हैं। इसलिए नागपंचमी के दिन शिव पूजन–रुद्राभिषेक एवं हनुमान पूजन के साथ नाग पूजन एक साथ होता है । प्राचार्य पाण्डेय ने बताया कि विज्ञान के अनुसार नाग जाति इस सृष्टि में मनुष्यों के लिए केवल प्राण घातक ही नहीं बल्कि प्राण रक्षक एवं उपकारक भी है। नागपंचमी के दिन नाग पूजन तथा दर्शन करने से नाग देवता संतुष्ट होते हैं,घर में समृद्धि आती है और सर्प भय से रक्षा होती है। उक्त आशय की जानकारी आचार्य सुशील कुमार पांडेय ने दी।

## जिले में तेजी से बढ़ रहा कोरोना 16 मिले कोरोना पाजिटिव

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले में इन दिनों कोरोना का संक्रमण काफी तेजी से बढ़ रहा है।आई रिपोर्ट में 16 लोग पाजिटिव मिले हैं। इसमें चौनपुर में तीन, दुर्गावती में सात, भभुआ में दो, कुदरा में दो व रामपुर के दो लोग शामिल हैं। इसमें दस महिलाएं भी शामिल हैं। इसके पहले दो दिन तक क्रमशरू 16 व 18 कोरोना पाजिटिव मिले। इससे स्पष्ट है कि जिले में कोरोना का संक्रमण काफी तेज से फैल रहा है। लेकिन अभी लोग सतर्क नजर नहीं आ रहे। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की बात तो दूर शहरी क्षेत्रों में लोग पूरी तरह लापरवाह नजर आ रहे हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों को गाइडलाइन का अनुपालन करने के लिए अपील कर रहा है। बावजूद लोगों में कोई सतर्कता नहीं दिख रही। इसका नतीजा है कि जुलाई माह में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैला। जून माह में ही जब कोरोना के एक–दो मरीज मिलने लगे तो सतर्कता जरूरी थी। लापरवाही के चलते ही एक माह में जिले में कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या 97 पहुंच गई है। गुरुवार की शाम की रिपोर्ट के अनुसार आरटीपीसीआर से जिले में कुल 804 लोगों की जांच हुई। इसमें 16 लोग कोरोना पाजिटिव मिले।




जबकि एंटीजन से 1241 व ट्रूनेट से 30 लोगों की हुई जांच में कोई पाजिटिव नहीं मिला है। जिले में फिलहाल 51 मरीज एक्टिव हैं। जबकि गुरुवार को तीन मरीजों ने कोरोना को मात दी है। कोरोना काल के प्रथम चरण से लेकर अब तक कुल 5127 कोरोना पाजिटिव मिले हैं। इसमें 5033 मरीज स्वस्थ हुए हैं। कोरोना से बचाव को गाइडलाइन का पालन जरूरी।

## चौंपियंस मिटा रहे जिले से टीबी का दंश-जिला यक्षमा केंद्र में हुई टीबी चौंपियन की समीक्षात्मक बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। टीबी को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ होने वाले जिले के टीबी चौंपियन दूसरों को इस बीमारी से निजात दिलाने में जुटे हैं। ये लोग टीबी चौंपियन बनकर दूसरों को टीबी से उबारने में मदद कर रहे हैं। साथ ही लोगों को बीमारी से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें जागरूक करने का भी काम कर रहे हैं। जिला यक्ष्मा केंद्र में शनिवार को टीबी चौंपियन के रूप में काम कर रहे लोगों की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने की। उन्होंने बताया कि टीबी चौंपियन मेंटरशिप प्रोग्राम के तहत काम करने वाले जिले के टीबी चौंपियन टीबी मरीजों के घर घर पहुंच कर उन्हें संबल प्रदान कर रहे हैं। इन सभी लोगों को समीक्षा बैठक में बताया गया कि टीबी मरीजों को प्रेरित करें कि वह बीच में दवा नहीं बंद करें। दवा बंद करने से टीबी बिगड़ सकती है। टीबी की दवा तब तक खानी है जब तक कि चिकित्सक द्वारा बंद करने की सलाह नहीं दी जाती है । इसी प्रकार टीबी के प्रत्येक निकटवर्ती व्यक्ति की (जो अत्यंत निकट रहा हो) टीबी जांच आवश्यक है और साथ ही उसे टीबी प्रिंवेटिव थेरेपी के तहत बचाव के लिए दवा खानी है। यह सभी संदेश समुदाय तक पहुंचाने के लिए टीबी चौंपियन से कहा गया है।

डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि टीबी को लेकर अभी भी कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने और रोगियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जिले में टीबी चौंपियन अपना अनुभव साझा कर रहे हैं। टीबी चौंपियन प्रमोद पटेल ने बताया कि टीबी होने के बाद उन्होंने नियमित और पूरी दवा का सेवन करने के साथ ही पोषण युक्त खानपान से टीबी को मात दी। अब टीबी मरीजों की मदद भी कर रहे हैं। वहीं टीबी चौंपियन सुधीर कुमार ने बताया कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है, बशर्ते इसका समय से उपचार शुरू कर दिया जाए। इसमें लापरवाही की तो यह गंभीर रूप धारण कर सकती है। मैंने टीबी को मात दी है। आज लोगों को टीबी चौंपियन बनकर टीबी से उबारने में मदद कर रहे हैं।




संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि ये टीबी चौंपियन अपने–अपने टीबी यूनिट में जो भी टीबी का नया पेशेंट नोटीफाई होता है, उससे मिलकर उनकी काउंसलिंग करते है। उन्हें बताया जाता है कि टीबी कैसे फैलती है? टीबी के लक्षण क्या क्या हैं। उनको टीबी दवा के प्रतिकूल प्रभावों को बताते है।

टीबी के साथ जी रहे लोगों के जोखिम का मूल्यांकन करते है। टीबी होने के बाद उनकी मानसिक स्थिति को जानते हैं।

टीबी के साथ जी रहे लोगों के परिवार के लोगों की स्क्रीनिंग करते हैं। समुदाय स्तर पर बैठक करते हैं। समीक्षा बैठक में डीपीसी रंजय कुमार, डीईओ सह लेखापाल रंजन शरण, एसटीएलएस संदीप कुमार, रिच संस्था के प्रफुल्ल चंद्र मिश्र, आदित्य कुमार, टीबी चौंपियन प्रमोद कुमार पटेल, अर्चना कुमारी, सुधीर कुमार, कुमारी ऋतु गिरि, मोहम्मद गुलफाम, विमलेश कुमार उपस्थित थे।

## गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन पर्याप्त मात्रा में जरूरी : सीएस



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन पर्याप्त मात्रा में करना बेहद जरूरी है। पूर्वी चम्पारण के सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि गर्भस्थ शिशु का विकास माता के आहार पर निर्भर होता है। गर्भवती महिला को ऐसा आहार ग्रहण करना चाहिए जो उसके गर्भस्थ शिशु का भी पोषण करे। वहीं महिला चिकित्सक डॉ. शगुफ्ता प्रवीण ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए हर माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत उन्हें अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को भोजन में 2400 कैलोरी व सामान्य महिला को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन 2100 कैलोरी का आहार लेना चाहिए, ताकि विटामिन, मिनिरल्स अधिक मात्रा में प्राप्त हो। डॉ शगुफ्ता प्रवीण ने बताया कि गर्भावस्था में महिला को प्रतिदिन 60 से 70 ग्राम प्रोटीन मिलना चाहिए। गर्भवती के गर्भाशय, गर्भस्थ शिशु के विकास में प्रोटीन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रोटीनयुक्त आहार में दूध और दूध से बने व्यंजन, मूंगफली, पनीर, काजू, बदाम, दलहन, मांस, मछली, अंडे आदि का समावेश होना चाहिए। इसके अलावा कैल्शियम, फोलिक एसिड युक्त भोजन करना चाहिए। साथ ही कम से कम 3 लीटर पानी दिन में पीना चाहिए। आदापुर स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक डॉ. मोनिका गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य को लेकर कभी किसी तरह का संकोच नहीं करना चाहिए। उन्हें समय समय पर बीपी, वजन, हेमोग्लोबिन, यूरिन आदि की जाँच करानी चाहिए। यदि कोई समस्या महसूस हो रही हो तो तत्काल चिकित्सकों से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर मोनिका गुप्ता ने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन एवं कैल्सियम की गोली का उचित मात्रा में सेवन करना जरूरी है। तभी गर्भावस्था के दौरान महिलाओं व उनके गर्भ में पल रहे बच्चे का उचित शारीरिक व मानसिक विकास हो पायेगा।

- संतुलित आहार लें।
- डाइट में विटामिन शामिल करें।
- तेल, घी मसालेदार खाने से परहेज करें ।
- बुखार होने पर घबराएं नहीं
- इम्युनिटी का विशेष खास ख्याल
- कोरोना के लक्षण हैं तो तुरन्त डाक्टर से संपर्क करें ।
- पैरासिटामोल, विटामिन सी, फोलिक एसिड, जिंक और बी कांप्लेक्स दवा जरूर घर में रखें।
- हर दिन हल्का व्यायाम जरूर करें
- तनाव न लें।

## जमाबंदी यों का डिजिटाइजेशन का कार 7 अगस्त तक पूर्ण कराई जाए : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष से सभी अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से जमाबंदी ओके डिजिटाइजेशन ऑनलाइन एंट्री दाखिल खारिज का निष्पादन दाखिल खारिज के आवेदनों का रिजेक्शन लोग भूमि को चिन्हित किया जाना अतिक्रमण के मामले पीएम आवास हेतु भूमि की उपलब्धता स्वास्थ्य संस्थानों के लिए भूमि की उपलब्धता की समीक्षा की गई और जरूरी निर्देश दिया गया। जमाबंदी ओके डिजिटाइजेशन के संबंध में अंचलाधिकारी हाजीपुर ने बताया कि अभी तक 102000. बंधुओं का सत्यापन किया गया है और अभी 18000 सत्यापन किया जाना है। अभी 40: ही इंट्री का कार्य पूरा हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और पूछा कि 7 अगस्त तक इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कैसे होगा इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अभी 10 डाटा एंट्री ऑपरेटर ही उपलब्ध है जो एंट्री का कार्य कर रहे हैं अगर 10 ऑपरेटर और मिल जाए तो यह कार्य करा लिया जाएगा। जिला अधिकारी के द्वारा आज संध्या तक आपरेटर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। दाखिल खारिज के मामलों में पाया गया कि यहां पर 13594 का आवेदन स्वीकृत किया गया है जो प्राप्त आवेदन का 32: है।जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि रिजेक्शन इतनी अधिक मात्रा में क्यों हो रहे हैं और इसके कारण क्या हैं। जिला अधिकारी के द्वारा सभी रिजेक्टेड आवेदनों को केटेगोराईज करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गई। हाजीपुर अंचल में प्रधानमंत्री आवास के 45 मामले जमीन उपलब्धता के अभाव में लंबित पाए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन खोज कर सभी संबंधित ओं को पटा दे दे। वैशाली अंचल में जमाबंदी इंट्री के 25000 म्यूटेशन के 1311 मामले तथा पीएम आवास के 5 मामले लंबित पाए गए। लालगंज जल में जमाबंदी इंट्री 45000 लंबित पाया गया। म्यूटेशन का 1,899 तथा पीएम आवास का 5 मामले लंबित पाए गए।

सभी अंचलों की समीक्षा के क्रम में जिला अधिकारी ने कहा कि 7 अगस्त तक जमा बंदियों के इंट्री का कार्य पूर्ण कराई जाए। दाखिल खारिज के वैसे सभी मामले जिनकी समय सीमा समाप्त हो गई है उन्हें 7 अगस्त तक हर हाल में निष्पादित किया जाए। लोक भूमि की सूची भौतिक सत्यापन के साथ एवं 5 एकड़ से अधिक की लोक भूमि वहां की वर्तमान स्थिति के साथ जी सेंट्रल से प्राप्त नहीं है वहां के अंचलाधिकारी से संबंधित प्रतिवेदन शीध्र भेज दें। जहां भी पीएम आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराना है उसे चिन्हित करते हुए संबंधित लाभूक को जमीन पटा दे दिया जाए। बिना यथोचित कारण के मोटेशन के आवेदनों को स्वीकृत नहीं किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी के साथ अवश्य मारता श्री जितेंद्र प्रसाद साह निदेशक डीआरडीए श्री संजय कुमार निराला डीसीएलआर हाजीपुर श्री स्वप्निल अधिकारी हाजीपुर डॉक्टर प्रेरणा सिंह उपस्थित थे। जब के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एसडीओ महनार श्री सुमित कुमार एवं सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## डकैती की योजना बना रहे 05 अपराधकर्मी 01देशी कट्टा 03 जिन्दा कारतूस 02 चाकू 03 मोबाइलडकैती की योजना बना रहे 05 अपराधकर्मी 01 देशी कट्टा 03 जिन्दा कारतूस 02 चाकू 03 मोबाइल चोरी के 03 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्ता

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। जिला के डोरीगंज थानान्तर्गत डकैती की योजना बना रहें 05 अपराधकर्मी को 01 देशी कट्टा , 03 जिन्दा कारतूस , 02 चाकू 03 मोबाइल एवं चोरी के 03 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक , सारण,संतोष कुमार के निर्देशानुसार डोरीगंज थानान्तर्गत अपराध नियंत्रण एवं विधि – व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से डोरीगंज थाना का गस्ती दल अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी क्रम में डोरीगंज थाना को गुप्त सूचनाध्मनवीय सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अपराधिक तत्वों की व्यक्तिों द्वारा हथियार के साथ ग्राम जगदीशपुर के पास डकैती की योजना बना रहें है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु डोरीगंज टीम ६ गस्ती दल द्वारा 05 अपराधकर्मी 01. नीरज कुमार , पिता– स्व0 फागुन महतो , 02. राजू कुमार , 03 अमरजीत कुमार , दोनों पिता – स्व0 लालबाबू महतो , 04. दिवाली महतो , पिता– धनेश्वर महतो , 05. बिट्टू कुमार , पिता – रामनरेश महतो सभी सा0– जगदीशपुर थाना– डोरीगंज , जिला –सारण को 01 देशी कट्टा , 03 जिन्दा कारतूस , 02 चाकू , 01 हसिया 03 मोबाइल एवं 03 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही गिरफ्तार अपराधकर्मियों द्वारा बताया गया कि वे डकैती का योजना बना हीं रहे थे कि डोरीगंज थाना के पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया तथा जप्त दोनों मोटरसाइकिल चोरी का है। इस संबंध में डोरीगंज थाना कांड संख्या –219 / 22 , दिनांक 28.07.20225 , धारा –399 / 402 / 412 / 413 भा0 द0 वि0 एवं 25 ( 1 – बी ) ए / 26 / 35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में अग्रतर अनुसंधान छापामारी की जा रही है।

÷ गिरफतार अपराधकर्मी का नाम पता 1. नीरज कुमार , पिता – स्व0 फागुन महमो , सा0 – जगदीशपुर , थाना – डोरीगंज , जिला – सारण। 2 राजू कुमार , पिता – स्व0 लालबाबू महतो , सा0– जगदीशपुर , थाना – डोरीगंज , जिला – सारण। 3. अमरजीत कुमार , पिता – स्व0 लालबाबू महतो , सा0– जगदीशपुर , थाना – डोरीगंज , जिला – सारण। 4. दिवाली महतो , पिता– धनेश्वर महतो , सा0– जगदीशपुर , थाना– डोरीगंज , जिला – सारण। 5. बिट्टू कुमार , पिता – रामनरेश



महतो , सा0– जगदीशपुर , थाना– डोरीगंज , जिला – सारण।

÷ गिरफ्तार अपराधकर्मी नीरज कुमार का आपराधिक इतिहास रू
1. डोरीगंज थाना कांड संख्या – 288 / 21, 2. अवतार नगर थाना कांड संख्या –132 / 19 , 316 / 22 , 33 / 20 ÷ गिरफ्तार अपराधकर्मी राजू कुमार का आपराधिक इतिहास
1. डोरीगंज थाना कांड संख्या –268 / 21 , 40 / 22
2. अवतार नगर थाना कांड संख्या –132 / 19 , 316 / 20 , 316 / 20 , 334 / 20 , 16 / 22 ÷ गिरफ्तार अपराधकर्मी अमरजीत कुमार का आपराधिक इतिहास – 1. डोरीगंज थाना कांड संख्या –288 / 21 ,2. अवतार नगर थाना कांड संख्या –316 / 22 ÷ गिरफतार अपराधकर्मी दिवाली महतो का आपराधिक इतिहास – 1. डोरीगंज थाना कांड संख्या –288 / 21,40 / 22, 2. डोरीगंज थाना कांड संख्या –40 / 22 ,3. अवतार नगर थाना कांड संख्या –311 / 20 , 316 / 20 , 334 / 20 , 16 / 22
÷ गिरफ्तार अपराधकर्मी बिट्टू कुमार का आपराधिक इहितासरू
1. डोरीगंज थाना कांड संख्या –268 / 21 , 40 / 22
2. अवतार नगर थाना कांड संख्या –316 / 20 , 16 / 20
÷ बरामद / जप्त वस्तुओं की विवरणी –

## कुख्यात नेपाली अपराधी अमित सिंह की आज कर दी गई हत्या, गैंगवार में मारे जाने की आशंका

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स, रक्सौल पूर्वीचंपारण) ।रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत आदापुर नेपाल सीमा पर महुआवा थाना क्षेत्र के कोरैया गांव के समीप शनिवार के सुबह अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक नेपाली युवक ही हत्या कर दी गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृत नेपाली युवक की पहचान



नेपाल के बारा जिला के फुलवरिया गांव निवासी 25 वर्षीय अमित सिंह के रूप में हुई है. बता दें कि मृत नेपाली युवक का भारत एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में काफी लंबा अपराधिक इतिहास रहा है. उस पर भारत में दर्जनों बाइक लूटने व लूटे गए बाइकों को नेपाल में बेचने का आरोप लगता रहा है. छौड़ादानो, आदापुर, महुआवा व दरपा थाना सहित अन्य सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में बाइक लूट कांड में उसकी संलिप्ता सामने आई थी. नेपाली पुलिस सहित कई सीमावर्ती थाने की पुलिस को लम्बे समय से मृत युवक की तलाश थी. अपराधी वर्चस्व मे युवक की हत्या करने की आशंका जताई जा रही है. बता दें कि शौच करने गए स्थानीय लोगों ने शव को देखा और स्थानीय पुलिस को सूचित किया . स्थानीय महुआवा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर कुछ कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया व पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया. पुलिस ने घटनास्थल से कुछ साक्ष्य भी बरामद की हैं. महुआवा थानाअध्यक्ष ने बताया है कि गैंगवार सहित हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है .हत्या के सही कारण का उद्भेदन शीघ्र ही कर दिया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ढाका व पर्यविक्षिकाओ के देखरेख में टी एच आर का वितरण सफलतापूर्वक कराया गया

(बिपिन बिहारी मौर्य, संवाददाता अयोध्या टाइम्स ,ढ़ाका ,पूर्वी चम्पारण।) ढ़ाका। ढाका प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ढाका व पर्यवेक्षिकाओं के निगरानी मैं सभी सेविका एवं सहायिका ने अपने–अपने आंगनबाड़ी केंद्रों पर विकास समिति की बैठक करा कर विकास समिति के द्वारा नए चुने हुए निगरानी समिति के सदस्यों के देखरेख में सफलतापूर्वक टी एच आर का वितरण किया । इसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों के अध्यक्ष सहित अपने–अपने पोषक क्षेत्रों के लाभुकों ,अभिभावको, वयोवृद्ध व्यक्तियों, गर्भवती माताओं,बुद्धिजीवियों के साथ किशोरियों व अन्य लोगों ने भी इस बैठक में भाग लिया।



## जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सुनील दत्त झा द्वारा वाद का वास्तविक निष्पादन कराया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। परिवादी जफिर खां पिता– जैनुल खान ग्राम मीनापुर बलहाँ प्रखंड–पिपराही जिला– शिवहर द्वारा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शिवहर द्वारा पारित अंतिम आदेश के विरुद्ध प्रथम अपील दायर किया गया था ,परिवादी द्वारा जन्म प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु अनुरोध किया गया था। इस बाबत सुनील दत्त झा जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शिवहर द्वारा अपील वाद की सुनवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी वासिक हुसैन पिपराही को नोटिस निर्गत किया गया। सुनवाई के समय प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिपराही के जन्म प्रमाण–पत्र पर संबंधित आंगनबाड़ी सेविका द्वारा हस्ताक्षर कर जन्म प्रमाण–पत्र उपलब्ध करा दिया गया। सुनवाई के समय उपस्थित अपीलार्थी से इस संबंध में पूछ–ताछ की गई। अपीलार्थी द्वारा बताया गया कि इन्होंने बहुत दिन से परेशान थे लेकिन इन्हें जन्म प्रमाण–पत्र नही मिल रहा था तब इन्हें अनुमंडल लोक शिकायत से होकर जिला लोक शिकायत में अपील किये तब जाकर इन्हें जन्म प्रमाण–पत्र उपलब्ध करा दिया गया है।



## समस्तीपुर से सहरसा भाया रोसड़ा, हसनपुर,खगड़िया रूट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल समस्तीपुर से सहरसा भाया रोसड़ा, हसनपुर, खगड़िया रूट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। कोरोना के कारण दो सालों से बंद सवारी गाड़ी 05549 / 05550 सवारी गाड़ी का परिचालन एक अगस्त से रेलवे प्रशासन शुरू करने का फैसला लिया है। यह गाड़ी पूर्व समय की भांति सुबह 4 बजे सहरसा के लिए खुलेगी। इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने पर सहरसा रूट पर सफर करने वाले दैनिक रेल यात्रियों को सहुलियत होगी। इस ट्रेन का परिचालन पहले लॉक डाउन के दौरान बंद किया गया था। यह ट्रेन अब फिर दो साल के बाद सुबह 4 बजे समस्तीपुर से खुलकर समस्तीपुर से सहरसा के बीच सभी स्टेशनों पर रुकते हुए सुबह 9 बजे सहरसा पहुंचेगी।




जबकि सहरसा से यह ट्रेन शाम 6.15 बजे खुलकर रात के 22.47 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। बंद ट्रेन के परिचालन को लेकर सीनियर डीओएम रुपेश कुमार को दैनिक रेल यात्री संघ के सदस्यों ने शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय में पाग व चादर भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जेडआरयुसीसी सदस्य कृष्ण कुमार, सचिव राकेश तिवारी, उप सचिव सहरसा मिथलेश कुमार सहित अन्य रेलकर्मी उपस्थित थे।

## सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कश्लेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

सिवान। जिरादेई प्रखण्ड के धज्जू सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज भरथुईगढ़ विधायक के सभाकक्ष में शनिवार के दिन नालसा के तहत प्रि इंस्टिट्यूशन मेडिएशन एंड सेटलमेंट इन कमर्शियल डिस्प्यूट विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें सिवान से आए विपेंद्र कुमार सिंह पी एल एल वी, अधिवक्ता उत्तिम मियां के द्वारा छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित लोगों के बीच नलसा के द्वारा किए जा रहे कानूनी सहयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वही अधिवक्ताओं ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में स्थानीय कोई भी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए जबकि कार्यक्रम की सूचना पूर्व में भी दे दिया गया था। मौके पर शिक्षक मनोरंजन कुमार सिंह,कल्पना सिन्हा,कांति सिंह,बृजकिशोर सिंह,मनोज कुमार,प्रशांत पुष्कर,रविकांत राम,कुंदन कुमार,मनोरंजन कुमार सिंह अन्य लोग उपस्थित रहे।



## शराब तस्करों पर पंडारक प्रशासन ने कसा शिकंजा

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। कड़ी चुनौती के बाद पंडारक प्रशासन को शराब तस्करों पर नकेल कसने में सफलता मिली है ।पंडारक थाना क्षेत्र के लेमुआबाद से पूर्व के शराब के मामले में फरार चल रहे अखिलेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिहारी बीघा से पूर्व के शराब के मामले में कुंदन सिंह फरार चल रहे थे उनको भी गिरफ्तार कर लिया गया है वही छिटपुट घटना के अंतर्गत पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारी बीघा से पूर्व के मारपीट मामले में धनंजय कुमार को गिरफ्तार किया गया धनंजय कुमार बिहारी बीघा में एक दुकानदार से मारपीट का आरोपी है थाने लाकर उनसे पूछताछ की जा रही है।



## जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सुनील दत्त झा द्वारा वाद का वास्तविक निष्पादन कराया

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर चीफ ब्यूरो शिवहर ,सीतामढ़ी। परिवादी जफिर खां पिता– जैनुल खान ग्राम मीनापुर बलहाँ प्रखंड–पिपराही जिला– शिवहर द्वारा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शिवहर द्वारा पारित अंतिम आदेश के विरुद्ध प्रथम अपील दायर किया गया था ,परिवादी द्वारा जन्म प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु अनुरोध किया गया था । इस बाबत सुनील दत्त झा जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शिवहर द्वारा अपील वाद की सुनवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी वासिक हुसैन पिपराही को नोटिस निर्गत किया गया। सुनवाई के समय प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिपराही के जन्म प्रमाण–पत्र पर संबंधित आंगनबाड़ी सेविका द्वारा हस्ताक्षर कर जन्म प्रमाण–पत्र उपलब्ध करा दिया गया। सुनवाई के समय उपस्थित अपीलार्थी से इस संबंध में पूछ–ताछ की गई। अपीलार्थी द्वारा बताया गया कि इन्होंने बहुत दिन से परेशान थे लेकिन इन्हें जन्म प्रमाण–पत्र नही मिल रहा था तब इन्हें अनुमंडल लोक शिकायत से होकर जिला लोक शिकायत में अपील किये तब जाकर इन्हें जन्म प्रमाण–पत्र उपलब्ध करा दिया गया है।



## प्रीकॉशन डोज लेने में नहीं करें आनाकानी कोरोना से बचने के लिए प्रीकॉशन डोज जरूरी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मोतिहारी। सरकार व स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयास के परिणाम स्वरूप लोगों को जागरूक करते हुए कोरोना टीकाकरण कराया गया, जिसकी बदौलत कोविड के कई वैरियंट से लोगों को सुरक्षित रखा जा सका है– इसलिए कोविड का प्रीकॉशन डोज लेने में आनाकानी न करें, बल्कि सही समय पर प्रीकॉशन डोज जरूर लें– यह कहना है पूर्वी चम्पारण के सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार का। उन्होंने बताया कि कोविड की तीसरी लहर लगभग खत्म हो चुकी है। परन्तु अब चौथी लहर की आशंका पुनः दिखाई दे रही है। अब जिले में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के मरीजों के मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। हालांकि इस बार कोरोना के मरीज उतने गंभीर नहीं हो रहे हैं और आसानी से घर बैठे ठीक हो जा रहे हैं। निरूसंदेह यह कोविड टीका करण का परिणाम है। कोविड टीकाकरण कराए व्यक्ति पर इसके लक्षण कमजोर हो जाते हैं। एसीएमओ डॉ. रंजीत राय ने बताया कि– सही समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जा रहे तीनों टीका लेने पर कोरोना से पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत सारे ऐसे लोग हैं, जिनका समय पूरा हो गया है और वे प्रीकॉशन डोज नहीं लिए हैं। ऐसे लोगों से मेरी अपील है कि जल्द से जल्द प्रीकॉशन डोज लें और खुद के साथ परिवार को भी सुरक्षित करें।



जिला अनुश्रवण पदाधिकारी भानू शर्मा ने बताया कि कोरोना वायरस से बचने के लिए टीकाकरण के साथ मास्क लगाना बेहद जरूरी है, क्योंकि सोशल डिस्टेंसिंग के साथ साथ खुद की सुरक्षा करना हमारे हाथ में है। कई बार लोग बाजारों में खरीदारी करने भीड़ भाड़ में बिना मास्क के जाते हैं। ऐसे में उनके संक्रमित होने का ज्यादा खतरा बना रहता है। ऐसे लोगों को कोविड से बचाव के लिए साफ स्वच्छ मास्क का प्रयोग करना चाहिए।

## मोहर्रम एवं नागपंचमी पर्व को लेकर धनाहा थाना परिसर मे एसडीएम ने की शांति समिती की बैठक

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखंड के धनहां थाना परिसर मे शनिवार को थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार की मौजूदगी में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की गई मुहर्रम और नागपंचमी पर्व को लेकर शांति समिती की बैठक। जिसमे बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी जुलूस निकालने के लिए प्रशासन से परमिशन लेना होगा। बिना लाइसेंस के डीजे नही बजेगा। अराजकतत्व ब्यक्तियो पर होगी कड़ी कार्यवाई। बैठक में एसडीएम बगहा दीपक कुमार मिश्रा ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा साथ ही ऐसे लोगो पर नजर रखना होगा। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के कोई भी समुदाय जुलूस नही निकाल सकता है, और नही डीजे बजा सकता है। उन्होंने कहा कि, कुछ सर्त्त के साथ जुलूस निकाल सकते हैं। जुलूस के लिए 20 वोलेंटियर का नाम देना होगा, जो जुलूस को कंट्रोल कर सके। जुलूस में कोई भी हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। वही एसडीपीओ बगहा कैलाश प्रसाद ने कहा कि किसी भी कीमत पर असमाजिक तत्वों को बक्सा नही जाएगा। और प्रसाशन हर जगह अलर्ट मोड़ में रहेगा। एसडीपीओ ने कहा कि शांति ब्यवस्था बनाये रखने में जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की



कि आगामी त्योहार को लेकर सभी समुदाय के लोगो को सतर्कता से काम करना है। कुछ अराजक तत्व के लोग आपस में लड़ाने का कार्य करते हैं। जिनसे सतर्क रहना होगा। भूमिका विशेष होनी चाहिए। उक्त अवसर पर बीडीओ राजेश भूषण, प्रमुख प्रतिनिधि विजय सिंह चंदेल सहित सभी जन प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिहार में आज बदला मौसम 4 दिन होगी झम-झम बारिश

☒ रिमझिम बरस पड़े हो तुम तो फुहार बन के
दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह
आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि मॉनसून की बेरूखी झेल रहे बिहार में अच्छी खबर आई है। अगले कुछ दिनों में राज्यभर में बारिश संबंधी गतिविधियों तेजी से बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने बिहार के कई जिलों में 2 अगस्त तक मेघगर्जन और तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कुछ जगहों पर ठनका गिरने की भी आशंका है। राज्यभर में अगले चार दिन तक अच्छी बारिश होने का अनुमान है, ऐसे में सूखे की मार झेल रहे जिलों में किसानों को राहत मिल सकती है। मॉनसून की बेरूखी झेल रहे बिहार में अच्छी खबर आई है। अगले कुछ दिनों में राज्यभर में बारिश संबंधी गतिविधियों तेजी से बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने बिहार के कई जिलों में 2 अगस्त तक मेघगर्जन और तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कुछ जगहों पर ठनका गिरने की भी आशंका है। राज्यभर में अगले चार दिन तक अच्छी बारिश होने का अनुमान है, ऐसे में सूखे की मार झेल रहे जिलों में किसानों को राहत मिल सकती है।



## बहु प्रतीक्षित नाले का किया जा रहा है निर्माण किसानों में खुशी की लहर

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखंड के बांसी मे बहुप्रतीक्षित नाले का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिससे किसानों में खुशी की लहर हैं।नाला न बनने के कारण प्रत्येक साल लाखो रुपये की फसल का नुकसान होता था। इसकी जानकारी देते हुए पूर्व प्रमुख व बीडीसी प्रतिनिधि अजय चौबे ने बताया कि नाला का निर्माण मनरेगा योजना से कराया जा रहा है। इस नाले के निर्माण से दर्जनों गांवों के लोगो को फसल दहतर से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बासी धनहा सड़क बनने के बाद यह नाला बंद हो गया था। जिससे हर साल दहवा,समसेरवा, खोतहवा, सेमरिया सहित दर्जन भर गांवो के किसानों का फसल दह जाता था। जिससे लाखो की क्षति होती थी।उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगातार बासी नाला निर्माण की मांग की जा रही थी। जो अब पूरा होने जा रहा है। वही कार्यक्रम पदाधिकारी रत्नेश कुमार ने बताया कि लगभग 213 फिट पक्का नाला का निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी लागत लगभग 20 लाख हैं। यह कार्य दो पार्ट में कराया जाएगा।



## जिले में स्तनपान शिक्षा और सहायता के लिए कदम बढ़ाएं ”की थीम पर स्तनपान सप्ताह मनाया जायेगा



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
किशनगंज। स्तनपान नवजात के स्वास्थ्य के लिए जीवन अमृत है। जन्म के तुरंत बाद से कराया जाने वाला स्तनपान ना सिर्फ उन्हें कई गंभीर रोगों से बचाता बल्कि उनके सम्पूर्ण विकास की सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी है।स्तनपान शिशुओं को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका हैद्य विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि जन्म के एक घंटे से छह महीने तक शिशु को केवल स्तनपान कराना चाहिएद्य इसके बाद भी दो साल की उम्र तक स्तनपान जारी रखते हुए बच्चे को पोषक पूरक खाद्य पदार्थ देना चाहिएद्यवर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक की शुरुआत 1992 में हुई थीद्य इसका उद्देश्य स्तनपान के लिए समर्थन देने और सार्वजनिक जागरूकता पैदा करना थाद्य स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए तब से हर साल 01 अगस्त से 07 अगस्त तक वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक मनाया जाता हैद्य यह विश्व स्तनपान सप्ताह 1990 में सरकारी निति निर्माताओं, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और अन्य संगठन द्वारा स्तनपान की रक्षा, प्रचार और समर्थन करने के लिए हस्ताक्षरित घोषणा की याद दिलाता हैद्य इसी क्रम में जिले के जिला योजना समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी विस्वजित कुमार ने बताया की जिले में 2022 के ” स्तनपान शिक्षा और सहायता के लिए कदम बढ़ाएं ”की थीम पर स्तनपान सप्ताह मनाया जायेगा जिसमे एक से सात अगस्त तक आयोजित होने वाले श्विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान जिला स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम।

जिले के सदर अस्पताल सहित सभी संस्थागत प्रसव केन्द्रों में ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर भी उपलब्ध है– सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया की जिले के सदर अस्पताल में प्रसव कक्ष और प्रसव करवाने की सुविधा के साथ प्रसव कक्ष और कंगारू मदर केयर वार्ड के अलावा स्तनपान कक्ष( ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर) का निर्माण कराया गया है ।वही नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी यह सुविधा उपलब्ध है इसके साथ ही विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सेविका–सहायिका घर–घर जाकर गर्भवती और धातृ माताओं को छह महीने तक केवल स्तनपान कराने के महत्व के बारे में बताएगी औरआंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार और शुक्रवार को वहां आने वाली सभी 2 वर्ष तक के बच्चों की माताओं से सेविका और आशा इस अभियान में उनसे जुड़ने के लिए कहेंगी। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कक्ष से जुड़ीं ममता कार्यकर्ताओं को भी यह निर्देश दे दिया गया है कि वो प्रसव के लिए आई महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करें। उनके डिस्चार्ज होने पर कम से कम 6 माह तक केवल स्तनपान और 6 माह के बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार की आवश्यकता बताते हुये उन्हें स्तनपान करवाने के लिए प्रेरित भी करें। नियमित स्तनपान से नवजात में रोग–प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है जिले के सदर अस्पातल में कार्यरत महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शबनम यास्मिन ने बताया की जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करने वाले नवजात शिशुओं में मृत्यु की संभावना 20 प्रतिशत तक कम हो जाती है। इसके साथ ही पहले छह महीने तक केवल स्तनपान करने वाले शिशुओं में डायरिया एवं निमोनिया से होने वाली मृत्यु की संभावना 11 से 15 गुना तक कम हो जाती है। स्तनपान करने वाले शिशुओं का समुचित ढंग से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है एवं वयस्क होने पर उसमें गैर संचारी (एनसीडी) बीमारियों के होने की भी संभावना कम होती है। इसके साथ ही स्तनपान कराने वाली माताओं में स्तन एवं ओवरी कैंसर होने का खतरा भी नहीं होता है।

☒ रोग–प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि
☒ मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता से शिशु मृत्यु दर में कमी
☒ डायरिया एवं निमोनिया के साथ कई गंभीर रोगों से बचाव
☒ सम्पूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास

जिला और प्रखण्ड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए किया गया है बजट का प्रावधान जिले के जिला योजना समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी ने बताया की ष्प्रोटेक्ट ब्रेस्ट फीडिंग रू ए शेयर रेस्पोंसबलिटी ष के थीम पर ष्वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीकष मनाया जाएगा। इस दौरान एक से सात अगस्त तक आयोजित होने वाले श्विश्व स्तनपान सप्ताहश के दौरान जिला स्तर, प्रखण्ड स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक विविध कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्वास्थ्यय समिति के द्वारा जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए बजट के रूप में चार हजार और तीन हजार रुपये का प्रावधान किया गया है साथ ही ग्रामीण स्तर पर आशा के द्वारा घर–घर जाकर जागरूक करने के लिए मां कार्यकम के तहत उन्हें इंसेंटिव मिलेगा।

## मंकीपॉक्स को लेकर सीएस ने किया चिकित्सा पदाधिकारियों को अलर्ट

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
☒ स्वास्थ्य विभाग ने की लोगों से अपील, मंकीपॉक्स को लेकर फैली भ्रांतियों व अफवाहों पर भरोसा न करें
बेतिया। मंकीपॉक्स का केस मिलने के बाद सरकार ने गाइडलाइन जारी कर दी है। सोमवार को जारी गाइडलाइन के अनुसार पश्चिमी चंपारण सिविल सर्जन ने भी चिकित्सा पदाधिकारियों को अलर्ट किया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पदाधिकारी अपने स्तर से एएनएम, जीएनएम, आशा कार्यकर्ता को मंकीपॉक्स से जुड़ी जानकारी देंगे ताकि वह लक्षण के आधार पर इसकी पहचान कर सकें। मंकीपॉक्स का कोई मरीज अगर मिलता है तो इसकी सूचना सीएस कार्यालय को देने का निर्देश दिया गया है, ताकि उसका सैंपल कलेक्ट किया जा सके। वैसे जिले में इस तरह के लक्षण नहीं मिले हैं। मंकीपॉक्स का वायरस स्मॉल पॉक्स का ही एक रूप है जो 1958 में या बंदरों में पाया गया था। इसलिए इसका नाम मंकीपॉक्स पड़ गया। आमतौर पर इंसानों में 14 से 21 दिनों तक मंकीपॉक्स रहता है और इलाज के साथ ठीक हो जाता है। इसमें घबराने की कोई बात नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील किया है कि मंकीपॉक्स को लेकर भ्रांतियां और अफवाहों पर भरोसा न करें।

– संक्रमित के कपड़े, तौलिया या बेड का इस्तेमाल करने से।
– संक्रमित व्यक्ति के फफोले उसके त्वचा को छूने से।
– संक्रमित व्यक्ति के छींकने व खांसने के समय पास रहने से।

मंकीपॉक्स के लक्षण–
सिर दर्द, बुखार, सर्दी, मांसपेशियों में दर्द, लाल चकत्ते, गले में सूजन और थकावट का होना इसके लक्षण हैं। यह शरीर के किसी भाग में छोटे फफोले की तरह होता है जो ठीक भी हो जाता है।

मंकीपॉक्स का इलाज–
मंकीपॉक्स को लेकर कोई विशेष इलाज नहीं है, लेकिन कुछ दवाएं हैं जो इसके लक्षणों में राहत देती है। इसलिए डॉक्टरी सलाह पर ही



इसका इलाज करें। इसमें जान नहीं जाती है लेकिन मरीज को कष्ट होता है। यह संक्रामक बीमारी है, इसलिए इसके फैलाव के पूर्व पीड़ित को भीड़भाड़ वाले जगह से बचना चाहिए।

## जिले में सास- बहू- बेटी सम्मेलन से परिवार नियोजन अभियान को मिल रही है गति- सास बहू बेटी सम्मेलन में शामिल लाभार्थियों को किया गया सम्मानित



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
किशनगंज। जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण अभियान को बढ़ावा देने और लोगों परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य सभी प्रखंडों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस पूरे अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई है। जो ग्रामीण इलाकों में पुरुष और महिलाओं को परिवार नियोजन के साधनों के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसी क्रम में जिले के सभी प्रखंडो के साथ ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बेसरबाटी , कनकपुर , भात गाँव , चुरली में भी ग्राम पंचायत मुखिया के अध्यक्षता में सास बहू बेटी सम्मलेन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सम्मेलन में शामिल महिलाओं को सम्मानित भी किया गया । बेसरबाटी पंचायत में सास बहु सम्मलेन कार्यक्रम में ठाकुरगंज प्रखंड के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक बसंत कुमार एवं यूनिसेफ के बीसीएम् एजाज अंसारी , एएनएम् मीरा कुमारी तथा स्थानीय आशा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।
प्रभारी चिकित्षा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया की सामाजिक व्यवस्थाओं में परिवार का बड़ा महत्व है। खासकर घर की सबसे बड़ी व बुजुर्ग महिला की। शायद, यही वजह होगा कि बहू का निर्णय कहीं ना कहीं सास के विचार धाराओं से प्रभावित रहता है। इसलिए, सास और बहू के आपसी सामंजस्य से परिवार नियोजन कार्यक्रम सफल होगा और जनसंख्या स्थिरीकरण को बल मिलेगा। यही कारण है कि सरकार द्वारा सास–बहू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहें हैं। क्योंकि, इसके लिए दोनों (सास–बहू) का सामंजस्य महत्वपूर्ण है। जिसके कारण एक मंच पर दोनों को एक साथ लाकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बेहतर सामंजस्य वाले सास–बहू को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत भी किया जाता है। सास–बहू सम्मेलन कार्यक्रम के माध्यम से खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को छोटा परिवार, खुशहाल परिवार का संदेश दिया जायेगा । प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया की दरअसल, आज भी देखा जा रहा है कि लोग परिवार नियोजन को उचित नहीं मानते हैं। खासकर पुराने ख्यालात के लोग तो इसे किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं मानते हैं। जो कि महज एक अवधारणा है और यह अवधारणा वर्षों से चली आ रही है। उक्त कार्यक्रम से ना सिर्फ लोग परिवार नियोजन के लिए जागरूक होंगे, बल्कि वर्षों से चली आ रही है बेटे–बेटियों में फर्क का अवधारणा भी दूर होगा। इसके लिए बच्चे दो ही अच्छे स्लोगन के माध्यम से सास–बहू को जागरूक किया गया और छोटे परिवार के महत्व की जानकारी दी जाएगी। जिला योजना समन्वयक विस्वजित कुमार ने बताया की आगामी दिनों में परिवार नियोजन के सफलता के लिए प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सास–बहू सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा । जिसमें सास–बहू को एकसाथ परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया जायेगा । जिसके दौरान बच्चे की शादी सही उम्र पर एवं शादी के कम से कम दो साल बाद ही पहला बच्चा हो और दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर हो। इससे ना सिर्फ जनसंख्या स्थिरीकरण सफल होगा, बल्कि माँ और बच्चे दोनों स्वस्थ भी रहेंगे। स्वस्थ माँ से ही मजबूत बच्चा संभव है और तभी हम स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जी सकते हैं।

## उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य महोत्सव समापन समारोह एक राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के साथ संपन्न हुआ

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार )
उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य महोत्सव समापन समारोह एक राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के साथ संपन्न हुआ जिसमें भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के 100 से अधिक जिलों के प्रतिभागियों और लाभार्थियों को वर्चुअल मोड से संबोधित किया। इस क्रम में 11 राज्यों के माननीय मुख्यमंत्री ,5 माननीय केंद्रीय मंत्री, तीन माननीय उप मुख्यमंत्री ,तीन माननीय उप राज्यपाल, 27 माननीय राज्यमंत्री एवं 81अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी ने भारत सरकार द्वारा शुरू की गई बिजली क्षेत्र की विभिन्न स्कीमों से लाभान्वित देश के 5 जिलों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य के समापन समारोह का आयोजन मुजफ्फरपुर के सभागार में आयोजित किया गया। सभागार में उपस्थित नगर विधायक श्री विजेंद्र चौधरी ,कांटी विधायक श्री इश्राइल मंसूरी, कुढ़नी विधायक डॉक्टर अनिल सहनी, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ,श्री देवाशीष साहू –मुख्य कार्यकारी अधिकारी (केवीयूएनएल) श्री के एम के पृष्टि–महाप्रबंधक (परिचालन–एवं अनुरक्षण के बी यू एल एल), डॉक्टर राकेश नंदन सहाय अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ,श्री योगेश सिंगला अपर महाप्रबंधक, जिला नोडल पदाधिकारी संजीत कुमार के साथ विद्युत विभाग मुजफ्फरपुर के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।
मालूम हो कि 27 जुलाई और 29 जुलाई को उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसका आज समापन राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ हुआ। जिले में महोत्सव की शुरुआत से समापन समारोह तक ऊर्जा के क्षेत्र में उपलब्धियों को नुक्कड़ नाटक, वृत्त चित्र एवं अन्य माध्यमों जानकारी साझा की गई। बिजली महोत्सव का उद्देश्य राज्य और केंद्र सरकार के बीच सहयोग का जश्न मनाने और बिजली क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी ने विद्युत मंत्रालय की फ्लैगशिप पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र स्कीम का शुभारंभ किया जिसका उद्देश्य वितरण कंपनियों की परिचालन दक्षता एवं वित्तीय क्षमता को बेहतर बनाना है।वित्तीय वर्ष 2021– 22 से 2025– 26 तक 5 वर्षों में 303758 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस स्कीम का उद्देश्य बिजली वितरण के बुनियादी ढांचे को आधुनिककरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए बिजली कंपनियों को वित्तीय सहायता देना है जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को मिलने वाली बिजली की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार लाना है। माननीय



प्रधानमंत्री ने रूफटॉप सोलर के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल का भी शुभारंभ किया। माननीय प्रधानमंत्री 2 फ्लोटिंग सोलर ऊर्जा परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित किया और इसके साथ ही एनटीपीसी के तीन प्रमुख स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

# संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड वार्ड महा-संघ का बैठक पर विशेष परिचिर्चा

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी। सीतामढी के रून्नी–सैदपुर प्रखंड में वार्ड सदस्य महासंघ के बैनर तले ग्राम पंचायत राज कौरिया लालपुर वार्ड संख्या 08 के वार्ड सदस्य बद्रीनारायण मिश्र के दरवाजे पर बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक की अध्यक्षता वार्ड प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने किया, इस बैठक में वार्ड सदस्य महासंघ के मजबूती पर चर्चा किया गया, अगामी 3/08/22 को बगही धाम पर आम सभा बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए मुख्य चर्चा हुई बैठक में उपस्थित बद्री नारायण मिश्र,चंदन यादव,महेश राय,अजय पासवान, दिनेश ठाकुर जुनैद,दुखा दास,आलोक बैठा,किसन साह,शिवम् साह व अन्य शामिल थे!



### विद्यालय में बंद मिड डे मिल का डीपीओ ने कराया संचालन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी’
सीतामढ़ी। मध्य विद्यालय बाजपट्टी बखरी में पिछले दो महीने से सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिड डे मिल बंद था। बच्चों को विद्यालय में खाना मिल पा रहा था। प्रधानाध्यापक के विवाद में बच्चे मिड डे मिल से वंचित थे। मिड डे मिल बंद होने की सूचना मिलने पर डीपीओ पीएम पोषण योजना संजय कुमार देव कन्हैया स्वयं विद्यालय पहुंच मिड डे मिल का संचालन कराया। दो महीने के बाद बच्चों को आज खाना मिल पाया है। प्रधानाध्यापक प्रभार का था विवाद– कुछ दिन पुर्व विद्यालय की प्रधानाध्यापक रीना थीं। वर्तमान में नाजबीन थी। वैसे वरीयता क्रम में अनुपम कुमारी है। यह विवाद ही मिड डे मिल के बंद होने कारण था। डीपीओ कन्हैया ने बताया कि 6–8 वर्ग की शिक्षिका वरीय होंगी। अनुपम कुमारी 6–8 वर्ग की शिक्षिका है। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिया अनुपम कुमारी ही अगले महीना से बाजपट्टी मध्य विद्यालय की प्रभारी रहेंगी।



### केसरिया में नौवीं और दसवीं की सावधिक परीक्षा हो रही कदाचारमुक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार। पूर्वी चंपारण जिले अंतर्गत केसरिया प्रखंड के सभी उच्च विद्यालयों में प्रथम सावधिक परीक्षा शनिवार को भी जारी रहा। 26जुलाई से दो पाली में चल रही सावधिक परीक्षा आगामी दो अगस्त तक चलेगी।केसरिया प्रखंड के शहीद भगत सिंह उच्च विद्यालय कढ़ान बैरिया में प्रधानाध्यापक मोहम्मद अब्बास के उपस्थिति में नवीं एवं दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं की परीक्षा कदाचार मुक्त चल रही है। प्रधानाध्यापक मो0 अब्बास ने बताया कि प्रथम पाली में सुबह 9:30बजे से 12:45 बजे तक तथा दूसरी पाली में अपराह्न 1:15 बजे से 4:15बजे तक सावधिक परीक्षा ली जा रही है। प्रधानाध्यापक मो0 अब्बास ने बताया कि नौंवी कक्षा में 455 परीक्षार्थी तथा दसवीं कक्षा में 525 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे शहीद भगत सिंह उच्च विद्यालय सहित प्रखंड के सभी उच्च विद्यालयों में प्रथम सावधिक परीक्षा कदाचारमुक्त चल रही है।



### विद्यालय से बच्चा लापता परिजन ने थाने को सौंपा आवेदन

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण)। मैनाटांड़ बाजार स्थित मदर इंटरनेशनल स्कूल अकैडमी प्राइवेट विद्यालय से बच्चे के लापता होने को लेकर बच्चे के पिता ने मैनाटांड थाने में आवेदन देकर बच्चे का सकुशल बरामद होने की गुहार लगाई है। इनरवा थाना के इनरवा निवासी लड़के के पिता लक्ष्मण साह ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि मेरा लड़का अर्जुन कुमार 14 वर्ष मैनाटांड़ स्थित मदर इंटरनेशनल अकैडमी स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। विद्यालय के सात वर्ग का छात्र है। गुरुवार की शाम को होस्टल से बाहर निकल कर सामान खरीदने गया पर देर शाम तक हॉस्टल वापस नहीं आया। लड़का के पिता ने पुलिस को बताया है कि स्कूल के व्यवस्थापक के द्वारा परिजनों को फोन करके इस मामले की जानकारी दी गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि सूचना के मिलने के बाद हम सब बहुत खोजबीन किये पर लडके का अभी तक कुछ अता पता नहीं चला है। इधर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### शहरों की तरह अब गांव से भी हो रहा है घर घर से कचरे का उठाव

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। इनरवा प्रखंड क्षेत्र के इनरवा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत घर घर से कचरा का उठाव किया जा रहा है। स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार गिरी ने बताया कि प्रत्येक घर से सूखा एवं गीला कचरा का उठाव स्वच्छता कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। श्री गिरी ने बताया कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ गांव हमारा गौरव को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ स्वच्छता कर्मी घर घर से कचरा का उठाव कर रहे हैं। वहीं सार्वजनिक जगहों जैसे स्कूल, मंदिर, मस्जिद एवं बाजार इत्यादि जगहों से भी कचरा का उठाव किया जा रहा है।



### पीएचसी हॉस्पिटल में जनसंख्या नियंत्रण मेला लगाया गया

(प्रेमचंद्र साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी



चंपारण) मैनाटांड़। प्रखंड मैं पीएचसी हॉस्पिटल में जनसंख्या नियंत्रण मेला लगाया गया जिसमें सभी डॉक्टर एवं सभी जीएनएम एएनएम और आशा और बाकी सभी मरीज पहुंची हॉस्पिटल प्रभारी डॉ विजय कुमार चौधरी डॉ अजीत कुमार बीएचएम अशोक कुमार शाहजार मंजुर प्रकाश कुमार उप प्रमुख खुर्शीद आलम किशोर कुमार अमरेंद्र कुमार अनिल कुमार उपस्थित रहे थे।

### बहू ने सास को चाकू मार किया जख्मी इलाज जारी

(प्रेमचंद्र साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण। मैनाटांड़ बहू द्वारा सास को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है मामला है पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के परसा गांव का जहां आपसी विवाद मे बहू ने सास को चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । घायल महिला शेख समीर की पत्नी कुसुम तारा खातून बताई जाती है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## नैतिक जागरण मंच के तत्वधान में आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी और सेवानिवृत्त सैनिक का किया गया सामान

☒ यादगार स्वरूप में लगा चीकू के पौधा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। आजादी के 75 वे वर्षगांठ पर नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने पिछले वर्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किए गए आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को धार देने के लिए समय–समय पर पौधरोपण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और अग्निवीरो को प्रोत्साहित करने जैसे कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है। मद्देनजर आज 15 अगस्त के नजदीक होने पर, आजादी की दीवाने भारत के सच्चे वीर सपूत जिन्होंने अंग्रेजो की गुलामी के खिलाफ बिगुल फूँक भारत को आजाद कराये। उन स्वतंत्रता सेनानियों के अधिकारियों को उनके याद मे एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के निवास पर आयोजित किया गया। जिसमें लगभग एक दर्जन स्वतंत्रा सेनानियों के उत्तराधिकारी और सेवानिवृत्त सैनिक को सम्मानित किया गया।



सबसे पहले तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी गई।उसके बाद उन्हें अंगवस्त्र से ओढ़ाकर सम्मान दिया गया।तत्पश्चात चिकू का पौधा यादगार स्वरुप लगवाया गया।

इस अवसर पर नैतिक जागरण मंच के कार्यक्रम पदाधिकारी माधवेन्द्र पांडेय और सचिव निप्पू कुमार पाठक ने इस कार्यक्रम में सैनिकों का सम्मान किए। जिन स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों को सम्मान किया गया। उनमें अरुण कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, विजय सिंह, विजय पांडे, हृदयानंद दूबे,टुनटुन प्रसाद और मनोज कुमार सोनी उपस्थित रहे। इतना ही नहीं उपस्थित लोगों को तिरंगा झंडा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। संबोधन में सचिव निप्पू कुमार पाठक ने उन्हें अपने पूर्वजों की तरह देश के लिए कुछ करने के लिए आग्रह किया।

## बिहार स्टेट चौंपियनशिप में बाढ़ के एथलीटों ने दिखाई प्रतिभा

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। पाटलिपुत्र खेल परिसर में शुक्रवार दोपहर से शाम तक एथलीटों का उत्साह दिखा 88 वें बिहार राज्य जूनियर सीनियर एथलेटिक्स स्टेट चौंपियनशिप में सुबह के सभी जिलों के एथलीटों ने हिस्सा लिया 100 मीटर दौड़ 5000 मीटर दौड़ शॉटपुट हाय जम के मुकाबले में प्रतिभागियों ने दम दिखाया अलग–अलग जिलों की टीम के खिलाड़ियों ने अपने वर्ग में मेडल पर निशाना साधा बिहार पुलिस भवन निर्माण के प्रबंध निदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी विनय कुमार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र संघ के अध्यक्ष सलीम परवेज एवं अन्य लोगों ने उद्घाटन किया इस कार्यक्रम का समापन 31 जुलाई को होगा अंडर 18 वर्ष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में जिले के शाषिकेश कुमार ने 10.84 सेकंड में गोल्ड जीता सिल्वर मेडल बांका से करण कुमार सिंह 11.16 सेकंड है जबकि पटना पूर्वी के रजत राज ने 11.10 में 35 सेकंड में ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया वहीं बालिका अंडर 18 के 100 मीटर दौड़ में नवादा जिले से गोल्ड मेडल पर कब्जा निशा कुमारी ने किया इस्ट पटना से स्वीकृति राज और पटना वेस्ट से उम्मे हबीबा ने 13.10 सेकंड में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा कर रिकॉर्ड दर्ज किया। वही श्वेता कुमारी को हाई जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त की उम्मे हबीबा ने लंबी कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त की जैवलिन थ्रो में संजना कुमारी को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। यह तीनों बालिकाएं संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय प्लस टू बाढ़ की छात्राएं हैं। बाढ़ वासियों की ओर से विद्यालय के प्रधानाचार्या शिक्षक शिक्षिकाओं और सहपाठियों के द्वारा इन बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामना की मंगल कामना करते हुए ढेर सारी बधाई दी गई है। साथ में विद्यालय कोच प्रमोद कुमार को भी उनकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।



## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में वर्ल्ड डे एगेंस्ट ह्यूमन ट्रैफकिंग दिवस पर एक दिवसीय कार्यशालासमाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मनाया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में वर्ल्ड डे एगेंस्ट ह्यूमन ट्रैफकिंग दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मनाया गया। जिसमें बताया गया कि द यूनाइटेड नेशन ऑफ ड्रग्स एंड क्राइम के द्वारा 2013 से इसे आरंभ किया गया है। इंडिया में इसे प्रत्येक वर्ष 11 जनवरी को नेशनल डे एगेंस्ट ह्यूमन ट्रैफिकिंग मनाया जाता है। माननीय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बाल तस्करी से




आजादी अभियान 1 अगस्त 2022 से 25 अगस्त 2022 तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत भारत के 75 अंतरराष्ट्रीय सीमा में से सटे जिलो में कैंपियन चलाया जा रहा है। इसके तहत सीतामढ़ी जिले में माननीय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा 4 अगस्त 2022 को जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें सभी थानों से बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, एसएसबी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिले में मानव व्यापार की रोकथाम हेतु उज्जवला योजना के तहत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट स्थापित है देश में मानव व्यापार के रूप में बाल तस्करी एक अभिशाप के रूप में विद्यमान है। बालकों की तस्करी बाल मजदूरी ऑर्गन ट्रैफकिंग, क्रिमिनल एक्टिविटी, सेक्सुअल एक्सपोजिशन, इत्यादि के लिए होता है। जिसके उन्मूलन किए बिना सुरक्षित समाज सुरक्षित देश एवं सुरक्षित भविष्य का निर्माण नहीं किया जा सकता है। मौके पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मानव व्यापार एवं बाल तस्करी रोकने हेतु किशोर न्याय अधिनियम 2015 की विभिन्न धाराओं में वर्णित निर्देशानुसार सभी थानों में नामित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।बच्चों के साथ संवेदनशीलता एवं नम्रता से व्यवहार करें। बच्चों को यूज करने वाले वास्तविक ट्रैफिकर तक पहुंचे तथा उस पर कार्रवाई करें। जेजेबी में नियमित रूप से एसबीआर समर्पित करें। एसएसबी कमांडेंट द्वारा बताया गया कि मानव व्यापार के अनेकों पहलू है जिसे समय से पहचानना एवं निष्पादन करना आवश्यक है। वही कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा वर्ल्ड डे एगेंस्ट ह्यूमन ट्रैफिकिंग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मानव व्यापार को समाप्त करने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने ने कहा कि सभी पदाधिकारी संबंधित नियमों एक्ट के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करें तथा समन्वय से बाल तस्करी को रोकने का प्रयास करें। उक्त कार्यशाला में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, वरीय उप समाहर्ता–सह– सहायक निदेशक बाल संरक्षण सोनी कुमारी, डीएसपी मुख्यालय राकेश रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्य जेजेबी के प्रतिनिधि, चाइल्ड लाइन सीपीओ एवं स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बगहा नगर थाना परिसर में महावीरी झंडा और मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति कि बैठक

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। महावीरी झंडा और मुहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को बगहा नगर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक। बैठक की अध्यक्षता बगहा एसडीएम दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। बैठक में एसडीएम ने बताया कि बगहा अनुमंडल क्षेत्र में महावीरी झंडा एवं मुहर्रम का पर्व हर हाल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। इसमें गड़बड़ी करने वालों की खैर नहीं है। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अनुमंडल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन इसके लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि महावीरी झंडा एवं मोहर्रम जुलूस के लिए 20 लोगों की समिति बनेगी। जिसमें शपथ पत्र के साथ फोटो व आधार कार्ड की प्रति आवश्यक है। किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर समिति के सदस्य जिम्मेदार होंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है। लाउडस्पीकर मधुर स्वर में बजाने की इजाजत रहेगी।जुलूस में लाठी ही केवल ले जा सकते है।भाला,तलवार व अन्य किसी प्रकार का धारधार हथियार लेकर चलना वर्जित है स साथ ही जुलूस रुट चार्ट के अनुसार ही ले जाना होगा। ऐसे कोई व्यक्ति जो समाज विरोधी कार्य करने की सोच रहे हों तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन तक पहुंचाएं। उन्होंने उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से आपसी सदभाव व भाईचारे के बीच आगामी 2 अगस्त को महावीरी झंडा व 9 अगस्त को मुहर्रम शांतिपूर्ण माहौल व में मनाने की अपील की।जहां झंडा आयोजन समिति के सदस्य व स्थानीय जनप्रतिनिधियों,गणमान्यों ने दोनों पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने का भरोसा दिलाया। वही एसडीपीओ कैलाश प्रसाद ने उक्त पर्व,त्यौहारों के मद्देनजर सभी पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने का निर्देश दिया जाएगा। लगातार पेट्रोलिग करने के साथ असामाजिक एवं अपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के विरूद्ध विधि सम्मत निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। किसी भी सूरत में असामाजिक तत्वों एवं सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा,उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस के साथ साथ सभी समुदाय के लोगों को जिम्मेदारी उठाने को कहा।आगे उन्होंने कहा कि सभी धर्म हमें नेक राहों पर चलना सिखाता है। पर्व व त्योहार एक जुटता व शांति का प्रतीक होता है। समाज में सभी लोग दैनिक जीवन में एक दूसरे के साथ मिलजुलकर रहते हैं।यह बड़ा ही अच्छा लगता है। वैसे ही पर्व त्योहारों के अवसर पर अपनापन का परिचय दें।





जनप्रतिनिधियों व गणमान्यों ने भी बैठक में अपने विचार रखे। मौके पर बगहा थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा, पटखौली ओपी प्रभारी लालबाबू प्रसाद यादव,सीओ अभिषेक आनंद प्रखंड बगहा एक, राकेश सिंह, मोहम्मद गयासुद्दीन, राजू सिंह,आलमगीर रब्बानी, अशोक गुप्ता, दयाशंकर सिंह, मोहम्मद राशिद, पप्पू तिवारी, सुजीत पटेल व कन्हैया आर्य सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

## प्रकृति दे रही किसानों का साथ किंतु सरकार बेपरवाह

☒ यूरिया खाद के दर दर भटक रहे किसान

☒ दोगुनी कीमत पर भी नहीं मिल रही यूरिया खाद

☒ भगवान भरोसे है अन्नदाता किसान

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह बारिश की राह तकते किसानों के चेहरे पर खुशी लौटती दिख रही क्योंकि बीते दो–तीन दिनों में धान में प्राण लौटने लायक बारिश हुई है लेकिन अन्नदाता किसान अब उर्वरक दुकानों का चक्कर काट रहे जहां से उन्हें यह कहकर लौटा दिया जा रहा कि यूरिया की खेप नहीं आई है। उन किसानों का दर्द समझने वाला कोई नहीं जिनकी सारी उम्मीदें खेतों में लगी धान की फसल पर टिकी हुई हैं। शिवहर विधायक चेतन आनंद ने इसे सरकार की अनदेखी और विफलता करार देते हुए कहा है कि सिर्फ जुमलबाजी से आवाम की जरुरतों को पूरा नहीं किया जा सकता। आज धान की फसल के लिए उर्वरक अत्यंत आवश्यक है जो किसानों को उपलब्ध नहीं है। थोक व्यापारी इसे दबाकर बैठे हैं और दोगुनी कीमत पर चोरी छुपे बेच रहे जिसे देखने और उसके ऊपर विधिसम्मत कार्रवाई करने वाला कोई नहीं है। यहां तक खबरें आ रही है कि खाद के लिए कई जगहों पर मारपीट की भी घटनाएं हुई हैं पुलिस द्वारा किसानों पर लाठीचार्ज की भी खबरें आ रही है जो सरकार की विफलता और तानाशाही का प्रमाण है। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि अन्नदाता किसान देश की रीढ है और एक मायने में जीवनदाता भी। उनकी समस्याओं से अनजान सरकार क्या संदेश देना चाहती है। विधायक चेतन आनंद ने कहा कि मौजूदा सरकार चाहे वह राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार दोनों अपनी कुर्सी बचाने और साम्राज्य का विस्तार करने में मशगूल हैं चाहे इसके लिए किसी हद तक क्यों न जाना पड़े। जातीय उन्माद वर्ग संघर्ष और हिंदू मुस्लिम के खानों में बांटकर मौजूदा सरकार सामाजिक सौहार्द को विखंडित कर रही है। उसे देश के किसान, नौजवान,महिला गरीब अल्पसंख्यक के कल्याण की बातें सोचने और उससे संबंधित जरुरतों को पूरा करने का न तो इरादा है और न ही समय। लेकिन हम चुप बैठने वाले नहीं हैं विधायक चेतन आनंद ने नीतीश सरकार को चेतावनी दी है कि अगर किसानों को जरुरत के मुताबिक यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कराई गई तो हम सड़क से संसद तक आंदोलन करेंगे। विधायक ने शिवहर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की भी मांग की ताकि किसानों को फसल की क्षति की भरपाई हो सके।

## डीएम ने की खाद्य आपूर्ति, सहकारिता एवं माप तोल विभागों के कार्यों की समीक्षा



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। शिवहर,सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी मोहम्मद अलमा मुख्तार, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आदि द्वारा भाग लिया गया है। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, सहकारिता विभाग ,राज्य खाद्य निगम तथा मिड डे मील स्कीम की समीक्षा भी की है। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी के द्वारा डोर स्टेप डिलीवरी अभिकर्ता को निर्देशित किया गया है कि सर्वप्रथम वैसे स्कूलों को खाद्यान्न की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें जहां पर मध्यान भोजन बनाने हेतु चावल समाप्त हो गई। इस कार्य में समन्वय बनाने हेतु सहायक प्रबंधक राज्य खाद्य निगम गोदाम तथा शिक्षा विभाग के कर्मियों का एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का भी निर्देश डीएम द्वारा दिया गया।

सीएमआर प्राप्ति की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी शिवहर के द्वारा निर्देशित किया गया है कि वैसे पैक्स जिसके द्वारा ससमय चावल की आपूर्ति जिला खाद्य निगम को नहीं की जा रही है उनके विरोध सहकारिता अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में उपस्थित रसोई गैस विक्रेता को जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी उपभोक्ताओं को उचित दाम लेना सुनिश्चित करें । मध्यान भोजन में कमर्शियल सिलेंडर खरीद करते हुए भोजन बनाना सुनिश्चित करें, लकड़ी पर खाना बनाया जाना पर्यावरण के संरक्षण में सहायक नहीं है। जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी शिवहर तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आदेशित किया गया है कि जन वितरण प्रणाली विक्रेता के रिक्तियों की गणना सही–सही करते हुए विज्ञापन निकाले जाने हेतु प्रस्ताव उपस्थित करना सुनिश्चित करें।

डीएम के द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सरकार के आदेशानुसार डिस्ट्रिक्ट प्राइस मॉनिटरिंग सेल का गठन सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार करते हुए 1 अगस्त 2022 से राज्य सरकार को समय पर बाजार मूल्य की सूचना देना सुनिश्चित करें।

## दलसिंहसराय में पुलिस कस्टडी में युवक की मौत का मामला में एसपी ने बताया पुलिस की लापरवाही

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,दलसिंहसराय। दलसिंहसराय में पुलिस कस्टडी में मो. गुलाब की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना ने सिस्टम को भी कठघरे में ला दिया है। स्थानीय पुलिस जिस सीसीटीवी कैमरे में दर्ज फुटेज को खुदकुशी का साक्ष्य बता रही, उसे मांगने पर पुलिस देने से हाथ खड़ी कर रही है। जिस खिड़की के सहारे खुदकुशी करने की बात पुलिस कह रही है, वह किसी के गले नहीं उतर रहा। डीएसपी का कहना है कि गुलाब ने पुलिस अभिरक्षा में मुंशी कक्ष में खुदकुशी की। सवाल यह है कि क्या पांच फीट लंबा और 50 किलोग्राम का युवक रस्सी के सहारे उस खिड़की से लटककर जान दे सकता है। जितनी ऊंची खिड़की है, उसे लटककर खुदकुशी संभव नहीं दिखता। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या रात में सभी पुलिसकर्मी सोए थे। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में कोई इसे देखने वाला नहीं था। जब वह पुलिस कस्टडी में था तो उसकी निगरानी के लिए कौन प्रतिनियुक्त था? क्या उसे अकेले छोड़ दिया गया। हाजत की जगह उसे मुंशी कक्ष में क्यों रखा गया? खुद चलकर थाने आने वाले गुलाब के साथ आखिरकार ऐसी क्या बात हो गई कि उसे खुदकुशी के लिए मजबूर होना पड़ा। दलसिंहसराय डीएसपी बताते हैं कि फुटेज में खुदकुशी से जुड़े सभी साक्ष्य मौजूद हैं तो फिर उसे सार्वजनिक करने से परहेज क्यों किया जा रहा है। बता दें कि करीब एक बजे दिन में गुलाब अपने ससुराल पहुंचा था। वहां पहुंचते ही मारपीट की घटना हो गई, इसमें दोनों पक्ष को चोट लगी। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। सूचना देने वाले पक्ष को थाने आकर प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा गया था। पुलिस को थाने पहुंचने के पूर्व ही गुलाब चोट दिखाने दलसिंहसराय अस्पताल पहुंचा। वहां से प्राथमिकी दर्ज कराने थाने आया। यहां पुलिस ने उससे कहा कि तुम्हारे खिलाफ पहले से आवेदन है। पुलिस ने उसे अभिरक्षा में ले लिया। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। बाद में दोनों पक्षों में समझौते की सहमति बनी। इसके लिए गुलाब के स्वजन को फोन भी किया गया, लेकिन शाम होने के कारण उन लोगों ने सुबह आने की बात कही। इस कारण गुलाब को पुलिस अभिरक्षा में ही रात में रहना पड़ा। सवाल यह भी है कि गुलाब पर जब पीड़ित पक्ष ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था तो उसे दर्ज क्यों नहीं किया गया? डीएसपी का कहना है कि दोनों पक्ष की ओर से समझौते की बात आ रही थी, इस कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। कुछ ऐसी ही लापरवाही को लेकर एसपी ने जांच का जिम्मा डीएसपी को दिया है। डीएसपी का कहना है कि रात्रि करीब 10 बजे में पुलिस की टीम गश्ती पर निकल गई थीं। चौकीदार के हवाले सिरिस्ता था। बाहर में एक ओडी आफिसर डयूटी पर थे, चौकीदार पानी लाने गया था। इसी बीच में घटना हुई। फुटेज में रात 12 बजे से 12:14 के बीच में चार बार गुलाब खुदकुशी की कोशिश करते दिख रहा है। पांचवीं बार 12:16 में उसने खुदकुशी कर ली। 12:17 बजे जब चौकीदार ने दरवाजा खोला तो गुलाब को लटका पाया। पानी लाने के दौरान महज कुछ मिनट के अंदर पूरी घटना होने की बात डीएसपी ने कही है। डीएम के निर्देश पर दलसिंहसराय एसडीओ प्रियंका कुमारी ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर वीडियोग्राफी के बीच पंचनामा बनाया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके पूर्व शव उठाने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। मृतक के स्वजन पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगा रहे थे। मृतक के सुसराल वाले लोगों की गिरफ्तारी के बाद ही शव देने की बात कर रहे थे। गुलाब के एक रिश्तेदार ने बताया कि ससुराल के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने ससुरालवालों को पकड़ने की बजाय गुलाब को ही पकड़कर थाने में बंद कर दिया।घटना को लेकर पीड़ित भाई मो. असलम के आवेदन पर मृतक की पत्नी सहित 11 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें मृतक के साथ मारपीट करने के साथ–साथ उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। सभी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। समस्तीपुर एसपी हृदयकांत ने कहा है कि घटना में कहीं न कहीं पुलिस ने लापरवाही की है। इसकी जांच दलसिंहसराय डीएसपी को दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## लौरिया के सिसवनीया पंचायत में लोगों के बीच डस्टबिन बांटा गया

• सांसद ने ठेला व ई–रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स। लौरिया प्रखंड के सिसवननीया पंचायत में शुक्रवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के तहत ओडीएफ प्लस कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया कन्हैया कुशवाहा व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। कार्यक्रम में शामिल वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार कुशवाहा द्वारा पंचायत के सभी वार्डों के लिए कचरा उठाव के लिए मिले ठेला एवं ई –रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पंचायत के मुखिया कन्हैया कुशवाहा ने सरकार की इस अति महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर सही ढंग से प्रयोग कर पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने की बात कही। कहा कि पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने को लेकर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 की सरकार ने शुरुआत की है। इसके लिए सरकार कृतसंकल्पित है।जिसके लिए पंचायत के सभी वार्डों में योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रत्येक वार्ड में एक–एक स्वच्छता कर्मी को नियुक्त किया गया है। जो स्वच्छता कर्मी प्रतिदिन अपने अपने वार्ड में ठेला लेकर घूमेंगे और अपने वार्ड के सभी घरों से सूखा कचड़ा, गिला कचड़ा सहित अन्य सामग्री का उठाव करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि लोहिया स्वच्छ अभियान बिहार स्वच्छ भारत मिशन के तहत फेज एक में ओडीएफ का कार्य पूरा होने के बाद सरकार द्वारा स्वच्छता फेज 2 ओडीएफ प्लस कार्यक्रम चलाया जा रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वार्डों में स्वच्छता कर्मी की बहाली की गई है। स्वच्छता पर्यवेक्षक की नियुक्त किया गया है। साथ ही तरल व अपशिष्ठ पदार्थो को एक जगह इकठ्ठा करने के लिए ई–रिक्शा भी लगाया गया है।जो वार्डो से तरल व वशिष्ठ पदार्थ को इकट्ठा कर पंचायत के चिन्हित जगह पर एकत्र करेंगे। ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों रखने के लिए प्रत्येक घर में दो दो डस्टबिन भी दिए जा रहे हैं, जो हरा और पीला रंग का होगा। इस अवसर पर पंचायत के आम जनता और समाजसेवियों समेत सैकड़ों की की संख्या में लोग शामिल रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## हर घर तिरंगा फहराएंगे भारत का मान सम्मान बढ़ाएँगे

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बैधनाथ प्रसाद का मूर्ति अनावरण प्रमोद कुमार(गन्ना विधि मंत्री)और गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी व स्वतंत्रता सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीकिशोर पाण्डे ने संयुक्त रूप से किया।

## जिला पदाधिकारी ने किया स्वास्थ मेला फीताकाटकर उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस सन्दर्भ में बता दिया जाए कि शनिवार के दिन सरोजा सीताराम सदर अस्पताल में जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन शैलेंद्र कुमार झा के द्वारा फीता काटकर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया गया है। स्वास्थ्य मेला में आए हुए तथा आम जनता से डीएम ने अपील किया है कि स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाएं। मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, डीपीएम पंकज कुमार मिश्रा सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



## दूसरे दिन हुई बारिश से नगर में जलजमाव की समस्या बनी गंभीर

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले में शुक्रवार को दूसरे दिन फिर अच्छी बारिश हुई। लगभग 45 मिनट तक अच्छी बारिश होने से जहां किसानों में खुशी देखी गई वहीं भभुआ नगर के लोगों में जलजमाव से नाराजगी दिखी। हालांकि बारिश से भभुआ नगर में रहने वाले लोग भी काफी खुश दिखे लेकिन वर्तमान में नगर की जलनिकासी व सफाई व्यवस्था बदहाल देख लोग नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। क्योंकि नगर में जलनिकासी की समस्या तो काफी पुरानी है। लेकिन बीते तीन दिनों से नगर परिषद भभुआ के सफाई कर्मी हड़ताल पर हैं। इसके चलते नगर में गंदगी पसरी हुई है। बारिश होने के बाद नगर में पसरी गंदगी पानी में बह कर सड़क पर फैल जा रही है। इसके चलते वार्ड की गली मुख्य सड़क सब जगह जलजमाव व गंदगी ही दिख रही है।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अकाशी लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश

मानसी प्रखंड के 7 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अकाशी लोगों को गृह प्रवेश कराया गया। मानसी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्याम किशोर शर्मा ने 7 पंचायतों के लाभुकों को आवाज की चाबी सौंपी। हर किसी को सुंदर आशियाना का सपना होता है। वैसे ,लोग किसी तरह आशियाना बना लेते हैं। तो कुछ लोग घर खड़ा करने में जिंदगी गुजार देते हैं। मगर सपना पूरा नहीं होता है। गरीबों के सपनों को साकार सरकार कर रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना से सपने को नया पंख लग रहा है। पक्के घर का अरमान पूरा हुआ तो लोगों के चेहरे खिल उठे। मानसी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मानसी जंक्शन पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। मानसी जंक्शन पर आरपीएफ द्वारा अमृत महोत्सव के तहत शुद्ध पेयजल की व्यवस्था शुरू की गई। मिट्टी के बर्तन में रखे गए पानी यात्रियों को पिलाया गया ।तथा आरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। मानसी स्टेशन पर आने वाले प्रत्येक यात्री को जरूरत पड़ने पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करायेंगें।



## बाल शनि धाम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

(प्रिया कुमारी ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) बाढ़। शनिवार के दिन कचहरी गंगा घाट के पास बाल शनि धाम मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। लोग गंगा स्नान करने के बाद बाल शनि देव की पूजा पाठ करते देखे गए। संध्या के वक्त लोगों ने आरती में हिस्सा लिया और मिट्टी के दीपक मे तिल का तेल डालकर पूजन करते देखे गए मंदिर के पुजारी नागा शिव मुनि जी महाराज ने बताया कि बाल शनि धाम की महिमा अपरंपार है धीरे–धीरे लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है। कई प्रकार के दोषमुक्त होने के लिए लोग बड़े ही श्रद्धा और भाव से यहां पूजा पाठ करने पहुंचते हैं।बाहर से यहां के मूर्ति लाकर स्थापित किया गया था और समय–समय पर यहां भव्य पूजा पाठ का आयोजन भी हुआ करता है।



## सड़क पर पैदल चल रही महिला को बचाने के क्रम में सड़क दुर्घटना में एक की हुई मौत

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) साहेबगंज। पति यारी पुल छपरा में गंगा घाट पुल के उस पार सड़क पर पैदल चल रहे महिला को बचाने के क्रम में सड़क दुर्घटना में हुई है की मौत।

मृतक दीपक कुमार निवासी जीता छपरा बंगरा घाट पूल के उस पार पतियारी पुर छपरा में सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमे मृतक की मौत हो गई है। औरत को बचाने के चक्कर में सड़क दुर्घटना हो गई। मृतक के पिता गिरजा राय का मृतक पुत्र लगभग 22 वर्ष का अविवाहित है।बतलाते चलें कि औरत पैदल जा रही थी, घायलों में नवनीत कुमार 16 वर्ष,दूसरा रौशन कुमार 20 वर्ष पॉलीटेक्निक की परीक्षा देने जा रहा था।



# निशुल्क हस्तकला प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंजख,सीवान। जिला मुख्यालय सिवान के रजिस्ट्री कचहरी के नजदीक स्थित आराध्या चित्रकला के प्रांगण में बीते 28 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक हस्त कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, जहा छात्र छात्राओं को हस्तकला के भिन्न–भिन्न गुण सिखलाये गए, जो पूरी तरह निरूशुल्क था, जहां शहर के साथ–साथ गांव की भी छात्राएं एवं महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ली, यह कार्यक्रम आराध्या पीपल्स फाउंडेशन व पिडीलाइट के तत्वधान में कराया गया था, संस्थान के संचालक युवा चित्रकार रजनीश कुमार का कहना है कि यह कार्यशाला अब तक के सबसे बेहतरीन कार्यशाला रही है, क्यू की हस्तकला में सभी छात्रों ने दीवाल घड़ी, म्यूरल, वॉल हैंगिंग बनाई और उन्हें मार्केट में बेचा भी जिसे उन्हे जीवन में खुद के हुनर के बल पर आगे बढ़ने का प्रेरणा मिला, ऐसे कार्यक्रम में सभी भाग ले कर वो स्वरोजगार खड़ा कर सकते है।

उन्होंने बताया कि कुछ दिन बाद रखी त्यौहार को ध्यान रखते हुवे रखी का भी कार्यशाला लगाया जायेगा जहा रखी बनाने की तकनीक सिखाई जाएगी जो बिल्कुल निःशुल्क होगी। इस कार्यशाला में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रा अनू कुमारी आलिया परवीन और रिया श्रीवास्तव रही इसके साथ–साथ इस कार्यशाला में शामिल छात्र महजबीन, प्रगति, प्रज्ञा, निभा, पलक, अंजुम, ममता, सुहाना, कनीज, कुमारी ज्योत्सना, रिया श्रीवास्तव, अनन्या, अंजलि, नाजिया, सोनम, नेहा, पूनम, गुड़िया, ज्योति,एहतेशाम, आयशा, अरीशा, सानिया, अरसी, हबीबा, जिनत , पूजा, संदली, पुष्पा, निशा, जैनाब, ऋतु,विजेता,ज्योति राज, अनामिका, उमा, ज्योति आदि मौजूद थे इसके साथ–साथ पिडीलाइट के रितेश, सुनील अरोरा, अजमेर, गौरव, राज, रंजन आदि लोग मौजूद थे।

# घटे हुई तेज बारिश से पानी पानी हुआ भभुआ नगर

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिला मुख्यालय भभुआ नगर में गुरुवार की दोपहर में लगभग आधा घंटा तक काफी तेज बारिश हुई। बारिश का क्रम कुछ देर के लिए भी कम नहीं हुआ। 12:30 बजे जो बारिश शुरू हुई वह एक बजे तक एक क्रम से होती रही। इसके चलते लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। नगर के लोगों ने भी यह माना कि जून व जुलाई में गुरुवार को सबसे अच्छी बारिश हुई है। हालांकि बारिश के बाद भभुआ नगर पूरी तरह पानी–पानी हो गया। नगर का ऐसा कोई जगह नहीं दिखा, जहां जलजमाव न हो। सड़क किनारे स्थित दुकानों में पानी प्रवेश कर गया। जिस समय बारिश खत्म हुई उसी समय कुछ विद्यालयों में छुट्टी हो गई। ऐसे में उन विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को जलजमाव से होकर ही घर जाना पड़ा। जबकि वाहन से आने–जाने वाले लोगों को भी जलजमाव को पार करना पड़ा। नगर के एकता चौक से लेकर खादी भंडार गली के सामने तक इतना अधिक जलजमाव हो गया कि कई दो पहिया वाहन बंद हो गए। इसके बाद उसके चालक बाइक को धकेल कर जलजमाव को पार किए। जबकि पैदल आने–जाने वाले लोग मुख्य नाला व डायवर्सन पर चढ़ कर पार हुए। बारिश होने के चलते सदर अस्पताल परिसर, वार्ड सात में स्थित प्रखंड कार्यालय व पुलिस लाइन जाने वाले रास्ते, वार्ड



नंबर 11 में जाने वाले रास्ते, सब्जी मंडी रोड, चमन लाल पोखरा के पास आदि कई जगहों पर जलजमाव देखने को मिला। बारिश खत्म होने के लगभग आधा घंटा के बाद जब पानी मुख्य नाला से धीरे–धीरे निकला तब जलजमाव खत्म हुआ। इसके बाद लोगों को आने–जाने में सहूलियत हुई।

## मानव व्यापार रोकथाम हेतु रक्सौल में जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, जागरूकता रथ को किया गया रवाना

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वीचंपारण) रक्सौल। रक्सौल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मानव व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर एसएसबी 47 वीं बटालियन कमांडेंट विकास कुमार ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी के जागृति रथ को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों में जाने के लिए रवाना किया. इस दरम्यान मौके पर कमांडेंट विकास कुमार ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मानव तस्करी एक घिनौना ,संगठित एवं सुनियोजित अपराध हैं. इससे जनसमुदाय के सहयोग से हम सबको मिलकर निपटना होगा. वही जागरूकता रात रक्सौल के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे जहां कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन परियोजना के तहत प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी 47 वीं बटालियन पंटोका) एवं चाइल्ड लाइन सब सेंटर रक्सौल के द्वारा मानव व्यापार, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल व्यापार ,बाल श्रम रोकथाम हेतु सघन जागरूकता अभियान चलाया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि मानव व्यापार एक बहुत बड़ा घिनौना अपराध है, जो एक मनुष्य को दूसरे मनुष्य के द्वारा खरीद कर बिक्री की जा रही है. इसे रोकने के लिए समय–समय पर वेश्यावृत्ति जैसे घिनौना कार्य में लगाया जा रहा है. हमारे जागरूक होने से बहुत सारी लड़कियों को इस दलदल में जाने से पहले हम लोग के द्वारा मुक्त कराया गया है. प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की परामर्श दात्री श्रीमती आरती कुमारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं कि मानव व्यापार भारतीय समाज के लिए कलंक है जो धीरे–धीरे दीमक की तरह हमारे समाज को खोखला कर रहा है. इसे रोकने के लिए समाज के सभी वर्गों के प्रबुद्ध लोगों को एकजुट होकर आगे आना होगा. इस अपराध में बच्चों से लेकर मुझे तक का व्यापार हो रहा है जो गंभीर विषय है. ज्यादातर नाबालिंग बच्चें व बच्चियां इस अपराध का शिकार बन रहे हैं. ऐसे बच्चियों को बहला–फुसलाकर लीजा कर उनके साथ लैंगिक उत्पीड़न किया जा रहा है उन्होंने उपस्थित जनमानस से अपील किया कि ऐसी कोई घटना के आसपास घटित होने पर इसकी सूचना 1098 के माध्यम से देकर इस अपराध को रोकने मेंआप सहयोग कर सकते हैं. वही दूसरी ओर एंटी ह्यूमन ट्रैफीकिंग यूनिट के सब इंस्पेक्टर नेहा सिंह, रामकुमार कल्पना बाजपेई व मोनिका आदि ने जागरूकता रथ के साथ पंटोका ग्राम वासियों को जागरूक किया . इसके अलावा जागरूकता रथ इंडो नेपाल सीमा क्षेत्र एवं रक्सौल रेलवे स्टेशन पर भी पहुंची , जहां मानव व्यापार एवं बाल मजदूरी



जागरूकता कार्यक्रम की जा रही है , जिससे लोग जागरूक हो सके एवं इस अपराध पर नियंत्रण किया जा सके. इस अपराध को रोकने के लिए हम सभी लोगों को सामने आकर यथासंभव प्रयास करना होगा. प्रायः देखने को मिल रहा हैं कि नेपाली नाबालिंग लड़कियों को बहला फुसलाकर भारत में लाया जा रहा है एवं उसे बड़े बड़े नगरों में ले जाकर रोकथाम हेतु उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया. प्रथमकार्यक्रम में प्रयास संस्था के कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता, राजकीय रेल पुलिस रक्सौल थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, रक्सौल रेलवे सुरक्षा बल संतोष कुमार, स्वच्छ संथा रक्सौल के रंजीत कुमार सिंह, प्लान इंडिया के राम जन्म कुमार व उनके टीम के सदस्य अनुपस्थित थें।

# प्लास्टिक टाई टर्नर विशेष कैंप के समापन समारोह का उदघाटन हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज सीवान। प्लास्टिक टाई टर्नर विशेष कैंप के समापन समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य डी ए वी कालेज अजय पड़ीत विशिष्ट अतिथि जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड सीवान अभिषेक कुमार सिंह और राजा सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो अरुण कुमार सिन्हा ने पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत करते हुए अपने संबोधन में स्काउट गाइड के सभी स्तरों को बिस्तार से बताया और इसकी सेवा ,देश के प्रति कर्तव्य,आपदा और विषम परिस्थितियों में लोगो को सहयोग करने के साथ,भारत स्काउट और गाइड के प्रमाण पत्र कोटा से मिलने वाली नौकरियों और नामांकन में मिलने वाले अधिभार अंको की भी चर्चा की।उन्होंने राष्ट्रपति और राज्य पुरस्कार से प्राप्त गौरव को भी रेखांकित किया।जिला संगठन आयुक्त श्री भानु प्रताप ओझा के द्वारा मुख्य अतिथि को स्कार्फ प्रदान किया गया।जिला संगठन आयुक्त गाइड स्मृति के द्वारा सभी मौजूद प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर को स्कार्फ प्रदान किया गया।रेंजर लीडर राजा सिंह महाविद्यालय सहायक प्रोफेसर सुनीता ने प्लास्टिक के दुषपरिणामों से सबको अवगत कराते हुए इसको कैसे धीरे धीरे अपने जीवन से हटाया जाय इस पर चर्चा किया और जुट एवम कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने का अपील किया।रोवर रेंजर ने एक नुकड़ ष्छुट्टी हो गईश द्वारा प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को चिन्हित किया जिसमें लालशा,अपराजिता, करिश्मा, प्रियांशु,प्रिया, चांद ज्योति सलोनी,काजल,अकांछा,पायल,रोवर नितेश तिवारी,विनोद, ने भाग लिया। इसके इस्तेमाल नहीं करने के पक्ष विपक्ष में सत्यम और चांद ज्योति ने अपना तर्क दिया और पॉलिथीन को घरों से दूर करने की अपील की।जिला मुख्य आयुक्त अभिषेक कुमार ने पॉलिथीन के वस्तुओं का उपयोग नहीं करने और झोला लेकर बाजार जाने के लिए आदत डालने की अपील की और सभी से 2025 तक प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की बात कही।मुख्य अतिथि डॉ अजय पंडित ने स्काउट गाइड को नवयुवक युवतियों के सर्वांगीण विकास कि चर्चा करते हुए इसे राष्ट्र सेवा एवम



समाज सेवा का माध्यम बताया।उन्होंने प्लास्टिक से स्वयं को मुक्त करने के लिए सभी को प्रेरित किया और इस कार्य है आयोजन हेतु रोवर ,रेंजर महाविद्यालय परिवार और भारत स्काउट और गाइड सीवान को साधुवाद दिया।संगठन आयुक्त गाइड स्मृति ने दीप से दीप जले गीत को सुनाया। सुबह झंडोतोलन प्रो मनोज कुमार द्वारा किया गया जिन्हें स्काउट चीफ द्वारा स्कार्फ प्रदान किया गया।रोवर रेंजर ने महाविद्यालय से दो बोरी प्लास्टिक चुन कर अभियान चलाई।

इनको सअंबोधित करते हुए रोवर लीडर ड्रा ऋतु राज ने प्लास्टिक से होने वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए जलीय,जीव जंतु और अन्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को समझाया। अंत में महाविद्यालय के सहायक प्रो विहग जी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डी ओ सी स्काउट ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर श्याम कुमार को भी स्कार्फ दिया गया जो स्वयं भी प्लास्टिक वॉरियर है , शैलेश कुमार ,डॉ श्याम शंकर प्रसाद अमीदा जी बोलेंदर कुमार अगम आदि सभी प्रोफेसर गण ,गोलूकुमार,अमरजीत कुमार आदि एवम सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बखार चंडीहा में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का हुई बैठक



दैनिक अयोधया टाइम्स संवाददाता उत्कर्ष सिंह मोनू की रिपोर्ट शिवहर। जिला बाल संरक्षण इकाई के निर्देशानुसार पुरनहिया प्रखंड के बखार चंडीहा पंचायत के मुखिया –दीपा कुमारी ठाकुर के अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के पुनर्गठन के लिए बैठक की गई। जिसमें बाल संरक्षण के मुद्दों के बारे में बात किया गया । जैसे– 1–बाल विवाह 2–बाल श्रम, 3–बाल तश्करी 4–बाल कल्याण समिति, 5–किशोर न्याय परिषद , 6–स्पॉन्सरशिप योजना,7–परवरिश योजना 8–चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 9– महिला हेल्प लाइन नंबर 181, 10–स्कूल से बाहर बच्चों को स्कूल से जोड़ने जैसे विषयों पर मीटिंग के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन यूनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रथम के सहयोग से किया गया। बैठक के माध्यम से प्रथम संस्था के जिला समन्वयक रामशंकर के द्वारा समिति के ढांचा जिसमे जिला स्तरीय , प्रखंड स्तरीय, पंचायत स्तरीय और वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के बारे में जानकारी दी गयी गठन के उद्देश्य और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सभी बाल संरक्षण के मुद्दों पर चर्चा किया गया। जिसमे बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी को रोक कर बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें स्कूल में नियमित भेजने ,उनका नियमित टीकाकरण, सामाजिक सुरक्षा योजना एवं उन्हें शोषण से सुरक्षा दिलाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा किया गया। साथ ही साथ बच्चों और सभी जनप्रतिनिधियों को किसी भी बच्चे की मदद के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर फोन करके उनकी सहायता करने की जानकारी दी गयी ।बच्चों के खिलाफ हिंसा, नशा रोकथाम आदि पर प्रकाश डाला गया।

मौके पर पंचायत के मुखिया जी जो कि पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष दीपा कुमारी ने बच्चों को बाल अधिकार साथ ही बच्चों की बेहतर शिक्षा, सुरक्षा, बाल श्रम ,बाल विवाह की रोकथाम के विषय पर अभिभावकों एवं बच्चों की भी जागरूक किया। मौके पर उपस्थित मुखिया–दीपा कुमारी ठाकुर,उप–मुखिया,महिला पर्यवेक्षिका,CCHT के मेम्बर–श्याम विनय सिंह,सरपंच, वार्ड सदस्य, प्रथम प्रखंड समन्वयक–अनिल कुमार, जीविका, आशा , मिनामंच और बाल संसद ,स्कूल भ्ड और ग्रामीण मौजूद हुई।

# भाजपा का शक्तिप्रदर्शन, भगवा रंग में रंगी राजधानी, हाथी-घोड़े संग शुरू हुआ नड्डा का रोड शो

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह आप सभी को इस संदर्भ में बता दिया जाए कि संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकरिणी की बैठक को लेकर पटना में भाजपा ने भगवा रंग में रंग दिया है. पटना में पार्टी ने लाखों झंडे पोस्टर लगाकर अपनी शक्ति प्रदर्शन का जबरदस्त अहसास कराया है. नड्डा ने अपने रोड शो की शुरूआत पटना हाई कोर्ट के पास डॉ बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू की जेपी नड्डा के रोड शो काफिला को भव्य बनाने के लिए भाजपा ने जोरदार तैयरी की है. इसके लिए भाजपा ने एक विशेष रथ बनाया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नड्डा की तस्वीर है. इसे भाजपा के चिन्ह कमल के साथ खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। पार्टी नेताओं का दावा है कि रोड शो में करीब 3000 से ज्यादा बाइक सवार शामिल हो रहे हैं. इसके लिए पुरे रस्ते में भव्य स्वागत की व्यवस्था की गई है। वहीं इस कार्यक्रम को भव्य को सफल बनाने के लिए भाजपा के प्रत्येक नेता को जिम्मेदारी सौंपी गई है. पार्टी के कई वरीय नेता अपने अपने समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे हुए हैं. वे पूरे रोड शो के मार्ग में अपने नेता के स्वागत में बैनर पोस्टर लगाए हुए हैं. साथ ही जगह जगह नड्डा के स्वागत के लिए तोरण द्वार भी लगाया गयाहै. नड्डा के स्वागत में न सिर्फ पार्टी कार्यकर्ता सडकों पर जमे हैं बल्कि वही आप सभी इस जानकारी इस अवगत करा दिया जाए कि इस दौरान बिहार की लोक संस्कृति को भी दर्शाने की कोशिश की गई है. बिहार के लोक कलाकारों का बड़ा दस्ता भी सड़क पर है जो




ढोल–नगारों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में उत्साह से जुटे हैं. वहीं मुख्य कार्यक्रम स्थल होटल मौर्य को भी भव्यता पूर्वक सजाया गया है. यहां पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं के साथ ही पीएम मोदी और जेपी नड्डा की बड़ी बड़ी तस्वीरें लगाई गई हैं।

# जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के मद्देनजर समीक्षात्मक बैठक की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

श्रावणी मेला के अंतर्गत तीसरी सोमवारी को देखते हुए आज जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के मद्देनजर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ,अपर समाहर्ता संजीव कुमार ,अपर समाहर्ता डॉ अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी, डीएसपी मुख्यालय डीएसपी टाउन सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी एवं संबंधित थानों के थाना प्रभारी एवं पूर्व वार्ड पार्षद के पी पप्पू तथा बाबा गरीब नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी विनय पाठक उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से तीसरी सोमवारी में श्रद्धालुओ की अत्यधिक भीड की संभावना के मद्देनजर व्यवस्था को और चुस्त–दुरुस्त करने को लेकर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिस पर अमल करने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। केपी पप्पू एवं श्री विनय पाठक के द्वारा भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कुछ महत्वपूर्ण जगहों पर दंडाधिकारियों की संख्या बढ़ाने और पुलिस बलों की संख्या बढ़ाने की भी बात कही गई।साथ ही भीड़ नियंत्रण को लेकर व्यवस्था को और चुस्त–दुरुस्त करने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए।

# समस्तीपुर मथुरापुर स्थित मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा छः दिवसीय कार्यक्रम शनिवार को हुआ समापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा में स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर समस्तीपुर मथुरापुर स्थित मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा छः दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25 जुलाई से 30 जुलाई तक भाषण, क्वीज, निबंधन, वाद–विवाद, पोस्टरध् पेंटिंग, रंगोली, खेल–कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इसके बाद शनिवार को इस कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा रंगा–रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा प्रतियोगिता में सफल छात्र–छात्राओं के बीच पारितोषिक वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख अतिथि महाविद्यालय के चेयरमैन मो० अबू तमीम थे। अपने अतिथिय भाषण में उन्होंने मिथिला विश्वविद्यालय के पचास वर्षों के गौरवान्वित इतिहास का वर्णन किया था तथा कहा कि हमारा महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय की सम्बद्ध इकाई है यह हमारे लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने अध्यापकों का भी आह्वाहन किया कि वे छात्र–छात्राओं को बेहतर और कुशल बनाने में अपना योगदान देते रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव मो. अबू सईद ने कहा कि छात्र–छात्राओं को अपनी प्रतिभा को अधिक से अधिक प्रदर्शित करने का प्रयास करना चाहिए। अंत में प्राचार्य डॉ. अंजुम वारिस के धन्यवाद् ज्ञापन पर समारोह के समापन की घोषणा की गयी। कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापक अशोक कुमार अकेला, प्रतिभा राय, दिलनशीं फातमा, सविता कुमारी, सेराज अहमद, रंजना कुमारी, संगीता कुमारी, विनीत कुमार, बीना कुमारी, संतोष



कुमार, जितेन्द्र कुमार, अवधेश कुमार, रंजन कुमार, राम शंकर राय, मो० जुल्फिकार आलम, रुखशिन्दा यासमीन, कामिनी जायसवाल, प्रमोद कुमार, मो. महफूज आलम, मो. अफजल, संजीत कुमार उपस्थित रहे। वहीं छात्र–छात्राओं में विनर ग्रुप में कुमारी निशा, आरती कुमारी, प्रिय रानी, संदीप कुमार, अभिषेक कुमार राज, काशु कुमारी, प्रिया भारती, सुचिता कुमारी, अमरिन तमन्ना, सुरभि कुमारी, विकास कुमार, कृष्णा कुमार तथा रनर ग्रुप छात्र–छात्राओं में लाल बाबू यादव, मो. आमिर रजा, कुनाल कुमार, मनीष कुमार, रौशन जहाँ, रूपक कुमार, सुभम कुमार, रानी कुमारी, गुलशन कुमार, संजय कुमार, अभिषेक भारती, अभिनाश कुमार रंजन, मनीष कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जिले में पर्याप्त माला में उर्वरक उपलब्ध है जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी पर निगरानी रखी जा रही है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी पर निगरानी रखी जा रही है। उर्वरक अधिकृत विक्रेता से बैग पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य पर पॉस बायोमेट्रिक से ही क्रय किया जायेगा एवं बिक्री रसीद दिया जायेगा। सभी प्रखंडों में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है बैरगनिया 0.225, बाजपट्टी 60.12, बथनाहा 12.167, बेलसंड, 2.79 बोखरा 18.45, चोरौत 127.125, डुमरा 50.67, मेजरगंज 3.92, नानपुर 113.895, परिहार 62.325 परसौनी 24.919, पुपरी 191.565, रीगा 0.05, रुनीसैदपुर 120.86 सोनबरसा 27.844, सुप्पी 9.135, सुरसंड 211.815. कुल 1037.870 टन उर्वरक जिले में उपलब्ध है। किसी भी आम जनता को उर्वरक मिलने में परेशानी या कठिनाई हो रही है तो पैनिक ना हो। उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनिमियता की




शिकायत मिलती है तो जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 06526 250316 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। या उर्वरक वितरण में अनियमितता और निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की शिकायत दूरभाष संख्या–0612–2233555 पर प्रतिदिनः सुबह 10:00 बजे से 6रू00 बजे तक। डी.ए.पी. का निर्धारित मूल्य–1350 रुपये प्रति बोरा (50 किलोग्राम) यूरिया का निर्धारित मूल्य–266.50 प्रति बोरा (45 किलोग्राम)।

## मशरक में बाइक दुर्घटना में महिला घायल, सदर अस्पताल छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक तरैया शीतलपुर एस एच 73 पर मशरक थाना क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास शनिवार को बाइक दुर्घटना में एक महिला घायल गंभीर रूप से घायल हालत में ग्रामीण द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराई गयी। जहां घायल महिला की पहचान मगुरहा गांव निवासी टुनटुन सिंह की 25 वर्षीय पत्नी नीलू देवी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया और प्राथमिक उपचार के बाद सर पर लगे गहरे जख्म की वजह से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल महिला ने बताया कि वो मशरक बाजार देवघर जाने के लिए कपड़ा खरीदने आई थी तब तक बाइक अनियंत्रित होकर गयी जिसमें महिला गिर गंभीर रूप से घायल हो गई।



## मानसी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर मिट्टी से बने सामग्री स्टॉल का शुभारंभ

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स

अब एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत मानसी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिट्टी के बने हुए बर्तन मिलेंगे । शुरुआत मानसी रेलवे स्टेशन मास्टर अनिल कुमार मंडल सहित अन्य अधिकारियों ने किया है। यहां पर मिट्टी से बने उत्पाद बेचे जा रहे हैं ।इसमें काले चिकनी मिट्टी से बने बर्तन सहित अन्य मिट्टी से जुड़े अन्य सामान तैयार किए गए हैं ।जिनकी मांग पूरे देश में है ।मिट्टी के गमले ,कटोरी, लालटेन, दिए ,मटकिया सहित अनेक सामग्रियां उपलब्ध हैं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि इस रेलवे स्टेशन पर रोजाना बड़ी संख्या में दिल्ली, मुंबई ,कोलकाता ,कटिहार सहित अन्य जगहों का यात्रा करते हैं ऐसे में यात्रियों मिट्टी के बर्तन यहां से खरीद सकते हैं। मौके पर नंदलाल मंडल ,मनोज कुमार, गोपाल कुमार चंद्रवंशी ,सुभाष पंडित सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहाड़पुर मंडल अंतर्गत युवा संवाद व सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम की बैठक

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स अरेराज पूर्वी चंपारण बिहार

भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहाड़पुर मंडल अंतर्गत युवा संवाद व सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम की बैठक में 2 दिवसीय प्रवास पर गोविंदगंज विधानसभा में आए युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री व महाराष्ट्र के प्रभारी श्री गौरव गौतम जी, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्री अभिषेक दूबे जी, क्षेत्रीय प्रभारी श्री चरणदास जी के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गोबिंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी जी ,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री रविरंजन जी, महामंत्री श्री बब्लू पासवान जी, जिला महामंत्री श्री विवेकानन्द पांडे जी, उपाध्यक्ष श्री अनिल राय जी, युवा मोर्चा के जिला मंत्री हेमंत मणि तिवारी जी, नितेश जी, श्री संजय पांडे जी, पहाड़पुर मंडल अध्यक्ष श्री अमरेन्द्र ठाकुर जी, आनंदी कुशवाहा जी, ईश्वरचंद सिंह जी, राजीव शुक्ला जी सहित अन्य युवा मोर्चा के कर्मठ व जुझारू कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिला के मोहनपुर पंचायत में लाभार्थी जनसंपर्क सह जनप्रतिनिधि संपर्क एवं सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राज किशोर सिंह एवं मंच संचालन भाजपा जिला मंत्री संजीव भगत के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम संबोधित करते हुए बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ.आलोक रंजन के के द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीबों–किसानों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को विस्तार पूर्वक लोगों के बीच रखा एवं भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए कहा गया। इस सभा में पश्चिम बंगाल से चलकर भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के महामंत्री अरुण मंडल ने अपनी बात को रखते कहा हमारी सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है और आप लोग आने वाले दिन में बिहार में स्वतंत्र रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को पूर्ण बहुमत दें ताकि हम स्वतंत्र रूप से गरीबों के लिए काम कर सकें और ज्यादा से ज्यादा सदस्यता ग्रहण करें। इस सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के कि मंत्री जीवन सिंह ( मणिपुर) ने लोगों को कहा कि आप लोग आने वाले 2024 में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को एक–एक वोट अपना दें ताकि हम गरीबों के लिए सही ढंग से काम सके इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने भी अपनी बातों को रखते हुए लोगों को मजबूती के साथ सदस्यता अभियान में भाग लेने को कहा गया और भारतीय जनता पार्टी किस से कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया। इस सभा में भाजपा के कई नेताओं ने अपनी सहभागिता प्रस्तुत की जिसमें पूर्व जिला परिषद रितेश रंजन अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष संतोष पासवान किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह आदि नेताओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़के हिस्सा लिया। वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहनपुर पंचायत के वर्तमान मुखिया संजीव कुमार जयसवाल ने अहम भूमिका निभाई। इसके लिए मोहनपुर पंचायत के वर्तमान मुखिया संजीव कुमार जयसवाल को बिहार सरकार की कला एवं संस्कृति मंत्री आलोक रंजन ने बधाई देते हुए कहा आप जैसे कार्यकर्ताओं की बदौलत भारतीय जनता पार्टी आज गरीबों एवं किसानों की कल्याण करने में सफल हो पा रही है आपको पूरे भारतीय जनता पार्टी की ओर से मैं बधाई देता हूं।



## ट्रांसपोर्ट गुड्स कैरियर इंप्लाइज यूनियन टीईयू के बैनर तले बिहार इंटर के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह के निर्देशानुसार आज बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जिला इंटक के स्वास्थ्य मामलों के जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के बरौली प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र तिवारी ने की

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
बरौली के पेट बिरैचा बाजार में ट्रांसपोर्ट गुड्स कैरियर इंप्लाइज यूनियन टीईयू के बैनर तले बिहार इंटर के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह के निर्देशानुसार आज बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जिला इंटक के स्वास्थ्य मामलों के जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के बरौली प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र तिवारी ने की।
बैठक में मजदूरों के निम्न समस्याओं के ऊपर चर्चा हुई तथा मुख्यमंत्री से मजदूर हित में निम्न मांगे रखी जाने की बात हुई।
कांग्रेस ने अपनी मांगों में पहली मांग सभी मजदूरों कामगारों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाए दूसरी मांग सभी मजदूरों कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत भविष्य निधि और एएसआई अथवा चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की जाए तीसरी मांग सभी मजदूरों कामगारों को नियोजन पत्र एवं पहचान पत्र दिया जाए चौथी मांग सभी मजदूरों कामगारों के पारिश्रमिक अथवा वेतन का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाए पांचवी मांग सभी मजदूरों कामगारों के लिए कार्य स्थल पर पेयजल शौचालय खाना खाने की सुविधा एवं रेस्ट रूम आदि की व्यवस्था की जाए।



बैठक में मनीर आलम आमिर हुसैन अनवर अली नबी मियां जुनाली अफजल हुसैन मुजीब मियां मोहमदिन से भी रोज मोहमद भूलन चौधरी उमेश यादव ताजमहल अंसारी जावेद अख्तर सैफी सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## स्टेट बैंक से जाली हस्ताक्षर कर पैसे निकालते समय एक व्यक्तिपकड़ा गया

सालनपुर। विभिन्न बैंकों में ग्राहकों के फर्जी हस्ताक्षर कर लंबे समय तक की ठगी, आखिरकार जालसाज पुलिस के जाल में फंस गया।

शनिवार को एक व्यक्ति फर्जी हस्ताक्षर कर पैसे निकालने के लिए सालनपुर थाना के रूपनारायणपुर फांड़ी अंतर्गत स्टेट बैंक की शाखा में गया। मालूम हो कि उस शख्स का नाम मनोरंजन नाइक है। घटना के बारे में ज्ञात हुआ है कि शनिवार की सुबह करीब 11 बजे वह व्यक्ति रूपनारायणपुर स्टेट बैंक शाखा में एक अन्य व्यक्ति के पासबुक पर अपनी तस्वीर के साथ पैसे निकालने के लिए बैंक आया था। उस शख्स ने करीब 40 हजार रुपये भी निकाल लिए लेकिन बाद में बैंक स्टाफ ने देखा कि फोटो बैंक की पासबुक में नाम से मेल नहीं खाता। फिर उसे पैसे देने से पहले बैंक मैनेजर के पास जाने को कहा। लेकिन वह व्यक्ति समझ गया और बैंक से भागने की कोशिश की। बैंक के कर्मचारी और बैंक में ड्यूटी पर दो सिविक जवान, एसके अबुबक्कर और शेख सुल्तान ने दौड़कर उस व्यक्ति को पकड़ लिया और रूपनारायणपुर फांड़ी पुलिस के हवाले कर दिया गया। बैंक मैनेजर ने बताया कि मनोरंजन नाइक व्यक्ति लंबे समय से बैंक से धोखाधड़ी कर रहा था। मालूम हो कि इससे पहले वह चित्तरंजन, पनुरिया, भातर समेत विभिन्न इलाकों में बैंकों से पैसे निकाला था। हालांकि, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है कि क्या उसके साथ इस धोखाधड़ी के चक्र में कोई और भी शामिल तो नही है।



## मशरुम कल्टिवेशन ट्रेनिंग केम्प के सदस्यों को प्रमाणपत्र दिया गया

नियामतपुर। कुल्टी अंतर्गत राधानगर श्री गणिनाथ आश्रम में शुक्रवार की संध्या सेल आइएसपी सीएसआर के अधिकारियों द्वारा गणिनाथ आश्रम में मशरुम कल्टिवेशन ट्रेनिंग केम्प के सदस्यों को प्रमाणपत्र सह खुबसूरत उपहार और मिष्ठान्न वितरण किया। सेल के सिनियर मैनेजर दिनेश कुमार शर्मा जी, साव जी, सुदेष्णा मेडम, सामयिकता मठ के विश्वजीत मंडल, ट्रेनर अभिजीत सर और बरेन माजी को संस्था के महिला सदस्या शुश्री रीना साव ने चंदन तिलक लगाकर सम्मानित किया। वहीं श्रीमती रानी बाला गुप्ता ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल गुप्ता मध्यदेशीय ने पुष्पहार पहनाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। वरिष्ठ प्रबंधक दिनेश कुमार शर्मा ने कहा मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मेहनत से किया गया हर कार्यो में सफलता मिलती है। आपलोग मन लगाकर मशरुम का कार्य किजिए जरुर सफलता मिलेगी। मारकेटिंग भी किजिए। इसके बाद जो नयी योजना आने पर उसे आप सभी के लिए लाया जाएगा। मंच का कुशल संचालन निर्मल गुप्ता ने किया। सेल अधिकारी ने सभी सदस्यों से मशरुम से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संदीप गुप्ता बामनडिहा, निर्मल गुप्ता मध्यदेशीय, रीना साव, रानी बाला गुप्ता ,सुनील भर और जितन साव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## श्री गणिनाथ आश्रम में लगी निःशुल्क मेडिकल कैम्प

कुल्टी। कुल्टी अंतर्गत राधानगर स्थित श्री गणिनाथ आश्रम में सीएसआर के पहल पर सेल आइएसपी के तरफ से निशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें 104 मरीजों ने जांच कराकर निशुल्क दवाईयाँ प्राप्त किया। कोरोना काल के बाद काफी दिनों बाद मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसका लाभ सभी लोगों ने उठाया। सेल से आए मेडिकल टीम में डॉक्टर अबुल साहब और डॉक्टर एस. किस्कू के अलावा निरंजन किस्कू, रंजु देवी,महुआ आचार्जी,गगन मंडल प्रदीप हेंब्रम और गणेश मंडल ने सेवा प्रदान किया। विदित हो की सेल के सहयोग से आसनसोल मध्यदेशीय वैश्य सभा ट्रस्ट पिछले तीन वर्षो से निशुल्क स्वास्थय शिविर लगाते आए हैं। संस्था के तरफ से अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता, संरक्षक भोला प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष निर्मल गुप्ता मध्यदेशीय, युवासंघ अध्यक्ष सुदर्शन गुप्ता,चंदा साव,पवन साव राधानगर, सुनील साव, प्रकाश गुप्ता, रीना साव,प्रिया केवडा और सोमा सरकार उपस्थित होकर सेवा प्रदान किया।



## सीतामढ़ी जिला हेतु पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा अनुशंसित 109 पंचायत सचिव को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया







(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं उप विकास आयुक्त विनय कुमार के द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार पटना के द्वारा प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2014 में सफल अभ्यर्थियों को पंचायत सचिव के पद पर सीतामढ़ी जिला हेतु पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा अनुशंसित 109 पंचायत सचिव को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया।
'जिला पंचायती राज विभाग, सीतामढ़ी के तत्वधान में विभागीय सभी प्रावधानों का अनुपालन करते हुए समर्पित सभी प्रमाण पत्रों की जांचोंपरांत एवं प्राप्त शपथ पत्र के आधार पर सभी सफल अभ्यर्थियों को पंचायत सचिव के पद पर औपबंधिक नियुक्ति पत्र निर्गत दिया गया है।
'उप विकास आयुक्त विनय कुमार ने नवनियुक्त पंचायत सचिवों को पंचायत के विकास हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करने को कहा, ग्राम पंचायतों में प्राप्त राशि को ग्राम सभा के तहत ही खर्च किया जाता है जिसे लेकर विशेष रुप से जानकारी दी, पंचायत स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन करना होगा। जिसे लेकर आपको प्रशिक्षण भी दिया जाएगा अपनी जिम्मेवारी पर आप खरे उतरे। वही जिला पदाधिकारी द्वारा नवनियुक्त पंचायत सचिवों को उत्साहवर्धन करते हुए नियुक्ति हेतु हार्दिक बधाई दी गयी। साथ ही उन्होंने कहा कि आपका काम ही आपको पहचान देगा वर्तमान में पंचायत सचिवों की संख्या काफी कम होने से सरकार की विकासात्मक योजनाओं को पूरा करने में कमी रहती थी। आप की नियुक्ति से सरकार की पंचायत स्तरीय योजनाओं को सफल बनाया जा सकता है आप सभी की जिम्मेदारी पंचायत में बहुत ही महत्वपूर्ण है।
ग्राम सभा के अनुमोदन के बाद ही धरातल पर काम होता है। अपने प्रशिक्षण को गंभीरता से लें ताकि अपने कार्यों को धरातल पर सही से कर सके। आप अपने कार्यों को सजगता एवं सहजता से करें किसी के बहकावे में नहीं आए। वित्तीय नियम एवं पंचायती राज एक्ट को अच्छे से समीक्षा कर ले। तकनीकी युग में व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर कार्यों की समीक्षा करें। कार्यों का निष्पादन सही ढंग से करें। जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करें नियमों की जानकारी रखें।
जनता की अपेक्षाओं को पूरा करें जिससे पंचायत से लेकर जिले तक का विकास हो। सरकार की सभी योजनाओं में पंचायत सचिव की भूमिका रहती हैं। अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वाहन ससमय करना सुनिश्चित करें। सरकार के विकासात्मक कार्यों को गुणवत्तापूर्ण धरातल तक पहुंचाएं। समाज सुधार से संबंधित जितनी भी गतिविधियां है उनका जागरूकता करें। आपकी नौकरी से ही पंचायत, समाज के साथ–साथ आपके परिवार को अच्छे से चलाया जा सकता है। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सोनी कुमारी उपस्थित थी।

## एन.डी.राष्ट्रीय विदयालय के शिक्षक प्रभारी गिरीश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सामारोह

नियामतपुर। सीतारामपुर लोको स्थित एन.डी.राष्ट्रीय विदयालय के शिक्षक प्रभारी गिरीश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सामारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विदयालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की ओर से मानपत्र देकर सम्मानित किया गया।वही उपस्थित अतिथियों ने भी उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में शामिल पूर्व प्रधानाध्यापक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि गिरीश कुमार सिंह ने एक कुशल प्रशासक की भूमिका पालन किया है।छात्र छात्राओं के विकास में उनका अहम योगदान है।जिसे कभी भुलाया नही जा सकता है।पूर्व प्रधनाध्यापक आर. एन. पाण्डेय ने कहा कि गिरीश कुमार सिंह ने बीते 38 वर्षो से स्कूल के बच्चों को शिक्षा देने में लगे हुये है।उन्होंने अनुशासन को लेकर बच्चों पर अमिट छाप छोड़ा है।
नियामतपुर चेम्बर के सचिव गुरविंदर सिंह ने कहा कि विश्व के कई देशों में शिक्षक का स्थान वीआइपी का है।
शिक्षकों ने ही बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग किया।गिरीश कुमार सिंह ने तृणमूल शिक्षक संगठन के सदस्य के रूप में कार्य कर लोगों का दिल जीतने का काम किया है।उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है।इस अवसर पर नियामतपुर चेम्बर के अध्यक्ष अशोक सिंह,ज्योतिषाचार्य सदाशिव त्रिवेदी, सेवानिवृत्त शिक्षक नवीन सिंह, शैलेन्द्र सिंह,बैंक ऑफ इंडिया नियामतपुर शाखा प्रबंधक अमित कुमार,ब्रजराज सिंह,विनय कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में विदयालय के शिक्षकों ने भाग लिया।



## सीआईएल मुख्यालय राजर हाट कोलकाता में बीएमएस की महत्वपूर्ण बैठक



सीआईएल मुख्यालय राजर हाट कोलकाता में कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन जी के साथ अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष सह कोल इंडिया मुख्यालय के समन्वयक श्री जय नाथ चौबे एवं अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के संगठन मंत्री सह कोल इंडिया वेल्फेयर बोर्ड के सदस्य श्री अशोक मिश्रा के साथ कोल इंडिया आफिसेस कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री रंजीत कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष श्री रणधीर सिंह महामंत्री श्री देवाशीष राय संगठन मंत्री अशोक यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कोल इंडिया के कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं श्रम कल्याण से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई और समाधान के लिए दबाव बनाया गया। बैठक सार्थक एवं सौहार्दपूर्ण रही। वहीं दूसरी तरफ कोल इंडिया के निदेशक तकनीकी श्री बी वीरा रेड्डी जी के साथ सभी प्रतिनिधिमंडल के लोग मिले और खासतौर पर नार्थ ईस्ट कम्पनी (छम्) में अपने प्रवास के दौरान श्रम कल्याण की समस्याओं के निराकरण के लिए महत्वपूर्ण विचारों का आदान–प्रदान किया गया। साथ ही एक सर्वे रिपोर्ट लिखित रूप से निदेशक तकनीकी कोल इंडिया श्री बी वीरा रेड्डी जी को सौंपा गया जो अशोक मिश्रा के द्वारा अपने प्रवास के दौरान नार्थ ईस्ट कम्पनी के आन स्पाट जानकारी ली थी जिसकी विस्तृत जानकारी पत्र में उल्लेख किया गया है। बैठक काफी सकारात्मक रही।

## लापता व्यक्तिका बरामद हुआ सड़ा-गला शव, तीन गिरफ्तार

सालानपुर। सालानपुर थाना क्षेत्र के जेमहारी हाटतला निवाशी पांच दिनों से लापता 38 वर्षीय व्यक्ति राजेश बाउरी का सड़ा–गला शव पुलिस ने शुक्रवार की देर रात कालिपथर एनटीपीसी रोड पाइप लाइन के समीप काशीडांगा जंगल से मिट्टी के नीचे बोरे में बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार 25 जुलाई शाम 6 बजे से राजेश बाइक लेकर घर से जेमहारी गया और तभी से व्यक्ति का फोन बन्द एंव वह लापता था। 24 घण्टे बीतने के बाद परिजनों ने लापता होने की सूचना सालानपुर पुलिस को दी, काफी खोज बिन के बाद भी व्यक्ति का कोई सुराग ना मिला। व्यक्ति के पत्नी बन्दना बाउरी ने व्यक्ति के लापता होने की शिकायत सालानपुर थाना में दर्ज कराया एंव व्यक्ति के पुराने प्रेमिका थाना क्षेत्र के बनजेमिहारी भगराम निवाशी भादू बाउरी, बहन पदमाबती सोरेन और पति अमित बाउरी पर सन्देह जताया। पुलिस ने शुक्रवार को प्रेमी महिला समेत उसके बहन एंव पति से पूछताछ शुरू की, लम्बी पूछताछ के बाद मामले में नया रुख सामने आया, पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रेमिका ने पूरा जुर्म कबूल कर लिया। महिला ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात अल्लाडीह नर्सरी के समीप सुमसन सड़क पर व्यक्ति को बुला कर पहले लोहे की रोड से व्यक्ति के सर पर बार–बार हमला कर हत्या की उसके बाद उसे बोरे में डाल कर काशीडांगा के जंगल में लेजाकर मिट्टी के नीचे गढ़े में दफन कर दिया। एंव व्यक्ति के बाइक को अल्लाडीह नर्सरी के समीप ही परित्यक्त चाणक(कुएं) में फेंक दिया। आरोपियों की निशानदेही पर शुक्रवार देर रात पुलिस ने व्यक्ति के शव को जंगल मे मिट्टी के नीचे से बरामद किया एंव रात होने के कारण बाइक को बरामद नही कि जा सकी। बरामद शव को शनिवार सुबह जिला अस्पताल पोस्मार्टम के लिऐ भेज दिया। पुलिस ने सालानपुर थाना कांड संख्या 170ध्22, दिनांक 29.07.22 को दर्ज मामले में आईपीसी धारा —363ध365, 302, 201 एंव 34 के तहत आरोपी प्रेमिका भादू बाउरी उर्फ केटी, बहन पदमाबती सोरेन उर्फ तोला एंव पति अमित बाउरी को किडनेपिंग एंव हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर शनिवार सुबह आसनसोल न्यायालय को सुपुर्द कर आगे की जाँच के लिये आरोपियों की 10 दिनों की पुलिस हिरासत में रखने की अपील की है। अनुमान लगाया जा रहा है पुलिस आरोपियों की पुलिस हिरासत में लेकर पूरे घटना की बारीकी से जाँच कर आरोपियों के खिलाफ सबूतों को और भी पक्का करेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्याकांड में प्रेम–प्रशंग एंव जमीनी विवाद का मामला सामने आ रहा है, परिजनों के अनुसार आरोपी महिला का मृत व्यक्ति के साथ शादी से पहले प्रेम सम्बन्ध था। दोनों के अलग–अलग शादी होने के बाद सम्बन्ध टूट गया था, हालांकि कुछ दिनों पहले ही कुछ जमीनी एंव पैसों को लेकर हुये विवाद के बाद मृतक राजेश एंव भादू का पुनः सम्पर्क हुआ है, जिसके बाद व्यक्ति की हत्या सोच समझ कर दी गई है। परिजनों के अनुसार मृत राजेश ही घर का आय का स्रोत था, घर मे राजेश की माँ, पत्नी समेत तीन छोटे बच्चे है। राजेश के मृत्यु के बाद परिवार को आर्थिक रूप से अपंग हो गया है उनके सामने दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के संदर्भ में आसनसोल दुर्गापुर पुलिस डीसी वेस्ट अभिषेक मोदी ने कहा कि व्यक्ति के लापता होते ही पुलिस खोज में जुट गई थी, हालांकि परिजनों द्वारा तीन लोगों पर संदेह जताया गया था, जिनसे पूछताछ की गई, उन्होंने ने पूरा जुर्म कबूल कर लिया है। और शव बरामद कर लिया गया है, आरोपियों को न्यायालय को सुपुर्द कर आगे की जांच के लिये 10 दिनों की पुलिस हिरासत की अपील की गई है, आगे की जाँच की जा रही है। वही सालानपुर प्रखंड तृणमूल कांग्रेस महासचिव भोला सिंह ने कहा कि ऐसा जघन्य अपराध कभी नहीं होना चाहिए। हमारे विधायक एंव तृणमूल कांग्रेस मृतक के परिवार के साथ हैं। हम से जो हो सकेगा वह करेंगे।



## मुख्यमंत्री महिला उधमी योजना के तहत जिले के 44 महिला उधमियों को प्रथम किशत के रूप में चार-चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के तहत जिले के 44 महिला उद्यमियों को प्रथम किश्त के रूप में चार– चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जिला उद्योग केंद्र, मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आज समाहरणालय सभा कक्ष में ऋण स्वीकृति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के तहत जिले के 44 महिला उद्यमियों को प्रथम किश्त के रूप में चार लाख की ऋण स्वीकृति पत्र जिलाधिकारी के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ने महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'राज्य में महिलाओं में उधमिता ध्स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना की शुरुआत की गई है।उन्होंने कहा कि स्वरोजगार कर अपने पैर पर खड़ा होने की ललक निश्चित ही महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करेगा। उन्होंने सभी 44 महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह यह पता चलता है कि महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के साथ उद्यमी बनने के लिए भी जागरूक है। उन्होंने कहा कि एक सफल उद्यमी बनकर न केवल आप आत्मनिर्भर होंगे बल्कि अन्य दूसरे बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार दे पाएंगे। वही कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि 'रोजगार पाना और रोजगार सृजन करना दोनों में बहुत अंतर है। रोजगार सृजन कर अन्य लोगों को रोजगार प्रदान करना बहुत बड़ी बात मानी जाएगी। उन्होंने सभी महिला उद्यमियों को लघु उद्योगध् कुटीर उद्योग स्थापित करने की दिशा में सफलता प्राप्त करने की शुभकामना भी दी। वही जीएम उद्योग विभाग धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 'उक्त योजना के तहत युवा उद्यमी महिला उद्यमियों को 1000000 तक का ऋण प्रदान किया गया है जिसमें अधिकतम 500000 अनुदान है बाकी 500000 बिना व्याज का उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि सभी नव चयनित महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण भी जिला उद्योग केंद्र के द्वारा प्रदान कराया जाएगा। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, डीआरडीए निदेशक चंदन चौहान, एलडीएम मुजफ्फरपुर ,डीपीआरओ कमल सिंह ,वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार एवं प्रीति सिंह के साथ उद्योग विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह ने किया।



# संक्षिप्त समाचार

## जम्मू तवी कोलकाता ट्रैन में महिला ने एक बच्ची को दिया जन्म

आसनसोल। डाउन जम्मू तवी कोलकाता ट्रेन में उषा यादव नाम की महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। सूचना मिलते ही माँ और नवजात बच्ची को आसनसोल स्टेशन पर रेस्क्यू कर आसनसोल जिला अस्पताल भेजा गया।। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक यूपी की रहने वाली उषा यादव दुर्गापुर घर लौट रही थीं। और ट्रेन में प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और उषा यादव नाम की रेल यात्री ने एक बच्ची को जन्म दिया।



## बराबनी पुलिस ने चोरी का मोबाइल फोन बरामद कर लौटाया

बाराबनी। बाराबनी थाने में आज एक समारोह आयोजित किया गया



जहां बाराबनी क्षेत्र के गुम हुए या चोरी हुए मोबाइल उनके मालिकों को वापस कर दिए गए। लंबे इंतजार के बाद इलाके के लोगों को उनका खोया मोबाइल वापस मिल गया। मोबाइल वापस मिलने से सभी बेहद खुश हैं। नवमिता मुखर्जी ने कहा कि मोबाइल फोन चोरी होने के बाद उन्होंने बाराबनी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। और आज उसे उसका खोया मोबाइल वापस मिला। इस अवसर पर आसनसोल दुर्गापुर पुलिस आयुक्त के सहायक पुलिस आयुक्त प्रतीक राय, अंचल निरीक्षक हीरापुर बाराबनी शिवनाथ पाल, थाना प्रभारी मनोरंजन मंडल के अलावा बाराबनी थाने के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक का उपयोग हानिकारक

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल) सुपौल। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर नवोदय फ्रेंड्स ऑफ एनवायरमेंट सुपौल के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय सुपौल परिसर में एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग ना करने हेतु सामूहिक प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया गया । इस प्रतिज्ञा सभा में स्कूल के बच्चों, शिक्षकों एवं नवोदय विद्यालय सुपौल के एलुमिनी एवं अलग–अलग एनजीओ के सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। सभी ने एक साथ एकल





उपयोग के प्लास्टिक को उपयोग में ना लाने का संयुक्त प्रतिज्ञा लिया तथा अपने पर्यावरण को संरक्षण करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। नवोदय फ्रेंड्स ऑफ एनवायरमेंट के संयोजक गुणसागर साहू ने बताया कि प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट दोनों तरीकों से प्रभावित करता है । प्लास्टिक सदियों तक डीकंपोज नहीं होता है और इससे वॉटर पॉल्यूशन, एयर पॉल्यूशन और सॉइल पॉल्यूशन होता है। इसकी वजह से लोगों को कई तरह की परेशानियों का शिकार होना पड़ता है। बड़ी मात्रा में प्लास्टिक समुद्र में पहुंच जाती है और समुद्र के जीव जंतु प्लास्टिक निगल लेते हैं। समुद्र से निकाली गई मछलियों और अन्य सीफूड को खाने से प्लास्टिक के टुकड़े इंसानों के पेट तक पहुंच सकते हैं और आंतों में ब्लॉकेज पैदा कर सकते हैं। इसलिए प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। प्लास्टिक से वातावरण को गंभीर नुकसान होता है और इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। अगर प्लास्टिक का इस्तेमाल रोका जाए तो पर्यावरण में कई तरह का प्रदूषण कम हो सकता है । इसलिए यह हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। नवोदय एलुमनी एसोसिएशन के प्रदेश उपसचिव शशांक राज ने बताया कि भारत में प्लास्टिक 'वेस्ट पॉल्यूशन' का सबसे बड़ा स्रोत बन गया है। अनुमान के मुताबिक देश में हर साल करीब 14 मिलियन टन प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है, जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर कचरा फैल जाता है। प्लास्टिक लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक होती है। इससे लोग कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र प्रसाद, उप प्राचार्य अवधेश झा, सीसीए शिक्षक जितेंद्र कुमार राजीव कुमार, एचएल मौर्य, एसके चौधरी, शारीरिक शिक्षक, विद्यालय के कप्तान मोनू कुमार और मान्याश्री एवं अन्य शिक्षक व कर्मचारियों ने भाग लिया ।नवोदय एल्यूमिनी गुणसागर साहू,शशांक राज ,सुजीत पाठक, अंबु आनंद ,नसीम आलम, पत्रकार प्रमोद कुमार यादव एवं बी.आई.ए.जी के जिला समन्वयक प्रशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

